वीर-सेवा-मन्दिर ग्रन्थमाला

ग्रन्थाङ्क १५

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोश)

प्रथम भाग (अ-औ)

•

सम्पादक

बालचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

•

वीर सेवा मन्दिर प्रकाशन

प्रकाशक
वीर-सेवा-मन्दिर
२१, दरियागंज
दिल्ली-६

मूल्य
रु० २५ ००

वी. नि. संवत् २४९८
विक्रम संवत् २०२८
सन् १९७२

मुद्रक
रूपवाणी प्रिंटिंग हाउस
२३, दरियागंज, दिल्ली-६
कम्पोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेन्सी

Vir Sewa Mandir Series Text No. 18

JAINA LAKṢAṆĀVALĪ

(An authentic & descriptive dictionary of Jaina philosophical terms)

Vol. I (Vowels' Part)

●

EDITED BY
BALCHANDRA SIDHANTASHASTRI

VIR SEWA MANDIR
21, Daryaganj, Delhi

Vir Samvat 2498
V. Samvat 2028
A. D. 1972

Rs. 25·00

प्रकाशकीय

'जैन लक्षणावली' का प्रथम भाग पाठकों के हाथों में सौंपते हुए हार्दिक सन्तोष का अनुभव होता है। इसके प्रकाशन से एक चिर परिकल्पित वृहत् योजना के प्रथम चरण की पूर्ति होती है। प्राचीन भारतीय विद्याओं के व्यापक सन्दर्भ में जैन वाङ्मय, इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व के अध्ययन-अनुशीलन और प्रकाशन के जिस उद्देश्य से 'वीर-सेवा-मंदिर' की स्थापना की गयी थी, उस दिशा में यह एक विशेष कदम है।

'वीर-सेवा-मंदिर' और उसकी शोध-प्रवृत्तियां

'वीर सेवा मंदिर' की स्थापना स्व. आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार ने अपने जन्म-स्थान सरसावा, जिला सहारनपुर (उ. प्र.) में अक्षय तृतीया (वैसाख शुक्ल तृतीया), विक्रम संवत् १९९३, दिनांक २४ अप्रैल सन् १९३६ में की थी। इस संस्था के माध्यम से स्व. मुख्तार साहब ने तथा संस्था से सम्बद्ध अन्य विद्वानों ने जैन वाङ्मय के अनेक दुर्लभ, अपरिचित और अप्रकाशित ग्रन्थों की खोज की तथा प्राचीन पाण्डुलिपियों के सम्यक् परीक्षण-पर्यालोचन और सम्पादन की नींव डाली। संस्था ने जो ग्रन्थ प्रकाशित किये उनकी विस्तृत शोधपूर्ण प्रस्तावनाएं न केवल उन ग्रन्थों की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, प्रत्युत जैन आचार्यों और उनकी कृतियों पर भी विशद प्रकाश डालती है।

आचार्य समन्तभद्र

आचार्य समन्तभद्र पर मुख्तार साहब की अगाध श्रद्धा थी। दिल्ली में उन्होंने सन् १९२९ में समन्तभद्राश्रम की स्थापना की थी और 'अनेकान्त' नामक शोधपूर्ण मासिक पत्र का प्रकाशन आरम्भ किया था। बाद में यही संस्था 'वीर सेवा मंदिर' के रूप में प्रतिष्ठित हुई और 'अनेकान्त' उसका मुख पत्र बना। आचार्य समन्तभद्र भारतीय दार्शनिक जगत में अद्वितीय माने जाते है, और उनके ग्रन्थ जैन दर्शन के आधार-ग्रन्थों के रूप में प्रतिष्ठित है। मुख्तार साहब ने आचार्य समन्तभद्र के जीवन पर सर्व-प्रथम विस्तार के साथ प्रकाश डाला। उनके ग्रन्थों का सम्पादन किया। उनका विद्वत्तापूर्ण-विवेचन-विश्लेषण प्रस्तुत किया। जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने समन्तभद्र स्मारक की एक विशाल योजना भी बनायी थी, किन्तु वह क्रियान्वित नहीं हो पायी।

'अनेकान्त' शोध-पत्र

मुख्तार साहब ने 'अनेकान्त' नाम से जिस शोध मासिक का प्रकाशन आरम्भ किया था वह 'वीर सेवा मंदिर' के मुख-पत्र के रूप में अब भी चल रहा है। अनुसन्धान के क्षेत्र में इस पत्र ने जो शोध-सामग्री विद्वत् समाज के सामने प्रस्तुत की, उससे अनेक नये तथ्य उद्घाटित हुए और अनुसन्धान-कार्य को नयी दिशा-दृष्टि प्राप्त हुई।

आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार

आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार स्वयं में एक संस्था थे। उनका सम्पूर्ण जीवन साहित्य और समाज के लिए समर्पित रहा। उनका जन्म मगसिर सुदी एकादशी, वि. सं. १९३४ में, सरसावा में हुआ था। कुछ समय तक उन्होंने मुख्तार का कार्य कुशलता के साथ किया। वह जैन समाज के पुनर्जागरण का युग था। मुख्तार साहब एक क्रान्तिकारी समाज-सुधारक के रूप में आगे आये। उन्होंने सामाजिक क्रान्ति की दिशा को सुदृढ़ शास्त्रीय आधार दिये। 'जैन गजट' तथा 'जैन हितैषी' के सम्पादक के रूप में उन्होंने सामाजिक पुनर्जागरण का सिंहनाद किया। उनके द्वारा रचित 'मेरी भावना' के कारण वे जैन जन-मानस में पैठ गये।

मुख्तार साहब ने किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय मे शास्त्रो का गहन अध्ययन नहीं किया था, प्रत्युत अपने अनवरत स्वाध्याय, सूक्ष्म दृष्टि, गहरी पकड़ और प्रतिभा-सम्पन्नता के कारण बहुश्रुत विद्वान् बने। ऐतिहासिक अनुसन्धान, आचार्यों का समय-निर्णय, प्राचीन पाण्डुलिपियों का सम्यक् परीक्षण तथा विश्लेषण करने की उनकी अद्भुत क्षमता थी। उनके प्रमाण अकाट्य होते थे। उनकी यह साहित्य-सेवा अर्धशताब्दी से भी अधिक के दीर्घ काल में व्याप्त है। जीवन के अन्तिम क्षण तक वे अध्ययन और अनुसन्धान के कार्य में लगे रहे। 'भारतीय ज्ञानपीठ' द्वारा प्रकाशित उनका अन्तिम ग्रन्थ 'योगसारप्राभृत' उनकी विद्वत्ता का उन्नत सुमेरु है। 'वीर-सेवा-मन्दिर' उनका मूर्तिमान् कीर्तिस्तंभ है।

बाबू छोटेलाल सरावगी

'वीर-सेवा-मंदिर' को सुदृढ़ आधार देने और सुप्रतिष्ठित करने मे कलकत्ता-निवासी स्व. बाबू छोटेलाल सरावगी का विशेष योगदान रहा है। वह मुख्तार साहब के प्रति गहरी आत्मीयता रखते थे। 'वीर-सेवा-मदिर' को सरसावा से दिल्ली लाने तथा यहाँ विशाल भवन निर्माण कराने मे उनका अनन्य हाथ रहा। वे प्रारम्भ से ही आजीवन सस्था के अध्यक्ष रहे तथा तन-मन-धन से इसके विकास के लिए प्रयत्नशील रहे। वास्तव में वे 'वीर सेवा मन्दिर' के प्राण थे।

छोटेलालजी सत्प्रवृत्तियो के धनी, अध्ययनशील तथा उदारचेता व्यक्ति थे। जैन साहित्य और सस्कृति के विकास के लिए वे निरन्तर प्रयत्नशील रहते थे। जैन-दर्शन, इतिहास, कला और पुरातत्त्व के अनुसन्धान-कार्य मे उनकी बडी रुचि थी। इन विषयो के अनुसन्धाता के लिए वे कल्पवृक्ष थे। रायल एशियाटिक सोसाइटी के वे एक सम्मानित सदस्य थे। डा. एम. विन्टरनित्ज ने अपने ग्रन्थ 'हिस्ट्री ऑव इण्डियन लिटरेचर' भाग २ मे छोटेलालजी का बड़े आदर के साथ उल्लेख किया है। यदि छोटेलालजी का सहयोग प्राप्त न हुआ होता तो सभवतया डा. विन्टरनित्ज अपने इतिहास-ग्रन्थ मे जैन-साहित्य का इतना विशाल और गंभीर सर्वेक्षण प्रस्तुत न कर पाते। छोटेलालजी का विद्वत्समाज से अत्यन्त निकट का सम्बन्ध था। जैन ही नही, इतिहास और पुरातत्त्व के क्षेत्र में कार्य करने वाले भारतीय तथा विदेशी विद्वानो से उनको बडी मित्रता थी। खडगिरि और उदयगिरि उन्ही की पुरातात्त्विक खोज के परिणाम-स्वरूप प्रकाश मे आये। 'जैन बिबलियोग्राफी' उनका अमर कीर्तिस्तंभ है। उन्होने बिब्लियोग्राफी के दूसरे भाग की भी सामग्री सकलित कर ली थी किन्तु अस्वस्थ रहने के कारण उसका सम्पादन नही कर पाये। डा. ए. एन. उपाध्ये द्वारा उसका सम्पादन किया जा चुका है और अब वह शीघ्र ही प्रकाशित होगी।

पुरातत्त्व एव इतिहास के प्रेमी होने के साथ-साथ छोटेलालजी एक सफल समाजसेवी एवं नेता भी थे। वे समाज की विभिन्न सस्थाओ तथा गतिविधियो मे बराबर सक्रिय सहयोग देते रहे। कलकत्ते का महावीर दिगम्बर जैन विद्यालय, अहिंसा प्रचार समिति, दिगम्बर जैन युवक समिति, जैन सभा, आदि अनेक सस्थाए उनके सहयोग की प्रतीक हैं। इसके अतिरिक्त व्यापारिक क्षेत्र मे भी छोटेलाल जी के व्यक्तित्व की छाप मिलती है। कलकत्ते की प्रसिद्ध 'गन्नी ट्रेड एसोसिएशन' को सफल बनाने मे उनका बहुत बडा हाथ था।

'वीर सेवा मन्दिर' के उक्त दोनों ही आधार-स्तभ अब नहीं रहे, फिर भी उनके कृतित्व के रूप में उनकी कीर्ति अमर है। अनुसन्धान के क्षेत्र में उनका स्मरण सदा गौरव के साथ किया जाता रहेगा।

'जैन लक्षणावली' या पारिभाषिक शब्द-कोश

'जैन लक्षणावली' के प्रकाशन की परिकल्पना मुख्तार साहब ने सन् १९३२ में की थी। जैन वाङ्मय मे अनेक शब्दो का कुछ विशेष अर्थों मे प्रयोग किया गया है। यह अर्थ उनके प्रचलित अर्थ से

भिन्न है। अतएव जैन वाङ्मय के सामान्य अध्येता के लिए सहज रूप में उनको समझ पाना कठिन है। मुख्तार साहब की कल्पना थी कि दिगम्बर-श्वेताम्बर जैन साहित्य के सभी प्रमुख ग्रन्थों से इस प्रकार के शब्द उनकी परिभाषाओं के साथ संकलित करके, हिन्दी अनुवाद के साथ, पारिभाषिक कोश तैयार किया जाय। इस कल्पना के अनुसार लगभग चार सौ ग्रन्थों से शब्द और उनकी परिभाषाएँ संकलित की गईं। इस प्रकार के कार्य प्रायः नीरस लगने वाले तथा श्रम और समय साध्य होते हैं। 'लक्षणावली' के प्रस्तुत खण्ड के प्रकाशन में पर्याप्त समय लग गया। इसे प्रकाशित करते हुए हर्ष और विषाद की सम्मिलित अनुभूति हो रही है। हर्ष इसलिए कि मुख्तार साहब ने 'जैन लक्षणावली' की जो परिकल्पना की थी, उसे मूर्तरूप प्राप्त हो सका, और विषाद इसलिए कि मुख्तार साहब तथा बाबू छोटेलालजी के जीवन-काल में यह कार्य सम्पन्न नहीं हो सका।

आभार

वीर सेवा मन्दिर के साथ साहू शान्तिप्रसाद जी का नाम अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। वह न केवल अनेक वर्षों से उसके अध्यक्ष हैं, अपितु उसकी अभिवृद्धि में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाशन में उनकी प्रारम्भ से ही गहरी दिलचस्पी रही है। इस अवसर पर हम उनका विशेष रूप से आभार मानते हैं।

'लक्षणावली' के निर्माण और प्रकाशन में अनेक विद्वानों का योग रहा है। मुख्तार साहब के साथ पं. दरबारीलाल कोठिया तथा पं. परमानन्द शास्त्री पूरी योजना के सूत्रधार रहे हैं। सामग्री के प्रारंभिक संकलन में पं. किशोरीलाल शास्त्री, पं. ताराचन्द शास्त्री तथा पं. शंकरलाल शर्मा का योगदान रहा है। पं. हीरालाल शास्त्री तथा पं. दीपचन्द्र पाण्डया ने संकलित सामग्री को व्यवस्थित करने के प्रयत्न किये और अन्ततः पं. बालचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री ने संकलित सामग्री का सम्पादन करके उसे प्रकाशन के लिए वर्तमान रूप दिया है। प्रस्तावना में उन्होंने 'लक्षणावली' में उपयोग किये गये ग्रन्थों में से एक सौ दो ग्रन्थों का परिचय दे दिया है, साथ ही संगृहीत लक्षणों के वैशिष्ट्य पर भी प्रकाश डाला है। अन्त में तीन उपयोगी परिशिष्ट भी दिये हैं। प्रेस कापी करने में पं. पार्श्वदास न्यायतीर्थ का योग रहा है। श्री पन्नालाल अग्रवाल ने समय-समय पर आवश्यकतानुसार सम्बन्धित ग्रन्थ उपलब्ध कराये। मुद्रण-प्रस्तुति आदि के सम्बन्ध में डा. गोकुलचन्द्र जैन का सहयोग तथा प्रकाशन में सोसायटी के तत्कालीन मंत्री श्री प्रेमचन्द जैन (कश्मीर वाले) का योगदान प्राप्त हुआ है। इनके अतिरिक्त जिन-जिन विद्वानों और महानुभावों का इस ग्रन्थ के प्रकाशन में योगदान रहा है, उन सबके प्रति 'वीर सेवा मन्दिर' कृतज्ञता व्यक्त करता है।

पूरी 'लक्षणावली' का प्रकाशन तीन भागों में होगा। हर्ष है कि दूसरे भाग की प्रेस कापी तैयार हो चुकी है तथा मुद्रण आरंभ हो गया है। तीसरे भाग का सम्पादन-कार्य चल रहा है। आशा है, इस महायज्ञ की पूर्णाहुति शीघ्र सम्भव होगी।

ग्रन्थानुक्रम

०

स्व० आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार

स्व० बाबू छोटेलाल सरावगी

Foreword

The aim of the *Dictionary of the Technical Terms of Jainism (Jaina lakṣaṇāvalī)* is to provide at one place the different definitions of terms, which have been used in the works of Jainism during the last 2500 years. These definitions have been carefully collected from 351 authoritative works of *Prākṛta* and *Saṃskṛta* and are sometimes so detailed that they can be more appropriately called descriptions rather than definitions. There can be, however, no doubt about their authenticity, because they are taken verbatim from the Scriptures.

The technical terms, included in this Dictionary, can be, broadly speaking, classified into five categories:

(i) Terms which are exclusively used in the writings of Jainism, e g. *ṛjusūtranaya, avāya* etc.

(ii) Terms which are used in both, the Jaina and the non-Jaina systems, but the Jainas use them in altogether a different sense, e.g. *adharma* etc.

(iii) Terms which are used in Jaina and non-Jaina systems in more or less the same sense, e.g *ahiṃsā, asatya* etc.

(iv) Terms which are used in Jaina and non-Jaina systems in a sense which is basically the same but the philosophical concepts. they convey, differ, e g. *aṇu, apavarga* etc.

(v) Terms which are used in day-to-day language also, but which have been adopted by the Jain thinkers to give a peculiar meaning, e.g *ārambha, upayoga* etc.

All the categories, mentioned above, can be included under one category of technical terms, because they have been adopted or invented by the specialists to give precise expression to certain notions and they convey that notion only to a person who is familiar with the subject and not merely with the language Though the etymologies of such words are also sometimes helpful in their understanding and are sometimes given by the ancient authors, (e.g. see *indriya* (p. 233) yet these seldom convey the real sense.

In fact, the words of a language are only symbols, conveying a notion, which has to be understood mentally rather than expressed verbally. It is perhaps with reference to those who stick only to the literal dictionary meaning of a word and cannot mentally picture the notion for which it really stands, that the *Ṛgvedic* poets declared: 'one sees not the speech even though seeing it; one hears Her not

even though hearing it, but to another She reveals Her form like a loving wife, finely robed to her husband'—

उत त्व पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम् ।
उत त्वस्मै तन्वं विसस्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः ॥
—*Rgveda* 10-171-4

The fact is that our understanding of a word or a sentence is always hindered by our prejudices and pre-concepts about a problem and the proper understanding of a word requires a mind free from all prejudices This is why the ancient Indian philosophers believed that one who masters the reality of the word, attains the Supreme Reality—शब्दब्रह्मणि निष्णात. परं ब्रह्माधिगच्छति. If we look at the present work from this point of view, it is not merely a compilation work but a work of independent significance.

ri Bā'ı candra Śāstrī, the editor of this *Dictionary*, has done his work in the spirit of a devotee of *śabdabrahman* This is evident from his introduction running into 87 pages, where he has shown a keen interest in the history of words. The words may expand or contract their meanings by the passage of time The definitions of words undergo changes as and when they are criticised by the opponent. *Śrī Śāstrī* has critically examined the definitions of about 25 such words or word-pairs, where the definitions have undergone changes He has shown a rare quality of non-sectarian approach even while dealing with such controversial words as *acelaka* (pp. 70-71).

Srı Śāstrī has also given a historical account of 102 works, which have been utilised in the preparation of the present work. This account is full of valuable information and is very helpful in making a historical study of the definitions collected in the main body of the *Dictionary*. In this account, however, I feel that ancient texts like *Ācārāngasūtra* should have been placed before late works like *Trılokaprajñpti* In fact, it is a sectarian problem *Digambara* authors sometimes do not give due importance to the *Śvetāmbara agamas*, even if they are very old. Similarly the *Śvetāmbaras* sometimes overlook such eminent and old authors as *Kundakundācārya*. The *Ācārāngasūtra*, to the best of my knowledge, has been generally placed in the first part of the 3rd Century B C and as such should have been dealt with together with the *Digambara āgamas*.

I am, however, glad to observe that *Śrī Bālacandra Śāstrı* is perhaps the first to take an initiative in preparing a *Dictionary of the Technical Terms of Jainism*, in which the works of both the sects of the Jainas have been given equal importance. The earliar two works of the similar nature, *Abhidhānarājendrakoṣa* and *Jainendrasiddhāntakoṣa* (Vol. I), though excellent in their own ways, are superseded by the present work in the sense that the former is primarily based only on the

Śvetāmbara works whereas the latter is primarily based on the *Digambara* works, whereas this *Dictionary* takes into account works of both the sects It may be, however, pointed out that the present work is confined only to the definitions whereas the earlier two works deal with all the problems connected with a particular philosophical concept.

The work is mainly philosophical and religious and as such deals with words of metaphysical, ethical, logical, epistemological, psychological and mythological significance. All students of philosophy, whether Eastern or Western, will be benefited by going through the concept of *ākāśa* or space (pp. 166-167) as found in Jainism. Similar is the case with *ahiṁsa* or non-violence (pp.163-165). Terms of logical or epistemological importance have been rather more thoroughly dealt with. In case of *avāya* (or *apāya*) or perceptual judgment (p. 142) 33 definitions have been collected. Similar is the case with *Ṛjusūtranaya* or straight-expressed point of view (pp. 288-290) If we cast a glance at the descriptions of words like *anihnavācāra* or non-concealing conduct (p 65) and *anumānitadoṣa* or inferential defect (p. 78), we would see that the Jaina authors have a deep insight into the workings of human mind.

While collecting the definitions, *Śrī Bālacandra Śāstrī* had to use his own judgment as to which of them is the most representative. *Śrī Śāstrī* has also given a Hindi translation of one of the most representative definitions. He has been successful in both, selecting the representative definition as well as translating it into Hindi Moreover his Hindi translation has, at places become an illuminating commentary of the original text and the contribution of the author is very significant in this direction. Let us take, as an example, the case of *antarvyāpti* or internal concomitance (p. 88). The original text reads as follows :

पक्षीकृत एव विषये साधनस्य साध्येन व्याप्तिरन्तर्व्याप्तिः। यथानेकान्तात्मकं वस्तु सत्त्वस्य तथैवोपपत्तेरिति।

The Hindi version of this reads as follows :

"पक्ष के भीतर ही साध्य के साथ साधन की व्याप्ति होने को अन्तर्व्याप्ति कहते है। जैसे वस्तु अनेकान्तात्मक है, क्योंकि अनेकान्तात्मक होने पर ही उसकी सत्ता घटित होती है। यहाँ पक्ष के अन्तर्गत वस्तु को छोड कर अन्य (अवस्तु) की सत्ता ही सम्भव नही है, जहाँ कि उक्त व्याप्ति ग्रहण की जा सके।"

Here the underlined words are by way of explanation of what has been said in the original text. This certainly fecilitates the understanding of *antarvyāpti*.

This *Dictionary* includes many words which are important for the students of history of *Jaina* literature e.g. *Anuttaraupapātika daśā* (p. 69)

Acārāṅgasūtra (p. 180) and *Upāsakadaśā* (p. 281). Not only this, but the readers will find that there are some passages, which are good examples of prose and poetry from the point of literary style. We quote below a passage from *Sarvārthasiddhi* (p 148).

यथा मृगशावकस्यैकान्ते बलवता क्षुधितेनामिषैषिणा व्याघ्रेणाभिभूतस्य न किञ्चिच्छरणमस्ति तथा जन्म-जरा-मृत्यु-व्याधि-प्रभृतिव्यसनमध्ये परिभ्रमतो जन्तोः शरणं न विद्यते। परिपुष्टमपि शरीरं भोजनं प्रति सहायीभवति न व्यसनोपनिपाते, यत्नेन संचिता अर्था अपि न भवान्तरमनुगच्छन्ति, संविभक्तसुख-दुःखाः सुहृदोऽपि न मरणकाले परित्रायन्ते, बान्धवाः समुदिताश्च रुजा परीतं न परिपालयन्ति, अस्ति चेत् सुचरितो धर्मो व्यसनमहार्णवे तारणोपायो भवति।

The following verse from the *Yaśastilakacampū* may also be noted in this connection (p. 148).

बलोदयेऽर्थनिचये हृदये स्वकार्ये
सर्वः समाहितमतिः पुरतः समास्ते।
जाते त्वपायसमयेऽम्बुपतौ पतत्रेः
पोतादिव द्रुतवतः शरणं न तेऽस्ति ॥

Many of the words are interesting for the students of ancient Indian Culture. The following description of *asikarmārya*, for example, gives the names of ancient weapons (p. 160)

असि-तरवारि-वसुनन्दक-धनुर्बाण-छुरिका-कट्टारक-कुन्त-पट्टिश-हल-मुसल-गदा-भिन्दिपाल-लोहघन-शक्ति-चक्रायुधचञ्चवः असिकर्मार्या उच्यन्ते।

It is clear from what has been said above, that the utility of the present work is not confined merely to the students of Jainism but extends to the wider field of Indology I hope that the work will receive appreciation from all scholars of oriental studies.

Head of the Sanskrit Deptt.
Ramjas College
Maurice Nagar, Delhi-7.

Dayanand Bhargava

दो शब्द

सन् १९३६ मे मेरी नियुक्ति वीर-सेवा-मंदिर सरसावा मे हुई। उसके लगभग कोई डेढ़ वर्ष बाद मुख्तार साहब ने एक दिन बुला कर मुझसे कहा कि दिगम्बर-श्वेताम्बर समाज में ऐसा एक भी शब्दकोष नहीं है, जिसमें दोनो सम्प्रदाय के ग्रन्थों पर से लक्षणात्मक लक्ष्यशब्दों का संकलन किया गया हो। प्राकृत भाषा का 'पाइय-सद्द-महण्णवो' नाम का एक श्वेताम्बरीय शब्दकोष अवश्य प्रकाशित हुआ है। पर उसमें दिगम्बर ग्रन्थों मे पाये जाने वाले प्राकृत शब्दों का अभाव है—वे उसमें नहीं हैं। दूसरा आगम शब्दकोष है जिसमे अर्धमागधी प्राकृत के शब्दो का अर्थ हिन्दी, अंग्रेजी और गुजराती भाषा में मिलता है। पर दिगम्बर समाज में प्रचलित प्राकृत भाषा का एक भी शब्दकोष नहीं है जिसके बनने की बडी आवश्यकता है। मेरा विचार कई वर्षों से चल रहा है कि दिगम्बर प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थों पर से एक शब्दकोष का निर्माण होना चाहिए और दूसरा एक 'लाक्षणिक शब्दकोष'। जब उपलब्ध कोषों मे दिगम्बर शब्द नहीं मिलते, तब बडा दुख होता है। पर क्या करूं, दिल मसोस कर रह जाना पड़ता है, इधर मैं स्वयं अनवकाश से सदा घिरा रहता हूं। और साधन-सामग्री भी अभी पूर्ण रूप से संकलित नही है। इसी से इस कार्य मे इच्छा रहते हुए भी प्रवृत्त नहीं हो सका।

अब मेरा निश्चित विचार है कि दो सौ दिगम्बर और इतने ही श्वेताम्बर ग्रन्थों पर से एक ऐसे लाक्षणिक शब्दकोष के बनाने का है जिसमे कम से कम पच्चीस हजार लाक्षणिक शब्दों का संग्रह हो। उस पर से यह सहज ही ज्ञात हो सकेगा कि मौलिक लेखक कौन है, और किन उत्तरवर्ती आचार्यों ने उनकी नकल की है। दूसरे यह भी ज्ञात हो सकेगा कि लक्षणो मे क्या कुछ परिस्थितिवश परिवर्तन या परिवर्धन भी हुआ है। उदाहरण के लिए 'प्रमाण' शब्द को ही ले लीजिए। प्रमाण के अनेक लक्षण हैं, पर उनकी प्रामाणिकता का निर्णय करने के लिए तुलनात्मक अध्ययन करने की आवश्यकता है।

आचार्य समन्तभद्र ने 'देवागम' मे तत्त्वज्ञान को और स्वयम्भूस्तोत्र मे स्व-परावभासी ज्ञान को प्रमाण बतलाया है[1]। अनतर न्यायावतार के कर्ता सिद्धसेन ने समन्तभद्रोक्त 'स्व-परावभासी ज्ञान के प्रमाण होने की मान्यता को स्वीकृत करते हुए 'बाधवर्जित' विशेषण लगाकर स्व-परावभासी बाधा रहित ज्ञान को प्रमाण कहा है[2]। पश्चात् जैन न्याय के प्रस्थापक अकलंकदेव ने 'स्वपरावभासी' विशेषण का समर्थन करते हुए कहीं तो स्वपरावभासी व्यवसायात्मक ज्ञान को प्रमाण बतलाया है और कही अनधिगतार्थक अविसवादी ज्ञान को प्रमाण कहा है[3]। आचार्य विद्यानन्द ने सम्यग्ज्ञान को प्रमाण बतलाते हुए 'स्वार्थव्यवसायात्मक' ज्ञान को प्रमाण का लक्षण निर्दिष्ट किया है[4]। माणिक्यनन्दी ने एक ही वाक्य मे 'स्व' और 'अपूर्वार्थ' पद निविष्ट कर अकलक द्वारा विकसित परम्परा का ही एक प्रकार से अनुसरण किया है। सूत्र मे निविष्ट 'अपूर्व' पद माणिक्यनदी का स्वोपज्ञ नही है, किन्तु उन्होने अनिश्चित

---

१. तत्त्वज्ञान प्रमाण ते युगपत्सर्वभासनम्। देवा का. १०१.
   ××× स्व-परावभासक यथा प्रमाण भुवि बुद्धिलक्षणम्। वृहत्स्वय. ६३.

२. प्रमाणं स्व-परावभासि ज्ञानं बाधविवर्जितम्। न्यायवा. १.

३. व्यवसायात्मक ज्ञानमात्मार्थग्राहक मतम्। लघीयस्त्रय ६०.
   प्रमाणमविसवादि ज्ञानम्, अनधिगतार्थाधिगमलक्षणत्वात्। अष्टश. का. ३६.

४. तत्स्वार्थव्यवसायात्मज्ञान मानमितीयता।
   लक्षणेन गतार्थत्वात् व्यर्थमन्यद्विशेषणम्॥ तत्त्वार्थश्लोकवा. १, १०, ७७; प्रमाणप. पृ. ५३.

को अपूर्वार्थ बतलाया है। अतः उसे अकलंक की देन मानना चाहिए[५]। सन्मति टीकाकार अभयदेव ने विद्यानन्द का ही अनुसरण कर 'व्यवसाय' के स्थान में 'निर्णीति' पद रक्खा है[६]। वादिदेव सूरि ने आचार्य विद्यानन्द के ही शब्दों को दोहराया है और स्व-परव्यवसायी ज्ञान को प्रमाण प्रकट किया है[७]। हेमचन्द्र ने पूर्वोक्त लक्षणों में काट-छाट करके 'सम्यक्', 'अर्थ' और 'निर्णय' ये तीन पद जोड़े। इससे स्पष्ट है कि हेमचन्द्र ने पूर्वाचार्य नियोजित लक्षणो में संशोधन कर स्व, अपूर्व और व्यवसायात्मक पद निकाल कर प्रमाण का लक्षण 'सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्' बतलाया है[८]। इन लक्षणों को इतिहास की कसौटी पर कसना विद्वानों का कार्य है।

ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करने पर प्रमाण के इन लक्षणों मे कहां, कब और किस परिस्थिति में उन उन विशेषणों की वृद्धि करनी पड़ी, इस सब का इतिवृत्त भी ज्ञात हो सकेगा और लक्षणावली में संकलित लक्षणों का प्रस्तावना में ऐतिहासिक दृष्टि से विचार किया जा सकेगा।

लाक्षणिक शब्दों को अकारादि क्रम से दिया जायगा। यदि वे लाक्षणिक शब्द कालक्रम से दिये जा सकें तो पाठकों और विद्वानो के लिए अधिक सुविधा हो सकेगी। मैंने कहा कि आपका यह विचार अति उत्तम है। परन्तु यह सब कार्य अत्यन्त परिश्रमसाध्य है। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए दिगम्बर-श्वेताम्बर सभी ग्रन्थों के संग्रह करने की आवश्यकता होगी, जिसे पूरा करने का प्रयत्न होना चाहिए। जो ग्रन्थ उपलब्ध हो सकते हों उन्हें लायब्रेरी में मंगवा लीजिए। अवशिष्ट ग्रन्थ किन्हीं शास्त्र-भण्डारों से मंगवा कर पूरा कर लेना चाहिए। कार्य होने पर उनके वे ग्रन्थ वापिस कर दिये जाय।

साथ ही लक्षणावली की रूप-रेखा भी बननी चाहिए, जिससे लक्ष्य शब्दों का संग्रह उसी रूप मे किया जा सके। और बाद मे विद्वान उस रूप-रेखा के अनुसार ही लक्षणो का संग्रह करें। मुख्तार साहब ने कहा कि मैं लक्षणावली की रूप-रेखा बना दूंगा, जिससे कार्य योजनाबद्ध और जल्दी शुरु किया जा सके। मैं पहले विद्वानों को बुलाने के लिए आवश्यक विज्ञप्ति पत्र लिखे देता हूँ, उसे आप कापी करके सब जैन पत्रों को भिजवा दीजिये, जिससे नियुक्ति के लिए उन विद्वानों के पत्र आ सकें जो विद्वान इस कार्य में विशेष उत्साह रखते हैं और जिन्हें जैन साहित्य के अध्ययन की रुचि हो, अथवा जिन्होने शब्द-कोष बनाने का कार्य किया हो या उसका कुछ अनुभव हो। विज्ञप्ति जैन साप्ताहिक पत्रो मे भेज दी गई। साथ ही मुख्तार साहब ने एक पत्र बाबू छोटेलाल जी कलकत्ता, डा० ए. एन. उपाध्ये कोल्हापुर और मुनि श्री पुण्यविजय जी को अहमदाबाद भेजा। जिनकी नकल उन्होंने अपने पास रख ली। इन पत्रों के उत्तर से मुख्तार साहब के उत्साह में वृद्धि हुई। इधर विद्वानों के भी पत्र आये। उनमे से पं. ताराचन्द दर्शनशास्त्री और पं. किशोरीलाल जी को नियुक्ति पत्र दे दिया। कार्य की रूप-रेखा के सम्बन्ध में एक पत्र मुख्तार साहब ने बाबू छोटेलाल जी को लिखा और लक्षणावली के कार्य के शुरु करने की सूचना दी। और उसके लिए आर्थिक सहयोग की प्रेरणा करते हुए लक्षणावली के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला। लक्षणावली का कार्य ८–९ महीना द्रुत गति से चला, किन्तु बाद में उसमे कुछ शैथिल्य आ गया। मालूम हुआ कि उसमें कुछ आर्थिक कठिनाई भी कारण है। बाबू छोटेलाल जी ने साहू शान्तिप्रसाद जी से कहकर लक्षणावली के लिए पन्द्रह हजार की सहायता की स्वीकृति प्राप्त की और साथ ही पांच हजार का चैक भी पत्र के साथ भिजवा दिया। उसके बाद लक्षणावली के लक्ष्य शब्दो पर लक्षणों के संग्रह का कार्य होने लगा। लक्षणावली मे कुछ शब्द निरुक्त्यर्थ और स्वरूपात्मक शब्द भी संग्रहीत किये गये थे। अब दृष्टि मे कुछ परिवर्तन हो जाने पर उन दोनों प्रकार के शब्दों को कम कर दिया।

---

५. स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्। परीक्षा. १, १.

६. प्रमाण स्वार्थनिर्णीतिस्वभावज्ञानम्। सन्मति. टी. पृ. ५१८.

७. स्व-परव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणं। प्रमाणन. १,२. ८. सम्यगर्थनिर्णयः प्रमाणम्। प्रमाणमीमांसा १२.

जैन लक्षणावली या परिभाषात्मक शब्द कोष का एक नमूना अनेकान्त के तीसरे वर्ष की प्रथम किरण में देने का विचार किया। अतः दिगम्बर-श्वेताम्बर के लक्ष्य शब्दों के अनुसार लक्षणों का संकलन करना शुरू किया गया। और उसमें दोनों सम्प्रदाय के लक्षणों को अलग-अलग दिया, कारण कि एक क्रम करने पर उसमें शताब्दीवार करने में बड़ी कठिनाई उपस्थित होती थी। दूसरे, आचार्यों के समय का कालक्रम निर्णीत नहीं था। फिर लक्षणों का सम्पादन संशोधन करके उसे प्रकाशन के योग्य बना दिया, पर उसके साथ हिन्दी नहीं दी जा सकी। इस कारण उसमें विवाद होना स्वाभाविक था। इसी से उन्हें अलग रक्खा गया। (देखो, अनेकान्त वर्ष ३ किरण १)

इस नमूने पर से लोगों के अनेक मन्तव्य आये, जिनका संकलन मुख्तार सा० ने रक्खा।

लक्षणों का कार्य प्रायः समाप्त हो गया, और कुछ ऐसे ग्रन्थ जरूर रह गये जो उस समय प्राप्त नहीं हो सके, जैसे महाबन्ध आदि, उसके कुछ वर्षों बाद उनका भी संग्रह कर लिया गया।

पर लक्षणावली का सम्पादन प्रकाशन पड़ा रहा। क्योंकि मुख्तार सा० अपने को अनवकाश से घिरा हुआ बतलाते थे, और दूसरे किसी ऐसे विद्वान की तलाश भी नहीं हुई, जो उस कार्य को सम्पन्न कर सकता, तलाश हुई भी तो उन्होंने उस कार्य की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। अतः वर्षों वह कार्य यों ही पड़ा रहा।

पं. दीपचन्द जी पाण्डया लगभग एक वर्ष रहे और पं. हीरालाल जी सिद्धान्त-शास्त्री वीर सेवा-मन्दिर मे पाँच वर्ष रहे, किन्तु लक्षणावली का कार्य जो हुआ, वह अपूर्ण और अव्यवस्थित रहा। इसलिए उसका एक भाग भी प्रकाशित नहीं हो सका।

एक बार प. हीरालाल शास्त्री ने बा. छोटे लाल जी से कहा कि लक्षणावली का एक खण्ड प्रकाशन के योग्य हो गया है। उन्होंने वह उसे मुख्तार सा. को देखने के लिए दिया। मुख्तार साहब ने उसे देखा, तब उन्होंने फुलिस्केप साइज के दो पेजों में उसकी त्रुटियों को लिखकर दिया और कहा यह सामग्री तो अपूर्ण और त्रुटियों से भरी हुई है, अतः प्रकाशन के अयोग्य है। त्रुटियां बता देने के बाद भी उनका सुधार नहीं हुआ, और न मूल लक्षणों का संशोधन ही किया गया। पं. हीरालाल जी घर चले गए और लक्षणावली का वह कार्य यो ही पड़ा रहा। पं. दीपचन्द जी पाण्डया ने लक्षणावली का कार्य किया, किन्तु वे भी बीच में चले गए और कार्य तदवस्थ रहा।

बाबू छोटेलालजी को लक्षणावली के प्रकाशन की बड़ी चिन्ता रही, पर वह उनके जीवन काल मे प्रकाशित नहीं हो सकी।

अत मे पं. दरबारीलाल जी की प्रेरणा से पं. बालचन्द जी सि. शास्त्री की वीर सेवा मन्दिर में नियुक्ति हुई। तब उन्होने लक्षणावली का कार्य सम्हाला और लक्षणावली के मूल लक्षणों का संशोधन तथा अनुवाद कार्य किया। और अब उसका प्रथम खण्ड छप कर तैयार हो गया है।

इसमें दि. श्वे. लक्षणों का क्रम एक रखते हुए भी उनमें ऐतिहासिक क्रम यथाशक्य दिया गया है। अनुवाद किसी एक ग्रन्थगत लक्षण के आधार पर किया गया है। यदि कहीं कुछ विशेषता लक्षणो मे दृष्टिगोचर हुई तो अन्य ग्रन्थों का भी अनुवाद दे दिया गया है, जिससे पाठको को कोई भ्रम न हो।

ग्रन्थ की प्रस्तावना में १०२ ग्रन्थों और ग्रन्थकर्ताओ का परिचय इस खण्ड मे दिया गया है, और शेष ग्रन्थों का परिचय अगले खंड में दिया जायगा।

परिशिष्टों में ग्रन्थों का अकारादि क्रम दिया गया है, उनमें उनके संस्करणों व प्रकाशन स्थान आदि को भी सूचित कर दिया गया है। संकेत-सूची, आचार्यों का ऐतिहासिक कालक्रम भी दे दिया गया है। जिससे पाठकों को किसी तरह की असुविधा न हो।

इस तरह लक्षणावली (पारिभाषिक शब्द कोष) के एक भाग का कार्य सम्पन्न हो पाया है। इस महान कार्य के लिए सम्पादक प. बालचन्दजी सिद्धान्त शास्त्री और संस्थाके संचालक धन्यवाद के पात्र हैं।

—परमानन्द जैन शास्त्री

सम्पादकीय

लगभग ५ वर्ष पूर्व मैंने प. दरबारीलाल जी कोठिया न्यायाचार्य, एम्. ए., पी.-एच्. डी. वाराणसी की प्रेरणा से यहाँ आकर प्रस्तुत लक्षणावली के सम्पादन कार्य को हाथ में लिया था। इसकी योजना स्व. श्रद्धेय प. जुगलकिशोर जी मुख्तार द्वारा तैयार की गई थी। उन्होने इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिए कुछ विद्वानों को नियुक्त कर उनके द्वारा दिगम्बर व श्वेताम्बर दोनो ही सम्प्रदायों के बहुत से ग्रन्थों से लक्षणो का सकलन भी कराया था। यह संकलन तब से यों ही पडा रहा। जो कुछ भी कठिनाइयाँ रही हो, उसे मुद्रण के योग्य व्यवस्थित कराकर प्रकाश मे नही लाया जा सका।

अब जब मैंने उसे व्यवस्थित करने के कार्य को प्रारम्भ किया तो इसमें मुझे कुछ कठिनाइयों का अनुभव हुआ। जैसे—

१ उक्त संकलित लक्षणों मे से यदि कितने ही लक्षणों मे सम्बद्ध ग्रन्थो के नाम का ही निर्देश नहीं किया गया था तो अनेक लक्षणो मे केवल ग्रन्थ के नाम मात्र का निर्देश किया गया था—उसके अन्तर्गत अधिकार, सूत्र, गाथा, श्लोक अथवा पृष्ठ आदि का कुछ भी निर्देश नही किया गया था। उनके खोजने मे काफी कठिनाई हुई।

२ कुछ लक्षणो को ग्रन्थानुसार न देकर उन्हे तोड-मरोड़कर कल्पितरूप मे दिया गया था। उदाहरणार्थ धवला (पु. ११, पृ. ८६) मे से संगृहीत 'अकर्मभूमिक' का लक्षण इस प्रकार दिया गया था—**पण्णारसकम्मभूमीसु उप्पण्णा कम्मभूमा, ण कम्मभूमा अकम्मभूमा, भोगभूमीसु उप्पण्णा अकम्मभूमा इत्यर्थः।**

परन्तु उक्त धवला में न तो इस प्रकार के समास का निर्देश किया गया है और न वहा धवलाकार का वैसा अभिप्राय भी रहा है। उन्होने तो वहा इतना मात्र कहा है—**तत्थ अकम्मभूमा उक्कस्सट्ठिदिं ण बंधंति, पण्णारसकम्मभूमीसु उप्पण्णा चेव उक्कस्सट्ठिदिं बंधति त्ति जाणावणट्ठं कम्मभूमियस्स वा त्ति भणिदं**[1]।

इस प्रकार के अप्रामाणिक लक्षणो का संकलन करना उचित प्रतीत नही हुआ। यदि ग्रन्थकार का कहीं उस प्रकार के लक्षण का अभिप्राय रहा है तो ग्रन्थगत मूल वाक्य को—चाहे वह हेतुपरक रहा हो या अन्य किसी भी प्रकार का—उसी रूप मे लेकर आगे कोष्ठक मे फलित लक्षण का निर्देश कर देना मैंने उचित समझा है।

३ कितने ही लक्षणो के मध्य मे अनुपयोगी अश को छोड़कर यदि आगे कुछ और भी लक्षणोपयोगी अश दिखा है तो उसे ग्रहण तो कर लिया गया था, पर वहाँ बीच मे छोड़े गये अश की प्राय: सूचना नहीं की गई थी। ऐसे लक्षणो मे कहीं-कही ग्रन्थकार के आशय के समझने में भी कठिनाई रही है। अतएव मैंने बीच मे छोडे हुए ऐसे अश की सूचना × × × इस चिह्न के द्वारा कर दी है।

४ सगृहीत लक्षणो का जो हिन्दी अनुवाद किया गया था वह प्राय: भावात्मक ही सर्वत्र रहा है—जिन ग्रन्थो से विवक्षित लक्षण का सकलन किया गया है, उनमे से किसी के साथ भी प्राय: उसका मेल नही खाता था। यहा तक कि जो लक्षण केवल एक ही ग्रन्थ से लिया गया है उसका भी अनुवाद तदनुरूप नही रहा। जैसे 'अध्वर्यु' के लक्षण का अनुवाद इस प्रकार रहा है—

शिवसुखदायक पूजा—यज्ञ—के करनेवाले व्यक्ति को अध्वर्यु कहते हैं[2]।

इसके अतिरिक्त श्वे. ग्रन्थो मे उपलब्ध अधिकाश लक्षणो का अनुवाद तो प्राय: कल्पना के आधार पर किया गया था, ग्रन्थगत अभिप्राय से वह बहिर्भूत ही रहा है।

---

१. धवलाकार को 'अकर्मभूमिक' से क्या अभीष्ट रहा है, इसे उक्त शब्द के नीचे देखिये।

२. उसका परिवर्तित अनुवाद उक्त शब्द के नीचे देखिये।

इस प्रकार के अनुवाद को न लेकर मैंने उल्लिखित ग्रन्थों में से किसी एक के आधार से—तथा उनमें से भी जहाँ तक सम्भव हुआ प्राचीनतम ग्रन्थ के आश्रय से—अनुवाद किया है एवं साथ मे उसकी क्रमिक संख्या का निर्देश भी उसके पूर्व मे कर दिया है। हां, यदि अन्य ग्रन्थगत विवक्षित लक्षण में कहीं कुछ विशेषता दिखी है तो उसके आधार से भी अनुवाद कर दिया है तथा उसके पूर्व मे उसकी भी क्रमिक संख्या का निर्देश कर दिया है।

५ कहीं-कहीं ग्रन्थगत विवक्षित लक्षण के स्थल को न देखने के कारण लक्ष्य शब्द व उस लक्षण का अनुवाद दोनों ही असम्बद्ध हो गये थे। जैसे—धवला(पु. १३, पृ. ६२) मे परिहार प्रायश्चित्त के इन दो भेदो का निर्देश किया गया है—'अणवट्ठओ' और 'पारंचिओ'। 'अणवट्ठओ' का संस्कृत रूपान्तर 'अनुवर्तक' स्वीकार करते हुए उसका अनुवाद इस प्रकार किया गया था—

जघन्य से छह मास और उत्कर्ष से बारह वर्ष तक कायभूमि से परे ही विहार करने वाला, प्रतिवन्दना से रहित, गुरु के अतिरिक्त शेष समस्त जनो मे मौन रखनेवाला; उपवास, आचाम्ल, एकस्थान, निर्विकृति आदि के द्वारा शरीर के रस, रुधिर और मांस का सुखानेवाला साधु अनुवर्तक परिहारविशुद्धिसयत कहलाता है।

यह विसंगति ग्रन्थगत 'परिहारो दुविहो' में केवल 'परिहार' शब्द को देखकर उससे 'परिहारविशुद्धिसयत' समझ लेने के कारण हुई है। पर वास्तव मे वहा उसका कोई प्रकरण ही नहीं है, प्रकरण वहां आलोचनादि दस प्रकार के प्रायश्चित्त का ही है, जिन्हें धवलाकार के द्वारा स्पष्ट किया गया है।

ऐसी ही कुछ कठिनाइयां मेरे सामने रही हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विवक्षित लक्षणों से सम्बद्ध अधिकांश ग्रन्थो को देखना पडा है। इसी कारण समय कुछ कल्पना से अधिक लग गया।

यद्यपि इस स्पष्टीकरण की यहां कुछ भी आवश्यकता नही थी, पर चूंकि मेरे सामने कितनी ही बार यही प्रश्न आया है कि ग्रन्थ तो तैयार रखा था, फिर उसके प्रकाशन मे इतना विलम्ब क्यो हो रहा, अतएव इतना स्पष्ट करना पडा है।

इसके अतिरिक्त सन् १९६९ के दिसम्बर मे मैं अस्वस्थ हो गया और इस कारण मुझे चालू काम को छोड़कर अपने बच्चो के पास चला जाना पड़ा। स्वास्थ्यसुधार के लिए मुझे उनके पास लगभग १० माह रहना पड़ा। इस बीच मैंने अपनी अस्वस्थता के कारण प्रकृत कार्य के सम्पन्न करा लेने के लिए अन्य कुछ व्यवस्था कर लेने के विषय में भी प्रार्थना की थी, पर वैसा नहीं हुआ। अन्त में कुछ स्वस्थ हो जाने पर अधिकारियों की प्रेरणा से मैं वापिस चला आया व कार्य को गतिशील कर दिया। इस प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थ का यह स्वरान्त (अ–औ) प्रथम भाग पाठको के हाथो मे पहुँच रहा है।

यद्यपि मैंने यथासम्भव इसे अच्छा बनाने का प्रयत्न किया है, फिर भी वह त्रुटियों से सर्वथा रहित होगा, यह नही कहा जा सकता—अल्पज्ञता व स्मृतिहीनता के कारण उसमें अनेक त्रुटियों का रह जाना सम्भव है। वास्तव में ऐसे महत्त्वपूर्ण कार्य अनेक विद्वानों के सहकार की अपेक्षा रखते हैं।

हमें इस बात का विशेष दु.ख है कि साहित्य-गगन के सूर्यस्वरूप जिन श्रद्धेय मुख्तार सा. ने इसकी योजना प्रस्तुत की थी और तदनुसार कुछ कार्य भी कराया था, वे आज अपनी इस कृति को देखने के लिए हमारे बीच नहीं रहे।

आभार

मई १९६७ में सम्पन्न हुए पं. गो. बरैया स्मृति ग्रन्थ के समारम्भ के समय उसके निमित्त से अनेक मूर्धन्य विद्वानों का यहाँ शुभागमन हुआ था। इस अवसर का लाभ उठाकर उन्हें वीर सेवा मन्दिर के भवन में प्रस्तुत लक्षणावली-विषयक विचार-विमर्श के लिए आमन्त्रित किया गया था। तदनुसार

उनका सम्मेलन श्री पं. कैलाशचन्द्र जी शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जैसी कि अपेक्षा थी, इस विद्वत्सम्मेलन ने उक्त लक्षणावली के सम्बन्ध में कुछ उपयोगी सुझाव देते हुए उसके शीघ्र प्रकाशित कराने के लिए प्रेरणा की थी। उक्त विद्वत्सम्मेलन की सद्भावना से मुझे इस कार्य के सम्पन्न कराने में कुछ बल मिला व मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। तदनुसार हीं मैंने यथाशक्ति उसके कार्य के सम्पन्न करने का प्रयत्न किया है।

ग्रन्थ की प्रस्तावना के लिखने में हमें जैन साहित्य और इतिहास, जैन साहित्य और इतिहास पर विशद प्रकाश, पुरातन जैन वाक्य-सूची की प्रस्तावना, सिद्धिविनिश्चय की प्रस्तावना, भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान, जैन साहित्य का इतिहास—पूर्व पीठिका, तथा जैन साहित्य का बृहद् इतिहास (भाग १-५) इत्यादि पुस्तको के साथ सम्बद्ध ग्रन्थो मे से कुछ की प्रस्तावना आदि से भी सहायता मिली है। इसके लिए मैं उक्त पुस्तकों के लेखक विद्वानों का ऋणी हूं।

श्री बाबू पन्नालाल जी अग्रवाल को मैं नहीं भूल सकता, जिनकी कृपा से मुझे समय-समय पर आवश्यकतानुसार कुछ ग्रन्थ प्राप्त होते रहे हैं।

प्रस्तावना के अन्तर्गत ग्रन्थपरिचय के लिखने मे श्रीमान् साहू शान्तिप्रसाद जी जैन (अध्यक्ष वीर सेवा मन्दिर) के कुछ सुझाव रहे हैं। साथ ही ग्रन्थकारों की अनुक्रमणिका के दे देने के लिए भी आपकी प्रेरणा रही है। आपके सुझावो पर मैंने यथासम्भव ध्यान दिया है। ग्रन्थकारो मे प्रायः बहुतो का समय निश्चित नही है। फिर भी उनके समय के सम्बन्ध मे जितनी कुछ सम्भावना की जा सकी है, तदनुसार समय के निर्देशपूर्वक उनकी अनुक्रमणिका परिशिष्ट मे दे दी गई है। साहू जी की इस कृपा के लिए मैं उनका विशेष आभारी हूं। साथ ही श्री डॉ. गोकुलचन्द जी के भी कुछ उपयोगी सुझाव रहे हैं, उन्हें भी मैं भूल नहीं सकता।

वीर सेवा मन्दिर के एक पुराने विद्वान् श्री पं. परमानन्द जी शास्त्री से मुझे समय-समय पर योग्य परामर्श मिलता रहा है। दूसरे विद्वान् श्री प. पार्श्वदास जी न्यायतीर्थ ने प्रेसकापी करके सहायता की है। तथा प्रूफवाचन मे भी आप सहायक रहे हैं। इन दोनों ही विद्वानो का मैं अतिशय कृतज्ञ हूं।

वीर सेवा मन्दिर के भूतपूर्व उपाध्यक्ष राय सा. ला. उलफतराय जी तथा मंत्री श्री बाबू प्रेमचन्द जी जैन (कश्मीर वाले) ने इस गुरुतर कार्य के भार को सौंप कर मेरा बड़ा अनुग्रह किया है। उसके आश्रय से मुझे कितने ही अपरिचित ग्रन्थों के देखने का सुयोग प्राप्त हुआ है। अतएव मैं आप दोनों ही महानुभावों का अत्यन्त आभारी हूं।

इसी प्रकार की यदि आगे भी अनुकूल परिस्थिति बनी रही तथा स्वास्थ्य ने भी साथ दिया तो आशा करता हूं कि प्रस्तुत ग्रन्थ का दूसरा भाग भी शीघ्र प्रकाशित हो सकेगा।

दीपावली
१८-१०-७१

बालचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री

प्रस्तावना

लक्षणावली व उसकी उपयोगिता

यह एक जैन पारिभाषिक शब्दकोष है। इसमें लगभग ४०० दिगम्बर और श्वेताम्बर ग्रंथों से ऐसे शब्दों का सकलन किया गया है, जिनकी कुछ न कुछ परिभाषा उपलब्ध होती है। सभी सम्प्रदायों में प्रायः ऐसे पारिभाषिक शब्द उपलब्ध होते हैं। उनका ठीक-ठीक अभिप्राय समझने के लिए उन-उन ग्रन्थों का आश्रय लेना पडता है। परन्तु सबके पास इतने अधिक ग्रन्थों का प्रायः सग्रह नहीं रहता। इसके अतिरिक्त अधिकांश ग्रन्थ पुरानी पद्धति से प्रकाशित हैं व उनमे अनुक्रमणिका आदि का अभाव है। अतः उनमे से अभीष्ट लक्षण के खोजने के लिए परिश्रम तो अधिक करना ही पडता है, साथ ही समय भी उसमें बहुत लगता है। इससे एक ऐसे ग्रन्थ की आवश्यकता थी, जिसमे पारिभाषिक शब्दों का सकलन हो। प्रस्तुत लक्षणावली इसी प्रकार का ग्रथ है। इसमे अकारादि वर्णानुक्रम के अनुसार विविध ग्रन्थों से लक्ष्य शब्दों का सग्रह किया गया है। इससे तत्त्वजिज्ञासुओ और अनुसन्धान करने वालों को इस एक ही ग्रन्थ मे अभीष्ट लक्ष्य के अनेक ग्रन्थगत लक्षण अनायास ही ज्ञात हो सकते हैं। इस प्रकार उनका समय और शक्ति दोनो ही बच सकते हैं। हम समझते हैं कि पाठकों को प्रस्तुत ग्रन्थ अवश्य ही उपयोगी प्रमाणित होगा। अभी इसका स्वरान्त (अ से औ तक) प्रथम भाग ही प्रकाशित हो रहा है। आगे का कार्य चालू है।

लक्षणावली में स्वीकृत पद्धति

१. लक्षणावली मे उपयुक्त लक्ष्य शब्दो का सस्कृत रूप ग्रहण किया गया है। कहीं-कही पर कोष्ठक ( ) मे उसका प्राकृत रूप भी दे दिया गया है।

२. लक्ष्यभूत शब्दो को काले टाइप (१४ पा.) मे मुद्रित कराया गया है। ग्रन्थो के सकेतो को भी काले टाइप (१२ पा.) में दिया गया है।

३. शब्दो के नीचे विविध ग्रन्थो से जो लक्षण उद्धृत किये गये हैं उनका मुद्रण सफेद टाइप में हुआ है। प्रत्येक शब्द के नीचे जितने ग्रन्थों से लक्षण उद्धृत किये गये हैं उनको क्रमिक सख्या भी दे दी गई है।

४. हिन्दी अनुवाद को काले टाइप मे दिया गया है।

५. अनुवाद किसी एक ग्रन्थ के आधार से किया गया है और वह जिस ग्रन्थ के आश्रय से किया गया है उसकी क्रमिक सख्या अनुवाद के पूर्व मे अकित कर दी गई है। यदि विवक्षित लक्षण मे ग्रन्थान्तरों मे कुछ विशेषता दृष्टिगोचर हुई है तो कही-कही २-३ ग्रन्थो के आधार से भी पृथक्-पृथक् अनुवाद कर दिया गया है तथा उन ग्रन्थो की क्रमिक सख्या भी अकित कर दी गई है।

६. कितने ही लक्षण जयधवला की सम्भवतः अमरावती और आरा या देहली प्रति से उद्धृत किये गये हैं, पर ये प्रतियाँ सामने न रहने से उन सकेतों को व्यवस्थित रूप मे नहीं दिया जा सका। इसके अतिरिक्त कितने ही लक्षण जयधवला से ऐसे भी लिये गये हैं जो कसायपाहुडसुत्त और धवला में भी कहीं-कही टिप्पणों मे उपलब्ध होते हैं। उनको प्रस्तुत सस्करण मे ग्रहण कर तदनुसार सकेत में

'जयध.—क. पा.' का उल्लेख करके उसकी पृष्ठसख्या और टिप्पणसख्या दे दी गई है। इसी प्रकार धवला की भी पुस्तक, पृष्ठ और टिप्पण की संख्या अंकित कर दी गई है।

७. कितने ही लक्षण अभिधानराजेन्द्र कोष में उपलब्ध होते हैं, परन्तु वहां ग्रन्थ का पूर्ण संकेत न होने से विवक्षित लक्षण किस ग्रन्थ का है, इसकी खोज नही की जा सकी। ऐसे लक्षणों के नीचे 'अभि. रा.' का सकेत करके उसके भाग व पृष्ठ की सख्या अकित कर दी गई है।

८ भगवती सूत्र और व्यवहार सूत्र के बहुत से लक्षण सगृहीत हैं। परन्तु भगवती सूत्र के जिस सस्करण से लक्षण लिये गये हैं, उसके यहा न मिल सकने से वैसे ही अक दे दिये गये हैं। गुजरात विद्यापीठ से प्रकाशित भगवती (व्याख्याप्रज्ञप्ति) के यहा प्रथम, तृतीय और चतुर्थ ये तीन खण्ड हैं, द्वितीय खण्ड नही हैं। इनमे जो लक्षण उपलब्ध हो सके हैं उनका सकेत मे उल्लेख कर दिया गया है। व्यवहार सूत्र के १० उद्देश हैं। उनमे यहा द्वितीय उद्देश अपूर्ण है तथा तृतीय सर्वथा ही नही है। व्यवहार सूत्र(भाष्य) से जो लक्षण लिये गये हैं वे सम्भवतः किसी दूसरे सस्करण से लिये गये हैं। उनमे से जो यहां के सस्करण मे खोजे जा सके हैं उनके लिए उद्देश, गाथा और पृष्ठ की सख्या दे दी गई है, परन्तु जो इसमें उपलब्ध नही हो सके उनका सकेत उसी रूप मे दिया गया है।

९. अनेक ग्रन्थो से उद्धृत लक्षणो मे जहा शब्दशः और अर्थतः समानता रही है वहा प्राय. प्राचीनतम किसी एक ग्रन्थ का प्रारम्भ मे सकेत करके तत्पश्चात् शेष दूसरे ग्रन्थो का अर्धविराम (;) चिह्न के साथ सकेत मात्र कर दिया गया है।

१०. जहा प्रकृत लक्षण किसी एक ही ग्रन्थ मे कई स्थलो मे उपलब्ध हुआ है वहा एक ही संख्या मे उसके उन स्थलो का सकेत (;) इस चिह्न के साथ कर दिया गया है।

११. तत्त्वार्थवार्तिक के लक्षणो मे वार्तिक को काले टाइप मे और उसके विवरण (स्पष्टीकरण) को सफेद टाइप मे मुद्रित कराया गया है। षट्खण्डागम के अन्तर्गत लक्षणो मे 'षट्ख.' के आगे डैश (—) देकर 'धव पु. १–२' आदि की पृष्ठ सख्या दे दी गई है। धवला टीका से सगृहीत लक्षणों के लिए मात्र 'धव. पु.' सकेत किया गया है।

ग्रन्थ-परिचय

प्रस्तुत ग्रन्थ मे जिन ग्रन्थो के लक्षण वाक्यो का सग्रह किया गया है उनका सक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

१. षट्खण्डागम—यह आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलि द्वारा विरचित एक महत्त्वपूर्ण कर्मग्रन्थ है। रचनाकाल इसका विक्रम की प्रथम शताब्दी है। यह छह खण्डो मे विभक्त है। छह खण्डो मे विभक्त होने से वह 'षट्खण्डागम' नाम से प्रसिद्ध हुआ है। वे छह खण्ड ये हैं—जीवस्थान, क्षुद्रकबन्ध, बन्ध-स्वामित्वविचय, वेदना, वर्गणा और महाबन्ध है। इनमे से प्रथम खण्डभूत जीवस्थान के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा मात्र के रचयिता आचार्य पुष्पदन्त हैं। शेष सभी ग्रन्थ आचार्य भूतबलि के द्वारा रचा गया है।

निरन्तर जन्म-मरण को प्राप्त करने वाला यह ससारी प्राणी यदि कभी देव होता है तो कभी नारकी होता है, कभी मनुष्य होता है तो कभी तिर्यंच होता है, कभी विशिष्ट ज्ञानी होता है तो कभी अल्पज्ञानी होता है, कभी अतिशय सुखी होता है तो कभी भयानक दुःख को सहता है, कभी कामदेव जैसा स्वरूप होता है तो कभी बेडौल और कुरूप होना है, कभी उत्तम कुल मे जन्म लेकर लोकमान्य होता है तो कभी नीच कुल मे जन्म लेकर धिक्कारा जाता है, तथा कभी बिना किसी प्रकार के परिश्रम के अतिशय सम्पत्तिशाली होता है तो कभी दिन-रात परिश्रम करता हुआ कुटुम्ब के भरण-पोषण योग्य भी पैसा नही प्राप्त कर पाता है। इस प्रकार सभी ससारी प्राणी सुख तो अल्प, किन्तु दुःख ही अधिक पाते हैं। इस विषय मे विचार करने पर प्रतीत होता है कि इसका कारण स्वकृत कर्म है। प्राणी निन्द्य या उत्तम जैसा कुछ भी आचरण करता है, तदनुसार उसके कर्म का बन्ध हुआ करता है। इस प्रकार बन्ध को प्राप्त होने वाले उस कर्म मे कषाय की तीव्रता व मन्दता के अनुसार स्थिति

(जीव के साथ उसके सम्बद्ध रहने का काल) व अनुभाग (फलदानशक्ति) पडा करता है। जिस प्रकार आम आदि फल अपने समय पर परिपाक को प्राप्त होकर भोक्ता को मिठास व खटाई आदि का अनुभव कराया करते हैं, उसी प्रकार वह कर्म भी अपनी स्थिति के अनुसार उदय (परिपाक) को प्राप्त होने पर सुख-दु:खादि रूप हीनाधिक फल दिया करते हैं। साथ ही जिस प्रकार फलों को पाल मे देकर कभी समय से पूर्व भी पका लिया जाता है उसी प्रकार तपश्चरण के द्वारा कर्म को भी स्थिति पूर्ण होने के पूर्व ही उदय को प्राप्त करा लिया जाता है, तथा इसी प्रकार के उत्तम अनुष्ठान से नवीन कर्मबन्ध को भी रोका जा सकता है। इस प्रकार प्राणी अपने सुख-दुःख का विधाता स्वय है, दूसरा उसका कोई माध्यम नहीं है। जो आत्महितैषी भव्य जीव शरीर और आत्मा के भेद का अनुभव करता हुआ पर मे राग द्वेष नही करता है वह सयम का परिपालन करता हुआ मुक्ति को भी प्राप्त कर लेता है—स्वयं आराध्य या ईश्वर बन जाता है। इस सबका परिज्ञान प्रस्तुत षट्खण्डागम के अध्ययन से प्राप्त किया जा सकता है।

(१) **जीवस्थान**—यह उक्त षट्खण्डागम का प्रथम खण्ड है। पूर्वोक्त कर्म के उदय, उपशम, क्षयोपशम और क्षय के आश्रय से जीवकी जो परिणति होती है उसका नाम गुणस्थान है, जो मिथ्यात्व व सासादन आदि के भेद से चौदह प्रकार का है। जिन अवस्थाविशेषो के द्वारा जीवो का मार्गण या अन्वेषण किया जाता है उन अवस्थाओं को मार्गणा कहा जाता है। वे चौदह हैं—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, सयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, सज्ञी और आहार। प्रकृत जीवस्थान मे कौन जीव किस गुणस्थान में है या किन जीवो के कितने गुणस्थान सम्भव हैं, किस-किस गुणस्थानवर्ती जीवो की कितनी सख्या है, कहाँ वे रहते हैं, कहाँ तक जा आ सकते हैं, किस गुणस्थान का कितना काल है, एक गुणस्थान को छोड़कर पुनः उस गुणस्थान की प्राप्ति मे कितना काल लग सकता है, किस गुणस्थान मे औदयिकादि कितने भाव हो सकते है, तथा विवक्षित गुणस्थानवर्ती जीव किस गुणस्थानवर्ती जीवोसे हीन या अधिक हैं, इस सबका विचार यहा प्रथमतः गुणस्थान के आश्रय से किया गया है। तत्पश्चात् इन्ही सब बातों का विचार वहां गति व इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओ के आधार से भी किया गया है। अन्त मे अनेक प्रकार की कर्मप्रकृतियो का निर्देश करते हुए उनकी पृथक् पृथक् स्थिति और उदय मे आने योग्य काल की चर्चा करते हुए किस पर्याय मे कितने व कौन से गुण प्राप्त हो सकते हैं, तथा आयु के पूर्ण होने पर पूर्व शरीर को छोडकर कौन जीव कहा उत्पन्न हो सकता है, इसका विवेचन किया गया है। इसी प्रसग मे कौन जीव किस प्रकार से सम्यग्दर्शन और चारित्र को प्राप्त कर सकता है, इसकी भी चर्चा यहां की गई है। यह खण्ड शिताबराय लक्ष्मीचन्द जैन साहित्योद्धारक फण्ड अमरावती से प्रारम्भ की ६ जिल्दो मे प्रकाशित हुआ है।

(२) **क्षुद्रकबन्ध**—यहा सक्षेप मे बन्धक जीवो की चर्चा की गई है। बन्ध की विस्तृत प्ररूपणा इसके छठे खण्ड महाबन्ध मे की गई है। यही कारण जो इसे क्षुद्रकबन्ध कहा गया है। पूर्व जीवस्थान खण्ड मे जीवो का जो विवेचन गुणस्थानो और मार्गणाओं के आश्रय से किया गया है वह यहा कुछ विशेषताओ के साथ गुणस्थान निरपेक्ष केवल मार्गणाओ के आश्रय से इन ११ अनुयोगद्वारो मे किया गया है—एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवो की अपेक्षा भगविचय, द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, नाना जीवों की अपेक्षा काल, नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर, भागाभागानुगम और अल्पबहुत्वानुगम। यह खण्ड उक्त सस्था द्वारा ७वीं जिल्द मे प्रकाशित किया गया है।

(३) **बन्धस्वामित्वविचय**—मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग के द्वारा जो जीव और कर्मपुद्गलो का एकता (अभेद) रूप परिणमन होता है वह बन्ध कहलाता है। किन कर्मप्रकृतियों के बन्ध के कौन जीव स्वामी हैं और कौन नही हैं, इसका विचार इस खण्ड मे प्रथमतः गुणस्थान के आश्रय से और तत्पश्चात् मार्गणाओ के आश्रय से किया गया है। विवक्षित प्रकृतियो का बन्ध जिस गुणस्थान तक होता है, आगे नही होता; उन प्रकृतियो का वहा तक बन्ध और आगे के गुणस्थानो मे उनकी बन्धव्युच्छित्ति

जानना चाहिये। इसी पद्धति से यहा प्रश्नोत्तरपूर्वक उसका विचार किया गया है। यह खण्ड उक्त संस्था से नवी जिल्द मे प्रकाशित हुआ है।

(४) **वेदनाखण्ड**—इस खण्ड को प्रारम्भ करते हुए प्रथमतः 'णमो जिणाण, णमो ओहिजिणाणं' आदि ४४ सूत्रो द्वारा मंगल किया गया है। पश्चात् अग्रायणीय पूर्व के अन्तर्गत पाँचवीं वस्तु (अधिकार-विशेष) के चतुर्थ प्राभृतभूत कर्मप्रकृति-प्राभृत कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारो का निर्देश करते हुए नामकृति, स्थापनाकृति, द्रव्यकृति, गणनाकृति, ग्रन्थकृति, करणकृति और भावकृति इन सात कृतियों की प्ररूपणा की गई है। तत्पश्चात् वेदनानिक्षेप, वेदनानयविभाषणता, वेदनानामविधान, वेदनाद्रव्यविधान, वेदनाक्षेत्रविधान, वेदनाकालविधान, वेदनाभावविधान, वेदनाप्रत्ययविधान, वेदनास्वामित्वविधान, वेदना-वेदनविधान, वेदनागतिविधान, वेदनाअनन्तरविधान, वेदनासंनिकर्षविधान, वेदनापरिणामविधान, वेदना-भागाभागविधान और वेदना-अल्पबहुत्व इन १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से वेदना की प्ररूपणा की गई है। यह खण्ड उक्त संस्था द्वारा ६ से १२ इन चार जिल्दो मे प्रकाशित हुआ है।

(५) **वर्गणा**—इस खण्ड के प्रारम्भ मे प्रथमतः नाम-स्थापनादिरूप तेरह प्रकार के स्पर्श की प्ररूपणा स्पर्शनिक्षेप व स्पर्शनयविभाषणता आदि १६ (वेदनाखण्ड के समान) अनुयोगद्वारो के आश्रय से की गई है। अनन्तर नामकर्म, स्थापनाकर्म, द्रव्यकर्म, प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, अधःकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म, क्रियाकर्म और भावकर्म इन दस कर्मों का विवेचन किया गया है[१]। इन कर्मों का निरूपण आचारांग में भी किया गया है। तत्पश्चात् निक्षेपादि १६ अनुयोग द्वारो के आश्रय से कर्म की मूल और उत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा की गई है।

कर्म से सम्बन्धित ये चार अवस्थायें हैं—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान। द्रव्य का द्रव्य के साथ अथवा द्रव्य भाव का जो सयोग या समवाय होता है उसका नाम बन्ध है। इस बन्ध के करने वाले जो जीव हैं वे बन्धक कहलाते हैं। बन्ध के योग्य जो पुद्गल द्रव्य हैं उन्हे बन्धनीय कहा जाता है। बन्धविधान से अभिप्राय बन्धभेदो का है। वे चार हैं—प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश। इनमे यहा बन्ध, बन्धक और बन्धनीय इन तीन की प्ररूपणा की गई है। बन्धविधान की प्ररूपणा विस्तार से छठे खण्ड महाबन्ध मे की गई है। यह खण्ड उक्त सस्था से १३ और १४ इन दो जिल्दो मे प्रकाशित हुआ है।

इन पाच खण्डो पर आचार्य वीरसेन द्वारा विरचित ७२००० श्लोक प्रमाण धवला नाम की टीका है, जो शक सम्वत् ७३८ (वि० स० ८७३) मे उनके द्वारा समाप्त की गई है। उक्त सस्था द्वारा इस टीका के साथ ही मूल ग्रन्थ १४ जिल्दो मे प्रकाशित हुआ है।

आगे इस धवला टीका मे कर्मप्रकृतिप्राभृत के कृति आदि २४ अनुयोगद्वारो मे जो निबन्धन आदि शेष १८ अनुयोगद्वार मूल ग्रन्थकार के द्वारा नही प्ररूपित हैं, उनकी प्ररूपणा सक्षेप से वीरसेनाचार्य के द्वारा की गई है[२]। इस प्रकार वीरसेनाचार्य द्वारा प्ररूपित वे अठारह अनुयोगद्वार उक्त सस्था द्वारा १५ और १६ इन दो जिल्दो मे प्रकाशित किये गये है।

(६) **महाबन्ध**—यह प्रस्तुत षट्खण्डागम का अन्तिम खण्ड है। इसमे प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश इन पूर्वनिर्दिष्ट बन्ध के चार भेदो की प्ररूपणा विस्तार से की गई है। इस पर कोई टीका नही है। वह मूलग्रन्थकार आ. भूतबलि के द्वारा इतना विस्तार से लिखा गया है कि सम्भवतः उसके

---

१. णाम ठवणाकम्मं दव्वकम्म पओगकम्मं च। समुदाणिरियावहियं आहाकम्मं तवोकम्मं ॥ किइकम्म भावकम्म दसविहकम्म समासओ होई। आचाराग नि. गा. १९२-९३, पृ. ८३.

२. भूदबलिभडारएण जेणेदं सुत्तं देसामासियभावेण लिहिद तेणेदेण सुत्तेण सूचिदसेसअट्ठारसअणियोग-द्दाराण किंचिसंखेवेण परूवण कस्सामो। धव. पु. १५, पृ. १ (विशेष के लिए देखिये अनेकान्त वर्ष १९, किरण ४, पृ. २६५-७० मे 'षट्खण्डागम और शेष १८ अनुयोगद्वार' शीर्षक लेख)।

ऊपर टीका लिखने की आवश्यकता नही समझी गई। इसका ग्रन्थप्रमाण ३०००० श्लोक है, जब कि पूर्वोक्त पांच खण्डों का मूल ग्रन्थप्रमाण ६००० श्लोक ही है।

यह छठा खण्ड भारतीय ज्ञानपीठ काशी के द्वारा सात जिल्दों में प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग निम्न शब्दों में हुआ है—

मूल—अकायिक, अजघन्य द्रव्यवेदना, अधःकर्म, आगमभावप्रकृति, आगमभावबन्ध, आलापनबन्ध और आहारद्रव्यवर्गणा आदि।

ध. टीका—अकर्मभूमिक, अकषाय, अकृतसमुद्घात, अक्ष (अवस्त), अक्षपकानुपशामक, अक्षरज्ञान, अक्षर-श्रुतज्ञान, अक्षरसमास, अक्षरसंयोग, अक्षिप्र, अक्षीणमहानस, अक्षेम, अक्षौहिणी, अश्वकर्णकरण, असातवेदनीय और असातसमयप्रबद्ध आदि।

२. **कसायपाहुड (कषायप्राभृत)**—यह आचार्य गुणधर के द्वारा रचा गया है। इसे पेज्ज-दोस-पाहुड भी कहा जाता है। पेज्ज (प्रेयस्) का अर्थ राग और दोस का अर्थ द्वेष होता है। ये (राग-द्वेष) दोनों चूंकि कषायस्वरूप ही है, अतः उक्त दोनों नाम समान अभिप्राय के सूचक हैं। इसका रचनाकाल सम्भवतः विक्रम की प्रथम शताब्दी से पूर्व है।

यह परमागम सूत्ररूप गाथाओ मे रचा गया है। समस्त गाथाओ की सख्या २३३ (मूल गा. १८०+भाष्यगा. १५३) है। इसकी गाथाये दुरूह व अर्थगम्भीर हैं। षट्खण्डागम मे जहां ज्ञानावरणादि आठों कर्मों का विवेचन किया गया है वहा प्रस्तुत कसायपाहुड मे एक मात्र मोहनीय कर्म का ही व्याख्यान किया गया है। इसमे प्रेयोद्वेषविभक्ति, स्थितिविभक्ति व अनुभागविभक्ति आदि १५ अर्थाधिकार हैं। इसके ऊपर आचार्य यतिवृषभ (विक्रम की छठी शताब्दी) प्रणीत ६००० श्लोक प्रमाण चूर्णिसूत्र और आचार्य वीरसेन व उनके शिष्य जिनसेनाचार्य द्वारा विरचित ६०००० श्लोक प्रमाण जयधवला नाम की टीका है। उक्त टीका को २०००० श्लोक प्रमाण रचने के बाद आचार्य वीरसेन स्वर्गस्थ हो गए। तब उनकी इस अधूरी टीका की पूर्ति उनके शिष्य जिनसेनाचार्य के द्वारा की गई है। यह टीका जिनसेन स्वामी के द्वारा शक स० ७६६ (वि०सं० ८६४) मे पूर्ण की गई है। प्रस्तुत ग्रन्थ के अभी तक पूर्वोक्त चूर्णि और जयधवला टीका के साथ ११ भाग दि० जैन सघ मथुरा के द्वारा प्रकाशित हुए हैं। इसके अतिरिक्त केवल उक्त चूर्णिसूत्रो के साथ वह वीर शासन संघ कलकत्ता द्वारा पृथक् से प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

चूर्णि—अकरणोपशामना, अश्वकर्णकरण और असामान्य स्थिति आदि।

ज. टीका—अकरणोपशामना, अकर्मबन्ध, अकर्मोदय, अतिस्थापना, अन्तकृद्दश, अपचयपद और अपवृद्धि आदि।

३. **समयप्राभृत**—यह आचार्य कुन्दकुन्द के द्वारा विरचित एक महत्त्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रन्थ है। कुन्दकुन्दका दूसरा नाम पद्मनन्दी भी रहा है। इनका समय प्रायः विक्रम की प्रथम शताब्दी माना जाता है। ये मूलसघ के प्रमुख थे और कठोरतापूर्वक निर्मल चारित्र का परिपालन स्वय करते व सघस्थ अन्य मुनि जनो से भी कराते थे। ये ८४ पाहुड ग्रन्थो के कर्ता माने जाते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ मे शुद्ध निश्चयनय की प्रधानता से शुद्ध आत्मतत्त्व का विचार किया गया है। इसमे ये ६ अधिकार हैं—जीवाजीवाधिकार (प्रथम व द्वितीय रग), कर्तृ-कर्माधिकार, पुण्य-पापाधिकार, आस्रव, सवर, निर्जरा, बन्ध, मोक्ष और सर्वविशुद्ध ज्ञान। इसकी समस्त गाथासख्या ४४५ है। इसके ऊपर एक टीका (आत्मख्याति) अमृतचन्द्र सूरि (वि. की १०वीं शती) विरचित और दूसरी (तात्पर्यवृत्ति) आ. जयसेन (वि. की १२वीं शती) विरचित है। इसके कई संस्करण निकल चुके हैं। हमारे पास जो सस्करण है वह उक्त दोनो टीकाओ के साथ भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी सस्था काशी से प्रकाशित हुआ है।
इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अमूढदृष्टि, आलोचन और उपगूहन आदि।

आत्मख्याति—अध्यवसाय और अमूढदृष्टि आदि।

तात्पर्यवृत्ति—अनेकान्त आदि।

प्रस्तुत लक्षणावली मे आ. कुन्दकुन्द विरचित इन अन्य ग्रन्थो का भी उपयोग हुआ है—

'प्रवचनसार, पचास्तिकाय, नियमसार, दर्शनप्राभृत, चारित्रप्राभृत, बोधप्राभृत, भावप्राभृत, मोक्षप्राभृत और द्वादशानुप्रेक्षा।

४. प्रवचनसार—इसमे ज्ञानतत्त्वप्रज्ञापन, ज्ञेयतत्त्वप्रज्ञापन और चरणानुसूचिका चूलिका ये तीन श्रुतस्कन्ध (अधिकार) हैं। इनमे अध्यात्म की प्रधानता से ज्ञान, ज्ञेय और चारित्र का निरूपण किया गया है। इनकी गाथा संख्या ९२+१०८+७५=२७५ है। इसके ऊपर भी आ. अमृतचन्द्र और जयसेन के द्वारा पृथक्-पृथक् टीका लिखी गई है। इसका एक सस्करण परम श्रुत प्रभावक मण्डल बम्बई से उक्त दोनो टीकाओ के साथ प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो में हुआ है—

मूल—अशुभोपयोग और उपयोग आदि।

अमृत. टी.—अपवाद, अपवादसापेक्ष उत्सर्ग, अलोक, अशुद्ध उपयोग, अशुभोपयोग, उपयोग।

जय. टी.—अर्थपर्याय और अलोक आदि।

५. पंचास्तिकाय—यह प्रथम व द्वितीय इन दो श्रुतस्कन्धो मे विभक्त है। जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छह द्रव्य है। जो गुण और पर्यायो से सहित हो उसे द्रव्य कहते हैं। मूर्त और अमूर्त द्रव्यो के जो निर्विभाग अश हैं वे प्रदेश कहलाते है। जो द्रव्य ऐसे प्रदेशो के समूह से सयुक्त हैं उन्हे अस्तिकाय कहा जाता है। वे पाँच हैं—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश। गुण और पर्यायो से सयुक्त होने के कारण यद्यपि काल भी द्रव्य है, पर प्रदेशप्रचयात्मक न होने से उसे अस्तिकायो मे नहीं ग्रहण किया गया है। उसके भी स्वरूप आदि का दिग्दर्शन यहाँ संक्षेप मे करा दिया गया है। इस प्रकार पाँच अस्तिकाय और काल इन छह द्रव्यो की प्ररूपणा यहाँ प्रथम श्रुतस्कन्ध मे की गई है। इस प्रथम श्रुतस्कन्ध का उपसहार करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है—जो परमागम के सारभूत पचास्तिकायों के सग्रह को जान करके राग और द्वेष को छोडता है वह दु ख से छुटकारा पा लेता है। इस शास्त्र के अर्थ को—शुद्ध चैतन्यस्वभाव आत्मा को—जान कर उसके अनुमरण मे उद्यत होता हुआ जो जीव दर्शनमोह (मिथ्यात्व) से रहित हो जाता है वह राग-द्वेप को नष्ट करता हुआ पूर्वापर बन्ध से रहित हो जाता है—दु.ख से मुक्ति पा लेता है।

आगे द्वितीय श्रुतस्कन्ध मे प्रथमत. मोक्षमार्ग के विषयभूत जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष इन नौ पदार्थों का विवेचन किया गया है। तत्पश्चात् मोक्षमार्ग स्वरूप ज्ञान, दर्शन और चारित्र के स्वरूप को बतला कर परचरित (परसमय) और स्वचरित (स्वसमय) का विचार करते हुए कहा गया है कि ससारी जीव यद्यपि स्वभावनियत है—ज्ञान-दर्शन मे अवस्थित है—फिर भी अनादि मोहनीय कर्म के उदय से वह विभाव गुण-पर्यायो से परिणत होता हुआ परसमय है। यदि वह मोहनीय के उदय से होने वाली विभाव परिणति से रहित होकर अत्यन्त शुद्ध उपयोग वाला हो जाता है तो वह कर्मबन्ध से रहित हो सकता है। इत्यादि प्रकार से यहाँ निश्चय-व्यवहारस्वरूप मोक्षमार्ग का विचार किया गया है। अन्त मे ग्रन्थकार के द्वारा कहा गया है कि मैंने प्रवचनभक्ति से प्रेरित होकर मार्गप्रभावना के लिए प्रवचन के सारभूत पचास्तिसग्रह सूत्र को कहा है। इस पर भी अमृतचन्द्र सूरि विरचित तत्त्वदीपिका और जयसेनाचार्य विरचित तात्पर्यवृत्ति नाम की दो टीकायें हैं। इसकी गाथासख्या १०४+६९=१७३ है। इन दोनो टीकाओ के साथ वह परम श्रुत प्रभावक मण्डल बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है —

मूल—अधर्मद्रव्य, अस्तिकाय और आकाश आदि।

तत्त्वदी.—अकालुष्य, अचक्षुदर्शन, अजीव, अपक्रमषट्क, अभिनिबोध, अलोक, अशुद्ध चेतना, अस्ति-अवक्तद्रव्य, अस्तिद्रव्य, अस्ति-नास्ति-अवक्तव्यद्रव्य और अस्ति नास्तिद्रव्य आदि।

तात्पर्य.—अक्षरात्मक, अचक्षुदर्शन, अजीव, अधर्मद्रव्य, अपक्रमषट्क और अलोक आदि ।

६. **नियमसार**—ग्रन्थकार कुन्दकुन्दाचार्य ने यहाँ सर्वप्रथम वीर जिन को नमस्कार करते हुए केवली एव श्रुतकेवली द्वारा प्रणीत नियमसार के कहने की प्रतिज्ञा की है। फिर 'नियमसार' के शब्दार्थ को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो कार्य नियम से किया जाना चाहिए वह नियम कहलाता है। वह ज्ञान, दर्शन और चारित्र स्वरूप है। इस 'नियम' के साथ जो 'सार' शब्द प्रयुक्त है वह विपरीतता के परिहारार्थ है। यह ज्ञान-दर्शन-चारित्रस्वरूप नियम भेद व अभेद विवक्षा से दो प्रकार का है। शुद्ध ज्ञानचेतना-परिणामविषयक ज्ञान व श्रद्धा के साथ उसी मे स्थिर रहना, यह अभेद रत्नत्रय स्वरूप नियम है। तथा आप्त, आगम और तत्त्व के श्रद्धान के साथ जो तद्विषयक राग द्वेष की निवृत्ति है, यह व्यवहार रत्नत्रय स्वरूप नियम है जो भेदाश्रित है। यह नियम मोक्ष का उपाय है और उसका फल निर्वाण है। इन्हीं तीनों की यहाँ पृथक्-पृथक् प्ररूपणा की गई है। इस प्रसग में यहाँ प्रथमत उक्त सम्यग्दर्शन के विषयभूत आप्त, आगम और तत्त्व का विवेचन करते हुए आप्तप्रणीत तत्वार्थों—जीवादि छह द्रव्यों—का वर्णन किया गया है। इस बीच प्रसग पाकर पाँच व्रतो, पाँच समितियो और तीन गुप्तियोंरूप व्यवहार चारित्र का निरूपण करते हुए अरिहत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु का स्वरूप प्रगट किया गया है। इस प्रकार यहाँ आत्मशोधन मे उपयोगी प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, आलोचना, प्रायश्चित्त, परमसमाधि, रत्नत्रय और आवश्यक का विवेचन करते हुए शुद्ध आत्म-विषयक विचार किया गया है। ग्रन्थगत गाथाओ की सख्या १८६ है। इस पर पद्मप्रभ मलधारिदेव (वि. स. १३वी शताब्दी—१२४२) के द्वारा टीका रची गई है। इस टीका के साथ वह जैन ग्रन्थ रत्नाकर कार्यालय बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अचौर्य महाव्रत, अधर्मद्रव्य, अर्हन्, अहिंसामहाव्रत, आकाश, आदाननिक्षेपणसमिति, आप्त, ईर्यासमिति और एषणासमिति आदि ।

टीका—अधर्म द्रव्य और आकाश आदि ।

७. **दर्शनप्राभृत**—इसमे ३६ गाथायें हैं। सर्वप्रथम यहा सम्यग्दर्शन को धर्म का मूल बता कर यह कहा गया है कि जो जीव सम्यग्दर्शन से भ्रष्ट है उसे भ्रष्ट ही समझना चाहिए, वह कभी मुक्ति को प्राप्त नही हो सकता। किन्तु जो चरित्र से भ्रष्ट है, वह समयानुसार मुक्त हो सकता है। सम्यग्दर्शन से रहित जीव घोर तपश्चरण क्यो न करते रहे, परन्तु वे करोडो वर्षों मे भी बोधि को नही प्राप्त कर सकते। जो सम्यग्दर्शनमे भ्रष्ट है वे ज्ञान और चारित्र से भी भ्रष्ट हैं। ऐसे जीव स्वय तो नष्ट होते ही हैं, साथ ही दूसरो को भी नष्ट किया करते हैं। यहा सम्यग्दर्शन के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पाच अस्तिकाय और सात तत्त्व इन जिनप्रणीत तत्वो के स्वरूप का श्रद्धान करता है उसे सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए। यह व्यवहार सम्यक्त्व है। निश्चय से तो आत्मा ही सम्यग्दर्शन है। आगे कहा गया है कि जो शक्य अनुष्ठान को—जिसे किया जा सकता है—करता है और अशक्य पर श्रद्धा रखता है, उसके सम्यक्त्व है या वह सम्यग्दृष्टि है; ऐसा केवली के द्वारा कहा गया है। इस प्रकार यहा सम्यग्दर्शन की महिमा को प्रगट किया गया है। इसके ऊपर भट्टारक श्रुत-सागर सूरि के द्वारा टीका रची गई है। इस टीका के साथ वह 'षट्प्राभृतादिसग्रह' मे मा० दि० जैन ग्रन्थमाला बम्बई मे प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—आज्ञासम्यक्त्व और उपदेश सम्यक्त्व आदि ।

८. **चारित्रप्राभृत**—इसमे ४४ गाथायें हैं। यहाँ चारित्र के दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—सम्यक्त्वचरणचारित्र और सयमचरणचारित्र। निःशकित, निःकाक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढदृष्टि, उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना ये जो सम्यक्त्व के आठ गुण या अग हैं उनसे विशुद्ध उस सम्यग्दर्शन का जो ज्ञान के साथ आचरण किया जाता है इसे सम्यक्त्वचरणचारित्र कहा जाता है। जीव

सम्यग्दर्शन से द्रव्य-पर्यायों को देखता है—श्रद्धा करता है, ज्ञान से जानता है तथा चारित्र से दोषों को दूर करता है।

सागार और अनगार के भेद से संयमचरण दो प्रकार का है। दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्त, रात्रिभक्त, ब्रह्म, आरम्भ, परिग्रह, अनुमनन और उद्दिष्ट इन ग्यारह प्रतिमाओं का यहां संक्षेप में निर्देश करते हुए इस सब आचरण को देशविरत (सागारचारित्र) कहा गया है। आगे पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतों का उल्लेख करके सागारसंयमचरण को समाप्त किया गया है। यहां इतना विशेष है कि गुणव्रतों में दिशा-विदिशामान, अनर्थदण्डवर्जन और भोगोपभोगपरिमाण को तथा शिक्षाव्रतों में सामायिक, प्रोषध अतिथिपूजा और सल्लेखना इन चार को ग्रहण किया गया है।

दूसरे अनगारसंयमचरण का विचार करते हुए मनोज्ञ व अमनोज्ञ सजीव व अजीव द्रव्य के विषय में राग-द्वेष के परिहारस्वरूप पांच इन्द्रियों के संवरण, पांच व्रत, पांच समितियां और तीन गुप्तियां, इन सबको अनगारसंयमचरण कहा गया है। यहां अहिंसादि पांच व्रतों का निर्देश करते हुए उनकी पृथक् पृथक् भावनाओं का भी उल्लेख किया गया है। तत्पश्चात् पांच समितियों का निर्देश करते हुए अन्त में कहा गया है कि जो भव्य जीव स्पष्टतया रचे गये भावशुद्ध इस चारित्रप्राभृत का चिन्तन करते हैं वे शीघ्र ही चतुर्गति परिभ्रमण से छूटकर अपुनर्भव—जन्म-मरण से रहित—हो जाते हैं। इसके ऊपर भी भ. श्रुतसागरकी टीका है व उसके साथ वह पूर्वोक्त ग्रन्थमाला से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

टीका—अनुकम्पा, ईर्यासमिति और ऐषणासमिति आदि।

९ **बोधप्राभृत**—इसमें ६२ गाथाएं हैं। यहां सर्वप्रथम आचार्यों को नमस्कार करते हुए समस्त जनों के प्रबोधनार्थ जिनेन्द्र के उपदेशानुसार षट्कायहितकर—छह काय के जीवों के लिए हितकर शास्त्र के (बोधप्राभृत के)—कहने की प्रतिज्ञा की गई है। तत्पश्चात् आयतन, चैत्यगृह, जिनप्रतिमा, दर्शन, जिनबिम्ब, जिनमुद्रा, आत्मस्थ ज्ञान, अरिहंत के द्वारा दृष्ट देव, तीर्थ, अरिहंत और प्रव्रज्या इन ग्यारह विषयों का यहां अध्यात्म की प्रधानता से विचार किया गया है।

अन्त में ग्रन्थकार कहते हैं कि जिनमार्ग में शुद्धि के लिए जिस प्रकार जिनेन्द्रों ने रूपस्थ—निर्ग्रन्थरूपस्थ आचरण—को कहा है उसी प्रकार से भव्य जनों के बोधनार्थ षट्कायहितकर को कहा गया है। भाषासूत्रों में जो शब्दविकार हुआ है व उसे जैसा जिनेन्द्र ने कहा है उसे जान करके भद्रबाहु के शिष्य (कुन्दकुन्द) ने वैसा ही कहा है। बारह अंगों के ज्ञाता, चौदह पूर्वांगों के विशाल विस्तार से युक्त, और गमकों के गुरु भगवान् श्रुतज्ञानी (श्रुतकेवली) भद्रबाहु जयवंत हों। यह भी श्रुतसागर सूरि विरचित टीका के साथ पूर्वोक्त संग्रह में उक्त संस्था से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अर्हद्भाव और अर्हन् आदि।

टीका—अजंगमप्रतिमा आदि।

१०. **भावप्राभृत**—इसमें १६३ गाथायें हैं। यहां सर्वप्रथम यही सूचना की गई है कि प्रधान लिंग—साधुत्व की पहिचान—भाव है, न कि द्रव्यलिंग—बाह्य वेष। कारण इसका यह है कि गुण और दोषों का कारण भाव ही है। बाह्य परिग्रह का जो त्याग किया जाता है वह भावविशुद्धि के लिए ही किया जाता है, अभ्यन्तर परिग्रहस्वरूप मिथ्यात्वादि के त्याग के बिना बाह्य परिग्रह का वह त्याग निष्फल होता है। यदि नग्नता आदिरूप बाह्य लिंग ही प्रमुख होता तो द्रव्य से नग्न तो सभी नारकी और तिर्यंच रहा करते हैं, पर परिणाम से अशुद्ध रहने के कारण क्या वे कभी भावश्रमणता—यथार्थ साधुता—को प्राप्त हुए हैं? नहीं। मुमुक्षु मुनि प्रथमतः मिथ्यात्वादि दोषों से रहित हो करके भाव से नग्न होता है और तत्पश्चात् जिनाज्ञा के अनुसार द्रव्य से लिंग को—बाह्य साधुवेष को—प्रकट करता है। जो साधु शरीरादि सब प्रकार के परिग्रह को छोड़कर मान कषायादि से पूर्णतः रहित होता हुआ आत्मा में लीन रहता है वह साधु भावलिंगी होता है। स्वर्गसुख और मुक्तिसुख का भोक्ता भाव से ही होता है, भाव से रहित

साधु तिर्यंचगति का पात्र होता है। यहाँ कुछ उदाहरण देते हुए भाव को प्रधान इस प्रकार से सिद्ध किया गया है—

१. शरीरादि से निर्ममत्व होकर भी बाहुबली को मान कषाय से कलुषित रहने के कारण एक वर्ष तक आतापनयोग से स्थित रहना पड़ा—तब तक उन्हे केवलज्ञान प्राप्त नही हुआ। २. मधुपिंग नामक मुनि शरीर और आहारादि की प्रवृत्ति को छोड करके भी निदान मात्र के कारण भावश्रमण नहीं हो सका। ३. वशिष्ठ मुनि भी निदान के दोष से दुःख को प्राप्त हुआ। ४. भाव के विना रौद्र परिणाम के वशीभूत हुआ बाहु मुनि जिनलिंग से युक्त होकर भी रौरव नरक को प्राप्त हुआ। ५. इसी प्रकार द्वीपायन मुनि दर्शन, ज्ञान और चारित्र से भ्रष्ट होकर अनन्तसंसारी हुआ। ६. बारह अग और चौदह पूर्वरूप समस्त श्रुत को पढकर भी भव्यसेन मुनि भावश्रमणता को —यथार्थ मुनिपने को—नही प्राप्त हो सका[1]।

१ इसके विपरीत निर्मलबुद्धि शिवकुमार मुनि युवति जनों से वेष्टित होकर भी भावश्रमण होने से परीतसंसारी—थोडे ही समय मे मुक्ति को प्राप्त करनेवाले हुए। २ तुष-माष की घोषणा करनेवाले—दाल और छिलके के समान आत्मा और शरीर पृथक् पृथक् हैं, इस प्रकार आत्मस्वरूप का निश्चय करने वाले—शिवभूति मुनि अतिशय अल्पज्ञानी होकर भी केवलज्ञान को प्राप्त हुए हैं[2]।

शालिसिक्थ (एक क्षुद्र मत्स्य) महामत्स्य के मुख के भीतर जाते-आते अनेक जलचर जन्तुओ को देख-कर विचार करता है कि यह कैसा मूर्ख है जो मुख के भीतर प्रवेश करनेवाले जीवो को भी यो ही छोड देता है। यदि मैं इतना विशाल होता तो समस्त समुद्र के जन्तुओ को खा जाता। बस इसी पापपूर्ण विचार से वह जीवहिंसा न करता हुआ भी महानरक को प्राप्त हुआ।

इस प्रकार से आगे भाव पर अधिक जोर देते हुए अन्त मे कहा गया है कि बहुत कहनेसे क्या ? अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष ये पुरुषार्थ तथा अन्य भी व्यापार (प्रवृत्ति) ये सब भाव पर ही निर्भर हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ भी 'षट्प्राभृतादि सग्रह' मे श्रुतसागर सूरि विरचित टीका के साथ उक्त सस्था द्वारा प्रकाशित किया गया हैं। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

टीका—अध कर्म, अध्यधिदोष, अनिच्छाप्रवृत्तदर्शनबालमरण, अनुप्रेक्षा (स्वाध्याय), अभिहृत, अवधिमरण, अव्यक्त बालमरण, आवीचिमरण, आसन्न और उद्भिन्न आदि।

११. **मोक्षप्राभृत**—इसमे १०६ गाथायें हैं। यहा सर्वप्रथम जिसने पर द्रव्य को छोडकर कर्म से रहित होते हुए ज्ञानमय आत्मा को प्राप्त कर लिया है उस देव को नमस्कार करते हुए परम पदस्वरूप परमात्मा के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् निर्वाण के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जिस (परमात्मा) को जानकर निरन्तर खोजते हुए योगी अव्याबाध, अनन्त व अनुपम सुख को प्राप्त करता है, उसका नाम निर्वाण (मोक्ष) है। आगे जीवभेदो का निर्देश करते हुए बतलाया है कि बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा के भेद से जीव तीन प्रकार के हैं। इनमे बहिरात्मा को छोडकर अन्तरात्मा के उपाय से परमात्मा का ध्यान करना चाहिए। बहिरात्मा इन्द्रिया हैं, अर्थात् आत्मस्वरूप को न जानकर बाह्य इन्द्रियविषयो मे जो आसक्त रहता है वह बहिरात्मा कहलाता है। आत्मा की कल्पना होना—उसे शरीर से भिन्न समझना, यही अन्तरात्मा का स्वरूप है। समस्त कर्ममल से जो रहित हो चुका है उसे परमात्मा या देव कहा जाता है।

जो आत्मस्वरूप को न जानकर अचेतन शरीर के विषय मे स्वकीय व परकीय की कल्पना किया करते हैं, उनका मोह पुत्र और स्त्री आदि के विषय मे उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होता है। निर्वाण उसी को

---

१ इन कथानकों को श्रुतसागर सूरि विरचित टीका से इस प्रकार जानना चाहिये—(१) बाहुबली गा. ४४, (२) मधुपिंग ४५, (३) वशिष्ठ मुनि ४६, (४) बाहु मुनि ४९, (५) द्वीपायन ५०, (६) भव्यसेन ५२.

२. (१) शिवकुमार मुनि ५१, (२) शिवभूति मुनि ५३.

प्राप्त होता है जो शरीर के विषय मे निरपेक्ष होकर निर्द्वन्द (निराकुल), निर्मम (निःस्पृह) और आरम्भ से रहित होता हुआ आत्मस्वभाव मे निरत हो चुका है। जो स्त्री-पुत्रादि व धन-गृह आदि चेतन-अचेतन पर द्रव्यो मे आसक्त रहता है वह अनेक प्रकार के कर्मों से सम्बद्ध होता है और जो उक्त पर द्रव्यों से विरक्त (पराङ्मुख) होता है वह उन कर्मों के बन्धन से छूटता है, यही सक्षेप मे बन्ध और मोक्ष का उपदेश है। इसे कुछ और स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जो श्रमण स्वद्रव्य—परद्रव्यनिरपेक्ष शुद्ध आत्मस्वरूप—मे रत है वह सम्यग्दृष्टि है व सम्यक्त्व से परिणत होकर आठ कर्मों का क्षय करता है तथा जो साधु आत्मद्रव्य से अनभिज्ञ होकर परद्रव्य मे निरत होता है वह मिथ्यादृष्टि है और मिथ्यात्व से परिणत होकर उक्त आठ कर्मों से बधता है।

यहा यह आशका हो सकती है कि जो शुद्ध आत्मद्रव्य मे रत न होकर अर्हदादि पंच गुरुओं की भक्ति करता है, व्रतो का परिपालन करता है, और तप का आचरण करता है; उसका यह सब पुण्य कार्य क्या निरर्थक रहेगा ? इसके उत्तरस्वरूप यहां (गा. २५) यह कहा गया है कि पाप कार्यों से जो नरकगति का दुःख प्राप्त होनेवाला है उसकी अपेक्षा उक्त शुभ कार्यों से यदि स्वर्गीय सुख प्राप्त होता है तो वह कही उत्तम है—स्तुत्य है। उदाहरणार्थ—जो व्यक्ति तीव्र धप मे स्थित होकर किसी आत्मीय जन की प्रतीक्षा कर रहा है, उसकी अपेक्षा जो किसी वृक्ष की शीतल छाया मे बैठ कर उसकी प्रतीक्षा कर रहा है वह सराहनीय है[1]।

आगे ज्ञान, दर्शन और चारित्र का स्वरूप प्रगट करते हुए यह बतलाया है कि जो जानता है वह ज्ञान, जो देखता है वह दर्शन, और जो पुण्य व पाप दोनो का ही परित्याग है वह चारित्र है। प्रकारान्तर से तत्त्वरुचि को सम्यक्त्व, तत्त्वग्रहण को सम्यग्ज्ञान और परिहार–परित्याग या उपेक्षा–को चारित्र कहा गया है। इस प्रकार यहाँ मोक्ष के उपायभूत सम्यग्दर्शनादि का विवेचन करते हुए परद्रव्य की ओर से विमुख होकर स्वद्रव्य मे निरत होने का उपदेश विविध प्रकार से दिया गया है।

आगे (८६) श्रावक को लक्ष्य करके कहा गया है कि जो निर्मल सम्यक्त्व मेरु पर्वत के समान स्थिर है उसका दु.खविनाशार्थ ध्यान करना चाहिए। जो जीव सम्यक्त्व का ध्यान करता है वह सम्यग्दृष्टि है और वह आठ कर्मों का क्षय करता है। यहा उस सम्यक्त्व का स्वरूप यह बतलाया है कि हिंसारहित धर्म, अठारह दोषो से रहित देव और निर्ग्रन्थ प्रावचन—परिग्रहरहित होकर आगम के आश्रित गुरु; इन तीनों पर श्रद्धा रखना, इसका नाम सम्यक्त्व है। जो कुत्सित देव, कुत्सित धर्म और कुत्सितलिंग (कुलिंगी साधु) को लज्जा, भय, अथवा महत्त्व के कारण नमस्कार करता है वह मिथ्यादृष्टि है। सम्यग्दृष्टि श्रावक जिनोपदिष्ट धर्म का ही आचरण करता है, यदि वह उसमे विपरीत आचरण करता है तो उसे मिथ्यादृष्टि समझना चाहिए।

जो साधु मूलगुण को नष्ट कर बाह्य कर्म को—मंत्र-तंत्रादि क्रियाकाण्ड को—करता है वह जिन-लिंग का विराधक होने से मोक्षसुख को कभी प्राप्त नही कर सकता। कारण यह कि आत्मस्वभाव के विपरीत बाह्य कर्म, बहुत प्रकार का क्षमण—उपवासादि, और आताप—आतापनादि योग; यह सब क्या कर सकता है ? कुछ नही। अन्त मे कहा गया है कि अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पाच परमेष्ठी तथा सम्यक्त्व, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और समीचीन तप ये चार भी चूंकि आत्मा मे स्थित हैं; अतएव आत्मा ही मुझे शरण है।

आचार्य पूज्यपाद ने इसकी अनेक गाथाओं को छायानुवाद के रूप मे अपने समाधितंत्र और इष्टोपदेश मे स्वीकार किया है[2]। इसका प्रकाशन भी श्रुतसागर सूरि विरचित टीका के साथ उक्त सस्था

१. वर व्रतैः पदं दैवं नाव्रतैर्बत नारकम्। छायातपस्थयोर्भेदः प्रतिपालयतोर्महान्॥ इष्टोपदेश ३.

२. इन गाथाओं का समाधितंत्र के इन श्लोकों से मिलान कीजिए—

मो. प्रा.—४, ९, १०, २९, ३१.

समाधि—४, १०, ११, १८, ७८ इत्यादि

द्वारा हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अन्तरात्मा आदि।

टीका—आत्मसकल्प आदि।

(१२) **द्वादशानुप्रेक्षा**—इसमे ९१ गाथाये हैं। इसमे अनित्य, अशरण, एकत्व, अन्यत्व, ससार, लोक, अशुचित्व, आस्रव, सवर, निर्जरा, धर्म और बोधि इन १२ भावनाओ का विवेचन किया गया है। अन्तिम ४ गाथाओ मे अनुप्रेक्षाओ के माहात्म्य को प्रगट करते हुए कहा गया है कि अनुप्रेक्षा से चूकि प्रत्याख्यान, प्रतिक्रमण, आलोचना और समाधि सम्भव हैं; अतएव अनुप्रेक्षा का चिन्तन करना चाहिए। यदि अपनी शक्ति है तो रात्रि व दिन सम्बन्धी प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, समाधि, सामायिक और आलोचना करना चाहिए। अनादिकाल से जो मोक्ष गये हैं वे बारह अनुप्रेक्षाओ का चिन्तन करके ही गये है। बहुत कहने से क्या ? जो पुरुषोत्तम सिद्ध हुए हैं, होंगे, और हो रहे हैं; यह उसका (अनुप्रेक्षा का) माहात्म्य है। अन्त मे अपने नाम का निर्देश करते हुए ग्रन्थकार कहते है कि इस प्रकार कुन्दकुन्द मुनिनाथ ने निश्चय-व्यवहार को कहा है। जो शुद्ध मन से उसका विचार करता है वह परम निर्वाण को प्राप्त करता है। इसका प्रकाशन मूलरूप मे पूर्वोक्त सग्रह मे मा. दि. जैन ग्रन्थमाला से ही हुआ है। इसका उपयोग आर्जव धर्म और एकत्वानुप्रेक्षा आदि शब्दों मे हुआ है।

(१३) **मूलाचार**—यह मुनियो के आचार की प्ररूपणा करने वाला एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसके रचयिता बट्टकेराचार्य है। कुछ विद्वानो का कहना है कि प्रस्तुत ग्रन्थ की कुछ हस्तलिखित प्रतियो मे ग्रन्थकर्ता के रूप मे आचार्य कुन्दकुन्द के नाम का निर्देश पाया जाता है। इससे इसके रचयिता आ. कुन्दकुन्द ही प्रतीत होते है। दूसरे, बट्टकेर नाम के कोई आचार्य हुए भी नही दिखते[1], इत्यादि। कर्ता कोई भी हो पर ग्रन्थ प्राचीन है व पहली दूसरी शताब्दी मे रचा गया प्रतीत होता है।

इसमे ये १२ अधिकार है—मूलगुण, बृहत्प्रत्याख्यानसस्तरस्तव, सक्षेपप्रत्याख्यानसस्तर, समाचार, पचाचार, पिण्डशुद्धि, षडावश्यक, द्वादशानुप्रेक्षा, अनगारभावना, समयसार, शीलगुण और पर्याप्ति। इनमे गाथासख्या क्रम से इस प्रकार है—३६+७१+१४+७६+२२२+८२+१९३+७६+१२५+१२४+२६+२०६=१२५१।

(१) **मूलगुणाधिकार**—इस अधिकार मे अहिंसादि पाच व्रत, पाच समितिया, पाच इन्द्रियनिरोध, छह आवश्यक, लोच, आचेलक्य (नग्नता), अस्नान, भूमिशयन, दन्तघर्षण का अभाव, स्थितिभोजन (खडे रहकर भोजन) और एकभक्त (एक बार भोजन); इन मुनियो के २८ मूलगुणो का विवेचन किया गया है।

(२) **बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तव**—मरण के उपस्थित होने पर साधु को शिला अथवा लकडी के पाटे आदि रूप बिस्तर का स्वीकार करते हुए किस प्रकार से पाप का परित्याग करना चाहिए तथा उस समय आत्मस्वरूप आदि का चिन्तन भी किस प्रकार करना चाहिए, इस सबका यहा विचार किया गया है।

(३) **संक्षेपप्रत्याख्यानसस्तरस्तव**—किसी भयानक उपद्रव के कारण अकस्मात् मरण की सम्भावना होने पर आराधक जिन एव गणधरादि को नमस्कार करते हुए सक्षेप से हिंसादि पाच पापों के साथ सब प्रकार के आहार, चार सज्ञाओ, आशा और कषायो का परित्याग करता है तथा सबसे ममत्वभाव को छोड कर समाधि को स्वीकार करता है। वह यह नियम करता है कि यदि इस उपद्रव के कारण जीवित का नाश होता है तो उक्त प्रकार से मैं सर्वदा के लिए परित्याग करता हूँ और यदि उस उपद्रव से बच जाता हूँ तो पारणा करूगा। इस प्रसग मे यह कहा गया है कि यदि जीव एक भवग्रहण मे समाधिमरण को प्राप्त करता है तो वह सात आठ भवग्रहण मे निर्वाण को पा लेता है।

---

१. देखिये 'पुरातन जैन वाक्यसूची' की प्रस्तावना पृ. १८-१९.

(४) समाचार—समता अर्थात् राग-द्वेष का अभाव, सम्यक्-आचार—मूलगुणादि का सम्यक् अनुष्ठान, सम आचार—ज्ञानादिरूप पांच प्रकार का आचार अथवा निर्दोष भिक्षाग्रहणरूप आचार तथा सब सयतो का क्रोधादि की निवृत्तिरूप या दशलक्षण धर्मरूप समान आचार; इस प्रकार समाचार या सामाचार के उक्त चार अर्थ निर्दिष्ट किये गये हैं। यह समाचार औघिक और पदविभाग के भेद से दो प्रकार का है। इनमे औघिक के दस और पदविभाग के अनेक भेद कहे गये हैं। इन सबका वर्णन प्रकृत अधिकार में किया गया है।

पदविभाग के प्रसग मे यहा यह कहा गया है कि कोई सर्वसमर्थ साधु अपने गुरु के पास यथायोग्य श्रुत का ज्ञान प्राप्त करके विनीत भाव से पूछता है कि मैं आपके पादप्रसाद से अन्य आयतन को जाना चाहता हूँ, इस प्रसग मे वह पाच छह प्रश्नो को पूछता है। इस प्रकार पूछने पर जब गुरु अन्यत्र जाने की आज्ञा दे देता है तब वह अपने से अतिरिक्त तीन, दो अथवा एक अन्य साधु के साथ वहा से निकलता है। यहाँ एक विहार तो गृहीतार्थ का और दूसरा विहार किसी गृहीतार्थ के साथ अगृहीतार्थ का ही बतलाया गया है, तीसरे किसी विहार की अनुज्ञा नही दी गई है। एकविहारी होने की अनुज्ञा उसी को दी गई है जो तप, सूत्र (द्वादशागश्रुत), सत्त्व (बल), एकत्व—शरीरादि से भिन्न आत्मा—मे अनुराग, शुभ परिणाम, योग्य सहनन और धैर्य से युक्त हो। इसके विपरीत स्वेच्छाचारी के विषय मे तो यहा तक कहा गया है कि स्वच्छन्दतापूर्ण आचरण करने वाला तो मेरा शत्रु भी एकविहारी न हो। गृहीतार्थ के विहार के विषय मे भी यह कहा गया है कि जहा आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक, स्थविर और गणधर ये पाच आधार न हो वहा रहना उचित नही है।

इस प्रकार से जब कोई समर्थ साधु अन्य सघ मे पहुँचता है तो सघस्थ साधु उसका यथायोग्य स्वागत करते हुए रत्नत्रयविषयक पूछताछ करते हैं। तत्पश्चात् वे उससे नाम, कुल, गुरु और दीक्षा आदि के विषय मे प्रश्न पूछते हैं। इस प्रकार से यदि वह योग्य प्रतीत होता है तो उसे वे ग्रहण करते हैं, अन्यथा छोड देते हैं। और यदि आचार्य योग्य प्रमाणित न होते हुए भी उसे ग्रहण करता है तो वह स्वय प्रायश्चित्त का भागी होता है।

इस प्रकार से इस अधिकार मे मुनि व आर्यिकाओ के आचरणविषयक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण चर्चा की गई है, जो साधुसस्था के लिए मननीय है।

(५) पंच-आचार—यहा दर्शन, ज्ञान, चरित्र, तप और वीर्य इन पाच प्रकार के आचारो और तद्विषयक अतिचारो की प्ररूपणा की गई है।

(६) पिण्डशुद्धि—पिण्ड का अर्थ आहार होता है। साधु के ग्रहण योग्य शुद्ध आहार किस प्रकार का होना है, इसका विचार प्रकृत अधिकार मे किया गया है। सर्वप्रथम उद्गम, उत्पादन, एषण (अशन), सयोजन, प्रमाण, अगार, धूम और कारण इस प्रकार से आठ प्रकार की पिण्डशुद्धि निर्दिष्ट की गई है[1]।

१. उद्गम—दाता गृहस्थ भोजनसामग्री को किस प्रकार के योग्य-अयोग्य साधनो के द्वारा प्राप्त करता है तथा उसे किस प्रकार से तैयार किया जाता है। इसका विचार १६ उद्गमदोषो में किया गया है। इन उद्गम दोषो से रहित होने पर ही साधु को आहार ग्रहण करना चाहिए।

२. उत्पादन—पात्र (मुनि आदि) जिन मार्गविरोधी अभिप्रायों से आहार को प्राप्त करता है, वे उत्पादनदोष माने जाते हैं। ये उत्पादन दोष भी १६ हैं।

३. अशनदोष—परोसनेवाले आदि की अशुद्धियो को अशनदोष मे गिना जाता है। ये सख्या मे १० है।

४. सयोजना दोष—शीत-उष्ण एव सचित्त-अचित्त आदि भोज्य वस्तुओ का परस्पर में संमिश्रण करना, इसे सयोजना दोष माना जाता है।

१. विशेष के लिए देखिये 'पिण्डशुद्धि के अन्तर्गत उद्दिष्ट आहार पर विचार' शीर्षक लेख। अनेकान्त वर्ष २१, किरण ४, पृ. १५५-६१.

५. प्रमाण दोष—अधिक आहार के ग्रहण करने पर साधु प्रमाण दोष का भागी होता है। उदर के चार भागों मे से दो भागों को भोजन से और एक भाग को पानी से पूर्ण करना चाहिए तथा शेष एक भाग को वायुसचार के लिए रिक्त रखना चाहिए। इस नियम का उल्लंघन करने पर साधु प्रमाण दोष से लिप्त होता है। पुरुष का प्राकृतिक आहार ३२ ग्रास प्रमाण और महिला का वह २८ ग्रास प्रमाण होता है। एक ग्रास का प्रमाण एक हजार (१०००) चावल है।

६. अगार दोष—आसक्तिपूर्वक आहार के ग्रहण करने पर साधु अगार दोष से दूषित होता है।

७. धूम्र दोष—भोजन को प्रतिकूल मान कर निन्दा का अभिप्राय रखना, यह धूम्र दोष का लक्षण है।

८. कारण—भोजन ग्रहण करने के छह कारण हैं—भूख की पीडा, वैयावृत्त्य करना, आवश्यक क्रियाओ का परिपालन करना, सयम की रक्षा, प्राणों की स्थिति और धर्म की चिन्ता। धर्म का आचरण करने के लिए साधु को उक्त छह कारणो के होने पर ही आहार को ग्रहण करना चाहिए। इनके अतिरिक्त छह कारण ऐसे भी हैं जिनके होने पर भोजन का परित्याग करना चाहिए, अन्यथा धर्म का विघात अवश्यभावी है। वे छह कारण ये है—रोग का सद्भाव, देव-मनुष्यादिकृत उपद्रव, ब्रह्मचर्य का सरक्षण, जीवदया, तप और समाधिमरण। इनके अतिरिक्त बलवृद्धि, आयुवृद्धि, स्वादलोलुपता और शरीरपुष्टि के लिए किये जाने वाले आहार का यहा सर्वथा निषेध किया गया है। इस प्रकार से यहा भोजनशुद्धि के निमित्त उक्त दोषों और अन्तरायों को दूर करने की प्रेरणा की गई है।

७. **षडावश्यक**—यहाँ आवश्यक का स्वरूप बतलाते हुए कहा गया है कि जो इन्द्रियो और राग द्वेषादिरूप कषायोके द्वारा वशीभूत नही किया जाता है उसे 'अवश्य' नामसे कहा जाता है। ऐसे अवश्य (साधु) का जो आचरण है वह आवश्यक कहलाता है। 'निर्युक्ति' शब्दके अन्तर्गत 'युक्ति का अर्थ उपाय और 'निर्' का अर्थ निःशेष या सम्पूर्ण होता है। इस प्रकार इस अधिकार मे चूकि साधु के अनुष्ठानविषयक उपायोका सम्पूर्ण विवेचन किया गया है, अतः इसे ग्रन्थकार ने आवश्यकनिर्युक्ति कहते हुए प्रारम्भ मे उसके निरूपण करने की प्रतिज्ञा की है। वे आवश्यक छह हैं—सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग। इन छह का यहाँ क्रमसे निरूपण किया गया है। अन्त मे यहाँ ग्रन्थकार द्वारा कहा गया है कि इस निर्युक्ति की निर्युक्ति को यहाँ मैंने सक्षेप से कहा है, विस्तार का प्रसग अनुयोग से जानना चाहिए। टीकाकार वसुनन्दी ने अनुयोग का अर्थ आचाराग किया है।

चतुर्विंशतिस्तव के प्रसग मे यहाँ प्रथमतः लोक को उद्योतित करने वाले तथा धर्मतीर्थ के कर्ता अरिहतो को कीर्तन के योग्य बतलाते हुए उनसे उत्तम बोधि की याचना की गई है। लगभग ऐसा ही सूत्र आवश्यकसूत्र के भी इस प्रकरण मे उपलब्ध होता है[1]। आगे लोक की निर्युक्तिपूर्वक उसके नौ भेदो का निर्देश किया गया है। आवश्यक निर्युक्तिकार ने वहाँ लोक के आठ भेदो का निर्देश किया है। प्रकृत मे एक चिह्नलोक और कषायलोक का भी निर्देश किया गया है, ये दोनो आवश्यकसूत्र मे नही हैं। वहाँ एक काललोक अधिक है[2]। इसके पश्चात् और भी जो प्ररूपणा यहाँ और आवश्यकसूत्र मे की गई है, दोनो मे बहुत कुछ समानता है। इतना ही नहीं कुछ गाथायें भी यहाँ और आवश्यक-सूत्र मे निर्युक्ति या भाष्य के रूप मे कुछ शब्दभेद के साथ समानरूप से पायी जाती हैं। जैसे—

१. लोगुज्जोए धम्मतित्थयरे जिणवरे य अरहते। कित्तण केवलिमेव य उत्तमबोहिं मम दिसंतु ॥ मूला. ७-४२.

लोगस्सुज्जोगयरे धम्मतित्थयरे जिणे। अरिहते कित्तइस्स चउवीस वि केवली ॥ आव. १, पृ. ४६.

२. णाम ट्ठवण दव्व खेत्त चिण्ह कसायलोओ य।
भवलोगो भावलोगो पज्जयलोगो य णादव्वो ॥ मूला. ७-४४.
णाम ठवणा दविए खित्ते काले भवे अ भावे अ।
पज्जवलोगे अ तहा अट्ठविहो लोगणिक्खेवो ॥ आव. नि. १०५७.

मूलाचार— ७-४७, ७-५४, ५५, ५६, ५८,
आव. नि. या भा. १९५ (भा.), २०२ (भा.), १०५९, १०६०, १०६२,
मूलाचार— ६२, ६८, ६९, ७०, ७२.
आव. नि. या भा. १०६६, १०९३, १०९४, १०९५, १०९७.

इसी प्रकार वन्दना आवश्यक के प्रकरण मे भी उक्त दोनो ग्रन्थो मे कुछ गाथायें साधारण शब्द-भेद व अर्थभेद के साथ समान रूप से उपलब्ध होती हैं[1]।

८. **द्वादशानुप्रेक्षा**—इस अधिकार मे अनित्यादि १२ अनुप्रेक्षाओ का निरूपण किया गया है। इसमे ७६ गाथायें हैं।

९. **अनगारभावना**—इस अधिकार मे लिंगशुद्धि, व्रतशुद्धि, वसतिशुद्धि, विहारशुद्धि, भिक्षाशुद्धि, ज्ञानशुद्धि, उज्झन (त्याग) शुद्धि—शरीर से अनुराग का परित्याग, वाक्यशुद्धि, तपःशुद्धि और ध्यानशुद्धि; इन दस की प्ररूपणा की गई है। उज्झनशुद्धि के प्रसग मे साधु के लिए मुह, नेत्र और दातो के धोने, पावों के धोने, सवाहन—अंगमर्दन, परिमर्दन—हाथ की मुट्ठियो आदि से ताडन और शरीरसस्कार को निषिद्ध बताया गया है। इस अधिकार मे १२५ गाथायें हैं।

१० **समयसार**—समय शब्द से गुण-पर्यायो के साथ एकता (अभेद) को प्राप्त होने वाले सभी पदार्थ ग्रहण किये जाते है। प्रकृत मे 'समय' शब्द से जीव अपेक्षित है। उसके सारभूत जो सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र और ध्यान आदि है उनके परिपालन मे मुमुक्षु को सतत सावधान रहना चाहिए; इत्यादि की चर्चा इस अधिकार मे की गई है।

यहाँ क्रियाविहीन ज्ञान को, सयमविहीन लिंग के ग्रहण को और सम्यक्त्वविहीन तप को निरर्थक कहा गया है। आगे यहाँ आचार्यकुल को छोडकर एकाकी विहार करने वाले को पापश्रमण कहा गया है[2]। इस अधिकार मे १२४ गाथायें है।

११. **शीलगुणाधिकार**—इस अधिकार मे प्रथमतः योग ३, करण ३, सज्ञा ४, इन्द्रिय ५, पृथिवीकायादि १० और श्रमणधर्म १०; इनके परस्पर गुणन से निष्पन्न होने वाले १८००० शीलो का निरूपण किया गया है। तत्पश्चात् प्राणिवधादि २१, अतिक्रमण, व्यतिक्रमण, अतिचार और अनाचार ये चार; पृथिवी, अप्, अग्नि, वायु, प्रत्येक, साधारण, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पचेन्द्रिय इन दस को परस्पर मे व्यधा करने के कारण परस्पर गुणित करने पर १००(१०×१०); अब्रह्म के कारण १०, आलोचना दोष १०, श्रद्धान के साथ आलोचना-प्रतिक्रमणादि १०, इन सब को परस्पर गुणित करने से (२१×४×१००×१०×१०×१०= ८४०००००) समस्त गुण चौरासी लाख होते है। आगे इनके भगो के उत्पत्तिक्रम को भी बतलाया गया है।

१२. **पर्याप्ति अधिकार**—इस अधिकार मे क्रम से पर्याप्तिया, देह, सस्थान, काय, इन्द्रिय, योनि, आयु, प्रमाण (द्रव्य-क्षेत्रादिप्रमाण), योग, वेद, लेश्या, प्रवीचार, उपपाद, उद्वर्तन, स्थान, कुल, अल्प-बहुत्व और प्रकृत्यादि बन्ध; इन विषयो की प्ररूपणा की गई है।

यहा उपपाद और उद्वर्तन (गति-आगति) प्रकरण का उपसहार करते हुए ग्रन्थकार ने यह निर्देश किया है कि इस प्रकार से सारसमय मे प्ररूपित गति-आगति का यहा मैने कुछ वर्णन किया है। टीका-कार वसुनन्दी ने सारसमय का अर्थ व्याख्याप्रज्ञप्ति किया है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

---

१. देखिये मूलाचार अधिकार ७, गा. ७९–८०, ८१, ९५, ९८, १०३ और १०४ आदि तथा आव. निर्युक्ति गा. ११०२–३, १२१७, ११०५, ११०६, १२०१, १२०२ आदि।

२. आयरियकुल मुच्चा विहरदि समणो य जो दु एगागी।
ण य गेण्हदि उवदेस पावस्समणो त्ति वुच्चदि दु॥ १०–६८.
अधिकार ८ की गा. २६–३३ भी द्रष्टव्य हैं (पृ. १२८-३४)।

मूल—अङ्गारदोष, अत्यासादना, अदत्तमनग्रत, अच्यधि दोष, अनन्तससारी, अनुभाषणाशुद्ध-प्रत्याख्यान, अलोक, आज्ञाविचय और आवश्यकनिर्युक्ति आदि।

टीका—अकिंचनता, अचक्षुदर्शन, अत्यासादना और अदत्तग्रहण आदि।

१४ भगवती आराधना—इसके रचयिता आचार्य शिवार्य हैं। उनका समय निश्चित नहीं है। पर ग्रन्थ के विषय और उसकी विवेचन-पद्धति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि उसका रचनाकाल दूसरी-तीसरी शताब्दी होना चाहिए। इसमे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-चारित्र और तप इन चार आराधनाओ की प्ररूपणा की गई है। वैसे तो रत्नत्रय सदा ही आराधनीय है, पर मरण के समय उसके आराधन का विशेष महत्त्व है। इस प्रसंग मे यहाँ यह कहा गया है कि जो मरणसमय मे उसकी विराधना करता है वह अनन्तससारी होता है[1]। साथ मे यह भी कहा गया है कि चारित्र की—रत्नत्रय की—आराधना करने वाले अनादि मिथ्यादृष्टि भी थोडे ही समय मे मुक्ति को प्राप्त करते देखे गये हैं[2]। इसको स्पष्ट करते हुए प. आशाधर ने अपनी टीका मे बतलाया है कि भरत चक्रवर्ती के भद्र-विवर्धनादि नौ सौ तेईस पुत्र नित्यनिगोद से आकर मनुष्य हुए और भगवान् आदिनाथ के पादमूल मे रत्नत्रय को धारण करते हुए थोडे ही समय मे मुक्ति को प्राप्त हुए हैं।

यहाँ सत्तरह मरण भेदो की[3] सूचना करके उनमे से समयानुकूल पण्डित पण्डितमरण, पण्डितमरण, बाल-पण्डितमरण, बालमरण और बाल-बालमरण इन पाँच भेदों की प्ररूपणा की गई है। भक्तप्रत्याख्यान के भेदभूत सविचार भक्तप्रत्याख्यान के प्रसंग में आराधक की योग्यता के परिचायक अर्हलिंग आदि ४० पदो का विवेचन यहाँ अन्य प्रासंगिक चर्चा के साथ बहुत विस्तार से (गा. ७१-२०१०) किया गया है। यहाँ आराधक को स्थिर रखने के लिए अनेक पौराणिक उदाहरणो द्वारा उपदेश दिया गया है।

अन्त मे प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना के सम्बन्ध मे ग्रन्थकार ने यह कहा है कि पाणितलभोजी मैंने (शिवार्यने) आर्य जिननन्दी गणी के पादमूल मे भलीभाति सूत्र और अर्थ को जानकर पूर्वाचार्यनिबद्ध—पूर्वाचार्यपरम्परा से प्राप्त—इस भगवती आराधना को उपजीवित किया है—उसे सकलित या उद्धृत किया है। छद्मस्थ होने से यदि इसमे कुछ आगमविरुद्ध सम्बद्ध हो गया हो तो विशेषज्ञानी प्रवचन-वत्सलता से उसे शुद्ध कर लें। मेरे द्वारा भक्ति मे वर्णित यह भगवती आराधना सघ और शिवार्य के लिए उत्तम समाधि प्रदान करे। ग्रन्थ की गाथासख्या २१७० है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के ऊपर अपराजितसूरि (अनुमानतः विक्रम की ९वीं शताब्दी के पूर्व[4]) द्वारा विजयोदया नाम की टीका और प० आशाधर (विक्रम की १३वी शताब्दी) द्वारा मूलाराधनादर्पण नाम की टीका रची गई है। इनके अतिरिक्त आ. अमितगति द्वि. (विक्रम की ११वी शताब्दी) के द्वारा उसका पद्यानुवाद भी किया गया है। कुछ अन्य भी टीका-टिप्पण इसके ऊपर रचे गये हैं।

विजयोदया टीका के निर्माता अपराजित सूरि श्वे. सम्मत आगमों के महान् विद्वान् थे। उन्होने नग्नता का प्रबल समर्थन करते हुए आचारप्रणिधि, आचाराग, पायेसणी, भावना, सूत्रकृताग, उत्तराध्ययन और दशवैकालिका आदि कितने ही आगम ग्रन्थो के उद्धरणो को उक्त नग्नता के प्रसग मे वहाँ उपस्थित किया है[5]। दशवैकालिक सूत्र के ऊपर तो उन्होने विजयोदया नाम की टीका भी लिखी है, जिसका उल्लेख प्रस्तुत टीका मे उन्होने स्वय भी किया है[6]। अपराजितसूरि ने इस टीका के अन्त मे उसका

---

१. गा. १५. २. गा. १७.

३. इन १७ मरणो का उल्लेख उत्तराध्ययन निर्युक्ति मे उपलब्ध होता है। उत्तरा. ५, पृ. ९९.

४. देखिये 'जैन साहित्य और इतिहास' पृ. ७९-८०.

५. देखिये गा. ३२१ की विजयो. टीका, पृ. ६११–१३.

६. दशवैकालिकटीकायां श्रीविजयोदयायां प्रपंचिता उद्गमादिदोषा इति नेह प्रतन्यते। विजयो टीका गा. ११९७।

परिचय देते हुए इतनी मात्र सूचना की है—चन्द्रनन्दी महाकर्मप्रकृत्याचार्य के प्रशिष्य, आरातीयसूरि-चूलामणि नागनन्दी गणी के चरण-कमल की सेवा से प्राप्त बुद्धि के लेश से सहित और बलदेव सूरि के शिष्य प्रख्यात अपराजित सूरि के द्वारा नागनन्दी गणी की प्रेरणा से रची गई विजयोदया नामकी आराधना टीका समाप्त हुई। उक्त टीकाओं के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ बलात्कारगण जैन पब्लिकेशन सोसायटी कारंजा से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अकृतसमुद्घात, अणुव्रत, अव्यक्त दोष, आचारवान्, आज्ञाविचय, आदाननिक्षेपणसमिति और आर्तध्यान आदि।

विजयो.—अनभिगृहीत मिथ्यात्व, अव्यक्तमरण, आकिञ्चन्य, आचार्य, आज्ञाविचय, आम्नाय और उन्मिश्रदोष आदि।

मूला.—अतिचार, अनभिगृहीतमिथ्यात्व, आचार्य, उपगूहन और उद्भिन्न आदि।

१५. तत्त्वार्थसूत्र—यह एक ऐसा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है जो दिगम्बर व श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायो में प्रतिष्ठित है। श्वेताम्बर सम्प्रदाय मे यह तत्त्वार्थाधिगम सूत्र के नाम से प्रसिद्ध है। इसके रचयिता आचार्य उमास्वाति हैं। रचनाकाल इसका २-३री शताब्दी है। जैन परम्परा मे सम्भवत: यह संस्कृत मे प्रथम ही रचना है। यह दस अध्यायो मे विभक्त है। प्रथम अध्याय भूमिका रूप है। दूसरे, तीसरे व चौथे इन तीन अध्यायों मे जीवतत्त्व का, पांचवे मे अजीवतत्त्व का, छठे व सातवे इन दो अध्यायो मे आस्रवका, आठवें मे बन्ध का, नौवें मे संवर और निर्जरा का तथा दसवें मे मोक्षका; इस प्रकार इसमे प्रयोजनीभूत सात तत्त्वो की प्ररूपणा की गई है। ग्रन्थ यद्यपि शब्दशरीर से लघु है, पर अर्थ से गम्भीर व विशाल है। सूत्रसंख्या इसकी दि. परम्परा मे ३५७ और श्वे. परम्परा मे ३४४ है। इसका उपयोग अधर्मद्रव्य, अनृत और आस्रव आदि शब्दो मे हुआ है।

१६. तत्त्वार्थाधिगम भाष्य—यह उपर्युक्त तत्त्वार्थसूत्र पर रचा गया भाष्य है, जो स्वोपज्ञ माना जाता है। पर कुछ विद्वान् इसे स्वोपज्ञ न मान कर पीछे की रचना मानते हैं[1]। इसमे मूल सूत्रो की व्याख्या करते हुए यथाप्रसंग अन्य भी कितने ही विषयो का विवेचन किया गया है।

यहाँ प्रथम सूत्र की व्याख्या मे मोक्ष के साधनभूत सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनो मे पूर्व के प्राप्त होने पर उत्तर को भजनीय (वह हो, अथवा न भी हो) तथा उत्तर के प्राप्त होने पर पूर्व की प्राप्ति नियम से बतलाई गई है। परन्तु सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक मे सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान की उत्पत्ति सम काल मे ही निर्दिष्ट की गई है। भाष्य के उक्त कथन का स्पष्टीकरण करते हुए सिद्धसेन गणी ने यह बतलाया है कि देव, नारक और तिर्यंच तथा मनुष्यो मे किन्ही के सम्यग्दर्शन के आविर्भूत हो जाने पर आचारादि अगप्रविष्टका ज्ञान नही होता और न देश या सर्व चारित्र भी होता है, अत ये दोनो सम्यग्दर्शन की प्राप्ति मे भजनीय है। यह सिद्धसेनगणि विरचित टीका के साथ देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से दो भागो म प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है।

भाष्य—अग्निकुमार, अङ्गप्रविष्ट, अङ्गबाह्य, अतिचार, अतिथिसंविभाग, अधिकमास, अधिगम सम्यग्दर्शन, अनर्पित, अनीक, अनून और अनुतानन्द आदि।

सि. वृत्ति—अगुरुलघु नामकर्म, अङ्गप्रविष्ट, अङ्गबाह्य, अतिथिसंविभाग, अधिकमास, अनिश्चितावग्रह, अनीक और अनृतानन्द आदि।

१७. पउमचरिय—इसके रचयिता विमल सूरि हैं। ये नाइलकुलवंश को प्रमुदित करने वाले विजयसूरि के शिष्य और स्वसमय-परसमय के ज्ञाता राहू नामक आचार्य के प्रशिष्य थे[2]। प्रस्तुत राम-

१. देखिये 'श्वे. तत्त्वार्थसूत्र और उसके भाष्य की जाच' शीर्षक लेख—जैन साहित्य और इतिहास पर विशद प्रकाश पृ. १२५ ४८.

२. पउमच. ११८, ११७-१८.

चरित्र के मूल रचयिता वीर जिन हैं। तत्पश्चात् उसका व्याख्यान शिष्यों के लिए ग्राकण्डलभूति (इन्द्र-भूति—गौतम) ने किया। फिर उसी को विमलसूरि ने गाथाओं मे निबद्ध किया। वीर जिनेन्द्र के सिद्धि को प्राप्त करने के पश्चात् दु:षमाकाल के ५३० वर्ष बीतने पर इस चरित्र की विमलसूरि के द्वारा रचना की गई[1]।

भगवान् महावीर से धर्म श्रवण कर राजा श्रेणिक के मन में रामचरित्र के सम्बन्ध मे कुछ प्रश्न उत्पन्न हुए। जैसे—वानरों ने अतिशय बलवान् राक्षसों को कैसे मार डाला? रावण का भाई कुम्भकर्ण छह मास तक सोता था, अनेक वादित्रों के शब्द होने पर कठिनाई से वह जागता था, उठने पर वह हाथी और भैंसा आदि को खा जाता था, ऐसा सुना जाता है; सो वह कैसे सम्भव है? इत्यादि। इनके समाधान के लिए वह गौतम गणधर के पास पहुँचा और उनसे रामचरित्र के कहने की प्रार्थना की। तदनुसार गौतम गणधर ने जिस रामचरित्र को कहा वही परम्परा से प्राप्त प्रस्तुत ग्रन्थ में निबद्ध किया गया है। इसमे ११८ उद्देश हैं। यहाँ रामचरित्र का वर्णन करते हुए प्रसंगानुसार विपुलाचल पर महावीर का धर्मोपदेश, इन्द्रभूति के द्वारा श्रेणिक के प्रति कही गई कुलकरवंश की उत्पत्ति, ऋषभजन्मादि, राक्षस व वानर वंश; इत्यादि अनेक विषयों की चर्चा की गई है। इन वर्णनीय विषयों की सूचना ग्रन्थ के प्रारम्भ मे ग्रन्थकार ने ही कर दी है[2]।

यह जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर के द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—अक्षौहिणी, अधोलोक और आचार्य आदि।

१८. आप्तमीमांसा (देवागम-स्तोत्र)—इसके रचयिता आचार्य समन्तभद्र हैं। समन्तभद्र का समय श्री प. जुगलकिशोर जी मुख्तार द्वारा विक्रम की दूसरी शताब्दी निश्चित किया गया है[3]। आ. समन्तभद्र असाधारण दार्शनिक विद्वान् थे। उन्होने शास्त्रार्थ मे अनेक प्रतिवादियों के मान का मर्दन किया था। उनकी यह दार्शनिक कृति स्तुतिपरक है। इसमें केवल ११४ ही कारिकायें (सूत्ररूप श्लोक) हैं। पर वे इतने गम्भीर अर्थ को लिए हुए हैं कि साधारण विद्वान् की तो बात ही क्या, विशेष विद्वान् भी कभी-कभी उनके अर्थ की गम्भीरता का अनुभव करते हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ १० परिच्छेदों मे विभक्त है। इसमें प्रथमत: सामान्य से सर्वज्ञता को सिद्ध करते हुए वह सर्वज्ञता युक्ति एव शास्त्र से अविरुद्ध भाषण करने वाले भगवान् अरिहंत मे ही सम्भव है, इसे स्पष्ट किया गया है। तत्पश्चात् भावाभावैकान्त मे दोषों को दिखला कर कथंचित् सत् व कथंचित् असत् आदि सप्तभगी को सिद्ध किया गया है। आगे इसी क्रम से अद्वैत और द्वैत, भेद और अभेद, नित्य और अनित्य, कार्य-कारणादि की भिन्नता और अभिन्नता तथा अपेक्षिक और अनापेक्षिक आदि विविध एकान्तवादों को दूषित किया गया है।

इसपर आचार्य अकलकदेव (वि. की ८वीं शती) के द्वारा ८०० श्लोक प्रमाण 'अष्टशती' और आ. विद्यानन्द (वि. की ९वीं शती) के द्वारा ८००० श्लोक प्रमाण 'अष्टसहस्री' नाम की व्याख्या रची गई है। आ. वसुनन्दी द्वारा एक संक्षिप्त वृत्ति भी लिखी गई है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

अष्टशती—अन्यापोह आदि।

अष्टसहस्री—अधिगम आदि।

वसु. वृत्ति—अकिंचित्कर, अकुशल, अनुमेय और अन्तरितार्थ आदि।

१९ युक्त्यनुशासन—यह आचार्य समन्तभद्र विरचित स्तुत्यात्मक एक महत्त्वपूर्ण दार्शनिक

---

१. वही ११८, १०२-४.

२. देखिये उ. १, गा. ३२-८९,

३. देखिए 'समन्तभद्र का समय निर्णय' शीर्षक उनका लेख—जैन साहित्य और इतिहास पर विशद प्रकाश, पृ० ६८९-९७.

ग्रन्थ है। इसमे ६१ पद्यों के द्वारा महावीर जिनेन्द्र की स्तुति की गई है। इसकी सूचना प्रथम पद्य में ही कर दी गई है। देवागम स्तोत्र मे वीर जिनके महत्त्वविषयक ऊहापोह करते हुए अज्ञानादि दोषों और ज्ञानावरणादि कर्मों का सर्वथा अभाव हो जाने के कारण महावीर जिनमें सर्वज्ञता व वीतरागता सिद्ध की जा चुकी है। यही उनकी महानता है। यहाँ चतुर्थ पद्य मे इसी की ओर संकेत करते हुए कहा गया है कि हे वीर जिन, आप चूंकि ज्ञानावरण और दर्शनावरण के नाश से प्रगट हुए निर्मल ज्ञान-दर्शन रूप शुद्धि के साथ अन्तराय के क्षय से उत्पन्न वीर्यविशेष रूप शक्ति की भी चरम सीमा को प्राप्त हो चुके हैं, अतएव आप मोक्षमार्ग के नेता होते हुए महान् (परमात्मा) हैं, यह कहने के लिए हम सर्वथा समर्थ हैं। इस प्रकार से स्तुति करते हुए आगे भेद-अभेद और नित्य-अनित्य आदि एकान्तवादो की समीक्षा-पूर्वक स्याद्वादसम्मत उन भेदाभेद आदि को सुप्रतिष्ठित किया गया है। इसके ऊपर आचार्य विद्यानन्द (विक्रम की ६वी शताब्दी) विरचित टीका है जो ग्रन्थगत गूढ अर्थ के प्रगट करने मे सर्वथा समर्थ है। इस टीका के साथ वह मा. दि. जैन ग्रन्थमाला समिति बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग अनेक व अर्थ (द्रव्य) आदि शब्दो मे हुआ है।

२०. **स्वयम्भूस्तोत्र**—यह कृति भी उक्त आचार्य समन्तभद्र की है। इसमे १४३ पद्यो के द्वारा वृषभादि २४ तीर्थंकरो की पृथक् पृथक् स्तुति की गई है। यह स्तोत्र भी अर्थगम्भीर है। इसे बृहत्-स्वयम्भूस्तोत्र भी कहा जाता है। आचार्य समन्तभद्र जहाँ अपूर्व दार्शनिक थे, वहाँ वे एक महान् कवि भी थे। यह उनकी कृति विविध अलकार युक्त सुन्दर पद्यों से अलंकृत है। अन्तिम महावीरस्तुति के तो सब (८) ही पद्य यमकालकार से सुशोभित हैं। इसके ऊपर आ. प्रभाचन्द्र (वि. की १३वीं शती) विरचित एक संस्कृत टीका भी है जो दोशी सखाराम नेमिचन्द शोलापुर द्वारा प्रकाशित की जा चुकी है। इसका उपयोग अजित और अनेकान्त आदि शब्दो मे हुआ है।

२१. **रत्नकरण्डक**—यह एक श्रावकाचार सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसके रचयिता भी उक्त समन्तभद्राचार्य हैं। ग्रन्थ पाच परिच्छेदो मे विभक्त है। श्लोकसख्या १५० है। प्रथम परिच्छेद मे धर्म के स्वरूप का निर्देश करते हुए सम्यग्दर्शन का महत्त्व प्रगट किया गया है। द्वितीय परिच्छेद मे सम्यग्ज्ञान का, तृतीय परिच्छेद मे पाच अणुव्रतो और तीन गुणव्रतो का, चतुर्थ परिच्छेद मे चार शिक्षाव्रतो का, तथा पाचवें परिच्छेद मे अन्तिम सल्लेखना के साथ ग्यारह प्रतिमाओ का भी निरूपण किया गया है। इसके ऊपर प्रभाचन्द्राचार्य (वि. की १३वी शती) विरचित एक सक्षिप्त सस्कृत टीका भी है। इस टीका के साथ मूल ग्रन्थ मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई द्वारा प्रकाशित हो चुका है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अचौर्याणुव्रत, अणुव्रत, अधर्म, अनर्थदण्डविरति और अपध्यान आदि।

टीका—अतिभारवहन, अतिभारारोपण, अतिलोभ, अतिवाहन और अनगार आदि।

२२. **सर्वार्थसिद्धि**—यह आचार्य पूज्यपाद द्वारा विरचित तत्त्वार्थसूत्र की व्याख्या है। आचार्य पूज्यपाद का दूसरा नाम देवनन्दी भी रहा है। इनका समय विक्रम की छठी शताब्दी है। आचार्य पूज्यपाद सिद्धान्त के मर्मज्ञ थे। उनके द्वारा षट्खण्डागम आदि सिद्धान्त ग्रन्थो का गम्भीर अध्ययन किया गया था। उन्होने तत्त्वार्थसूत्र के 'सत्सख्या-क्षेत्र .' आदि सूत्र (१-८) की जो विस्तृत व्याख्या की है वह षट्खण्डागम के आधार से ही की है। इसमे कितने ही सन्दर्भ उक्त षट्खण्डागम के छायानुवाद के समान हैं। आ. पूज्यपाद ने 'तत्प्रमाणे' (१-१०) और 'अर्थस्य' (१-१७) आदि सूत्रों की व्याख्या दार्शनिक पद्धति से की है। उनका 'जैनेन्द्र व्याकरण' भी प्रसिद्ध है। इस प्रकार आ. पूज्यपाद बहुश्रुत विद्वान् रहे हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ का नवीन संस्करण भारतीय ज्ञानपीठ काशी द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

अकामनिर्जरा, अशरीकृत शब्द, अगारी, अगुरुलघु गुण, अगुरुलघु नामकर्म, अग्निकायिक, अङ्गोपाङ्ग नामकर्म और अचौर्याणुव्रत आदि।

२३. समाधितन्त्र—यह भी उपर्युक्त पूज्यपादाचार्य द्वारा विरचित है। इसमे १०५ श्लोक हैं। ग्रन्थ अध्यात्मप्रधान है। सर्वप्रथम यहाँ क्रम से सिद्धात्मा और सकलात्मा (अरिहत) को नमस्कार करते हुए आगम, युक्ति और स्वानुभव के अनुसार शुद्ध आत्मस्वरूप के कथन की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् आत्मा के बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा इन तीन भेदो का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि बहिरात्मपने को छोड़कर अन्तरात्मारूप उपाय के द्वारा परमात्मावस्था को प्राप्त करना चाहिये। जो भ्रमवश शरीरादि को ही आत्मा समझता है—शरीरादि से भिन्न ज्ञायकस्वभाव आत्मा का अनुभव नही करता है - वह बहिरात्मा (मिथ्यादृष्टि) है। यह जड शरीर को आत्मा समझने के कारण उससे सम्बद्ध अन्य जीवों को पुत्र व स्त्री आदि मानता है। यहाँ तक कि वह जो धन व गृह आदि शरीर से भी भिन्न दिखते हैं उन्हें भी वह अपना मानता है। इस भ्रमबुद्धि के कारण वह पुनः पुनः शरीर को धारण करता हुआ चतुर्गतिस्वरूप ससार मे परिभ्रमण करता रहता है।

जिसने जड़ शरीर से ज्ञाता-दृष्टा आत्मा को पृथक् समझ लिया है—उसे अन्तरात्मा कहा जाता है। इस प्रकार शरीर से भिन्न आत्मा का निश्चय हो जाने के कारण वह स्त्री-पुत्रादि तथा धन-सम्पत्ति आदि चेतन-अचेतन परिग्रह मे मुग्ध नहीं होता। वह इष्ट के वियोग और अनिष्ट के सयोग मे व्याकुल तथा इष्ट के सयोग और अनिष्ट के वियोग मे हर्षित भी नही होता। चारित्रमोह के उदयवश वह इन्द्रिय-विषयो का उपभोग करता हुआ भी उनमे आसक्त नही होता।

हिंसा आदि रूप असदाचरण से पाप और अहिंसादि व्रतो के आचरण से पुण्य होता है। पर पाप जहाँ नरकादि दुर्गति का कारण है वहाँ पुण्य देवादि उत्तम गति का कारण है। इस प्रकार यद्यपि पाप की अपेक्षा पुण्य उत्तम है, फिर भी वह ससारबन्धन का ही कारण है। इसीलिए मुमुक्षु जीव को अव्रतो के समान व्रतो को भी छोड देना चाहिए। कारण कि पाप और पुण्य दोनों के ही विनाश का नाम मोक्ष है। इस कारण यह आवश्यक है कि जो जीव आत्महित का अभिलाषी है उसे अव्रतो को छोड़ कर व्रतो पर निष्ठा रखते हुए उनका परिपालन करना चाहिए। तत्पश्चात् परम पद—वीतराग अवस्था—को पाकर उन व्रतों को भी छोड़ देना चाहिए। यह वस्तुस्थिति है। इसी को पुनः स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि जो अव्रती है—व्रतो से रहित है—वह व्रत को ग्रहण करके व्रती हो जाता है। फिर ज्ञान-भावना मे तत्पर होकर जब उत्कृष्ट आत्मज्ञान से सम्पन्न हो जाता है तब वह स्वय ही परमात्मा हो जाता है। इस प्रकार यहां मुमुक्षु जीवों को परमे राग-द्वेष को छोड़ कर शुद्ध—कर्ममल विमुक्त—आत्मा के स्वरूप मे रत होने की प्रेरणा की गई है।

इस पर आचार्य प्रभाचन्द्र[1] (विक्रम की १३वी शती) द्वारा सक्षिप्त संस्कृत टीका रची गई है। इस टीका के साथ ग्रन्थ वीर सेवा मन्दिर सोसाइटी दिल्ली से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अन्तरात्मा और आत्मभ्रान्ति आदि शब्दों मे हुआ है।

२४. इष्टोपदेश—इसके रचयिता उपर्युक्त आचार्य पूज्यपाद हैं। समाधितन्त्र के समान यह भी उनकी आध्यात्मिक कृति है। इसमे ५१ श्लोक हैं। यहा सर्वप्रथम समस्त कर्मों का अभाव हो जाने पर स्वय निज स्वभाव (स्वरूप) को प्राप्त होने वाले परमात्मा को नमस्कार करते हुए यह कहा गया है कि योग्य उपादान के सम्बन्ध से जिस प्रकार पत्थर सोना हो जाता है इसी प्रकार योग्य द्रव्य-क्षेत्रादि रूप

---

१. आ. प्रभाचन्द्र सोमदेव सूरि और प. आशाधर के मध्यवर्ती हैं। इसका कारण यह है कि उन्होने आत्मानुशासन की टीका मे सोमदेव सूरि विरचित उपासकाध्ययन के अनेक श्लोको को उद्धृत किया है (देखिये आत्मानु. की प्रस्तावना पृ. २५-२६ आदि), तथा पं. आशाधर ने अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (८-६३) मे आदर के साथ उनके नामोल्लेखपूर्वक रत्नकरण्डक की टीकागत वाक्य को उद्धृत किया है।

उत्तम साधनसामग्री के प्राप्त होने पर जीव भी आत्मस्वरूप को प्राप्त कर लेता है। यहां यह आशंका हो सकती थी कि द्रव्यादिरूप सामग्री के प्राप्त होने पर जीव जब स्वयं परमात्मा बन जाता है तब उसके लिये किया जाने वाला व्रताचरण निरर्थक सिद्ध होता है। इस आशंका का समाधान करते हुए ग्रन्थकार स्वयं यह कहते हैं कि अव्रतों से—हिंसादि के परित्याग के बिना—जो नारक पर्याय प्राप्त होती है उसकी अपेक्षा व्रतों से प्राप्त होनेवाली देव पर्याय कहीं उत्तम है। इसके लिए वहां यह उदाहरण दिया गया है कि जो व्यक्ति धूप में स्थित होकर किसी इष्ट जन की प्रतीक्षा कर रहा है उसकी अपेक्षा वह बुद्धिमान् व स्तुत्य माना जाता है जो कि किसी वृक्ष की शीतल छाया में स्थित होकर उस इष्ट बन्धु की प्रतीक्षा कर रहा हो।

यह अभिप्राय केवल पूज्यपादाचार्य का ही नहीं रहा, बल्कि उनके पूर्ववर्ती आध्यात्मिक सन्त आचार्य कुन्दकुन्द का भी वही अभिप्राय रहा है[1]। दर्शनमोह के उदय में जीव का ज्ञान यथार्थ स्वरूप को प्राप्त नहीं होता। जिस प्रकार उन्मादजनक कोदों के उपयोग से अथवा मद्य के पीने से मनुष्य पदार्थों को यथार्थ न जानकर उन्हें अन्यथा जानता है उसी प्रकार मिथ्यात्व के वशीभूत हुआ जीव जो शरीर, स्त्री, पुत्र, मित्र, शत्रु और धन आदि भिन्न स्वभाव वाले हैं उन्हें अपना मानकर उनसे राग-द्वेष किया करता है। पर जिस प्रकार पक्षी विभिन्न दिशाओं से आकर रात में वृक्ष-वृक्ष पर स्थित होते हैं और फिर सबेरा हो जाने पर वे अपने-अपने प्रयोजन के अनुसार विविध दिशाओं को चले जाते है उसी प्रकार ये संसारी प्राणी अपने-अपने कर्म के अनुसार विभिन्न कुटुम्बों में आश्रय लेते हैं और आयु के समाप्त होने पर अन्यान्य अवस्थाओं को प्राप्त होते हैं।

कुछ मनुष्यों का धन के संग्रह में यह अभिप्राय रहता है कि धन का संचय हो जाने पर उससे कल्याणप्रद दानादि सत्कार्यों को करेंगे। पर उनका यह विचार कितना मूर्खतापूर्ण है, इसे उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते हुए यह बतलाया गया है कि उनका वह विचार उस मूर्ख व्यक्ति के समान है जो यह सोचकर कि स्नान कर लूंगा, अपने शरीर को कीचड़ से लिप्त करता है।

इस प्रकार अनेक उदाहरणों द्वारा यहां मुमुक्षु जीवों को आत्म-परका विवेक उत्पन्न कराकर राग-द्वेष को छुड़ाते हुए उन्हें आत्मस्वरूप में स्थित होने का उपदेश किया गया है। अन्त में यह कहा गया है कि जो बुद्धिमान् इस इष्टोपदेश को भलीभांति पढ़कर तदनुसार मानापमान में समताभाव को वृद्धिगत करता है व कदाग्रह को छोड़ देता है वह चाहे जनाकीर्ण कुटुम्बादि में रहे और चाहे वन में भी रहे, वह भव्य अनुपम मुक्ति-लक्ष्मी को प्राप्त कर लेता है। इस पर पं. आशाधर (विक्रम की १३वीं शती) ने ग्रन्थ के रहस्य को स्पष्ट करने वाली टीका लिखी है। इस टीका सहित वह पूर्वोक्त समाधितन्त्र के साथ उक्त संस्था द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—आत्मा आदि।

टीका—अज्ञ आदि।

२५. तिलोयपण्णत्ती (त्रिलोकप्रज्ञप्ति)—इसके रचयिता आचार्य यतिवृषभ हैं। ये विक्रम संवत् के अनुसार सम्भवतः ५३०-६६६ (ई. ४७३-६०९) के मध्य में किसी समय हुए हैं[2]। इसमें ये नौ महाधिकार हैं—सामान्यलोक, नारकलोक, भावनलोक, नरलोक, तिर्यग्लोक व्यन्तरलोक, ज्योतिर्लोक, कल्पवासिलोक और सिद्धलोक। इनमें गाथासंख्या[3] इस प्रकार है—२८३+३६७+२४३+२९६१+३२१+१०३+६१९+७०३+७७=५६७७। मध्य में कुछ गद्यभाग भी है। जैसे—वातवलय क्षेत्रों के

१. वर वय-तवेहिं सग्गो मा दुक्ख होउ णिरइ इयरेहिं।
छायातवट्ठियाण पडिवालताण गुरुभेय।। मोक्षप्राभृत २५.

२. ति प. भा. २, प्रस्तावना पृ. १५.

३. आर्या छन्द के अतिरिक्त कहीं-कहीं कुछ थोड़े से अन्य छन्दों का भी उपयोग हुआ है। जैसे—इन्द्रवज्रा, स्वागता, उपजाति, दोधक, शार्दूलविक्रीडित और वसन्ततिलका आदि।

लाने का विधान (पृ. ४३-५०), उत्कृष्ट संख्यात एवं तीन-तीन प्रकार के असंख्यात व अनन्त की प्ररूपणा (पृ. १७९-१८३), द्वीप-सागरों का बादर क्षेत्रफल आदि (पृ. ५६०-६१०), अवगाहनाविकल्प (पृ. ६१८-६४०) तथा मानुषोत्तर पर्वत के आगे स्थित चन्द्र-सूर्यादि के विन्यास व संख्या आदि की प्ररूपणा (पृ. ७६१-६७)।

उक्त गद्य भाग मे से कुछ भाग षट्खण्डागम की टीका धवला मे जैसा का तैसा उपलब्ध होता है। जैसे—त्रि प्र. पृ. ४३-४६ व धवला पु. ४, पृ. ५१-५५ तथा त्रि. पृ. ७६४ से ७६६ व धवला पु. ४, पृ. १५१-१५५। यहाँ विशेषता यह है कि जैसे धवलाकार के द्वारा यह कहा गया है कि यह तत्प्रायोग्य संख्यात रूपो से अधिक जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद सहित द्वीप-सागरो के रूप मात्र राजु के अर्धच्छेदो के प्रमाण की परीक्षाविधि अन्य आचार्यों के उपदेश की परम्परा का अनुसरण नही करती है, उसकी प्ररूपणा केवल हमने त्रिलोकप्रज्ञप्ति सूत्र के अनुसार ज्योतिषी देवो के भागहार के प्रतिपादक सूत्र का आलम्बन करने वाली युक्ति के बल से प्रकृत गच्छ को सिद्ध करने के लिए की है[1] वैसे ही त्रिलोकप्रज्ञप्ति मे भी यह कहा गया है कि यह तत्प्रायोग्य संख्यात रूपो से अधिक जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद सहित द्वीप-समुद्रो के रूप प्रमाण राजु के अर्धच्छेद प्रमाण की परीक्षा-विधि अन्य आचार्यों के उपदेश की परम्परा का अनुसरण नही करती है। वह केवल त्रिलोकप्रज्ञप्ति सूत्र का अनुसरण करने वाली है, ज्योतिषी देवो के भागहार के प्रतिपादक सूत्र का आलम्बन लेने वाली युक्ति के बल से प्रकृत गच्छ को सिद्ध करने के लिए यह प्ररूपणा कही गई है[2]। विशेष इतना है कि धवला के उक्त सन्दर्भ मे जो 'अम्हेहि (हमने)' पद उपलब्ध होता है वह यहां नही पाया जाता। इसके आगे धवला मे जो 'प्रतिनियतसूत्रावष्टम्भ' आदि लगभग दो पंक्तियाँ हैं वे भी यहाँ नही उपलब्ध होती है। आगे का 'तदो ण एत्थ' इत्यादि सन्दर्भ (३-४ पंक्तियाँ) भी प्राय: दोनो मे समान है।

इस प्रकार त्रिलोकप्रज्ञप्ति के इस गद्यभाग की स्थिति को देखते हुए यह निश्चित प्रतीत होता है कि उक्त गद्यभाग त्रिलोकप्रज्ञप्तिकार के द्वारा नही रचा गया है, पीछे यथाप्रसग वह किसी अन्य के द्वारा इसम जोड़ दिया गया हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ मे तीनो लोक सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण विषयो की प्ररूपणा इस प्रकार की गई है—

१ **सामान्यलोक**—यहाँ प्रथमतः मंगल स्वरूप पच गुरुओ की स्तुतिपूर्वक शास्त्रविषयक मगल, कारण (निमित्त), हेतु, प्रमाण, नाम और कर्ता इन छह का व्याख्यान किया गया है[3] (७-८४)। तत्पश्चात् लोक के प्रसग मे पल्योपम, सागरोपम, सूचि-अगुल, प्रतरागुल, घनागुल, जगश्रेणि, जगप्रतर और लोक इन आठ प्रमाणभेदो का वर्णन किया गया है। अन्त मे लोक के आधारभूत तीन वातवलयों के आकार व मोटाई आदि का प्रमाण दिखलाते हुए इस महाधिकार को समाप्त किया गया है।

२ **नारकलोक**—इस महाधिकार मे १५ अधिकारो के द्वारा क्रम से नारकियो के निवास-क्षेत्र, उनकी संख्या, आयु का प्रमाण, शरीर की ऊंचाई, अवधिज्ञान का प्रमाण, उनमे सम्भव गुणस्थानादि (२० प्ररूपणायें), वहाँ उत्पन्न होने वाले जीवो की सम्भावना, जन्म और मरण का अन्तर, एक समय मे उत्पन्न होने वाले व मरने वाले नारकियों की संख्या, नरको से आगमन (जिन पर्यायों को वे प्राप्त कर सकते हैं), नारक आयु के बन्धयोग्य परिणाम, जन्मभूमियां, नरकों में प्राप्त होने वाला दुःख और सम्यग्दर्शनग्रहण के कारण; इन सब की प्ररूपणा की गई है।

---

१. धवला पु. ४, पृ. १५७ (एसा तप्पाओग्गसंखेज्ज······)।
२. ति. प. २, पृ. ७६६ (एसा तप्पाउग्गसंखेज्जा······)।
३. इस प्रकार की पद्धति प्राचीन आचार्यपरम्परा मे रही है। धवलाकार आचार्य वीरसेन स्वामी ने भी इस पद्धति को अपना कर उक्त मंगलादि छह की धवला के प्रारम्भ मे प्ररूपणा की है। धवला पु. १, पृ. ८-७२.

३. भावनलोक—यहां २४ अधिकारों के द्वारा क्रम से भवनवासी देवों के निवासक्षेत्र, उनके भेद, चिह्न, भवनों की संख्या, इन्द्रों की संख्या व उनके नाम, दक्षिण व उत्तर इन्द्र, उनमें प्रत्येक के भवनों का प्रमाण, अल्पर्द्धिक आदि भवनवासियों के भवनों का विस्तार, भवन, वेदी, कूट, जिनभवन, प्रासाद, इन्द्रविभूति, भवनवासी देवों की संख्या, आयुप्रमाण, शरीर की ऊंचाई, अवधिज्ञान का विषयप्रमाण, गुणस्थान आदि, एक समय में उत्पन्न होने वाले व मरने वालों की संख्या, आगति, भवनवासियों की आयु के बन्धयोग्य परिणाम व सम्यक्त्वग्रहण के कारण; इन सबका वर्णन किया गया है :

४ नरलोक—इस महाधिकार में १६ अधिकारों के द्वारा क्रम से मनुष्यलोक का निर्देश, जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखण्डद्वीप, कालोदसमुद्र, पुष्करार्धद्वीप तथा इन अढाई द्वीपों में स्थित मनुष्यों के भेद, संख्या, अल्पबहुत्व, अनेक भेदयुक्त गुणस्थान आदिकों का संक्रमण, मनुष्यायु के बन्ध के योग्य भाव, योनिप्रमाण, सुख, दुख, सम्यक्त्वग्रहण के कारण और मुक्ति प्राप्त करने वालों का प्रमाण; इन विषयों की चर्चा की गई है।

यह महाधिकार बहुत विस्तृत है। यहां उपर्युक्त १६ अधिकारों में से दूसरे अधिकार में जम्बूद्वीप का वर्णन करते हुए भरतक्षेत्र का वर्णन विस्तार से किया गया है। इसके अन्तर्गत, आर्यखण्ड के वर्णनप्रसंग में परिवर्तमान अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी कालों के भेदभूत सुषमसुषमा, सुषमा, सुषम-दुष्षमा, दुष्षमसुषमा, दुष्षमा और अतिदुष्षमा कालों का वर्णन करते हुए भोगभूमियों की व्यवस्था, शलाकापुरुषों (२४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ६ बलदेव, ६ नारायण, ६ प्रतिनारायण) के नाम व संख्या तथा ११ रुद्रों के भी नामों का उल्लेख किया गया है। तीर्थंकरों का वर्णन करते हुए उनके जन्मस्थान आदि कितने ही ज्ञातव्य विषयों का विवेचन किया गया है[1]। आगे भरतादि चक्रवर्तियों के आयुप्रमाण आदि का निरूपण करते हुए नौ नारदों का भी निर्देश किया गया है। तीर्थंकर आदि कितने भव्य जीव नियमतः मुक्ति को प्राप्त करने वाले हैं, इसकी भी सूचना यहां (४-१४७३) कर दी गई है।

आगे दुष्षमाकाल के प्रसंग में गौतमादि अनुबद्ध केवलियों के धर्मप्रवर्तनकाल, अन्तिम सिद्ध व अन्तिम चारण ऋषि आदि, चतुर्दशपूर्वधरों आदि के अस्तित्व और श्रुततीर्थ के व्युच्छेद आदि की चर्चा की गई है। तत्पश्चात् शक, गुप्त, चतुर्मुख, पालक, विजयवंशज, मुरुण्डवंश, पुष्यमित्र, वसुमित्र-अग्निमित्र, गन्धर्व, नरवाहन, भत्यट्टण (भृत्यान्ध्र), पुनः गुप्त और इन्द्रसुत चतुर्मुख कल्की, इनके राज्यकाल के प्रमाण का निर्देश किया गया है (१५०३-१०)। फिर अतिदुष्षमा काल में होने वाले परिवर्तन का निर्देश करते हुए आगे क्रम से उत्सर्पिणी के छह कालों की प्ररूपणा की गई है।

इस प्रकार भरतक्षेत्र का विस्तार से वर्णन करके तत्पश्चात् हिमवान् पर्वत, हैमवत क्षेत्र, महाहिमवान् पर्वत, हरिवर्ष और निषध पर्वत का वर्णन करते हुए विदेह क्षेत्र व उसके मध्य में स्थित मेरु पर्वत की प्ररूपणा की गई है।

जिस प्रकार जम्बूद्वीप के दक्षिणदिशागत क्षेत्र-पर्वतादिकों का कथन किया गया है इसी प्रकार आगे उसके उत्तर दिशा सम्बन्धी क्षेत्र-पर्वतादिकों का निरूपण किया गया है। तत्पश्चात् लवणसमुद्र और धातकीखण्ड द्वीप आदि का वर्णन करके मनुष्यों में गुणस्थानादि का विवेचन करते हुए इस महाधिकार को समाप्त किया गया है।

५. तिर्यग्लोक—इस महाधिकार में १६ अधिकारों के द्वारा क्रम से स्थावरक्षेत्र, उसके मध्य में तिर्यक्-त्रसक्षेत्र, नामनिर्देशपूर्वक द्वीप-समुद्रों की संख्या व विन्यास, उनका अनेक प्रकार का क्षेत्रफल, तिर्यंचों के भेद, संख्या, आयु, आयु के बन्धयोग्य परिणाम, योनि, सुख-दुख, गुणस्थानादि, सम्यक्त्वग्रहण के कारण, गति-आगति और अल्पबहुत्व; इन वर्णनीय विषयों का विवेचन किया गया है।

१. तीर्थंकरों से सम्बन्धित उन विषयों में से लगभग ५० विषयों की एक तालिका भाग २ के परिशिष्ट ७ में १०१३-२२ पृष्ठों में दे दी गई है।

६. **व्यन्तरलोक**—जिस प्रकार भावनलोक अधिकार में भवनवासी देवों की प्ररूपणा की गई है लगभग उसी प्रकार से कुछ विशेषताओं के साथ यहां व्यन्तर देवों की प्ररूपणा की गई है।

७. **ज्योतिर्लोक**—यहां १७ अधिकारों के द्वारा क्रम से ज्योतिषी देवो के निवासक्षेत्र, भेद, संख्या, विन्यास, परिमाण, चर ज्योतिषी देवों का संचार, अचर ज्योतिषियों का स्वरूप, आयु, आहार, उच्छ्वास, अवधि की शक्ति, एक समय में जन्म व मरण, आयुबन्ध के योग्य परिणाम, सम्यक्त्वग्रहण के कारण और गुणस्थानादि; इन विषयों का वर्णन किया गया है।

८. **सुरलोक (वैमानिक लोक)**—इसमें इक्कीस अधिकारों के द्वारा वैमानिक देवों के निवास-क्षेत्र, विन्यास, भेद, नाम, सीमा, संख्या, इन्द्रविभूति, आयु, जन्म-मरण का अन्तर, आहार, उच्छ्वास, उत्सेध, वैमानिक देवो सम्बन्धी आयुबन्ध के योग्य परिणाम, लौकान्तिक देवो का स्वरूप, गुणस्थानादि का स्वरूप, सम्यक्त्वग्रहण के कारण, आगति, अवधिज्ञान का विषय, देवो की संख्या, शक्ति और योनि इन सबका वर्णन किया गया है।

९. **सिद्धलोक**—इसमे ५ अधिकारों के द्वारा सिद्धों के निवासक्षेत्र, संख्या, अवगाहना, सुख और सिद्धत्व के योग्य भावों का विवेचन किया गया है।

उपर्युक्त विषय-परिचय से यह भलीभांति ज्ञात हो जाता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ मे ज्ञातव्य अनेक महत्त्वपूर्ण विषयो का सुव्यवस्थित और प्रामाणिक विवेचन किया गया है। विषयविवेचन की शैली को देखते हुए ग्रन्थ प्राचीन प्रतीत होता है। ग्रन्थकार के सामने जो इस विषय का पूर्व साहित्य रहा है उसका पूरा उपयोग इसमे किया गया है। यह जहां तहां प्रगट किये गये मतभेदों से सिद्ध है[1]। ग्रन्थकार ने यथाप्रसग म[स]ग्गायणी, मूलाचार, लोकविनिश्चय, लोकविभाग, लोकाय[यि]नी, सग्गायणी, सगाहणी और सगोयणी इतने ग्रन्थो का उल्लेख किया है[2]।

वर्तमान मे जैन संस्कृति सरक्षक संघ सोलापुर से प्रकाशित एक 'लोकविभाग' उपलब्ध है, पर वह प्रस्तुत ग्रन्थ के बहुत बाद की रचना है। उसमे प्रस्तुत ग्रन्थ की बीसों गाथाये ग्रन्थनामोल्लेखपूर्वक यत्र तत्र उद्धृत की गई हैं। इस लोकविभाग के कर्ता सिंहसूरर्षि ने अन्तिम प्रशस्ति मे सर्वनन्दी विरचित एक लोकविभाग की सूचना की है। सम्भव है तिलोयपण्णत्तिकार के सामने यही लोकविभाग रहा हो, अथवा अन्य ही कोई लोकविभाग उनके सामने रहा हो।

यह ग्रन्थ जैन सस्कृति संरक्षक सघ सोलापुर से दो भागों मे प्रकाशित हो चुका है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—अक्षीणमहानस, अक्षीणमहालय, अङ्गनिमित्त, अङ्गुल, अटट, अटटाङ्ग, अणिमा, अद्धापल्य, अधिराज, अनीक, अनुसारी, अन्तरिक्षमहानिमित्त, आकाशगामित्व, आत्माङ्गुल, आभियोग्यभावना, आभ्यन्तरद्रव्यमल, आमर्षौषधिऋद्धि, आवास, आशीविष, उत्कृष्ट परीतानन्त, उत्कृष्टासंख्येयासंख्येय, उत्सर्पिणी, उत्सेधाङ्गुल, उद्धारपल्यकाल, उवसन्नासन्न, ऊर्ध्वलोक और औत्पत्तिकी आदि।

२६. **आचारांग**—प्रस्तुत आचारांगादि श्रुत का परिचय कराने के पूर्व यह बतला देना आवश्यक प्रतीत होता है कि वर्तमान अगसाहित्य के विषय मे दिगम्बर (अचेलक) और श्वेताम्बर (सचेलक) परम्परा में कुछ मतभेद है। यद्यपि दोनों ही परम्परायें यह स्वीकार करती हैं कि अग व अंगबाह्य श्रुत प्रवाहरूप से अनादि-निधन है—प्रत्येक तीर्थंकर के तीर्थ मे उसका मौखिक पठन पाठन चालू रहता है, फिर भी वर्तमान में अन्तिम तीर्थंकर महावीर के निर्वाण के पश्चात् जम्बूस्वामी (अन्तिम केवली) तक उक्त श्रुत का प्रवाह अविच्छिन्न चलता रहा। तत्पश्चात् बारह वर्ष प्रमाण भीषण दुष्काल के समय अपने संयम को स्थिर रखने की इच्छा से कुछ साधु दक्षिण की ओर और कुछ समुद्र के किनारे की ओर चले गये। इस प्रकार पठन-गुणनादि के अभाव में श्रुत सब विनष्ट हो गया। अन्त मे दुष्काल

१. इन मतभेदों की एक तालिका प्रस्तुत ग्रन्थ के परिशिष्ट (भाग २, पृ० ६८७-८८) मे दे दी गई है।
२. इन ग्रन्थों की सूचना भी उक्त परिशिष्ट में पृ० ६६५ पर कर दी गई है।

के समाप्त होने पर जब साधुसंघ एकत्रित हुआ तब एक वाचना वीर निर्वाण से लगभग १६० वर्ष के बाद पाटलिपुत्र में और इसके पश्चात् दूसरी वाचना वीर निर्वाण के लगभग ८४० वर्ष के बाद मथुरा मे स्कन्दिलाचार्य की तत्त्वावधानता में सम्पन्न हुई। ठीक इसी समय एक अन्य वाचना वलभी मे आचार्य नागार्जुन के तत्त्वावधान मे भी सम्पन्न हुई। इन दोनों वाचनाओं में जिस साधु को जितना श्रुत स्मृत रहा उस उसको लेकर उसे पुस्तकारूढ कर लिया गया। पर इन दोनो वाचनाओं मे एकरूपता नहीं रह सकी व पाठभेद दृष्टिगोचर होने लगा[1]।

इसके पश्चात् वीर नि. के ९८० वर्ष के लगभग एक वाचना और भी वलभी मे देवर्द्धि गणी के तत्त्वावधान मे सम्पन्न हुई। इस मे अंग-उपांगादि रूप श्रुत को पृथक्-पृथक् पुस्तको के रूप मे ग्रथित कर लिया गया जो वर्तमान मे उपलब्ध है। इस प्रकार इस अन्तिम वाचना मे जो आचारांगादि का सकलन किया गया है वह गणधर सुधर्मा केवली द्वारा उपदिष्ट उसी रूप मे नही रहा व उत्तरोत्तर उसमे कुछ हीनाधिकता भी हुई है। इस बात मे दोनो ही सम्प्रदाय सहमत हैं। इसी कारण दिगम्बर परम्परा मे उक्त आचारांगादि को प्रामाणिक न मानकर मौलिक रूप से परम्परागत गणधरग्रथित आचारांगादि के आश्रय से षट्खण्डागम व कषायप्राभृत आदि जो आगम ग्रन्थ आरातीय आचार्यों के द्वारा रचे गये उन्ही को आज दिगम्बर परम्परा प्रामाणिक मानती है। परन्तु श्वे. परम्परा देवर्द्धि गणी के द्वारा सकलित जिन आचारांगादि को प्रमाणभूत मानती है उन्ही का परिचय यहां कराया जा रहा है। श्वे. परम्परा मे इन्हें सुधर्मा द्वारा प्ररूपित और जम्बूस्वामी के द्वारा सुना गया श्रुतांग माना जाता है। प्रस्तुत आचारांग बारह अंगो मे प्रथम है[2]।

इसमे मुनि के आचार—विशेषतः काल-विनयादिरूप आठ प्रकार के ज्ञानाचार, निःशंकितादि रूप आठ प्रकार के दर्शनाचार, आठ प्रवचनमातृका (पांच समितियाँ और तीन गुप्तियाँ) रूप आठ प्रकार के चारित्राचार, बारह प्रकार के तप-आचार और वीर्याचार की प्ररूपणा की गई है। इसी से इसकी आचाचार संज्ञा है। आचार, आगाल, आकर, आश्वास, आदर्श, अंग, आचीर्ण, आजाति और आमोक्ष ये समानार्थक शब्द हैं। यह दो श्रुतस्कन्धो मे विभक्त है। उनमे से प्रथम श्रुतस्कन्ध में ये नौ अध्ययन या अधिकार हैं— १ शस्त्रपरिज्ञा, २ लोकविजय, ३ शीतोष्णीय, ४ सम्यक्त्व, ५ लोकसार (चारित्र), ६ धूत, ७ (यह अध्याय व्युच्छिन्न हो गया है), ८ विमोक्ष, ९ उपधानश्रुत। इन नौ अध्ययनस्वरूप इस प्रथम श्रुतस्कन्ध को 'नव ब्रह्मचर्यमय' कहा गया है। इसके आठवें अध्ययन के अन्तर्गत आठवा उद्देशक तथा सम्पूर्ण नौवां अध्ययन पद्यमय है। शेष अध्ययनो मे यत्र क्वचित् ही पद्य उपलब्ध होते है—अधिकांश वे गद्यसूत्रात्मक हैं।

द्वितीय श्रुतस्कन्ध को आचाराग्र कहा जाता है। इसमे ये पाँच चूलिकायें है। उनमे प्रथम चूलिका मे सात अध्ययन है—पिण्डैषणा, शय्यैषणा ईर्या, भाषाजात, वस्त्रैषणा, पात्रैषणा, और अवग्रह। यहाँ भिक्षा की विधि, भोजन की शुद्धि, संस्तर-गमनागमन की विधि, भाषा, पात्र, एव अन्य व्रतादि के विषय मे विचार किया गया है। दूसरी, चूलिका सप्तसप्ततिका मे भी सात अध्ययन है। तीसरी चूलिका का नाम भावना अध्ययन है। विमुक्ति नाम की चौथी चूलिकारूप विमुक्ति अध्ययन मे अनित्यत्व, पर्वत, रूप्य, भुजगत्व और समुद्र ये पांच अधिकार हैं। पांचवी चूलिका निशीथ है जो एक पृथक् ही ग्रन्थ मे निबद्ध है।

उक्त आचारांग प्रथम श्रुतस्कन्ध के ९+द्वि. श्रुतस्कन्ध की प्रथम चूलिका के ७ + द्वितीय चूलिका के ७+तृतीय का +१ और चतुर्थ का १=२५ इस प्रकार पच्चीस अध्ययनस्वरूप है।

१ देखिये नंदीसुत्तचुण्णी गा. ३२, ज्योतिष्करण्डक मलय. टीका २-७१, पृ. ४१ और भि. शा. पु. च. परिशिष्ट पर्व ९, ५५-७६

२. देखिये 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास' भाग १, प्रकरण १, जैन श्रुत पृ. ५-१० तथा द्वितीय प्रकरण 'जैनग्रन्थों का बाह्य परिचय', पृ. ३५ ३६।

आचारांग पर आ. भद्रबाहु द्वितीय (विक्रम की छठी शताब्दी) द्वारा विरचित निर्युक्ति और शीलांकाचार्य (गुप्त संवत्सर ७७२, विक्रम की १०वीं शती) विरचित टीका है[1]। उक्त निर्युक्ति और टीका के साथ वह सिद्धचक्र साहित्य प्रचारक समिति बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—असत्यामृषा भाषा आदि।

टीका—अधःकर्म, अनिसृष्ट, अनुभावबन्ध, असत्यामृषा भाषा, आच्छेद्य, आजीवपिण्ड, आज्ञा, आधाकर्म, आयुकर्म, आहार संज्ञा, आहृतकर्म, उपकरण, उपाध्याय, उपपात और औद्देशिक आदि।

२७. **सूत्रकृतांग**—यह बारह अंगों में दूसरा है और वह दो श्रुतस्कन्धों में विभक्त है। प्रथम श्रुतस्कन्ध में १६ अध्ययन हैं—१ समयाध्ययन, २ वैतालीय अध्ययन, ३ उपसर्गाध्ययन, ४ स्त्रीपरिज्ञा, ५ नरक-विभक्ति, ६ वीरस्तुति, ७ कुशीलपरिभाषा, ८ वीर्याध्ययन, ९ धर्माध्ययन, १० समाधि-अध्ययन, ११ मार्गाध्ययन, १२ समवसरण-अध्ययन, १३ याथातथ्य अध्ययन, १४ ग्रन्थाध्ययन, १५ आदानीय (या आदान) और १६ गाथाध्ययन। इसमें क्रियावादी व नियतिवादी आदि मतान्तरों की समीक्षा करके स्वसमय (स्वमत) को स्थापित किया है।

द्वितीय स्कन्ध में १ पौण्डरीक अध्ययन, २ क्रियास्थान, ३ आहारपरिज्ञा, ४ प्रत्याख्यान क्रिया, ५ आचार श्रुताध्ययन, ६ आर्द्रकीय अध्ययन और ७ नालन्दीय अध्ययन—ये सात अध्ययन हैं। यहाँ जीव व शरीर की एकता, जगत्कर्तृत्व और नियतिवाद आदि का निराकरण करते हुए भिक्षा सम्बन्धी दोषों की प्ररूपणा की गई है। प्रथम श्रुतस्कन्धगत प्रारम्भ के १५ अध्ययन पद्यमय हैं। उनकी पद्यसंख्या इस प्रकार है— ८+७६+८२+५३+५२+२९+३०+२६+३६+२९+३८+२२+२३+२७+२५=५५३. अन्तिम १६वाँ अध्ययन गद्यसूत्रात्मक हैं। उसमें ४ सूत्र हैं। द्वितीय श्रुतस्कन्ध में प्रारम्भ के चार और अन्तिम एक ये पाँच अध्ययन गद्यरूप हैं शेष दो (५-६) पद्यरूप हैं। तीसरे अध्ययन में सूत्र ११ के मध्य में चार गाथायें भी हैं। गद्यसूत्र संख्या सब ८१ और पद्यसंख्या ८८ है। उक्त दोनों श्रुतस्कन्धों पर आ. भद्रबाहु (द्वि.) विरचित निर्युक्ति है, जिसकी संख्या २०५ है। इसके अतिरिक्त शीलांकाचार्य (वि. की १०वीं शती) विरचित टीका भी है। चूर्णि व दीपिका आदि अन्य व्याख्यायें भी उस पर रची गई हैं। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—आदिमोक्ष इत्यादि।

टीका—अक्रियावादी, अदित्साप्रत्याख्यान, अनार्य, आदिमोक्ष, ऋजुसूत्र, एवम्भूतनय और ओज-आहार आदि।

२८. **स्थानांग**—तीसरा अंग स्थानांग है। यह दस स्थानकों या अध्ययनों में विभक्त है। स्थानक-संख्या के अनुसार इसमें उसी संख्या के पदार्थ या क्रिया का विवेचन किया गया है। जैसे प्रथम स्थानक में एक-एक संख्या वाले पदार्थों का विवरण इस प्रकार है—एक आत्मा है, एक दण्ड है, एक क्रिया है, एक लोक है, एक अलोक है, एक धर्म है, एक अधर्म है, एक बन्ध है, एक मोक्ष है, एक पुण्य है, एक पाप है, एक आस्रव है, एक संवर है, एक वेदना है, एक निर्जरा है, इत्यादि (सूत्र २-१६)। इस एकस्थान प्रकरण में ५६ सूत्र हैं।

द्वितीय स्थानक के प्रारम्भ में कहा गया है कि जो लोक में है वह दो पदों के अवतार रूप है—

---

१. टीकाकार ने इस टीका के रचनाकाल की सूचना स्वयं इस प्रकार की है—

द्वासप्तत्यधिके हि शतेषु सप्तसु गतेषु गुप्तानाम्।
संवत्सरेषु मासि च भाद्रपदे शुक्लपंचम्याम्॥
शीलाचार्येण कृता गम्भूतायां स्थितेन टीकैषा।
सम्यगुपयुज्य शोध्य मात्सर्यविनाकृतैरार्यैः (प्र-पृ. २८८)

अपने प्रतिपक्ष से सहित है। इसको स्पष्ट करते हुए आगे यह कहा गया है—जीव व अजीव, त्रस व स्थावर, सयोनिक व अयोनिक, सहायुष व अपायुष इत्यादि (सूत्र ५७)।

इसी द्वितीय स्थानक के सूत्र १०२ मे कहा गया है कि श्रमण भगवान् महावीर ने निर्ग्रन्थों के लिए इन दो मरणों का न कभी वर्णन किया है और न उन्हें प्रशस्त बतलाया है। वे दो मरण ये हैं—वलन्मरण[१] और वशार्तमरण, निदानमरण और तद्भवमरण, गिरिपतन और तरुपतन, जलप्रवेश और ज्वलनप्रवेश तथा विषभक्षण और शस्त्रपाटन। आगे इसी सूत्र मे कहा गया है कि भगवान् महावीर ने इन दो मरणों की सदा अनुमति तो नहीं दी, पर कारणवश उनका निषेध भी नही किया है। वे मरण हैं वेहाणस (वैहायस) और गृध्रपृष्ठ[२]। भगवान् ने इन दो मरणों का निर्ग्रन्थ श्रमणों के लिए वर्णन किया है व अनुज्ञा दी है—पादोपगमन—स्व-परकृत प्रतीकार से रहित—और भक्तप्रत्याख्यान। ये दोनों ही निर्हारिम और अनिर्हारिम के भेद से दो-दो प्रकार के हैं।

विषयविवेचन पद्धति के ज्ञापनार्थ यहां उपर्युक्त कुछ उदाहरण दिए गए हैं। वर्णन का यही क्रम आगे तीन चार आदि दस स्थानक तक समझना चाहिए। प्रस्तुत अग की समस्त सूत्रसंख्या ७८३ है। इसके ऊपर अभयदेव सूरि के द्वारा टीका रची गई है। टीका का रचनाकाल लगभग विक्रम सवत् ११२० है। इस टीका के साथ इसका एक सस्करण, जो हमे प्राप्त है, शेठ माणेकलाल चुन्नीलाल अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित किया गया है। इनका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है:—

मूल—अकर्मभूमि आदि।

टीका—अधर्मद्रव्य, आरम्भकथा, उपपात, ऋजुसूत्र और एवम्भूत नय आदि।

२६. **समवायांग**—बारह अगो मे इसका स्थान चौथा है। यह भी अभयदेव सूरि विरचित वृत्ति से सहित है। इसकी विषयविवेचन पद्धति पूर्वोक्त स्थानांग के ही समान है—जिस प्रकार स्थानाग में क्रम से एक दो आदि संख्या वाले पदार्थों का प्रतिपादन किया गया है उसी प्रकार इस समवायांग मे भी एक दो तीन आदि सख्या वाले पदार्थों का विवेचन किया गया है। विशेष इतना है कि स्थानांग मे एक दो तीन आदि के क्रम से दस सख्या तक के पदार्थों का ही वर्णन किया गया है। इसीलिए उसमे दस स्थानक या प्रकरण हैं। परन्तु समवायाग मे प्रथमत: एक दो आदि क्रमिक सख्या के अनुसार सौ (१००) संख्या तक के पदार्थों का, उसके आगे पांच सौ (५००) तक पचास पचास अधिक (१५०, २००, २५० आदि) संख्या वाले तथा इसके आगे ११०० तक १००-१०० अधिक सख्या वाले पदार्थों का विवरण है। तत्पश्चात् दो हजार, तीन हजार आदि सख्यायुक्त पदार्थों का उल्लेख किया गया है। इस प्रकार यह क्रम सागरोपम कोड़ाकोड़ी तक चलता रहा है।

तत्पश्चात् सूत्र १३६ में गणिपिटक के रूप मे आचारादि बारह अंगों के विषयादि का परिचय कराया गया है। इसके पश्चात् नारकियो आदि के आवास, आयु और शरीरोत्सेध आदि का निरूपण करते हुए कुलकर, तीर्थंकर और उनके पूर्वभव आदि का भी उल्लेख किया गया है। अन्त में नारायण, बलदेव एवं भविष्य में होने वाले तीर्थंकरादि का निर्देश करते हुए ग्रन्थ समाप्त हुआ है। इसमें सब सूत्र १५६ हैं। बीच में कुछ गाथासूत्रों का भी उपयोग हुआ है। उक्त टीका के साथ यह मफतलाल झवेरचन्द अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसकी टीका का उपयोग अकर्मभूमिक, अतिस्निग्धमधुरत्व, अनुन्नादित्व, अधर्मद्रव्य, अपरमर्मवेधित्व, अभिजातत्व, अवधिमरण, असदिग्धत्व और उपनीतरागत्व आदि शब्दों में हुआ है।

३०. **व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवती)**—यह अगों मे पांचवा अग है, जो प्राय: अन्य सब अगों में

१. परीषहादिसे उद्विग्न होकर सयम से च्युत होते हुए जो मरण होता है वह बलन्मरण कहलाता है।

२. वृक्ष की शाखा आदि मे बन्धन (फासी) से ज .आकाश मे मरण होना है उसे वेहाणस मरण कहा जाता है। गिद्धों से पीठ पेट आदि नुचवा कर जो मरण स्वीकार किया जाता है वह गृध्रपृष्ठ मरण कहलाता है।

विशालकाय है। ग्रन्थप्रमाण से यह १५००० श्लोक प्रमाण है। इसमें ४१ शतक और इन शतकों में अवान्तर अधिकार रूप और भी अनेक शतक हैं। यहाँ सर्वप्रथम मंगलरूप में पंचनमस्कारमंत्र—'णमो अरिहंताणं' आदि प्राप्त होता है। तत्पश्चात् ब्राह्मी लिपि को नमस्कार किया गया है। तदनन्तर राजगृह नगर, राजा श्रेणिक और उसकी पत्नी चिल्लना का निर्देश करते हुए भगवान् महावीर और उनके प्रमुख गणधर इन्द्रभूति (गौतम) के गुणों का कीर्तन किया गया है। इसमें नरक, स्वर्ग, इन्द्र, सूर्य, गति-आगति, पृथिवीकायादि, केवली का जानना-देखना, कृतयुग्मादि संख्याविशेष और लेश्या आदि अनेक विषयों का निरूपण प्रश्नोत्तर की पद्धति से किया गया है। प्रमुख प्रश्नकर्ता गौतम गणधर रहे हैं। इनके अतिरिक्त दूसरों के द्वारा भी यथावसर प्रश्न पूछे गए हैं। उनमें पार्श्वापत्य—पार्श्वनाथ परम्परा के शिष्य—भी हैं। उक्त विषयों के सिवाय यहाँ कितने ही राजा, सेठ और श्रावक आदि का भी वर्णन किया गया है। इसके कई संस्करण निकल चुके हैं। इसका उपयोग अङ्गारदोष, अङ्गुल, अबुद्धजागरिका, आलापन-बन्ध, उच्चयबन्ध, उच्छ्लक्ष्णश्लक्ष्णिका और उच्छ्वास नामकर्म आदि शब्दों में हुआ है।

३१. **प्रश्नव्याकरणांग**—इसकी कोई भी प्रति हमें उपलब्ध नहीं हो सकी। समवायांग[1] और नन्दीसूत्र[2] के अनुसार प्रस्तुत अंग मे मंत्रविद्या आदि से सम्बद्ध १०८ प्रश्न १०८ अप्रश्न और १०८ प्रश्नाप्रश्नों का निर्देश किया गया है। इसमे ४५ अध्ययन हैं।

वर्तमान प्रश्नव्याकरण मे यह सब नहीं हैं। श्री पं. बेचरदासजी दोशी का अभिमत है कि वर्तमान प्रश्नव्याकरण किसी गीतार्थ पुरुष के द्वारा रचा गया है[3]।

इसमें हिंसादिरूप पांच आस्रवो और अहिंसादिरूप पाँच संवरों का विस्तार से कथन किया गया हैं। इसकी टीका का उपयोग आरम्भ और आरम्भ-समारम्भ आदि शब्दों में हुआ है।

३२. **विपाकसूत्रांग**—यह ग्यारहवां अंग है, जो दुःखविपाक और सुखविपाक इन दो श्रुत-स्कन्धों मे विभक्त है। दुखविपाक मे ये दस अध्ययन हैं—१ मृगापुत्र, २ कामध्वजा-उज्झितक, ३ अभग्न-सेन, ४ शकट, ५ बृहस्पतिदत्त, ६ नन्दिमित्र, ७ उम्बरदत्त, ८ शौर्यदत्त, ९ देवदत्त और १० अजू। इसी प्रकार दूसरे श्रुतस्कन्ध में भी दस ही अध्ययन हैं—१ सुबाहुकुमार, २ भद्रनन्दीकुमार, ३ सुजातकुमार, ४ सुवासवकुमार, ५ जिनदास, ६ धनपति युवराजपुत्र, ७ महाबलकुमार, ८ भद्रनन्दीकुमार, ९ महाचन्द्र कुमार और १० वरदत्तकुमार। ये २० कथायें यहाँ दी गई हैं। इनमे प्रारम्भ के १० पात्र दुःख के परिणाम के भोक्ता तथा अन्तिम १० पात्र सुख के परिणाम के भोक्ता हुए हैं। अभयदेव सूरि (विक्रम की १२वीं शती) विरचित टीकायुक्त जो संस्करण इसका हमारे पास है वह गुजरात ग्रन्थरत्न कार्यालय अहमदाबाद से प्रकाशित है। इसकी टीका का उपयोग उपप्रदान व कनकूर आदि शब्दों मे हुआ है।

३३. **औपपातिक सूत्र**—यह १२ उपागों मे प्रथम उपाग माना जाता है। इसके ऊपर अभय-देव सूरि विरचित विवरण है। इसके प्रारम्भ मे उन्होंने उपपात का अर्थ देव-नारकजन्म व सिद्धिगमन करते हुए उसके आश्रय से औपपातिक अध्ययन बतलाया है। साथ ही उन्होने यह भी निर्देश किया है कि आचाराग के प्रथम अध्ययन शस्त्रपरिज्ञा के अन्तर्गत प्रथम उद्देशक मे जो 'एवमेगेसिं' आदि प्रथम सूत्र है उसमें आत्मा को औपपातिकत्व निर्दिष्ट किया गया है। उसका चूंकि इसमे विस्तार है, अतः इसे आचारांग का उपांग समझना चाहिए।

इसमे चम्पा नगरी, पूर्णभद्र चैत्य, वनखण्ड, अशोक वृक्ष और पृथिवीकायिक का उल्लेख करते हुए वहाँ (चम्पानगरी मे) कूणिक राजा का निवास बतलाया है और उसका एवं धारिणी रानी का वर्णन किया गया है। यह कूणिक भभसार (बिम्बसार) का पुत्र था। आगे महावीर भगवान् का गुणानुवाद करते हुए उक्त पूर्णभद्र चैत्यगृह मे उनके आगमन का निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् अनगार व बाह्य एवं अभ्यन्तर तप आदि अनेक प्रासंगिक विषयों की चर्चा की गई है। भगवान् महावीर के आने का समाचार

---

१. समवायांग सूत्र १४५, पृ० ११४.   २. नंदीसुत्त ९४, पृ. ६९.

३. देखिये जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भा. १, पृ. २४८.

ज्ञात कर रानियों के साथ राजा कूणिक ने जाकर यथाविधि उनकी वन्दना आदि की और तत्पश्चात् धर्मश्रवण किया। इस धर्मदेशना में भगवान् महावीर के द्वारा लोक-अलोक, जीव-अजीव, बन्ध-मोक्ष, पुण्य-पाप, आस्रव-संवर, वेदना-निर्जरा, अरिहंत, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, नरक, नारक, तिर्यंच, तिर्यंचनी, माता-पिता एवं ऋषि आदि कितने ही विषयों के अस्तित्व का निरूपण किया गया था। यह धर्मदेशना आर्य-अनार्यों की अपनी-अपनी भाषा में परिणत होने वाली अर्धमागधी भाषा में की गई थी। यह क्रम ३७वें सूत्र तक चलता रहा है।

तत्पश्चात् श्रद्धालु गौतम को कुछ विषयों में सन्देह उत्पन्न हुए। तब उन्होंने वीर प्रभु से कर्मों के आस्रव व बन्धादि से सम्बन्धित कुछ प्रश्न किए, जिनका भगवान् ने समाधान किया। इसी प्रसंग में विविध प्रकार के जीव किस प्रकार से मरकर कहाँ उत्पन्न होते हैं, इत्यादि का विस्तार से विवेचन किया गया है। इसमें ४३ सूत्र हैं व अन्त में सिद्धों के प्रकरण से सम्बन्धित २२ गाथायें हैं। ग्रन्थप्रमाण १६०० है।

उक्त अभयदेव सूरि विरचित वृत्ति के साथ यह आगमोदय समिति द्वारा निर्णयसागर मुद्रणालय बम्बई से प्रकाशित कराया गया है। इसकी टीका उपयोग अर्हन् और आमरणान्त दोष आदि शब्दों में किया गया है।

१४. राजप्रश्नीय—यह बारह उपांगों में दूसरा है। इस पर आचार्य मलयगिरि (विक्रम की १२-१३वीं शताब्दी) विरचित टीका है। सुप्रसिद्ध टीकाकार आचार्य मलयगिरि आ. हेमचन्द्र के समकालीन रहे हैं[1]। उनके द्वारा राजप्रश्नीय, प्रज्ञापना, जीवाजीवाभिगम और आवश्यकसूत्र आदि अनेक आगम ग्रन्थों पर जो टीकायें रची गई हैं वे अतिशय महत्त्वपूर्ण हैं। ये टीकायें ग्रन्थ के रहस्य को भली-भांति स्पष्ट करने वाली हैं। कहा जाता है कि आ. मलयगिरि को उनकी इच्छानुसार विमलेश्वर देव से इस प्रकार की उत्तम टीकाओं के लिखने का वर प्राप्त हुआ था।

प्रस्तुत टीका के प्रारम्भ में ग्रन्थ के नाम आदि के विषय में स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि प्रदेशी नामक राजा ने केशिकुमार श्रमण—भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य—से जीवविषयक जिन प्रश्नों को किया था और केशिकुमार श्रमण ने उनका जो समाधान किया था, उससे समाहितचित्त होकर वह बोधि को प्राप्त हुआ। पश्चात् वह शुभ परिणामों के साथ मर कर सौधर्म स्वर्ग में विमान का अधिपति हुआ। वहाँ वह अवधिज्ञान के बल से भगवान् वर्धमान स्वामी को देखकर भक्ति से नम्र होता हुआ उनके समीप आया। उसने वहाँ बत्तीस प्रकार का अभिनय किया। नृत्य के पश्चात् आयु के समाप्त होने पर वहाँ से च्युत होकर वह मुक्ति को प्राप्त करेगा। यह सब चर्चा प्रस्तुत उपांग में है। इस सबका मूल कारण चूंकि प्रदेशी राजा के उक्त प्रश्न रहे हैं, अतएव इसका नाम 'राजप्रश्नीय' प्रसिद्ध हुआ है।

इसमें सब सूत्र ४५ हैं। जिस प्रकार औपपातिक सूत्र में क्रम से चम्पा नगरी आदि का वर्णन किया गया है उसी क्रम से यहाँ प्रारम्भ में आमलकल्पा नगरी आदि का वर्णन किया गया है[2]। चम्पा नगरी का राजा जहाँ कूणिक था वहाँ इस नगरी का राजा सेय (श्वेत) नाम का था। कूणिक की रानी का नाम जैसे धारिणी था, इस राजा की रानी का नाम भी धारिणी था। उक्त क्रम से वर्णन करते हुए आगे पूर्वनिर्दिष्ट सौधर्म कल्पवासी सूर्याभ देव की विभूति—विशेषत. विमान-रचना—का वर्णन किया गया है। आगे यथावसर ३२ प्रकार की नाट्यविधि का उल्लेख किया गया है (सू. २४, पृ. १११-१३)। यह वर्णन २५वें सूत्र में समाप्त हुआ है। तत्पश्चात् सूर्याभ देव के पूर्वभव

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भाग ३, पृ. ४१५-१६.

२. आ. मलयगिरि ने टीका में इसकी सूचना भी इस प्रकार की है—'जाव समोसरण समत्तं' इति यावच्छन्दकरणात् राजवर्णको देवीवर्णकः समवसरणं चौपपातिकानुसारेण तावद् वक्तव्य यावत् समवसरण समाप्तम्। सू. ४, पृ. २०. अशोक पादप और शिलापट्ट के वर्णन की सूचना ग्रन्थकार के द्वारा स्वयं इस प्रकार की गई है — असोयवरपायवपुढविसिलावट्टयवत्तव्वया ओववाइयगमेण नेया। सूत्र ३, पृ. ७.

—राजा प्रदेशी—का वर्णन करते हुए जीव व शरीर को एक मानने वाले राजा के पूर्वोक्त प्रश्नों और उनके समाधान आदि को प्रगट किया गया है। प्रश्न करते हुए गौतम गणधर के वर्णन प्रसंग में आ. मलयगिरि ने पाठान्तर की सूचना भी की है। यथा—पुस्तकान्तरे त्विद वाचनान्तरं दृश्यते—तेण कालेणं तेण समएण………" सू. २६, पृ. ११८. इसका एक संस्करण, जो हमारे पास है, खडयाता (Khadayata) बुकडिपो अहमदाबाद से प्रकाशित हुआ है। इसकी टीका का उपयोग अतिस्निग्धमधुरत्व, अनूनातिरिक्त अपरमर्मवेधित्व, अभिजातत्व, असंदिग्धत्व और उपनीतरागत्व आदि शब्दों में हुआ है।

३५. **जीवाजीवाभिगम**—यह तीसरा उपांग है। इसके ऊपर भी आ. मलयगिरि विरचित विस्तृत टीका है। टीकाकार ने प्रस्तुत उपांग का सम्बन्ध तीसरे स्थानांग से बतलाया है। इसमें नौ प्रतिपत्ति या प्रकरण हैं। सूत्रसंख्या २७२ है। मूल ग्रन्थ का प्रमाण ४७५० और टीका का प्रमाण १४००० है। जैसा कि ग्रन्थ के नाम से प्रकट है, इसमें गौतम गणधर के प्रश्न और भगवान् महावीर के उत्तररूप में जीव व अजीव के भेद-प्रभेदों की विस्तार से चर्चा की गई है। साथ ही यथाप्रसंग अन्य भी अनेक विषय उसमें समाविष्ट हैं। जैसे—रत्न-शर्कराप्रभादि पृथिवियां, द्वीप-समुद्र, विजयद्वार, रत्नभेद, शस्त्रभेद, धातुभेद, मद्यभेद, पात्रभेद एवं आभूषणभेद आदि। उक्त ९ प्रतिपत्तियों में तीसरी प्रतिपत्ति अत्यधिक विस्तृत है (सूत्र ६५-२२३, पृ. ८८-४०७)। विवक्षित प्रतिपत्ति के आद्य सूत्र में जितने जीवभेदों का निर्देश किया गया है तदनुसार प्रतिपत्ति की संज्ञा की गई प्रतीत होती है। जैसे त्रिविधा नाम की द्वितीय पतिपत्ति में जीव के स्त्री, पुरुष और नपुंसक इन तीन प्रकारों की प्ररूपणा की गई है। चतुर्विधा नाम की तृतीय प्रतिपत्ति में जीव के नारक, तिर्यंच, मनुष्य और देव इन चार भेदों की, पंचविधा नाम की चतुर्थ प्रतिपत्ति में जीव के एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रिय आदि पांच भेदों की; इस क्रम से अन्तिम दशविधा नाम की नौवीं प्रतिपत्ति में जीव के इन दस प्रकारों की प्ररूपणा की गई है—प्रथम-समय-एकेन्द्रिय, अप्रथम-समय-एकेन्द्रिय, प्रथम-समय-द्वीन्द्रिय, अप्रथम-समय द्वीन्द्रिय आदि।

इसका एक संस्करण मलयगिरि विरचित वृत्ति के साथ सेठ देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसकी टीका का उपयोग अग्निकुमार, अद्धासमय, अधर्मद्रव्य, अनाहारक, उच्छ्वास और उच्छ्वासपर्याप्ति आदि शब्दों में हुआ है।

३६ **प्रज्ञापनासूत्र**—यह श्यामार्य वाचक विरचित चौथा उपांग है। श्यामार्य का अस्तित्व महावीर निर्वाण के ३७६ वर्ष पश्चात् बतलाया जाता है[1]। इसके ऊपर भी पूर्वोक्त आ. मलयगिरि के द्वारा टीका रची गई है। यहाँ मंगल के पश्चात् "वायगवरवंसाओ" आदि दो गाथायें प्राप्त होती हैं। उनकी व्याख्या करते हुए मलयगिरि ने उन्हें अन्यकर्तृक बतलाया है[2]। इन गाथाओं में श्रुत-सागर से चुनकर उत्तम श्रुत-रत्न के प्रदाता आर्य श्याम को नमस्कार करते हुए उन्हें वाचक वंश में तेईसवें निर्दिष्ट किया गया है[3]। साथ ही 'पूर्वश्रुतसमृद्धबुद्धि' इस विशेषण द्वारा उनके महत्त्व को प्रगट किया गया है। मलयगिरि ने प्रस्तुत ग्रन्थ को चौथे समवायाग में प्ररूपित विषय का प्रतिपादक होने से उसका उपांग सूचित किया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में निम्न ३६ पद हैं, जिनकी वहाँ क्रम से प्रश्नोत्तर के रूप में प्ररूपणा की गई है—१ प्रज्ञापना, २ स्थान, ३ बहुवक्तव्य, ४ स्थिति, ५ विशेष, ६ व्युत्क्रान्ति, ७ उच्छ्वास, ८ संज्ञा, ९ योनि, १० चरम, ११ भाषा, १२ शरीर, १३ परिणाम, १४ कषाय, १५ इन्द्रिय, १६ प्रयोग, १७ लेश्या, १८ कायस्थिति, १९ सम्यक्त्व, २० अन्तक्रिया, २१ अवगाहनासंस्थान, २२ क्रिया, २३ कर्म, २४ कर्म-

---

१. 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास' भाग २, पृ. ८३.

२. येनेयं सत्त्वानुग्रहाय श्रुत-सागरादुद्धृता असावप्यासन्नतरोपकारित्वादस्मद्विधानां नमस्कारार्हं इति तन्नमस्कारविषयमिदमपान्तराल एवान्यकर्तृकं गाथाद्वयम्। पृ. ५।१

३. नन्दीसूत्र में निर्दिष्ट स्थविरावली (२२-४२) में श्यामार्य का उल्लेख गा. २५ में उपलब्ध होता है।

बन्धक, २५ कर्मवेदक, २६ वेदबन्धक, २७ वेदवेदक २८ आहार, २९ उपयोग, ३० स्पर्शनता, ३१ संज्ञी, ३२ संयम, ३३ अवधि, ३४ प्रविचारणा, ३५ वेदना और ३६ समुद्घात। इसमें समस्त सूत्रों की संख्या ३४९ है। बीच में कहीं-कहीं कुछ गाथा सूत्र भी उपलब्ध होते हैं। मूल ग्रन्थ का प्रमाण ७७८७ है। टीका के अन्त में आ. मलयगिरि ने अपना यह अभिप्राय व्यक्त किया है कि टीकाकार वे हरिभद्र सूरि जयवन्त रहें, जिन्होंने इस ग्रन्थ के विषम पदों के भाव को स्पष्ट किया है तथा जिनके वचन के प्रभाव से मैंने लेशरूप में इस विवृति को रचा है। यह मलयगिरि विरचित उस टीका के साथ आगमोदय समिति मेहसाना से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अणुतटिकाभेद और अपरीतसंसार आदि।

टीका—अद्धाद्धामिश्रिता, अनन्तानुबन्धी, अनादेयनाम, अनानुगामिक अवधि और आवर्जित-करण आदि।

३७. सूर्यप्रज्ञप्ति—यह ग्रन्थ हमें उपलब्ध नहीं हो सका। इसका कुछ परिचय यहां 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास (भा० २, पृ० १०५)' के अनुसार दिया जा रहा है। यह पांचवां उपांग है। इसके ऊपर भी आ. मलयगिरि की टीका है। इसमें २० प्राभृत और १०८ सूत्र हैं, जिनके आश्रय से सूर्य, चन्द्र एवं नक्षत्रों आदि का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अभिवर्द्धित संवत्सर आदि।

टीका—अनगार, अभिवर्द्धित संवत्सर और आदित्य आदि।

३८. जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति—यह छठा उपांग है। इसके ऊपर शान्तिचन्द्र वाचकेन्द्र (विक्रम की १६-१७वीं शती) विरचित प्रमेयरत्नमञ्जूषा नाम की एक टीका है। टीकाकार ने १२ अंगों के साथ १२ उपांगों का सम्बन्ध जोड़ते हुए प्रस्तुत छठे उपांग का सम्बन्ध ज्ञाताधर्मकथांग से बतलाया है (पृ. १-२)। मंगलाचरण के बाद तीसरे श्लोक में उन्होंने इसके ऊपर आचार्य मलयगिरि द्वारा रची गई टीका की सूचना करते हुए उसे संशय-ताप का नाशक कहा है। आगे चलकर उन्होंने सभी अंगों और उपांगों के टीका-कारों का नामोल्लेख करते हुए यह कहा है कि प्रस्तुत उपांग की वृत्ति श्री मलयगिरि के द्वारा की जाने पर भी वह इस समय कालदोष से व्यवच्छिन्न हो गई है[1]। इसी प्रकरण में उन्होंने यह भी निर्देश किया है कि वीरनिर्वाण के पश्चात् एक हजार (१०००) वर्ष में दृष्टिवाद व्यवच्छिन्न हो गया, इस कारण उसके विवरण का प्रयोजन नहीं रहा।

प्रस्तुत ग्रन्थ में ७ वक्षस्कार (अधिकार) हैं। प्रत्येक वक्षस्कार की अन्तिम पुष्पिका में टीकाकार ने अपने को अकबर के शासनकाल में उसे धर्मोपदेश से विस्मित करने वाले श्रीमत्तपागच्छाधिराज श्री हीरविजयसूरीश्वर के पाद-पद्मों की उपासना में प्रवण महोपाध्याय श्री सकलचन्द्र गणी का शिष्य उपाध्याय श्री शान्तिचन्द्र गणी बतलाया है।

इसमें जम्बूद्वीपगत भरतादि सात क्षेत्र, कुलाचल, सुदर्शनमेरु, जम्बूद्वीप की जगती, विजयद्वार, सुख्यामान, सुषमसुषमादिकाल, दुःषमसुषम काल में होने वाले तीर्थंकर व चक्रवर्ती आदि, चक्रवर्ती के दिग्विजय और सूर्यचन्द्रादि ज्योतिषियों की प्ररूपणा की गई है। समस्त सूत्रसंख्या १७८ और मूलग्रन्थ का प्रमाण ४१४६ अन्त में ५१ श्लोकों द्वारा टीकाकार ने अपनी प्रशस्ति दी है। इसका उपयोग टीका के आश्रय से अनगार, अनुगम और अनुयोग आदि शब्दों में किया गया है।

३९. उत्तराध्ययन सूत्र—यह मूल सूत्रों में प्रथम माना जाता है। इसका रचनाकाल महावीर निर्वाण से लेकर लगभग १००० वर्षों में माना जाता है। कारण इसका यह है कि छत्तीस अध्ययनस्वरूप यह एक संकलन ग्रन्थ है, जिसका रचयिता कोई एक नहीं है—महावीर निर्वाण से लेकर उक्त हजार वर्षों के भीतर विभिन्न स्थविरों के द्वारा इसके विभिन्न अध्ययनों का संकलन किया गया प्रतीत होता है[2]।

---

१. तत्र प्रस्तुतोपाङ्गस्य वृत्तिः श्रीमलयगिरिकृतापि संप्रति कालदोषेण व्यवच्छिन्ना। पृ. २।१.

२. 'उत्तराध्ययन-सूत्र : एक परिशीलन' पृ. २६-३७.

उत्तराध्ययन में 'उत्तर' शब्द के अर्थ निर्युक्तिकार ने नाम-स्थापना आदि के भेद से अनेक प्रकार बतलाये हैं। उनमें यहां क्रमोत्तर की विवक्षा की गई है, जिसका अभिप्राय यह है कि ये अध्ययन चूंकि आचारांग के उत्तर (आगे) पढ़े गये हैं, अतएव इन्हें उत्तर-अध्ययन जानना चाहिए[1]। वृत्तिकार शान्त्याचार्य ने यहां कुछ विशेषता प्रगट करते हुए यह निर्देश किया है कि यह उत्तर का क्रम शय्यम्भव—दशवैकालिक के कर्ता—तक ही समझना चाहिये। इसके पश्चात् वे—उक्त अध्ययनों में से कुछ—दशवैकालिक के बाद पढ़े जाते हैं[2]। आगे चलकर निर्युक्तिकार ने उक्त अध्ययनों को अंगप्रभव—दृष्टिवाद अंग से उत्पन्न (जैसे द्वितीय परीषहाध्ययन), जिनभाषित—महावीर प्रणीत (जैसे द्रुमपुष्पिका नाम का दसवां अध्ययन), प्रत्येकबुद्धों—कपिलादिकों—से उत्पन्न (जैसे कापिलीय नाम का आठवां अध्ययन), तथा संवाद से—केशिकुमार और गौतम गणधर के प्रश्नोत्तर से—उत्पन्न (जैसे केशि-गौतमीय नाम का तेईसवां अध्ययन) बतलाया है[3]।

इसमें मुनि के आचार का विवेचन किया गया है। साथ ही अनेक उदाहरणों द्वारा उपदेशात्मक पद्धति से वस्तुस्वरूप का भी परिज्ञान कराया गया है। इसमें ये छत्तीस अध्ययन हैं—१ विनयाध्ययन, २ परीषहाध्ययन, ३ चतुरङ्गीय, ४ असंस्कृत, ५ अकाममरणीय, ६ क्षुल्लकनिर्ग्रन्थीय, ७ औरभ्रीय, ८ कापिलीय, ९ नमिप्रव्रज्या, १० द्रुमपत्रक, ११ बहुश्रुतपूजा, १२ हरिकेशीय, १३ चित्रसम्भूतीय, १४ इषुकारीय, १५ सभिक्षु, १६ ब्रह्मचर्यसमाधि, १७ पापश्रमणीय, १८ संयतीय (संजय), १९ मृगापुत्रीय, २० महानिर्ग्रन्थीय, २१ समुद्रपालीय, २२ रथनेमीय, २३ केशि-गौतमीय, २४ प्रवचनमातृ, २५ यज्ञीय, २६ सामाचारी, २७ खलुङ्कीय, २८ मोक्षमार्गीय, २९ सम्यक्त्वपराक्रम, ३० तपोमार्गगति, ३१ चरणविधि, ३२ प्रमाद, ३३ कर्मप्रकृति, ३४ लेश्या, ३५ अनगारमार्गगति और ३६ जीवाजीवविभक्ति। इसके ऊपर बृहद्गच्छीय नेमिचन्द्राचार्य (वि. सं. ११२९) विरचित सुखबोधा नाम की टीका है। इस टीका के साथ वह पुष्पचन्द्र क्षेमचन्द्र वलाद (अहमदाबाद) के द्वारा प्रकाशित कराया गया है। इसके अतिरिक्त आचार्य भद्रबाहु द्वितीय (वि. की छठी श.) विरचित निर्युक्ति तथा वादिवेताल शान्तिसूरि (वि. की ११वीं शती—मृत्यु स. १०९६) विरचित शिष्यहिता नाम की टीका सहित प्रथम चार अध्ययन रूप एक सस्करण सेठ देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसकी जिनदास गणिमहत्तर (विक्रम की ७वीं शताब्दी) विरचित चूर्णि श्री ऋषभदेव केशरीमल जी श्वेताम्बर संस्था रतलाम से प्रकाशित हुई है। इसका उपयोग निम्न शब्दों में हुआ है—

मूल—अचेलपरीषहजय, अधर्मद्रव्य, अनास्रव, अनुभाव, आक्रोशपरीषहजय, आज्ञारुचि और उपदेशरुचि आदि।

नि.—अचित्तद्रव्योपक्रम, अनभिप्रेत, अनादिकरण, अनुलोम, आत्मसंयोग और आशंसा आदि।

चू.—अनुगम, अनुभाव, अवधिमरण और आत्यन्तिकमरण आदि।

टी.—अनादिकरण, आक्रोशपरीषहजय और आगमद्रव्योत्तर आदि।

४०. **आवश्यकसूत्र**—इसमें प्रतिदिन नियम से की जानेवाली दैनिक क्रियाओं का निरूपण किया गया है। ऐसी क्रियाएं छह हैं—सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग और प्रत्याख्यान। इनका प्ररूपक होने से वह इन्हीं नामों वाले छह अध्ययनों में विभक्त है।

इस पर आचार्य भद्रबाहु द्वितीय (विक्रम की छठी शताब्दी) द्वारा विरचित निर्युक्ति, आचार्य जिनभद्र गणी (विक्रम की ७वीं शताब्दी) द्वारा विरचित भाष्य, तथा एक टीका हरिभद्र सूरि (वि. की ८वीं शताब्दी) द्वारा विरचित और दूसरी आचार्य मलयगिरि (विक्रम की १२-१३वीं शताब्दी) द्वारा

---

१. कमउत्तरेण पगयं आयारस्सेव उवरिमाइ तु। तम्हा उ उत्तरा खलु अज्झयणा हुति णायव्वा॥ उत्तरा. नि. ३.

२. विशेषस्त्वयम्। यथा—शय्यम्भवं यावदेष क्रमः, तदाऽऽरतस्तु दशवैकालिकोत्तरकालं पठ्यन्ते इति। पृ. ५.   ३. उत्तरा. नि. ४.

विरचित ये दो टीकायें भी हैं। इनके अतिरिक्त हरिभद्र सूरि विरचित टीका पर मलधारगच्छीय आ. हेमचन्द्र (विक्रम की १२ वी श.) विरचित एक टिप्पण भी है। जिस भाष्य का ऊपर उल्लेख किया गया है वह संक्षिप्त है, उसकी सब गाथायें विशेषावश्यक भाष्य मे सम्मिलित हैं। निर्युक्तियों की गाथा संख्या १४१७ (प्रतिक्रमणान्त) और भाष्यगाथासंख्या २२७ है। उक्त आवश्यकसूत्र निर्युक्ति और हरिभद्र विरचित वृत्ति के साथ प्रथम सामायिक अध्ययन तक पूर्व भाग के रूप मे तथा २ से ४ अध्ययन तक दूसरे भाग के रूप मे आगमोदय समिति बम्बई द्वारा प्रकाशित हुआ है। वही निर्युक्ति और मलयगिरि विरचित टीका के साथ नि. गा. ५४२ तक पूर्व भाग के रूप मे तथा नि. गा. ५४३ से ८२६ तक द्वि. भाग के रूप मे आगमोदय समिति बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। नि. गा. ८३०-१०६६ तक तृतीय भाग के रूप मे देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड सूरत द्वारा प्रकाशित किया गया है। इन तीन भागों मे सामायिक और चतुर्विंशतिस्तव ये दो ही अध्ययन आ सके हैं। आगे के भाग हमें उपलब्ध नही हो सके। म. ग. हेमचन्द्र विरचित टिप्पणक सेठ देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग निम्न शब्दो मे हुआ है—

मूल—अङ्गारकर्म आदि।

नि.—अनुयोग, अनुसन्धना, अर्थसिद्ध आगमसिद्ध, आप्रच्छना और आवश्यकनिर्युक्ति आदि।

भा.—उत्तरप्रयोगकरण आदि।

चूर्णि—अक्षीणमहानसिक और अनुमान आदि।

ह. वृत्ति—अङ्गारकर्म, अनुमान, अनुयोग, अपददोष, अपरिगृहीतागमन और अप्रत्याख्यान-क्रोध आदि।

म. वृत्ति—अक्षीणमहानस और इत्वरपरिहारविशुद्धिक आदि।

हे. टिप्पण—अद्योलोक आदि।

४१. दशवैकालिक—इसके रचयिता आचार्य शय्यम्भव हैं। इसके ऊपर आचार्य भद्रबाहु द्वितीय विरचित निर्युक्ति और आचार्य हरिभद्र विरचित टीका है। कालविषयक निक्षेप के प्रसंग मे निर्युक्तिकार के द्वारा कहा गया है कि सामायिक (आवश्यकसूत्र का प्रथम अध्ययन) के अनुक्रम मे वर्णन के लिए चूंकि यह विगत पौरुषी मे शय्यम्भव के द्वारा रचा गया है—पूर्वगत से उद्धृत किया गया है, अतएव इसे दशकालिक कहा जाता है[1]। आगे उपर्युक्त शय्यम्भव की वन्दना करते हुए यह निर्देश किया गया है कि मैं (निर्युक्तिकार) मनक नामक पुत्र के जनक उन शय्यम्भव गणधर—ज्ञान-दर्शनादिरूप धर्म-गण के धारक—की वन्दना करता हूँ जिन्होने जिनप्रतिमा के दर्शन से प्रतिबोध को प्राप्त होकर दशकालिक का उद्धार किया है[2]। इसके टीकाकार हरिभद्र सूरि ने इस सम्बन्ध मे निम्न कथानक प्रस्तुत किया है—

अन्तिम तीर्थंकर श्री वर्धमान स्वामी के शिष्य गणधर सुधर्म उनके तीर्थ के स्वामी हुए। तत्पश्चात् उनके भी शिष्य जम्बूस्वामी और उनके शिष्य प्रभव हुए। प्रभव को एक समय यह चिन्ता हुई कि भविष्य मे मेरा गणधर कौन होगा। इसके लिए उन्होने अपने गण और संघ मे सब ओर दृष्टि डाली, पर उन्हे वहाँ कोई इस परम्परा का चलाने वाला नही दिखा। तब उन्होने गृहस्थों मे देखा। वहाँ उन्हे राजगृह मे यज्ञ कराने वाला शय्यम्भव ब्राह्मण दिखा। यह देखकर उन्होने राजगृह नगर मे आकर दो साधुओं को भिक्षार्थ यज्ञस्थान मे जाने को कहा। साथ ही उन्होने यह भी सूचना की कि यदि कोई तुम्हें रोके तो तुम कहना "खेद है कि तत्त्व को नही जानते"। वहां उनके पहुँचने पर वही हुआ और उन्होंने भी वैसा ही कहा। उसे द्वार पर स्थित शय्यम्भव ने सुना। वह सोचने लगा कि शान्त तपस्वी असत्य

१. सामाइयअणुकमओ वण्णेउ विगयपोरिसीए ऊ।
णिज्जूढं किर सेज्जभवेण दसकालियं तेण ॥ नि. १२.

२. सेज्जंभवं गणधरं जिणपडिमादसणेण पडिबुद्धं।
मणगपिअरं दसकालियस्स णिज्जूहग वंदे ॥ नि. १४.

नहीं बोल सकते। यही सोचकर वह अध्यापक के पास गया और बोला—"तत्त्व क्या है ?" उत्तर में अध्यापक ने कहा—"तत्त्व वेद है"। तब उसने तलवार को खेंचते हुए कहा कि यदि तुम तत्त्व को नहीं कहोगे तो शिर काट दूंगा। इसपर अध्यापक बोला कि मेरा समय पूर्ण हो गया, वेदार्थ में यह कहा गया है। फिर भी शिरच्छेद के भय से कहना ही चाहिए, सो जो यहां तत्त्व है उसे कहता हूं। इस यूप (यज्ञ-काष्ठ) के नीचे सर्वरत्नमयी अरिहृत की प्रतिमा है, वह शाश्वतिक है। इस प्रकार अरिहंत का धर्म तत्त्व है। तब वह उसके पैरों में पड़ गया। अन्त मे उसने यज्ञस्थल की सामग्री को उसे सभला दिया और वह उन साधुओं को खोजता हुआ आचार्य (प्रभव) के पास पहुँचा। वहां पहुँच कर उसने आचार्य और उन दोनो साधुओं की वन्दना की। फिर उसने धर्म के कहने के लिए प्रार्थना की। तब आचार्य ने उपयोग लगा कर जाना कि यह वही (शय्यम्भव) है। यह जानकर आचार्य ने साधु के धर्म का उपदेश दिया। उसे सुनकर प्रबोध को प्राप्त होते हुए उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। वह चौदह पूर्वो का ज्ञाता हो गया।

जब उसने दीक्षा ग्रहण की थी तब उसकी पत्नी गर्भवती थी। लोगो ने उससे पूछा कि तेरे पेट मे कुछ है क्या ? उसने उत्तर मे 'मनाक्—कुछ है तो' कहा। अन्त मे यथासमय पुत्र के उत्पन्न होने पर उसके पूर्वोक्त उत्तर को लक्ष्य मे रखकर उसका नाम 'मनक्' प्रसिद्ध हुआ। आठ वर्ष का हो जाने पर उसने माँ से पिता के विषय में पूछा। उसके उत्तर से पिता को दीक्षित हुआ जानकर वह उनके पास चम्पा नगरी मे जा पहुँचा और पारस्परिक वार्तालाप के पश्चात् वह भी दीक्षित हो गया। आचार्य ने विशिष्ट ज्ञान मे यह जानकर कि इसकी आयु छह मास की शेष रही है, उन्होंने उसके निमित्त प्रकृत ग्रन्थ की १० अध्ययनो म रचना की। साधारणतः स्वाध्याय व ग्रन्थरचना दिन व रात्रि के प्रथम और अन्तिम इन चार पहरों मे ही की जाती है[1], पर शीघ्रता के कारण इसकी रचना काल की अपेक्षा रखकर नही की जा सकी। अत विकाल मे रचे और पढ़े जाने के कारण उसे दशवैकालिक कहा गया है। अथवा इसका दसवा अध्ययन चूँकि वेताल छन्द मे रचा गया है, इसलिए भी इसका नाम दशवैकालिक सम्भव है।

जैसा कि कथानक में निर्देश किया गया है, इसमें वे दस अध्ययन ये हैं—१ द्रुमपुष्पिका, २ श्रामण्य-पूर्विका, ३ क्षुल्लिकाचारकथा, ४ षड्जीवनिकाय, ५ पिण्डैषणा, ६ महाचारकथा, ७ वाक्यशुद्धि, ८ आचार-प्रणिधि, ९ विनयसमाधि और १० सभिक्षु। अन्त मे रतिवाक्यचूलिका और विविक्तचर्याचूलिका ये दो चूलिकायें हैं।

निर्युक्तिकार के अनुसार इनमे धर्मप्रज्ञप्ति—षड्जीवनिकाय नामक चौथा अध्ययन—आत्म-प्रवाद पूर्व से, पाँचवा (पिण्डैषणा) कर्मप्रवाद पूर्व से, वाक्यशुद्धि नामक सातवाँ अध्ययन सत्यप्रवाद पूर्व से और शेष अध्ययन नौवें (प्रत्याख्यान) पूर्व के अन्तर्गत तृतीय वस्तु (अधिकार) से रचे गए हैं[2]। अन्तिम दो चूलिकायें शय्यम्भव द्वारा रची गई नही मानी जाती। इसका एक संस्करण निर्युक्ति और हरिभद्र विरचित टीका के साथ देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। चूर्णि श्री ऋषभदेव जी केशरीमल जी श्वे. संस्था रतलाम द्वारा प्रकाशित की गई है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

मूल—अत्यागी आदि।

निर्युक्ति—अकथा, अर्थकथा, आराधनी भाषा और ओघ।

चूर्णि—अकिंचनता, अमनोज्ञ-सम्प्रयोग-सम्प्रयुक्त-आर्तध्यान, अर्थकथा, आज्ञापनी और आज्ञा-विचय आदि।

ह. वृ—अध्यवपूरक, अनुलोम, अभ्याहृत, अर्थकथा, आराधनी भाषा, उपबृंहण, ओघ और औपदेशिक आदि।

---

१. तत्थ कालियं जं दिण-राईणं पढमे (चरिमे) पोरिसीसु पढिज्जइ। नन्दी चू. पृ. ४७.

२. नि. गा. १६-१७.

४२ पिण्डनिर्युक्ति—यह मूल सूत्रों में चौथा माना जाता है। दशवैकालिक का पाँचवाँ अध्ययन पिण्डैषणा है। उसके ऊपर आचार्य भद्रबाहु के द्वारा जो निर्युक्ति रची गई वह विस्तृत होने के कारण एक स्वतन्त्र ग्रन्थ के रूप में मान ली गई। साधु का आहार किस प्रकार से शुद्ध होना चाहिए, इसका विचार करते हुए यहां आहारविषयक १६ उद्गम १६ उत्पादन, १० ग्रहणैषणा, १ संयोजन, १ प्रमाण, १ धूम और १ अंगार; इन ४६ दोषोंकी यहां चर्चा की गई है। इसके अतिरिक्त जिन छह कारणों से भोजन को ग्रहण करना चाहिए तथा जिन छह कारणों से उसका परित्याग करना चाहिए, उनका भी निर्देश किया गया है[1]। इन दोषों मे उद्गम दोषों का सम्बन्ध गृहस्थ से, उत्पादन दोषो का सम्बन्ध साधु से, तथा ग्रहणैषणा दोषों मे से शकित और अपरिणत इन दो का सम्बन्ध साधु से और शेष आठ का सम्बन्ध गृहस्थ से है[2]। प्रारम्भके निक्षेप प्रकरण मे द्रव्यपिण्ड की भी कुछ विस्तृत प्ररूपणा की गई हैं। निर्युक्ति गाथासख्या ६७१ है। इसके ऊपर आचार्य मलयगिरि द्वारा टीका भी रची गई है। इस टीका के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ सेठ देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अङ्गारदोष, अध.कर्म, अनुमोदना, आधाकर्म और आजीव आदि।

टीका—अङ्गारदोष, अध कर्म और आधाकर्म आदि।

४३ ओघनिर्युक्ति—यह आवश्यक निर्युक्ति के अंगभूत है। इसके रचयिता आचार्य भद्रबाहु द्वितीय हैं। इसमे साधु के आचार का विवेचन करते हुए उसके आहार, विहार, आसन, वसति और पात्र आदि की विधि का निरूपण किया गया है। इसमे निर्युक्ति गाथायें ८१२ और भाष्यगाथायें ३२२ हैं। अन्तिम नि. गा. प्रक्षिप्त और अस्पष्ट सी प्रतीत होती है। इस पर द्रोणाचार्य (विक्रम की ११-१२वीं शताब्दी) द्वारा विरचित टीका भी है। इस टीका के साथ उसका एक सस्करण विजयदान सूरीश्वर जैन ग्रन्थमाला सूरत से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग आराधक और आभोग आदि शब्दों मे हुआ है।

४४ कल्पसूत्र—छह छेदसूत्रो मे प्रथम छेदसूत्र दशाश्रुतस्कन्ध माना जाता है। इसका दूसरा नाम आचारदशा भी है। इसमे ये १० अध्ययन हैं—असमाधिस्थान, शबल, आशातनायें, आठ प्रकार की गणिसम्पदा, दस चित्तसमाधिस्थान, ग्यारह उपासकप्रतिमायें बारह भिक्षुप्रतिमाएँ, पर्युषणकल्प, तीस मोहनीयस्थान और आयतिस्थान। इनमे आठवां जो पर्युषणकल्प है वही कल्पसूत्र के रूप में एक पृथक् ग्रन्थ प्रसिद्ध हुआ है।

ग्रन्थ की भूमिका के रूप मे यहां प्रथमत: टीकाकार ने यह निर्देश किया है कि भगवान् महावीर चूंकि वर्तमान तीर्थ के स्वामी व निकटवर्ती उपकारी हैं, इसीलिए भद्रबाहु स्वामी पहिले महावीर के चरित का वर्णन करते हैं, इसमे भी प्रथमत· साधुओ का दस प्रकार का कल्प कहा जाता है। इस दस प्रकार के कल्प की सूचक जो गाथा यहा दी गई है वह भगवती आराधना[3], पचवस्तुक ग्रन्थ (१५००) और पंचाशक (८००) मे उपलब्ध होती है।

यहाँ सर्वप्रथम 'णमो अरिहंताण' आदि पचनमस्कार मत्र के द्वारा पाँच परमेष्ठियों को नमस्कार

---

१. ये दोष प्राय: इन्ही नामो और स्वरूप के साथ यहा और मूलाचार के पिण्डशुद्धि नामक छठे अधिकार मे समान रूप से उपलब्ध होते है। कुछ गाथायें भी समान रूप से दोनों मे पायी जाती हैं। (देखिये अनेकान्त वर्ष २१, किरण ४ मे 'पिण्डशुद्धि के अन्तर्गत उद्दिष्ट आहार पर विचार' शीर्षक लेख)

२. नि. गा. ४०३ और ५१४-१५.

३. आचेलुक्कुद्देसियसेज्जाहररायपिंडकिरियम्मे।
जेट्ठपडिक्कमणे वि य मास पज्जोसवणकप्पो ॥ भ. आ. ४२१.
(पचवस्तुक व पचाशक मे 'जेट्ठपडिकमणे विय' के स्थान मे 'वयजिट्ठपडिक्कमणे' पाठ है।)

करते हुए इस पंच नमस्कार मंत्र को सब पापों का नाशक और सब मंगलों में प्रथम मंगल कहा गया है[1]। तत्पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर के जीवनवृत्त का वर्णन करते हुए उनके विषय में इन पांच हस्तोत्तराओं—उत्तराफाल्गुनी नक्षत्रों—का निर्देश किया गया है—१ भगवान् महावीर प्रथम हस्तोत्तरा—हस्त नक्षत्र के पूर्ववर्ती उत्तराफाल्गुनी—नक्षत्र मे पुष्पोत्तर विमान से च्युत होकर अवतीर्ण हुए—ब्राह्मण कुण्डग्राम नगरवासी कोडालसगोत्री ऋषभदत्त ब्राह्मण की पत्नी देवानन्दा की कुक्षि मे प्रविष्ट हुए। २ इसी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में इन्द्र की आज्ञा से हरिणेगमेमि देव के द्वारा देवानन्दा के गर्भ से निकाल कर भगवान् को क्षत्रिय कुण्डग्राम नगरवासी सिद्धार्थ क्षत्रिय की पत्नी क्षत्रियाणी त्रिशला के गर्भ मे परिवर्तित किया गया। ३ इसी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में भगवान् का जन्म हुआ। ४ उसी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र मे भगवान् ने गृहवास से निकलकर मुण्डित होते हुए—केशलोचपूर्वक—मुनिधर्म की दीक्षा ग्रहण की। ५ उक्त उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में भगवान् ने परिपूर्ण केवलज्ञान व केवलदर्शन को प्राप्त किया। इस प्रकार उक्त पांच हस्तोत्तरा भगवान् के इन पांच कल्याणकों से सम्बद्ध हैं। मुक्ति की प्राप्ति भगवान् को स्वाति नक्षत्र में हुई।

उक्त गर्भादि कल्याणकों के साथ यहाँ आगे भगवान् महावीर के जीवनवृत्त का विस्तार से वर्णन किया गया है। गर्भपरिवर्तन के कारण का निर्देश करते हुए यहाँ यह कहा गया है कि इन्द्र को जब यह ज्ञात हुआ कि श्रमण महावीर देवानन्दा के गर्भ मे अवतीर्ण हुए हैं तब उसे यह विचार हुआ कि अरिहंत, चक्रवर्ती, बलदेव और वासुदेव ये शूद्रकुल मे, नीचकुल में, तुच्छकुल में, दरिद्रकुल मे, कृपणकुल में, भिक्षुकुल मे और ब्राह्मणकुल मे; इन सात कुलो मे से किसी कुल मे न कभी आए हैं, न आते हैं और न कभी आवेंगे। वे तो उग्रकुल, भोगकुल, राजन्यकुल, इक्ष्वाकुकुल, क्षत्रियकुल और हरिवंशकुल; इनमें तथा इसी प्रकार के अन्य भी विशुद्ध जाति, कुल व वंशो मे आए हैं, आते हैं और आवेंगे। यह एक आश्चर्यभूत भाव (भवितव्य) है[2] जो अनन्त उत्सर्पिणी-अवसर्पिणियो के बीतने पर उक्त अरिहंतादि अक्षीण, अवेदित और अनिर्जीर्ण नाम-गोत्रकर्म के उदय से पूर्वोक्त सात कुलो में गर्भरूप मे आए हैं, आते हैं और आवेंगे, परन्तु वे योनिनिष्क्रमणरूप जन्म से उन कुलो से कभी न निकले हैं, न निकलते हैं, और न निकलेंगे। बस इसी विचार से इन्द्र ने उस हरिणेगमेसि देव के द्वारा उक्त गर्भ को परिवर्तित कराया[3]।

इस प्रकार प्रथम पांच वाचनाओं मे श्रमण भगवान् महावीर के जीवनवृत्त की प्ररूपणा की गई है। इस प्रसग मे यहा भगवान् के मुक्त हो जाने पर कितने काल के पश्चात् वाचना हुई, इसका निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि भगवान् के मुक्त हो जाने के पश्चात् नौ सौ अस्सीवें (९८०) वर्ष मे वाचना हुई। आगे वाचनान्तर का उल्लेख करते हुए यह भी कहा गया है कि तदनुसार वह ९९३वें

---

१. एसो पंचणमोक्कारो सव्वपावप्पणासणो।
मंगलाण च सव्वेसिं पढमं हवइ मंगलं॥
(यह पद्य मूलाचार में उपलब्ध होता है—७,१३)

२. ऐसे आश्चर्य दस निर्दिष्ट किए गए हैं—
उवसग्ग गब्भहरणं इत्थीतित्थं अभाविया परिसा।
कण्हस्स अवरकंका अवयरणं चंद-सूराण॥
हरिवंसकुलुप्पत्ती चमरुप्पाओ य अट्ठसयसिद्धा।
अस्संजयाण पूआ दसवि अणतेण कालेण॥ टीका पृ. ३३.
(ये दोनों गाथायें पंचवस्तुक ९२६-२७ मे उपलब्ध होती हैं।)

३. सूत्र १५-३०, पृ. २९-४८.

वर्ष में हुई[1]। (इससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना वीर निर्वाण से ९९३ वर्ष के पश्चात् किसी समय हुई है)।

आगे छठी वाचना में भगवान् पार्श्वनाथ और नेमिनाथ के पांच कल्याणकों का निरूपण किया गया है।

सातवीं वाचना में प्रथमतः तीर्थंकरो के मध्यगत अन्तरो को बतलाते हुए सिद्धान्त के पुस्तकारूढ़ होने के काल का भी निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् आदिनाथ जिनेन्द्र के पांच कल्याणको की प्ररूपणा की गई है।

आठवीं वाचना मे स्थविरावली और अन्तिम (नौवी) वाचना मे साधु-सामाचारी की प्ररूपणा की गई है। ग्रन्थप्रमाण इसका १२१५ है।

इसके ऊपर सकलचन्द्र गणि के शिष्य समयसुन्दर गणि के द्वारा कल्पलता नाम की टीका लिखी गई है। उसका रचनाकाल विक्रम स. १६९९ के आस पास है। इस टीका के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ जिनदत्त सूरि ज्ञानभण्डार बम्बई से प्रकाशित हुआ है। दूसरी सुबोधिका नाम की टीका कीर्तिविजय गणि के शिष्य विनयविजय उपाध्याय के द्वारा वि. स. १६९६ मे लिखी गई है। इस टीका के साथ वह आत्मानन्द जैन सभा भावनगर से प्रकाशित हुआ है। इसकी टीका का उपयोग अकस्माद्भय, आकर, आचेलक्य, आदानभय, आनप्राण और इहलोकभय आदि शब्दो मे हुआ है।

४५. **बृहत्कल्पसूत्र**—यह छेदसूत्रो मे से एक है। इसमे साधु-साध्वियो को किस प्रकार की प्रवृत्ति करनी चाहिए और किस प्रकार की नही करनी चाहिए, इसका विवेचन किया गया है। इसके ऊपर आचार्य भद्रबाहु (द्वितीय) विरचित निर्युक्ति और आचार्य सघदास (विक्रम की ७वी शती) गणि विरचित लघु भाष्य भी है। वृहद् भाष्य भी इसके ऊपर रचा गया है, पर उसका अधिकाश भाग अनुपलब्ध है। निर्युक्तिगाथायें भाष्यगाथाओ से मिश्रित हैं। यह पीठिका के अतिरिक्त छह उद्देशो मे विभक्त है। समस्त गाथासख्या ६४९० है। इस भाष्य मे अनेक महत्त्वपूर्ण विषय चर्चित है। इसके ऊपर गा. ६०६ तक आ. मलयगिरि के द्वारा टीका रची जा सकी है, तत्पश्चात् शेष टीका की पूर्ति आचार्य क्षेमकीर्ति द्वारा की गई है। आचार्य क्षेमकीर्ति विजयचन्द्र सूरि के शिष्य थे। उनके द्वारा यह टीका ज्येष्ठ शुक्ला दशमी वि. स. १३३२ को समाप्त की गई है। यह पूर्वोक्त निर्युक्ति और भाष्य के साथ आत्मानन्द सभा भावनगर द्वारा छह भागो मे प्रकाशित की गई है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

नि. या भा.—अच्छिन्नकलिका, अतिपरिणामक, अनन्तजीव, अनुयोग, अभिवर्द्धित मास, अर्थकल्पिक, उत्क्षिप्तचरक, उन्मार्गदेशक, ओज आहार, औपम्योपलब्धि और औपशमिक सम्यक्त्व आदि।

टीका—अक्ष, अत्यन्तानुपलब्धि, अनूपक्षेत्र, अपचयभावमन्द, ओज आहार और औपम्योपलब्धि आदि।

४६ **व्यवहारसूत्र**—इसकी गणना भी छेदसूत्रो मे की जाती है। बृहत्कल्पसूत्र के समान इसमे भी साधु-साध्वियो के आचार-विचार का विवेचन है। इसके ऊपर भी आचार्य भद्रबाहु विरचित निर्युक्ति है। भाष्य भी है, पर वह किसके द्वारा रचा गया है, यह निश्चित नही है। इतना निश्चित प्रतीत होता है कि इसके रचयिता विशेषणवती के कर्ता जिनभद्र गणि के पूर्ववर्ती हैं[2]। इसके ऊपर आ. मलयगिरि द्वारा विरचित भाष्यानुसारिणी टीका भी है। पूरा ग्रन्थ पीठिका के अतिरिक्त दस उद्देशों मे विभक्त है। इसमें साधु के लिए क्या करना चाहिए और क्या नही करना चाहिए, इसका उत्सर्ग और अपवाद के

१. समणस्स भगवओ महावीरस्स जाव सव्वदुक्खपहीणस्स नववाससयाइ विइक्कताइ दसमस्स य वाससयस्स अय असीइमे सवच्छरे काले गच्छइ, वायणंतरे पुण अयं तेणउए सवच्छरे काले गच्छइ इइ दिसइ। सूत्र १४८, पृ. १६०.

२. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भा. ३, पृ. १३७.

शाब विवेचन किया गया है। साथ ही विविध प्रकार के दोषो पर तदनुसार ही नाना प्रकार के प्रायश्चित्तों का भी विधान किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

भाष्य—प्रतिक्रम, प्रभ्यासवर्ती, प्राप्त और प्रारम्भ आदि।

टीका—प्रकल्प्य, प्रकुशलमनोनिरोध, प्रकृतयोगी, प्रक्षताचार, प्रतिक्रम, प्रभ्यासवर्ती और प्रारम्भ आदि।

४७ **नन्दीसूत्र**—यह चूलिका सूत्र माना जाता है। इसके रचयिता देववाचक गणि (विक्रम की छठी शताब्दी—५२३ से पूर्व[1]) हैं। इसके ऊपर आचार्य जिनदास गणि के द्वारा चूर्णि रची गई है। जिनदास गणि का समय डा. मोहनलाल जी मेहता द्वारा विक्रम की आठवीं शताब्दी का पूर्वार्ध (६५०-७५०) निश्चित किया गया है[2]। इसमे उन्होंने (चूर्णिकार ने) ग्रन्थकार देववाचक को दूष्यगणि का शिष्य बतलाया है[3]। प्रस्तुत ग्रन्थगत स्थविरावली[4] मे दूष्यगणि का उल्लेख सबके अन्त मे उपलब्ध होता है। चूर्णि के अतिरिक्त इसके ऊपर एक टीका हरिभद्र सूरि (विक्रम की की ८वी शताब्दी) के द्वारा और दूसरी टीका आचार्य मलयगिरि के द्वारा रची गई है। प्रस्तुत ग्रन्थ मे मगल के प्रसग मे चौबीस तीर्थंकरो की वन्दना करते हुए अन्तिम तीर्थंकर महावीर स्वामी के ग्यारह गणधरो का उल्लेख किया गया है। तत्पश्चात् सुधर्मा स्वामी से लेकर दूष्यगणि तक स्थविरावली का शिष्यपरम्परा के रूप मे निर्देश किया गया है। आगे चलकर आभिनिबोधिक आदि पाँच ज्ञानो का विस्तार से निरूपण करते हुए गमिक-अगमिक, अंगप्रविष्ट-अंगबाह्य, और कालिक-उत्कालिक आदि श्रुत के भेद-प्रभेदो की प्ररूपणा की गई है। इसका प्रकाशन मलयगिरि विरचित टीका के साथ आगमोदय समिति सूरत से तथा चूर्णि और हरिभद्र विरचित टीका का प्रकाशन ऋषभदेव जी केशरीमल जी श्वे. सस्था रतलाम से हुआ है। इसका उपयोग निम्न शब्दो मे किया गया है—

मूल—अनुगामी अवधि, अनुत्तरौपपादिकदशा, आचार, ईहा और उपासकदशा आदि।

चूर्णि—अभिनिबोध, अवग्रह, आभिनिबोधिक, आहारपर्याप्ति, उपासकदशा और ऋजुगति आदि।

ह. टीका—अक्रियावादी, अधर्मद्रव्य, अनुत्तरौपपादिकदशा, अनुमान, अन्तकृद्दश, अन्तगत अवधि, अन्तर, ईहा, उपयोग और उपासकदशा आदि।

मलय. टीका—अक्रियावादी, अभिनिबोध, अवाय, आचार और उपासकदशा आदि।

४८ **अनुयोगद्वार**—यह भी चूलिका सूत्र माना जाता है। इसके प्रणेता सम्भवत: आर्यरक्षित स्थविर हैं। आर्यरक्षित आर्यवज्र के समकालीन थे। आर्यवज्र वी. नि. स. ५८४ मे स्वर्गस्थ हुए। तदनुसार प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना वी. नि. ५८४-६७ (विक्रम ११४-२७) के लगभग मानी जा सकती है[5]। आवश्यक निर्युक्ति मे आर्यरक्षित का निर्देश करते हुए उनके लिए देवेन्द्रवन्दित और महानुभाव जैसे आदरसूचक विशेषणो का प्रयोग किया गया है तथा उन्हें पृथक् पृथक् चार अनुयोगो का व्यवस्थापक कहा गया है[6]। टीका मे उनका कथानक भी उपलब्ध होता है। इसके प्रारम्भ मे पाँच ज्ञानो का निर्देश

---

१. देखिये 'नंदिसुत्तं अणुयोगद्दाराइं च' की प्रस्तावना पृ. ३२-३३.

२. देखिये 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास' भा. ३, पृ. ३२.

३. एव कयमंगलोवयारे थेरावलिकमे य दंसिए अरिहेसु य दसितेसु दूसगणिसीसो देववायगो साहुजणहियट्ठाए इणमाह—। नन्दी चूर्णि पृ. १०.

४. नन्दी. गा. २३-४१.

५. देखिए अनुयोगद्वार की प्रस्तावना (महावीर जैन विद्यालय, बम्बई) पृ. ५०.

६. देविंदवंदिएहिं महाणुभावेहिं रक्खिअअज्जेहिं।
जुगमासज्ज विहत्तो अणुओगो तो कओ चउहा॥ आव. नि. ७७४.
विशेषावश्यक भाष्य (२७८७) में उनके माता-पिता, भाई व आचार्य के नामों का भी निर्देश किया गया है। प्रभावकचरित (पृ. १३-३१) मे उनका कथानक भी है।

करके प्रकृत मे श्रुतज्ञान का उद्देश बतलाया है। आगे प्रश्नोत्तरपूर्वक अंगप्रविष्ट आदि का निर्देश करते हुए उत्कालिक श्रुत मे आवश्यक और आवश्यकव्यतिरिक्त का उद्देश बतलाया है। इस प्रकार प्रथमतः यहाँ आवश्यक आदि के विषय मे निक्षेप आदि की योजना की गई है। इसी प्रसग मे यहाँ आनुपूर्वी का विस्तार से विवेचन किया गया है। आगे यथाप्रसग औदयिकादि भाव, सात स्वर, नौ रस और द्रव्य-क्षेत्रादि प्रमाण रूप अनेक विषयों की चर्चा की गई है। इसके ऊपर जिनदास गणि महत्तर (वि. सं. ६५० से ७५०) द्वारा चूर्णि रची गई है। ये भाष्यकार जिनभद्र गणि (वि. सं. ६००-६६०) के बाद और हरिभद्र सूरि (७५७-८२७) के पूर्व मे हुए हैं[1]। इस चूर्णि के अतिरिक्त उस पर एक टीका हरिभद्र सूरि द्वारा और दूसरी मलधारगच्छीय हेमचन्द्र सूरि द्वारा विरचित है। हेमचन्द्र सूरि के दीक्षागुरु मलधारी अभयदेव सूरि और शिष्य श्रीचन्द्र सूरि थे। इनके गृहस्थाश्रम का नाम प्रद्युम्न था। ये राज्यमन्त्री रहे हैं। इनका समय विक्रम स. १२वी शताब्दी का उत्तरार्ध है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अचित्तद्रव्योपक्रम, अद्भुतरस, अनानुपूर्वी, अनेकद्रव्यस्कन्ध, अवमान, आगमद्रव्यानुपूर्वी, आगमद्रव्यावश्यक, आगमभावाध्ययन, आगमभावावश्यक, आत्माङ्गुल, आदानपद और उद्धारपल्योपम आदि।

चूर्णि—अद्धापल्योपम, अनुगम, उदयनिष्पन्न, उदयभाव, उपमित, ऊर्ध्वरेणु और औदयिकभाव आदि।

ह टीका—अद्भुतरस, अद्धापल्योपम, अधर्मद्रव्य, अनुगम, अन्त, अवमान, ईश्वर, उद्धारपल्योपम, ऋजुसूत्र और औदयिकभाव आदि।

म. हे. टीका—अचितद्रव्योपक्रम, अद्भुतरस, अनेकद्रव्यस्कन्ध और आगमभावावश्यक आदि।

४९. **प्रशमरति प्रकरण**—इसे आचार्य उमास्वाति (विक्रम की ३री शताब्दी) विरचित माना जाता है। इसमे पीठबन्ध, कषाय, रागादि, आठ कर्म, पचेन्द्रिय विषय, आठ मद, आचार, भावना, धर्म, धर्मकथा, नव तत्त्व, उपयोग, भाव, छह द्रव्य, चारित्र, शीलांग, ध्यान, क्षपकश्रेणि, समुद्घात, योगनिरोध, मोक्षगमन और अन्तफल ये २२ अधिकार हैं। समस्त श्लोकसख्या ३१३ है।

यहा ग्रन्थकार ने सर्वप्रथम चौबीस तीर्थंकरो का जयकार करते हुए जिन, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और सर्व साधुओ को नमस्कार किया है और तदनन्तर प्रशमरति मे राग द्वेषके अभावस्वरूप वैराग्य-विषयक अनुराग मे स्थिरता के लिये जिनागम से कुछ कहने की प्रतिज्ञा की है। पश्चात् सर्वज्ञ के शासन-रूप पुर में प्रवेश को कष्टप्रद बतलाते हुए भी बहुत से श्रुत-सागर के पारगतो की प्रशमजनक शास्त्रपद्धतियो की सहायता से उस सर्वज्ञशासन में अपने प्रवेश की सम्भावना व्यक्त की है और श्रुतभक्ति से प्राप्त बुद्धि के बल से प्रस्तुत ग्रन्थ के रचने का अभिप्राय प्रगट किया है। आगे का विषयविवेचन उक्त अधिकारो के नाम अनुसार ही क्रम से किया गया है।

इसके ऊपर आचार्य हरिभद्र (विक्रम सं. ११८५) द्वारा टीका रची गई है। इस टीका और एक अज्ञातकर्तृक अवचूरि के साथ यह परमश्रुत प्रभावक मण्डल बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग अधिगम और अनित्यानुप्रेक्षा आदि शब्दो मे हुआ है।

५०. **विशेषावश्यक भाष्य**—यह आचार्य जिनभद्र क्षमाश्रमण द्वारा आवश्यक सूत्र के प्रथम अध्ययनरूप सामायिक मात्र के ऊपर रचा गया है, सामायिक अध्ययन पर निर्मित निर्युक्तियो की ही उसमें विशेष व्याख्या की गई है। आचार्य जिनभद्र बहुश्रुत विद्वान थे। आगम ग्रन्थो का उन्होने गम्भीर अध्ययन किया था। इसीलिए इस भाष्य में आगमो के अन्तर्गत प्रायः सभी विषयों का उन्होने निरूपण किया है। आवश्यकतानुसार उन्होने दार्शनिक पद्धति को भी अपनाया है। यथाप्रसग विभिन्न मतान्तरों की भी चर्चा की गई है। डा. मोहनलाल जी मेहता उनके समय पर विचार करते हुए उन्हें वि. सं.

---
१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भा. ३, पृ. ३२.

५५०-६० के आस पास का विद्वान् मानते हैं[1]। इसके ऊपर जिनभद्र स्वयं टीका के लिखने में प्रवृत्त हुए। पर बीच में ही दिवंगत हो जाने के कारण वे छठे गणधरवाद तक ही टीका लिख सके व स्वयं उसे पूरा नहीं कर सके। शेष भाग की टीका कोट्याचार्य द्वारा की गई है[2]। इसका एक संस्करण जो हमारे पास है, कोट्याचार्य विरचित टीका के साथ ऋषभदेव जी केशरीमल जी श्वे. संस्था रतलाम द्वारा दो भागों में प्रकाशित किया गया है। इसके अनुसार गाथाओं की सख्या ४३४६ है। इसमें सम्भवतः बहुतसी निर्युक्ति गाथाओं का मिश्रण हो गया है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

मूल—अध्ययन, अनुगामी अवधि, अनुयोग, अभिनिबोध, अवाय, आगमद्रव्यमंगल, आभिनिबोधिक, इत्वरसामायिक, उपकरण, उपक्रम, उपयोग और ऋजुगति आदि।

टीका—इत्वरसामायिक (स्वो.) और ईहा (को.) आदि।

५१ **कर्मप्रकृति**—यह शिवशर्म सूरि द्वारा विरचित एक महत्वपूर्ण कर्मग्रन्थ है। शिवशर्म सूरि का समय सम्भवतः विक्रम की पाँचवी शताब्दी है[3]। इसकी गाथासख्या ४७५ है। इसमे बन्धन, सक्रमण, उद्वर्तना, अपवर्तना, उदीरणा, उपशामना, निधत्ति और निकाचना ये आठ करण हैं। इनमें यथायोग्य ज्ञानावरणादि आठ कर्मों के बन्ध, परप्रकृतिपरिणमन, उत्कर्षण, अपकर्षण और उदीरणा (परिणाम के वश स्थिति को कम कर उदय में देना), करणोपशामना व अकरणोपशामना आदि अनेक भेदरूप उपशामना, निधत्ति और निकाचना, इनका निरूपण किया गया है। निधत्ति और निकाचना में विशेषता यह है कि निधत्ति में संक्रमण और उदीरणा नही होती, किन्तु उत्कर्षण-अपकर्षण उसमें सम्भव हैं। पर निकाचना में सक्रमणादि चारो ही नहीं होते। अन्त मे उदय और सत्ता का भी कुछ वर्णन किया गया है।

प्रस्तुत कर्मप्रकृति एक गाथाबद्ध सक्षिप्त रचना है और पूर्व निर्दिष्टषट्खण्डागम अधिकांश गद्यसूत्रमय है—गाथासूत्र यत्र क्वचित ही पाये जाते हैं। इन दोनो की विषयप्ररूपणा में कहीं कहीं समानता देखी जाती है। जैसे—

कर्मप्रकृति मे प्रदेशसक्रमण की प्ररूपणा करते हुए ज्ञानावरणादि के उत्कृष्ट प्रदेश का स्वामी गुणितकर्मांशिक को बतलाया है। वह किन किन अवस्थाओ मे कितने काल रहकर उस उत्कृष्ट प्रदेश का स्वामी होता है, इसका यहाँ सक्षेप मे निरूपण किया गया है[4]।

यही प्ररूपणा षट्खण्डागम मे कुछ विस्तार से की गई है[5]। दोनो में अर्थसाम्य तो प्रायः है ही, शब्दसाम्य भी कुछ है।

आगे कर्मप्रकृति में उक्त कर्मो के जघन्य प्रदेश के स्वामी क्षपितकर्मांशिककी प्ररूपणा करते हुए वह कब और किस प्रकार से उस जघन्य प्रदेश का स्वामी होता है, इसका संक्षेप से निर्देश किया गया गया है[6]। यही प्ररूपणा षट्खण्डागम मे ज्ञानावरणीय कर्म की जघन्य द्रव्यवेदना के स्वामी उसी क्षपित-कर्मांशिक के प्रसग मे कुछ विस्तार से की गई है[7]।

षट्खण्डागम मे स्थितिबन्ध के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है[8]। वही प्ररूपणा कर्मप्रकृति में चूर्णिकार के द्वारा की गई है, जो प्रायः शब्दशः समान है[9]।

---

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भाग ३, पृ. १३३-३५. २. वही पृ. ३५५.
३. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भाग ४, पृ. ११०.
४. कर्मप्र. संक्रमक. गा. ७४-७८
५. षट्खं. ४,२,४,६-३२ पु. १०, पृ. ३१-१०९.
६. कर्मप्र. संक्रमक. ९४-९६
७. षट्खं. ४,२,४,४८-७५, पु. १०, पृ. २६८-९६
८. षट्खं. ४,२,६,६५-१००, पु. ११, पृ. २२५-३७
९. कर्मप्र. १, ८०-८२ (चूर्णि), पृ. १७४-१७५

षट्खण्डागम में जिन दो गाथासूत्रों के द्वारा गुणश्रेणिनिर्जरा की प्ररूपणा की गई है वे दो गाथायें प्रस्तुत कर्मप्रकृति और आचारांग निर्युक्ति मे भी उपलब्ध होती हैं[1]।

उक्त गुणश्रेणिनिर्जरा का निरूपण इसी प्रकार से तत्त्वार्थसूत्र मे भी किया गया है[2]।

इसके ऊपर अज्ञातकर्तृक[3] चूर्णि है, जो विक्रम की १२वीं शताब्दी के पूर्व रची गई है। इसके अतिरिक्त एक टीका आ. मलयगिरि द्वारा विरचित और दूसरी टीका उपाध्याय यशोविजय (विक्रम की १८वीं शताब्दी) विरचित भी है। उक्त चूर्णि और दोनो टीकाओं के साथ उसे मुक्ताबाई ज्ञानमन्दिर डभोइ (गुजरात) द्वारा प्रकाशित कराया गया है। मात्र मूल ग्रन्थ पचाशक आदि अन्य कुछ ग्रन्थों के साथ ऋषभदेव जी केशरीमलजी श्वे संस्था रतलाम से भी प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अधःप्रवृत्तसंक्रम, अपवर्तना और उदीरणा आदि।

चूर्णि—अकरणोपशामना, अधःप्रवृत्तसंक्रम, अनभिसंधिजवीर्य, अपवर्तना और अविभागप्रतिच्छेद आदि।

म. टीका—अधःप्रवृत्तसंक्रम और अपवर्तना आदि।

उ. य. टीका—अनादेय और अपवर्तना आदि।

५२. शतकप्रकरण—इसे बन्धशतक भी कहा जाता है। यह पूर्वोक्त कर्मप्रकृति के कर्ता शिवशर्म सूरि की कृति मानी जाती है। इसमे मूल गाथायें १०६ है। ये गाथायें अर्थगम्भीर हैं। उनके अभिप्राय को स्पष्ट करने के लिये चक्रेश्वर सूरि के द्वारा बृहद् भाष्य लिखा गया है। इन भाष्य गाथाओं का श्लोकप्रमाण १४१३ हैं। चक्रेश्वर सूरि द्वारा रचित यह भाष्य, जैसा कि उन्होंने अन्त मे निर्देश किया है, अनलदेव नृपति के राज्य मे वर्तमान गोल्ल विषय विशेषण (?) नगर मे वि. स. ११६७ में[4] कार्तिक चातुर्मास दिन मे पूर्ण हुआ है। ये श्री वर्धमान गणधर के शिष्य और गुणहर गुणधर के गुरु थे। इन गुणधर शिष्य की प्रेरणा से ही यह भाष्य रचा गया है[5]। इस बृहद् भाष्य के अतिरिक्त एक २४ गाथात्मक

१. सम्मत्तुप्पत्ती वि य सावय-विरदे अणतकम्मसे।
दसणमोहक्खवए कसायउवसामए य उवसने ।।
खवए य खीणमोहे जिणे य णियमा भवे असखेज्जा।
तव्विवरीदो कालो सखेज्जगुणाए सेढीए ।। षट्ख. पु. १२, पृ. ७८
सम्मत्तुप्पत्तिसावयविरए सजोयणाविणासे य।
दंसणमोहक्खवगे कसायउवसामगुवसते ।।
खवगे य खीणमोहे जिणे य दुविहे असंखगुणसेढी ।।
उदओ तव्विवरीओ कालो सखेज्जगुणसेढी ।।कर्मप्र. ६, ८-९
सम्मत्तुप्पत्ती सावए य विरए अणतकम्मसे।
दंसणमोहक्खवए उवसामंते य उवसंते ।।
खवए य खीणमोहे जिणे य सेढी भवे असखिज्जा।
तव्विवरीओ कालो संखिज्जगुणाइ सेढीए ।। आचारांग नि. २२२-२३, पृ. १६०,

२. त. सू. (दि.) ९-४५, श्वे. ९-४७

३. 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास' मे इसके जिनदास गणि महत्तर के द्वारा रचे जाने की सम्भावना की गई है। भा. ४, पृ. १२१

४. 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास' भाग ४, पृ. १२७ पर वि. स. ११७९ लिया गया है।

५. सिरिवद्धमाण-गणहर-सीसेहि विहारुगेहि सुहबोहं।
एय सिरिचक्केसरसूरीहिं सयमगुरुभास ।।
गुणहर-गणधरणामगणिययविणेयस्स वयणओ रइय।

लघु भाष्य, एक अज्ञातकर्तृक चूर्णि, तथा तीन टीकाओं में से एक मलधारी हेमचन्द्र सूरि (वि. की १२वीं श.) विरचित, दूसरी उदयप्रभ सूरि (सम्भवतः वि. की १३वीं श.) विरचित और तीसरी टीका गुणरत्नसूरि (वि. की १५ वीं श.) द्वारा विरचित है।

प्रस्तुत ग्रन्थ मे चौदह जीवस्थान (जीवसमास) और चौदह गुणस्थानों में जहां जितने उपयोग और योग सम्भव हैं उनको दिखलाते हुए कारणनिर्देशपूर्वक प्रकृति-स्थिति आदि चार प्रकार के बन्ध, उदय और उदीरणा की प्ररूपणा की गई है इसका एक संस्करण भाष्य और मलधारीय टीका के साथ वीर समाज राजनगर द्वारा प्रकाशित कराया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

भाष्य—अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, अपूर्वकरण गुणस्थान और अविरतसम्यग्दृष्टि आदि।

टीका—अध्रुवबन्ध, अप्रत्याख्यानावरणक्रोधादि और उदय आदि।

५३. उपदेशरत्नमाला—इसके रचियता धर्मदास गणि हैं। ये महावीर स्वामी के हस्त-दीक्षित शिष्य थे, इस मान्यता को 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास' मे विचारणीय बतलाया है। इसका कारण वहा किये गये वज्रस्वामी के उल्लेख के अतिरिक्त आचारांगादि जैसी प्राचीन भाषा का अभाव भी है[1]। ग्रन्थकार धर्मदास गणि ने गाथा ५३७ और ६४० मे इसके रचयिता के रूप मे स्वयं ही अपने नाम का उल्लेख किया है[2]। ग्रन्थगत गाथाओं की सख्या ५४४ है। (गा. ५४२ के अनुसार यह गाथासख्या ५४० है।)

इस उपदेशपरक ग्रन्थ मे अनेक पौराणिक व्यक्तियों के उदाहरण देते हुए गुरु की महत्ता, आचार्य की विशेषता, विनय, धर्म एव क्षमा आदि अनेक उपयोगी विषयो का विवेचन किया गया है। इसके ऊपर कई टीकायें लिखी गई है। पर हमे सटीक ग्रन्थ उपलब्ध नही हो सका। मूल मात्र पचाशक आदि के साथ ऋषभदेव जी केशरीमलजी श्वेताम्बर संस्था रतलाम द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग अपायविचय, आज्ञाविचय, आदाननिक्षेपणसमिति, ईर्यासमिति और एषणासमिति आदि शब्दों मे हुआ है।

५४. जीवसमास—यह किसकी कृति है, यह ज्ञात नहीं होता। मुद्रित संस्करण (मूल मात्र) मे 'पूर्वभृत् सूरि सूत्रित' ऐसा निर्देश मात्र किया गया है। यह प्राकृत गाथाबद्ध ग्रन्थ है। समस्त गाथायें २८६ है। यहाँ प्रथमतः चौबीस जिनेन्द्रो को नमस्कार कर संक्षेप मे जीवसमासों के कथन की प्रतिज्ञा की गई है। आगे 'ये जीवसमास निक्षेप व निरुक्तिपूर्वक छह अथवा आठ अनुयोगद्वारों तथा गति आदि चौदह मार्गणाओं के द्वारा ज्ञातव्य है' ऐसी सूचना करके प्रकृत छह अनुयोगद्वारों का प्रश्नात्मक निर्देश इस प्रकार किया गया है—१ विवक्षित मिथ्यात्व आदि क्या हैं, २ किसके होते हैं, ३ किसके

सुयणे सुणतु जाणंतु बुहजणा तह विसोहतु ॥
सत्त-णव-रुद्दमियवच्छरम्मि विक्कमणिवाउ वट्टंते।
कत्तिय-चउमासदिणे गोल्लविसयविसेसणे नयरे ॥
दहिवइंमी सिरिसिद्धरायभूवइपसायगेहस्स।
अम्मलदेवनिवइणो सुहरज्जे वट्टमाणम्मि ॥
निप्फत्तिमुवगयमिण ता नदउ जाव सिद्धिसुहमूले।
तियलोक्कपायडजसो जिणवरधम्मो जये जयइ ॥ पृ. १३३-३४.

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भा. ४, पृ. १६३.

२. धंत-मणि-दाम-ससि-गय-णिहिपयपढमक्खराभिहाणेण।
उवएसमालपगरणमिणमो रइयं हियट्ठाए ॥५३७॥
इसमें धंत, मणि, दाम, ससि, गय और णिहि; इन पदो के प्रथम अक्षर को क्रम से ग्रहण करने पर धमदास (धर्मदास) गणि होता है, इनके द्वारा इस उपदेशमाला प्रकरण के रचे जाने की सूचना की गई है।

द्वारा होते हैं, ४ कहाँ होते हैं, ५ कितने काल रहते हैं और ६ भाव कितने प्रकार का है ? इन छह प्रश्नों के साथ प्रकृत का विवेचन किया जाता है। अथवा सत्प्ररूपणा, द्रव्यप्रमाण, क्षेत्र, स्पर्श, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व इन आठ अनुयोगद्वारो के[1] आश्रय से विवक्षित जीवसमासों का अनुगम करना चाहिए। उसके पश्चात् गति आदि चौदह मार्गणाओ[2] और मिथ्यात्व व आसादन आदि चौदह जीवसमासो (गुणस्थानों) का नामनिर्देश किया गया है[3]।

आगे गति आदि भेदो मे विभक्त जीवो का निरूपण करते हुए उनमे यथायोग्य गुणस्थान और मार्गणा आदि का विचार किया गया है। इस प्रकार सत्पदप्ररूपणा करने के पश्चात् द्रव्यप्रमाण के प्रसंग मे द्रव्यादि के भेद से चार प्रकार के प्रमाण का विवेचन किया गया है। इस क्रम से यहा क्षेत्र व स्पर्शन आदि शेष अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की गई है।

यहाँ पृथिवी आदि के भेदो के प्रसग मे जिन गाथाओ का उपयोग हुआ है वे मूलाचार मे भी प्रायः उसी क्रम से उपलब्ध होती हैं[4]। यथाक्रम से दोनो ग्रन्थो की इन गाथाओ का मिलान कीजिए—

जीवसमास—२७-२६, ३० (पू.), ३१ (पू.), ३२ (पू.), ३३ (पू), ३४-३७, ३८-३९ और ४०-४४.

मूलाचार (पंचाचाराधिकार)—९-११, १२ (पू.), १३ (पू.), १४ (पू.) १५ (पू.), १६-१६, २१-२२ और २४-२८.

पाठभेद—जीव. गा. ३५ मे 'कट्ठा' व मूला. गा. १७ मे 'खध' पाठ है। जीव गा. ४० मे 'बारस' व मूला. गा. २४ मे 'बावीस' पाठ है। जीव. गा. ४३ मे मनुष्यो के कुलभेद बारह लाख करोड और मूला. गा. २७ मे वे चौदह लाख करोड निर्दिष्ट किए गए है। इसी से उनकी समस्त सख्या मे भेद हो गया है। जीव. गा. ४४ मे जहाँ वह एक कोडाकोडि सत्तानबै लाख पचास हजार है वहाँ मूला. गा. २८ मे वह एक कोड़ाकोडि निन्यानवै लाख पचास हजार है[5]।

प्रस्तुत ग्रन्थ का एक संस्करण जो हमारे पास है, पचाशक आदि के साथ, मूल रूप मे ऋषभदेवजी केशरीमलजी श्वेताम्बर संस्था रतलाम से प्रकाशित हुआ है। इसके ऊपर टीका भी लिखी गई है, पर वह हमे उपलब्ध नही हो सकी। इसका उपयोग अयन, अहोरात्र, आत्माङ्गुल, आवलि और उच्छ्लक्ष्ण-श्लक्ष्णिका आदि शब्दो मे हुआ है।

---

१. चौदह जीवसमासो की प्ररूपणा षट्खण्डागम मे भी इन्ही आठ अनुयोगद्वारो के आश्रय से की गई है—एदेसि चेव चोद्दसण्हं जीवसमासाण परूवणट्ठदाए तत्थ इमाणि अट्ठ अणियोगद्दाराणि णायव्वाणि भवंति ॥ तं जहा ॥ सतपरूवणा दव्वपमाणाणुगमो खेत्ताणुगमो फोसणाणुगमो कालाणुगमो अतराणुगमो भावाणुगमो अप्पाबहुगाणुगमो चेदि ॥ षट्खं. १, १, ५-७, पु. १, पृ १५३-५५

२. मार्गणाभेदों की सूचक यह (६) गाथा बोधप्राभृत (३३), मूलाचार (१२-१५६), पंचसग्रह (१-५७) और आवश्यकनिर्युक्ति (१४—कुछ शब्दभेद के साथ) आदि कितने ही ग्रन्थों मे पायी जाती है।

३. जीवसमास ८-९; षट्खण्डागम मे गुणस्थानो का उल्लेख 'जीवसमास' नाम से ही किया गया है। षट्ख. १,१,२, पु. १, पृ. ६१. (जीवा समस्यन्ते एष्विति जीवसमासाः। चतुर्दश च ते जीवसमासाश्च चतुर्दशजीवसासाः। तेषां चतुर्दशाना जीवसमासानाम्, चतुर्दशगुणस्थानानामित्यर्थः। धवला पु. १, पृ. १३१)

४. इनमे से कुछ गाथायें पंचसंग्रह (भारतीय ज्ञानपीठ)—जैसे १, ७७-८१—में और कुछ गो. जीवकाण्ड (जैसे गा. १८५) मे भी उपलब्ध होती हैं। जीवसमास की २७-३० गाथायें कुछ पादव्यत्यय के साथ आचारांगनिर्युक्ति (७३-७६) मे पाई जाती हैं। इसके अतिरिक्त वहाँ कुछ गाथायें प्रायः अर्थतः समान हैं। जैसे—जीव. ३१, ३२, ३४, ३५-३६, ३६ और ३३ तथा आचा. नि. १०८,११८, १३०, १२६, १४१ और १६६.

५. कुल भेदों की यह संख्या गो. जीवकाण्ड (११५-१६) मे जीवसमास के अनुसार है।

५५. ऋषिभाषित—इसके रचयिता कौन हैं, यह ज्ञात नही होता। इसका एक संस्करण मूल रूप मे श्री ऋषभदेवजी केशरीमलजी श्वे. संस्था रतलाम से प्रकाशित (सन् १९२७) हुआ है। उसमें 'श्रीमद्भिः प्रत्येकबुद्धैर्भाषितानि श्रीऋषिभाषितसूत्राणि' ऐसा निर्देश किया गया है। यह एक धर्मकथानुयोग का ग्रन्थ है। वह प्रायः श्लोक, आर्या छन्द और गद्यसूत्रो में रचा गया है। इसमे ये ४५ अध्ययन हैं—१ नारद २ वज्जियपुत्त ३ दविल ४ अंगरिसि ५ पुप्फसाल ६ वक्कलचीरी ७ कुम्मापुत्त ८ (ते) केतलि ९ महाकासव १० तेतलिपुत्त ११ मंखलिपुत्त १२ जन्नवक्कीय १३ भयालि १४ बाहुक १५ मधुरायणिज्ज १६ सोरियायण १७ विदु १८ वरिसव १९ आयरियायण २० उक्कल २१ गाहावइज्ज २२ दग-(माली) गद्दभीय २३ रामपुत्तिय २४ हरिगिरि २५ अबड २६ मायगिज्ज २७ वारत्तय २८ अद्दइज्ज २९ बद्धमाण ३० वाउ ३१ पासिज्ज ३२ पिंग ३३ अरुणिज्ज ३४ इसिगिरि ३५ अद्दालइज्ज ३६ तारापविज्ज ३७ सिरिगिरिज्ज ३८ साइपुत्तिज्ज ३९ सजइज्ज ४० दीवायणिज्ज ४१ इंदनागिज्ज ४२ सोमिज्ज ४३ जम ४४ वरुण और ४५ वेसमण।

ऋषिभाषितों की समाप्ति के पश्चात् ऋषिभाषितों की संग्रहणी में उपर्युक्त ४५ प्रत्येकबुद्ध ऋषियो के नाम निर्दिष्ट किए गये हैं, जिनके नाम पर वे अध्ययन प्रसिद्ध हुए हैं। इनमें से अरिष्टनेमि के तीर्थ मे २०, पार्श्व जिनेन्द्र के तीर्थ मे १५ और शेष महावीर के तीर्थ मे हुए हैं। अन्तिम ऋषिभाषित—अर्थाधिकार सग्रहणी—मे उक्त अध्ययनो के ४५ अर्थाधिकारों के नामो का निर्देश किया गया है। तदनुसार ही जो उक्त ऋषियो के द्वारा उपदेश दिया गया है वह प्रकृत अध्ययनो में निबद्ध है।

इस पर आ. भद्रबाहु द्वारा निर्युक्ति रची गई है, पर वह उपलब्ध नही है। यह ऋषभदेव केशरीमल जी श्वे सस्था रतलाम से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अदत्तादानविरमण और अहिंसामहाव्रत आदि शब्दो मे हुआ है।

५६. पाक्षिकसूत्र—इसके भी रचयिता कौन हैं, यह ज्ञात नही है। प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के अनुयायी आत्महितैषी जन सामायिक आदि छह आवश्यको को नियमित किया करते हैं। उन आवश्यको मे प्रतिक्रमण भी एक है। वह दैवसिक, रात्रिक, पाक्षिक, चातुर्मासिक और सावत्सरिक के भेद से पांच प्रकार का है। प्रस्तुत ग्रन्थ मे पाक्षिक प्रतिक्रमण को प्रमुखता दी गई है। यहा प्रथमतः तीर्थंकर, तीर्थ, अतीर्थसिद्धि, तीर्थसिद्ध, सिद्ध, जिन, ऋषि, महर्षि और ज्ञान इनकी ग्रन्थकार द्वारा वन्दना की गई है। इस प्रकार वन्दना करके अपने को आराधना के अभिमुख बतलाते हुए ग्रन्थकार ने यह भावना व्यक्त की है कि अरिहत, सिद्ध, साधु, श्रुत, धर्म, क्षान्ति (क्षमा), गुप्ति, मुक्ति, आर्जव और मार्दव ये सब मेरे लिए मगल हो—कल्याणकर हो।

पश्चात् यह निर्देश किया गया है कि लोक मे साधु जन परमर्षियो के द्वारा उपदिष्ट जिस महाव्रतो की उच्चारणा को किया करते हैं उसे करने के लिये मैं भी उपस्थित हुआ हूँ। यह सूचना करते हुए छठे रात्रिभोजनविरमण के साथ उक्त महाव्रतोच्चारणा पाच प्रकार की कही गई है। तत्पश्चात् क्रम से प्राणातिपातविरमण आदि छहों महाव्रतों का उच्चारण किया गया है। जैसे—प्राणातिपात से विरत होना, यह अहिंसा महाव्रत है। इस अहिंसा महाव्रत में मैं सूक्ष्म, बादर, त्रस व स्थावर समस्त प्राणातिपात का मन, वचन व काय से तथा कृत, कारित व अनुमति से प्रत्याख्यान करता हू। मैं अतीत सब प्राणातिपात की निन्दा करता हू, वर्तमान का निवारण करता हू, और अनागत का प्रत्याख्यान करता हू इत्यादि।

इसी प्रकार से आगे शेष महाव्रतों की भी उच्चारणा की गई है। तत्पश्चात् भगवान् महावीर की स्तुतिपूर्वक सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग और प्रत्याख्यान; इन छह आवश्यको का निर्देश करते हुए उत्कालिक और कालिक श्रुत का कीर्तन किया गया है। इसके ऊपर यशोदेव सूरि (विक्रम की १२वीं शताब्दी) द्वारा टीका लिखी गई है। इस टीका के साथ वह देवचन्द्र

लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अचौर्यमहाव्रत और अहिंसा-महाव्रत आदि शब्दों मे हुआ है।

५७. ज्योतिष्करण्डक—इसके कर्ता का नाम अज्ञात है। इसमे २१ प्राभृत (अधिकार) और सब गाथायें ३७६ हैं। यहा कालमान, मासभेद, वर्षभेद, दिन व तिथि का प्रमाण, परमाणु का स्वरूप व उससे निष्पन्न होने वाले अगुल आदि का प्रमाण, चन्द्र की हानि-वृद्धि, चन्द्र-सूर्यों की सख्या, नक्षत्रों की आकृति; चन्द्र, सूर्य व नक्षत्र आदि की गति, सूर्य-चन्द्रमण्डल और पौरुषीप्रमाण, इत्यादि विषयों की प्ररूपणा की गई है।

इस पर आचार्य मलयगिरि की टीका है। गाथा ६४-७१ मे लताग व लता आदि कालमानो की प्ररूपणा की गई है। ये कालमान अनुयोगद्वारसूत्र मे निरूपित कालमानो से कुछ भिन्न है। इस भिन्नता का विचार करते हुए टीका मे मलयगिरि ने यह कहा है कि स्कन्दिलाचार्य के समय दुष्षमाकाल के प्रभाव से जो दुर्भिक्ष पड़ा था, उसके कारण साधुओ का अध्ययन व गुणन (चिन्तन) आदि सब नष्ट हो गया था। उस दुर्भिक्ष के नष्ट होने पर सुभिक्ष के समय दो सघो का मिलाप हुआ—एक वलभी मे और एक मथुरा मे। उनमे सूत्रार्थ की सघटना से परस्पर वाचनाभेद हो गया। सो वह अस्वाभाविक भी नही हैं, क्योकि विस्मृत सूत्र और अर्थ का स्मरण कर करके सघटना करने पर वाचनाभेद अवश्यभावी है। इसमे असगति कुछ भी नही है। उनमे जो अनुयोगद्वार आदि आज वर्तमान है वे माथुर वाचना के अनुसार हैं। पर ज्योतिष्करण्डक के कर्ता आचार्य वालभी वाचना के अनुयायी रहे हैं। इस प्रकार इसमे जो सख्यास्थानो का प्रतिपादन किया गया है वह वालभ्य वाचना के अनुसार किया गया है। अतएव अनुयोगद्वारप्रतिपादित सख्यास्थानों से इनकी भिन्नता को देख करके अश्रद्धा नही करना चाहिए[1]।

यह उक्त टीका के साथ ऋषभदेव जी केशरीमलजी श्वे. सस्था रतलाम मे प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अक्ष (मापविशेष), अभिवर्धित मास, अभिवर्धित संवत्सर, आदित्यमास, आदित्यसवत्सर, उच्छ्वास और उत्सर्पिणी आदि शब्दो मे हुआ है।

५८. प्रा. पचसंग्रह (दि.)—पचसंग्रह इस नाम से प्रसिद्ध अनेक ग्रन्थ है, जो सस्कृत और प्राकृत दोनो ही भाषाओ मे रचे गये हैं। उनमे यहा दिगम्बर सम्प्रदाय मान्य पचसग्रह का परिचय कराया जा रहा है। यह किसके द्वारा रचा या सकलित किया गया है, यह अभी तक अज्ञात ही बना हुआ है। पर विषयव्यावर्णन और रचनाशैली को देखते हुए वह बहुत कुछ प्राचीन प्रतीत होता है। इसमे नाम के अनुसार ये पाच प्रकरण है—जीवसमास, प्रकृतिसमुत्कीर्तन, बन्धस्तव, शतक और सप्ततिका। इनकी गाथासख्या क्रमश. इस प्रकार है—२०६+१२+७७+५२२+५०७=१३२४। प्रकृतिसमुत्कीर्तन नामक दूसरे प्रकरण मे कुछ गद्यभाग भी है। उक्त पाच प्रकरणो मे क्रम से कर्म के बन्धक (जीव), बध्यमान (कर्म), बन्धस्वामित्व, बन्ध के कारण और बन्ध के भेदो की प्ररूपणा की गई है। प्रसंग के अनुसार अन्य भी विषयो का—जैसे उदय व सत्त्व आदि का—निरूपण किया गया है।

वीरसेनाचार्य द्वारा अपनी धवला टीका मे अनेक ऐसी गाथाओ को उद्धृत किया गया है जो यथास्थान प्रस्तुत पचसग्रह मे उपलब्ध होती है। पर ग्रन्थ और ग्रन्थकार के नाम का निर्देश वहाँ कहीं नही किया गया है। इससे कहा नही जा सकता है कि उनके समक्ष प्रस्तुत पचसंग्रह रहा है या अन्य कोई प्राचीन ग्रन्थ।

इसके ऊपर भट्टारक सुमतिकीर्ति द्वारा सस्कृत टीका रची गई है। जिसे उन्होने भाद्रपद शुक्ला दशमी वि. स १६२० को पूर्ण किया है। यह भारतीय ज्ञानपीठ काशी से प्रकाशित हो चुका है। इसका उपयोग अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, अपूर्वकरण गुणस्थान, अयोगिजिन, अलेश्य, अविरतसम्यग्दृष्टि और आहारक (जीव) आदि शब्दो मे हुआ हुआ है।

५९. परमात्मप्रकाश—इसके रचयिता योगीन्दु देव हैं। उनका समय विक्रम की छठी-सातवीं

1. ज्योतिष्क. टीका ७१, पृ. ४०

शताब्दी है। ग्रन्थ की भाषा अपभ्रंश है। वह प्रायः दोहा छन्द मे रचा गया है। अन्तिम दो पद्यों में प्रथम स्रग्धरा छन्द में और दूसरा मालिनी छन्द मे रचा गया है। इसमें २ अधिकार व पद्यसंख्या १२३+२१४=३३७ है। इनमे कुछ प्रक्षिप्त पद्य भी सम्मिलित हैं। इसमें बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा के स्वरूप को प्रगट करते हुए द्रव्य, गुण, पर्याय, निश्चयनय, मोक्ष, मोक्षफल और निश्चय-व्यवहार के भेद से दो प्रकार के मोक्षमार्ग का विवेचन किया गया है।

ग्रन्थ की रचना योगीन्दु देव के द्वारा शिष्य प्रभाकर भट्ट की विज्ञप्ति पर की गई है। ग्रन्थ को प्रारम्भ करते हुए मंगल के पश्चात् यहाँ यह कहा गया है कि भट्ट प्रभाकर ने भावतः पंच गुरुओं को नमस्कार कर निर्मल भावपूर्वक योगीन्दु जिनसे विज्ञप्ति की कि स्वामिन्, ससार मे रहते हुए अनन्त काल बीत गया, पर मैने थोडा भी सुख नही प्राप्त किया, किन्तु दुख ही अधिक प्राप्त किया है। इसलिए कृपाकर मुझे चतुर्गति के दुःख को नष्ट करनेवाले परमात्मा के स्वरूप को कहिये। इस प्रकार से विज्ञापित योगीन्दु देव कहते हैं कि हे भट्ट प्रभाकर सुनो, मैं तीन प्रकार के आत्मा के स्वरूप को कहता हूँ[1]।

ग्रन्थ के अन्त में भी ग्रन्थकार यह अभिप्राय प्रगट करते हैं कि यहां जो कही-कही कुछ पुनरुक्ति हुई है वह प्रभाकर भट्ट के कारण से हुई है, अत. पण्डित जन उसे न तो दोषजनक ग्रहण करें और न गुण ही समझें[2]।

इसके ऊपर ब्रह्मदेव के द्वारा टीका रची गई है। ब्रह्मदेव विक्रम की ११-१२वी शताब्दी के विद्वान् हैं। उन्होने भोजदेव के राज्यकाल (वि. स. १०७०-१११०) मे द्रव्यसग्रह की टीका लिखी है[3]। इन्होने भी अपनी टीका मे प्रभाकर भट्ट का शकाकार के रूप मे उल्लेख करते हुए कहा है कि यदि पुण्य मुख्य रूप से मोक्ष का कारण व उपादेय नही है तो भरत, सगर, राम और पाण्डव आदि भी निरन्तर परमेष्ठि-गुणस्मरण एवं दान-पूजा आदि के द्वारा भक्तिवश पुण्य का उपार्जन किसलिए करते रहे हैं[4]।

यह उक्त टीका के साथ परमश्रुत प्रभावक मण्डल बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—परमात्मा और बहिरात्मा आदि।

टीका—अव्याबाधसुख आदि।

६०. **सम्मतिसूत्र**—यह आचार्य सिद्धसेन दिवाकर द्वारा रचा गया एक प्राकृत गाथाबद्ध ग्रन्थ है, जो दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनो ही परम्पराओ मे समानरूप से प्रतिष्ठित है। ये सिद्धसेन न्यायावतार के कर्ता से भिन्न व उनके पूर्ववर्ती हैं। इनका समय विक्रम की छठी या सातवीं शताब्दी है। वे निर्युक्तिकार भद्रबाहु (द्वितीय) के बाद और जिनभद्र क्षमाश्रमण के पूर्व (वि. स. ५६२-६६६) किसी समय मे हुए हैं[5]। प्रस्तुत ग्रन्थ तीन काण्डो मे विभक्त है। समस्त गाथासख्या ५४+४३+७०=१६७ है। उक्त तीन काण्डो मे प्रथम का नाम नयकाण्ड और द्वितीय का नाम जीवकाण्ड पाया जाता है, तीसरे काण्ड का कोई नाम उपलब्ध नहीं होता। इसके ऊपर प्रद्युम्न सूरि के शिष्य अभयदेव सूरि (विक्रम की १०वी शताब्दी) द्वारा विरचित विस्तृत टीका है। इसके प्रथम काण्ड मे नय—विशेषतया द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक नय—के स्वरूप का विचार करते हुए उनके आश्रय से निक्षेपविधि की योजना-

---

१. परमा. १, ८-११.

२. इत्थु ण लेवउ पंडियहिँ गुण-दोसु वि पुणरुत्तु।
भट्ट-पभायर कारणइँ मइँ पुणु पुणु वि पउत्तु॥२-२११.

३. अनेकान्त के 'छोटेलाल जैन स्मृति ग्रंक' मे 'द्रव्यसग्रह के कर्ता और टीकाकार के समय पर विचार' शीर्षक लेख। पृ. १४५-४८.

४. परमा. २-६१.

५. पुरातन जैन वाक्यसूची की प्रस्तावना, पृ. १४४-४७.

पूर्वक वस्तुस्वरूप का विचार किया गया व सप्तभंगी की योजना की गई है। द्वितीय काण्ड में ज्ञान और दर्शन उपयोगो का विचार करते हुए छद्मस्थ के ज्ञान और दर्शन मे तो क्रमवर्तित्व बतलाया गया है, परन्तु केवली के ज्ञान-दर्शन मे उस क्रमवर्तित्व का निराकरण करते हुए उन दोनो मे अभेद सिद्ध किया गया है। वहां कहा गया है कि केवली चूंकि नियमतः अस्पष्ट पदार्थों को जानते एव देखते हैं, अतएव उनका केवलमवबोध ही समानरूप से ज्ञान और दर्शन है। आगे वहां कहा गया है कि इस प्रकार जिनप्ररूपित पदार्थों का जो श्रद्धान करता है उसका जो आभिनिबोधिक ज्ञान है वही दर्शन है—सम्यग्दर्शन शब्द से कहा जाने वाला है। अन्त मे 'अनादि-अनिधन जीव और सादि-अनिधन केवलज्ञान इन दोनो में अभेद कैसे हो सकता है,' इस शका का निराकरण करते हुए कहा गया है कि जिस प्रकार कोई पुरुष साठ वर्ष का हुआ व तीस वर्ष का राजा हुआ, इस उदाहरण मे पुरुषसामान्य की अपेक्षा अभेद के होते हुए भी राजारूप पर्याय की अपेक्षा भेद देखा जाता है, उसी प्रकार प्रकृत मे कथंचित् भेदाभेद समझना चाहिए।

अन्तिम तृतीय काण्ड मे सामान्य और विशेष का विचार करते हुए तद्विषयक भेदैकान्त और अभेदैकान्त का निराकरण किया गया है और उनमे कथचित् भेदाभेद को सिद्ध किया गया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ मूलरूप मे जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर द्वारा तथा अभयदेव सूरि विरचित उक्त टीका के साथ गुजरात विद्यापीठ (गुजरात पुरातत्त्वमन्दिर ग्रन्थावली) अहमदाबाद द्वारा पाच भागो में प्रकाशित किया गया है। इनका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अस्ति-अवक्तव्य द्रव्य, अस्ति-नास्ति-अवक्तव्य द्रव्य और अस्ति-नास्ति द्रव्य आदि।

टीका—ऋजुसूत्र और एवम्भूत नय आदि।

६१. न्यायावतार—इसके रचयिता सिद्धसेन दिवाकर है। इनका समय (प्राय. विक्रम की ८वीं शताब्दी) है। इसके ऊपर सिद्धर्षि (विक्रम की १०वी शताब्दी) विरचित एक टीका है। सिद्धर्षि के द्वारा अपनी उपमितिभव-प्रपचकथा ई. सन् ९०६ (विक्रम सं. ९६३) मे समाप्त की गई है। प्रस्तुत ग्रन्थ में सूत्ररूप ३२ कारिकायें (श्लोक) हैं। ये कारिकायें अर्थतः गम्भीर है। यहाँ सर्वप्रथम स्व-पराबभासी निर्बाध ज्ञान को प्रमाण बतलाकर उसके प्रत्यक्ष और परोक्ष इन दो भेदो का निर्देश किया गया है। पश्चात् प्रसिद्ध प्रमाणो के लक्षण के निरूपण का प्रयोजन बतलाते हुए प्रत्यक्ष और परोक्ष का लक्षण इस प्रकार कहा गया है—जो ज्ञान अपरोक्षस्वरूप से, अर्थात् इन्द्रियो की अपेक्षा न कर साक्षात्कारिता से, अर्थ को ग्रहण करता है उसे प्रत्यक्ष और उससे विपरीत को परोक्ष कहते हैं। आगे अनुमान के लक्षण का निर्देश करते हुए उसे प्रत्यक्ष के समान अभ्रान्त बतलाया है।

तत्पश्चात् सामान्य से शाब्द—शब्दजन्य ज्ञान—का लक्षण बतलाते हुए जिस प्रकार के शास्त्र से उत्पन्न होनेवाला वह शाब्द ज्ञान प्रमाण हो सकता है उस शास्त्र के लक्षण का निर्देश किया गया है। जिस श्लोक के द्वारा उक्त लक्षण को प्रगट किया गया है वह समन्तभद्राचार्य विरचित रत्नकरण्डक मे उपलब्ध होता है[१]। इस क्रम से यहा आगे परार्थानुमान, पक्ष, हेतु, दृष्टान्त, तदाभास (पक्षाभासादि), दूषण, दूषणाभास, केवलज्ञान, प्रमाण का फल, स्याद्वादश्रुत और प्रमाता जीव; इनकी चर्चा की गई है। अन्त मे कहा गया है कि यह अनादि-निधन प्रमाणादि की व्यवस्था यद्यपि सब व्यवहारी जनों को प्रसिद्ध है, फिर भी अव्युत्पन्नो को उसका बोध कराने के लिए यहाँ उसकी प्ररूपणा की गई है।

यह मूलरूपमे जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर द्वारा तथा सिद्धर्षि विरचित उक्त टीका और देवभद्र सूरिकृत टिप्पण के साथ श्वेताम्बर जैन महासभा बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

मूल—अनुमान, अनैकान्तिक और असिद्ध हेत्वाभास आदि।

---

१. आप्तोपज्ञमनुल्लङ्घ्यमदृष्टेष्टविरोधकम्।
तत्त्वोपदेशकृत्सार्वं शास्त्रं कापथघट्टनम्॥ न्यायाव. ९; रत्नक. ९.

टीका—अनैकान्तिक आदि।

६२. **तत्त्वार्थवार्तिक**—आचार्य अकलंक देव द्वारा विरचित यह तत्त्वार्थसूत्र की व्याख्या है। अकलंकदेव का समय ई. ७२०-८०. (वि. सं. ७७७-८३७) निश्चित किया गया है[1]। वे प्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान् तो थे ही, साथ ही वे सिद्धान्त के भी मर्मज्ञ थे। उनके समक्ष षट्खण्डागम रहा है और प्रस्तुत व्याख्या में उन्होने इसका पर्याप्त उपयोग भी किया है। जैसे—तत्त्वार्थवार्तिक में प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्ति के विषय मे जो विवेचन किया गया है वह प्राय षट्खण्डागम के आश्रय से किया गया है। यहाँ दोनों ग्रन्थों के कुछ समान उद्धरण दिये जाते हैं[2]—

एदेसिं चेव सव्वकम्माणं जावे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं ठवेदि संखेज्जेहि सागरोवमसहस्सेहि ऊणियं ताधे पढमसम्मत्तमुप्पादेदि। षट्ख १, ९-८, ५—पु. ६, पृ. २२२,

अन्त कोटिकोटिसागरोपमस्थितिकेषु कर्मसु बन्धमापद्यमानेषु विशुद्धिपरिणामवशात् सत्कर्मसु च ततः संख्येयसागरोपमसहस्रोनायामन्त.कोटिकोटिसागरोपमस्थितौ स्थापितेष प्रथमसम्यक्त्वयोग्यो भवति। त. वा. २, ३, २।

× × ×

सो पुण पंचिदिओ सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तओ सव्वविसुद्धो।

षट्ख. १, ९-८, ४—पु. ६, पृ. २०६।

स पुनर्भव्यः पचेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टिः पर्याप्तकः सर्वविशुद्धः प्रथमसम्यक्त्वमुत्पादयति। त. वा. २, ३, २।

वार्तिककार के सामने लोकानुयोग के भी कुछ प्राचीन ग्रन्थ रहे हैं। चतुर्थ अध्याय के अन्तर्गत १९वें सूत्र की व्याख्या करते हुए उनके द्वारा कल्पों की व्यवस्था मे १४ इन्द्रो की प्ररूपणा की गई है। वहा उन्होंने यह कहा है कि ये जो यहाँ १४ इन्द्र कहे गये हैं वे लोकानुयोग के उपदेश के अनुसार कहे गये हैं। परन्तु यहाँ (तत्त्वार्थसूत्र में) वे १२ ही माने गये है। इसके अनुसार ब्रह्मोत्तर, कापिष्ठ, महाशुक्र और सहस्रार ये चार इन्द्र दक्षिण इन्द्रो के अनुवर्ती है तथा आनत और प्राणत मे एक-एक इन्द्र हैं[3]।

इस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र की इस व्याख्या मे प्रसग के अनुसार अनेक महत्त्वपूर्ण विषयो की चर्चा की गई है। ग्रन्थ भारतीय ज्ञानपीठ काशी से २ भागो मे प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अकषायवेदनीय, अकामनिर्जरा, अक्ष (आत्मा), अक्षप्रक्षण, अक्षीणमहानस और अगुरुलघु नामकर्म आदि शब्दों में हुआ है।

६३. **लघीयस्त्रय**—इसके रचयिता उक्त आचार्य अकलंक देव हैं। इसमे सब ७८ कारिकायें हैं। ग्रन्थ प्रत्यक्ष परिच्छेद, विषय परिच्छेद, परोक्ष परिच्छेद, आगम परिच्छेद, नयप्रवेश और प्रवचनप्रवेश; इन छह परिच्छेदों मे विभक्त है। इसमे प्रत्यक्ष व परोक्ष प्रमाण, उनके विषय, अनेक भेदयुक्त नय और निक्षेप आदि का विवेचन किया गया है। इस पर स्वय अकलक देव के द्वारा विवृति, आचार्य प्रभाचन्द्र (विक्रम स. १०३७-११२२, ई. ९८०-१०६५)[4] द्वारा विरचित विस्तृत न्यायकुमुदचन्द्र नाम की व्याख्या और अभयचन्द्र सूरि (विक्रम की १३-१४वीं शती) विरचित तात्पर्यवृत्ति टीका है। उक्त न्यायकुमुदचन्द्र व्याख्या के साथ मूल ग्रन्थ मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से दो भागों मे प्रकाशित हुआ है। तथा अभयचन्द्र विरचित वृत्ति के साथ भी वह उक्त संस्था द्वारा अलग से प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

---

१. सिद्धिविनिश्चय १, प्रस्तावना पृ. ४६ व ५५।

२. विशेष जानने के लिये देखिये अनेकान्त (वर्ष १९, किरण ५, पृ. ३२१-२५) में 'सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक पर षट्खण्डागम का प्रभाव' शीर्षक लेख।

३. त. वा. ४, १९, ८, पृ. २३३, पं. २१-२३।

४. सिद्धिविनिश्चय १, प्रस्तावना, पृ. ४१।

मूल—प्रतीन्द्रिय प्रत्यक्ष, अनुमान, अभिरूढ और उपयोग आदि ।
न्यायकु.—अनुयोग आदि ।
तात्पर्यवृत्ति—अर्थक्रिया आदि ।

६४. **न्यायविनिश्चय**—इसके रचयिता उक्त अकलंक देव हैं । इसमें तीन प्रकरण हैं—प्रत्यक्ष प्रस्ताव, अनुमान प्रस्ताव और प्रवचन प्रस्ताव । नामो के अनुसार इनमे क्रम से प्रत्यक्ष, अनुमान और प्रवचन (आगम) प्रमाणों का ऊहापोहपूर्वक विचार किया गया है । समस्त कारिकाओं की संख्या ४८० है । यह मूलरूप मे सिंघी जैन ग्रन्थमाला कलकत्ता द्वारा प्रकाशित 'अकलंकग्रन्थत्रय' मे मुद्रित है तथा आ. वादिराज (विक्रम की ११वीं शताब्दी, ई. १०२५) द्वारा विरचित विवरण के साथ वह भारतीय ज्ञानपीठ काशी द्वारा दो भागों में प्रकाशित किया गया है । इसका उपयोग अनुमान, अन्वय और उपमान आदि शब्दों में हुआ है ।

६५. **प्रमाणसंग्रह**—यह कृति भी उक्त अकलंक देव की है । इसमे प्रत्यक्ष, स्मृति आदि भेदो से युक्त परोक्ष, अनुमान व उसके अवयव, हेतु, हेत्वाभास, वाद, सर्वज्ञता और सप्तभंगी आदि विषयों की प्ररूपणा की गई है । सब कारिकायें ८७½ हैं । इस पर एक स्वोपज्ञ विवृति भी है जो कारिकाओं के अर्थ की पूरक है । यह अकलंकग्रन्थत्रय मे सिंघी जैन ग्रन्थमाला कलकत्ता द्वारा प्रकाशित हो चुका है । इसका उपयोग अनुपलम्भ आदि शब्दो मे हुआ है ।

६६. **सिद्धिविनिश्चय**—इसके भी रचयिता उक्त आचार्य अकलक देव है । इसमे निम्न लिखित १२ प्रस्ताव हैं—*प्रत्यक्षसिद्धि, सविकल्पसिद्धि, प्रमाणान्तरसिद्धि, जीवसिद्धि, जल्पसिद्धि, हेतुलक्षणसिद्धि,* शास्त्रार्थसिद्धि, सर्वज्ञसिद्धि, शब्दसिद्धि, अर्थनयसिद्धि, शब्दनयसिद्धि और निक्षेपसिद्धि । यह स्वोपज्ञ विवृति और आचार्य अनन्तवीर्य द्वारा विरचित टीका से सहित है । अनन्तवीर्य नाम के अनेक ग्रन्थकार हुए हैं । उनमे से प्रकृत टीका के रचयिता अनन्तवीर्य का समय प. महेन्द्रकुमार जी न्यायाचार्य के द्वारा ई. ९५०–९९० (वि. स. १००७–१०४७) सिद्ध किया गया है[1] । इस टीका के साथ वह भारतीय ज्ञानपीठ काशी से दो भागों मे प्रकाशित हुआ है । इसका उपयोग निम्न शब्दो मे हुआ है—

मूल—अन्ययोगव्यवच्छेद और उपमान आदि ।

टीका—अकिंचित्कर, अनैकान्तिक, अन्यथानुपपत्ति, अन्यथानुपपन्नत्व, अन्ययोगव्यवच्छेद, अयोगव्यवच्छेद, असिद्धहेत्वाभास और उपमान आदि ।

६७. **पद्मपुराण**—इसे पद्मचरित भी कहा जाता है । यह आचार्य रविषेण के द्वारा महावीर निर्वाण के बाद बारह सौ तीन वर्ष और छह मास (१२०३½) के बीतने पर (वि. स. ७३३ के लगभग) रचा गया है[2] । इसमें प्रमुखता से रामचन्द्र के जीवनवृत्त का निरूपण किया गया है रामचन्द्र की कथा इतनी रोचक रही है कि उसे थोडे-बहुत परिवर्तन के साथ अनेक सम्प्रदायो ने अपनाया है । प्रकृत ग्रन्थ विविध घटनाओ व विषयविवेचन के अनुसार १२३ पर्वों मे विभक्त है । यह मूल मात्र मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से ३ भागो मे प्रकाशित हुआ है तथा हिन्दी अनुवाद के साथ भी वह भा. ज्ञानपीठ काशी से ३ भागो मे प्रकाशित हुआ है । इसका उपयोग अक्षौहिणी अज, अधोलोक, अहिंसाणुव्रत और आक्षेपिणी कथा आदि शब्दो मे हुआ है ।

६८. **वरांगचरित**—इसके रचयिता आचार्य जटासिंहनन्दी हैं । इनका समय विक्रम की ८वीं शताब्दी है । प्रस्तुत ग्रन्थ ३१ सर्गों मे विभक्त है । यह अनुष्टुप् व उपजाति आदि अनेक छन्दो मे रचा गया है । इसमें उत्तमपुर के शासक भोजवंशी राजा धर्मसेन के पुत्र वरांग की कथा दी गई है । यथाप्रसंग वहां शुभाशुभ कर्म और उनके फल का विवेचन करते हुए मतान्तरो की समीक्षा भी की गई है ।

१. सिद्धिविनिश्चय १, प्रस्तावना पृ. ८७.
२. पद्मपु. १२३–१८२.

यह मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अधर्मद्रव्य, अनार्य, अस्तेयमहाव्रत, आकाश, आप्त, आर्य और ऋतु आदि शब्दों में हुआ है।

६९. **हरिवंशपुराण**—इसके रचयिता आचार्य जिनसेन प्रथम हैं जो पुन्नाटसंघ के रहे हैं। गुरु उनके कीर्तिषेण थे। इसका रचनाकाल शक सं. ७०५ (विक्रम सं. ८४०) है[1]। यह ६६ पर्वों में विभक्त है। इसमें हरिवंश को विभूषित करने वाले भगवान् नेमिनाथ व नारायण श्रीकृष्ण आदि का जीवनवृत्त है। प्रारम्भ में यहां मंगलाचरण के पश्चात् आचार्य समन्तभद्र, सिद्धसेन, देवनन्दी (पूज्यपाद), वज्रसूरि, महासेन, रविषेण, वरांगचरित के कर्ता जटासिंहनन्दी, शान्त, विशेषवादी, प्रभाचन्द्र के गुरु कुमारसेन, वीरसेन गुरु और पार्श्वाभ्युदय के कर्ता जिनसेन का स्मरण किया गया है[2]। तत्पश्चात् तीन केवली और पांच श्रुतकेवली आदि के नामों का उल्लेख करते हुए श्रुत की अविच्छिन्न परम्परा निर्दिष्ट की गई है[3]। साठवें पर्व मे श्रीकृष्ण के प्रश्न के अनुसार भगवान् नेमि जिनेन्द्र के मुख से तिरेसठ शलाकापुरुषों के चरित का भी निरूपण कराया गया है[4]। अन्तिम छयासठवें सर्ग मे ग्रन्थ के कर्ता आचार्य जिनसेन ने अपनी परम्परा को प्रगट करते हुए इन आचार्यों का नामोल्लेख किया है—१ विनयधर, २ गुप्तऋषि, ३ गुप्तश्रुति, ४ शिवगुप्त, ५ अर्हद्बलि, ६ मन्दरार्य, ७ मित्रवीरवि, ८ बलदेव, ९ मित्र, १० सिंहबल, ११ वीरवित्, १२ पद्मसेन, १३ व्याघ्रहस्तक, १४ नागहस्ती, १५ जितदण्ड, १६ नन्दिषेण, १७ प्रभुदीपसेन, १८ तपोधन धरसेन, १९ सुधर्मसेन, २० सिंहसेन, २१ सुनन्दिषेण (प्र.), २२ ईश्वरसेन, २३ सुनन्दिषेण (द्वि.) २४ अभयसेन, २५ सिद्धसेन, अभयसेन (द्वि.), २७ भीमसेन २८ जिनसेन, २९ शान्तिषेण, ३० जयसेन गुरु, ३१ उनके पुनाट सघ के अग्रणी शिष्य अमितसेन—जिनके अग्रज कीर्तिषेण थे, और उनके प्रमुख शिष्य जिनसेन—प्रकृत ग्रन्थ के निर्माता।

यह मूल मात्र मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई द्वारा दो भागो में तथा हिन्दी अनुवाद के साथ भारतीय ज्ञानपीठ काशी द्वारा भी प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग अचौर्याणुव्रत, अज, अजीवविचय, अतिथिसंविभाग, अनाकांक्षक्रिया, अन्न-पाननिरोध, अपध्यान, अपायविचय और उपायविचय आदि शब्दों मे हुआ है।

७०. **महापुराण**—यह वीरसेन स्वामी के शिष्य आचार्य जिनसेन द्वारा विरचित है। प. नाथूरामजी प्रेमी ने आ. जिनसेन के समय का अनुमान शक स. ६७५–७६५ (विक्रम स. ८१०–९००) किया है[5]। आचार्य जिनसेन बहुश्रुत विद्वान् थे। प्रस्तुत महापुराण भारतीय ज्ञानपीठ काशी द्वारा तीन भागों में प्रकाशित किया गया है। इनमें से प्रथम दो भागों मे भगवान् आदिनाथ के चरित का वर्णन है। इसीलिए यह आदिपुराण भी कहलाता है। तीसरे भाग मे अजितादि शेष २३ तीर्थंकरो, चक्रवर्तियों और नारायण-प्रतिनारायण आदि के चरित का कथन किया गया है। इसे उत्तरपुराण कहा जाता है। आचार्य जिनसेन इस समस्त महापुराण को पूरा नही कर सके। आदिपुराण मे ४७ पर्व हैं, उनमें जिनसेन स्वामी के द्वारा ४२ पर्व पूर्ण और ४३वें पर्व के केवल ३ श्लोक ही रचे जा सके, तत्पश्चात् वे स्वर्गस्थ हो गये। तब उनकी इस अधूरी कृति को उनके शिष्य गुणभद्राचार्य ने पूरा किया है। इस प्रकार गुणभद्राचार्य के द्वारा आदिपुराण के शेष पांच पर्व तथा उत्तरपुराण के २९ (४८–७६) पर्व रचे गये हैं। जिनसेन के द्वारा इसके प्रारम्भ में अपने पूर्ववर्ती निम्न आचार्यों का स्मरण किया गया है—१ सिद्धसेन, २ समन्तभद्र, ३ श्रीदत्त, ४ यशोभद्र, ५ चन्द्रोदय के कर्ता प्रभाचन्द्र कवि, ६ आराधनाचतुष्टय के कर्ता शिवकोटि मुनि, ७ जटाचार्य, ८ काणभिक्षु, ९ देव (देवनन्दी), १० भट्टाकलंक, ११ श्रीपाल, १२ पात्रकेसरी, १३ वादिसिंह, १४ वीरसेन भट्टारक, १५ जयसेन गुरु और १६ कवि परमेश्वर। यह भारतीय

---

१. हरिवंशपु. ६६, ५२–५३. २. सर्ग १, श्लोक २९–४०.

३. सर्ग १, श्लोक ५८-६५ (आगे ६६ सर्ग के २३–२४ श्लोकों में पुन: उसकी संक्षेप में सूचना की गई है)। ४. श्लोक १३५–५७२.

५. जैन साहित्य और इतिहास, पृ. ५११–१२.

ज्ञानपीठ काशी द्वारा तीन भागों में प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग अणुव्रत, आख्यान, आर्हन्त्यक्रिया, इक्ष्वाकु, उपक्रम, उपदेशसम्यक्त्व और एकत्ववितर्कवीचार आदि शब्दो मे हुआ है।

७१. **प्रमाणपरीक्षा**—इसके रचयिता आचार्य विद्यानन्द (विक्रम की ६वीं शताब्दी) हैं। इसमें सन्निकर्षादि को प्रमाण मानने वाले प्रवादियों के अभिमत की परीक्षा करते हुए उसका निराकरण किया गया है और स्वार्थव्यवसायात्मक सम्यग्ज्ञान को प्रमाण सिद्ध किया गया है। पश्चात् उस प्रमाण के प्रत्यक्ष व परोक्ष इन दो भेदो का निर्देश करके उनके उत्तर भेदो की भी प्ररूपणा करते हुए तद्विषयक मतान्तरों की समीक्षा भी की गई है।

यह आप्तमीमासा के साथ मे भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था काशी द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग अवाय, ईहा और उपयोग आदि शब्दो मे हुआ है।

७२. **तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक**—यह उक्त आचार्य विद्यानन्द द्वारा विरचित तत्त्वार्थसूत्र की विस्तृत व्याख्या है। रचनाकाल इसका ई. ८१० (वि. स. ८६७) है। यहाँ सर्वप्रथम यह शका उठाई गई है कि प्रवक्ताविशेष के अभाव मे चूँकि किसी प्रतिपाद्यविशेष के प्रतिपित्सा (जिज्ञासा) सम्भव नही है, अतएव तत्त्वार्थशास्त्र का यह प्रथम सूत्र घटित नही होता है। इसके समाधान मे कहा गया है कि जिसने समस्त तत्त्वार्थ को जान लिया है तथा जो कर्म-मल से रहित हो चुका है उसके मोक्षमार्ग के नेता सिद्ध हो जाने पर चूकि प्रतिपित्सा असम्भव नही है, अतएव उक्त प्रथम सूत्र की प्रवृत्ति सगत ही है—असगत नही है। इस प्रसंग मे यहाँ आगमविषयक विभिन्न मान्यताओ का निराकरण करते हुए सर्वज्ञ-प्ररूपित आगम को प्रमाणभूत सिद्ध किया गया है। साथ ही अन्य प्रवादियो के द्वारा माने गये आप्त का निराकरण भी किया गया है।

इस प्रकार पूर्व पीठिकारूप से इतना विवेचन करके तत्पश्चात् क्रम से समस्त सूत्रों की तार्किक पद्धति से व्याख्या की गई है। यह रामचन्द्र नाथारग गाधी बम्बई के द्वारा प्रकाशित कराया गया है। इसका उपयोग अण्डज, अदर्शनपरीषहजय, अधिकरणक्रिया और अनर्थक्रिया आदि शब्दो मे हुआ है।

७३. **आत्मानुशासन**—गुणभद्राचार्य (विक्रम की ६-१०वी शताब्दी) द्वारा विरचित यह एक उपदेशात्मक ग्रन्थ है। आत्महितैषी प्राणी आत्मा का उद्धार किस प्रकार से कर सकता है, इसकी शिक्षा यहाँ अनेक प्रकार से दी गई है। इसमे विविध छन्दो मे २६६ श्लोक हैं। इसके ऊपर आचार्य प्रभाचन्द्र (विक्रम की १३वी शताब्दी) विरचित एक सक्षिप्त सस्कृत टीका भी है। इस टीका के साथ मूल ग्रन्थ जैन सस्कृति सरक्षक संघ सोलापुर से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अर्थ (सम्यक्त्वभेद), अवगाढ-सम्यक्त्व और आज्ञासम्यक्त्व आदि शब्दो मे हुआ है।

७४. **धर्मसंग्रहणी**—इसके रचयिता हरिभद्र सूरि है। ये बहुश्रुत विद्वान् थे। इन्होने प्राकृत और संस्कृत दोनो ही भाषाओ मे अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ रचे हैं। इसके अतिरिक्त बहुत से ग्रन्थो पर टीका भी लिखी है। इनके द्वारा विरचित अधिकाश ग्रन्थो के अन्त मे 'विरह' शब्द उपलब्ध होता है। इनका समय विक्रम स. ७५७ से ८२७ तक निश्चित किया गया है[1]। इनका आख्यान प्रभावकचरित (पृ. १०३–२३) मे उपलब्ध होता है।

प्रस्तुत ग्रन्थ प्राकृत गाथाबद्ध है। गाथाओ का प्रमाण १३६६ है। लेखनपद्धति दार्शनिक है। यहाँ जीव को अनादिनिधन, अमूर्त, परिणामी, ज्ञायक, कर्ता और मिथ्यात्वादिकृत निज कर्म के फल का भोक्ता बतलाते हुए प्रथमतः उसके अस्तित्व को सिद्ध किया गया है। फिर उसकी परलोकगामिता के साथ नित्यता की भी सिद्धि की गई है। इसी क्रम से आगे उसकी परिणामिता, शरीरप्रमाणता, ज्ञातृत्व, कर्म-कर्तृता और कर्मफलभोक्तृत्व को भी सिद्ध किया गया है। आगे कर्म के स्वरूपादि और उसके मूर्तिमत्त्व का विचार करते हुए बाह्य अर्थ को सिद्ध किया गया है। तत्पश्चात् सम्यक्त्व, ज्ञान, वीत-रागता और सर्वज्ञता आदि का विवेचन करते हुए यथाप्रसग अन्यान्य विषयो का भी विचार किया गया

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भा. ३, पृ. ३५६.

है। प्रकरणानुसार इसमें और श्रावकप्रज्ञप्ति में कितनी ही गाथाएँ समानरूप से उपलब्ध होती हैं। कुछ गाथायें समराच्चकहा में भी उपलब्ध होती हैं। यथाक्रम से मिलान कीजिये—

धर्मसंग्रहणी—६०७-२३, ७४४-४७, ७५२, ७५५-६३, ८००, ७८०(पू.), ७९६-८१४.

श्रावकप्रज्ञप्ति—१०-२६, २७-३०, ३२, ३४-४२, ४७, १०१(पू.), ४३-६१.

इसके ऊपर आचार्य मलयगिरि द्वारा टीका लिखी गई है। इस टीका के साथ ग्रन्थ देवचन्द्र लालभाई जैन साहित्योद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। मूल मात्र पचाशक आदि के साथ ऋषभदेव केशरीमल जी श्वे. संस्था रतलाम द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसकी टीका का उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—अनुमान, अन्तरायकर्म, आदेय नामकर्म, आयुकर्म और औपशमिकसम्यक्त्व आदि।

हरिभद्र सूरि के इन अन्य ग्रन्थों का भी प्रकृत लक्षणावली में उपयोग हुआ है—१ उपदेशपद, २ श्रावकप्रज्ञप्ति ३ धर्मबिन्दुप्रकरण, ४ पचाशक, ५ षड्दर्शनसमुच्चय, ६ शास्त्रवार्तासमुच्चय, ७ षोडशकप्रकरण, ८ अष्टकानि, ९ योगदृष्टिसमुच्चय, १० योगबिन्दु, ११ योगविंशिका और १२ पंचवस्तुक।

७५. **उपदेशपद**—प्राकृत गाथाबद्ध यह उपदेशात्मक ग्रन्थ उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा रचा गया है। इसमे समस्त गाथायें १०३९ हैं। सर्वप्रथम यहाँ दो गाथाओं में ग्रन्थकार हरिभद्र सूरि ने भगवान् महावीर को नमस्कार करते हुए उनके उपदेश के अनुसार मन्दमति जनो के प्रबोधनार्थ कुछ उपदेशपदो के कहने की प्रतिज्ञा की है। टीकाकार मुनिचन्द्र सूरि ने 'उपदेशपदों' का अर्थ दो प्रकार से किया है—प्रथम अर्थ करते हुए उन्होने उन्हे चार पुरुषार्थों मे प्रधानभूत मोक्ष पुरुषार्थविषयक उपदेशों के पद—स्थानभूत मनुष्यजन्मदुर्लभत्व आदि—बतलाया है। तथा दूसरा अर्थ करते हुए 'उपदेश' और 'पद' दोनों मे कर्मधारय समास स्वीकार कर उपदेशो को ही पद माना है। तदनुसार प्रस्तुत ग्रन्थ में मनुष्य जन्म की दुर्लभता आदि अनेक कल्याणजनक विषयों की चर्चा की गई है, जो उपदेशात्मक वचनरूप ही है।

आगे कहा गया है कि ससाररूप समुद्र में मनुष्य पर्याय का प्राप्त होना अत्यन्त दुर्लभ है। अतएव जिस किसी प्रकार से इसे पाकर आत्महितैषी जनों को उसका सदुपयोग करना चाहिए। उक्त मनुष्य-जन्म अत्यन्त दुर्लभ है, यह चोल्लक आदि के दृष्टान्तो द्वारा आ. भद्रबाहु आदि के द्वारा पूर्व में कहा गया है। तदनुसार मैं भी उन्ही दृष्टान्तों को कहता हूँ। इस प्रकार कहकर—१ चोल्लक, २-३ पाशक, ४ धूत, ५ रत्न, ६ स्वप्न, ७ चक्र, ८ चर्म, ९ युग और १० परमाणु इन दस दृष्टान्तो का निर्देश करते हुए क्रम से उन दृष्टान्तो की पृथक्-पृथक् प्ररूपणा की गई है।

प्रथम दृष्टान्त चोल्लक का है। चोल्लक यह देशी शब्द है, जो भोजन का वाचक है। जिस प्रकार ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती के यहाँ एक बार भोजन करके पुनः भोजन करना दुर्लभ हुआ, इसी प्रकार एक बार मनुष्य पर्याय को पाकर फिर उसका पुनः प्राप्त करना दुर्लभ है। इसकी कथा टीकाकार ने किन्ही प्राचीन ५०५ गाथाओ द्वारा प्रगट की है।

उक्त दृष्टान्तो के अतिरिक्त अन्य भी कितने ही विषयो की प्ररूपणा अनेक दृष्टान्तो के साथ की गई है। ग्रन्थ का प्रकाशन मुनिचन्द्र विरचित (वि. स. ११७४) उक्त टीका के साथ मुक्तिकमल जैन मोहनमाला बडोदा से हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अपवाद और औत्पत्तिकी आदि।

टीका—अनध्यवसाय, अनुमान और अपवाद आदि।

७६. **श्रावकप्रज्ञप्ति**—इसके रचयिता उक्त हरिभद्र सूरि हैं। यद्यपि उसकी कुछ हस्तलिखित प्रतियों में 'उमास्वातिविरचित' लिखा गया है, पर श्रावकधर्मपचाशक, धर्मसग्रहणी और समराइच्चकहा आदि ग्रन्थो के साथ तुलना करने पर वह हरिभद्र सूरि की ही कृति प्रतीत होती है[1]। यह बारह प्रकार

---

१. धर्मबिन्दु के टीकाकार मुनिचन्द्र सूरि ने वाचक उमास्वाति विरचित एक श्रावकप्रज्ञप्ति सूत्र का निर्देश किया है। जैसे—तथा च उमास्वातिवाचकविरचितश्रावकप्रज्ञप्तिसूत्रम्—यथा अतिथिसविभागो नाम अतिथयः......। ध. बि. मुनि. वृ. ३-१६. (पर उमास्वाति विरचित कोई संस्कृत श्रावकप्रज्ञप्तिसूत्र उपलब्ध नहीं है।)

के श्रावकधर्म का प्ररूपक एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। गाथासंख्या इसकी ४०१ है। इसमें प्रथमतः श्रावक के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो सम्यग्दृष्टि प्रतिदिन मुनि जनों से सामाचारी—साधु और श्रावक से सम्बद्ध आचार को—सुनता है वह श्रावक कहलाता है। आगे श्रावक के बारह व्रतों का निर्देश करके उनका मूल कारण सम्यक्त्व को बतलाया है। पश्चात् जीव के साथ अनादि से सम्बन्ध को प्राप्त हुए ज्ञानावरणादि कर्मों का निरूपण करते हुए वहां सम्यक्त्व और उसके विषयभूत जीवादि सात तत्त्वों का विवेचन किया गया है। फिर क्रम से श्रावक के बारह व्रतों की प्ररूपणा करते हुए स्थूल प्राणवध-विरमण (प्रथम अणुव्रत) के प्रसंग मे हिंसा-अहिंसा की विस्तार से (गा. १०६-२५६) चर्चा की गई है। अन्त में श्रावक के निवास आदि से सम्बद्ध सामाचारी आदि का विवेचन किया गया है।

कुछ गाथाएं यहां और समराइच्चकहा मे समान रूप से उपलब्ध होती है। जैसे—

श्रा. प्र. ५३-६० व ३६०-६१ आदि।

सम. क. ७४-८१ व ८२-८३ आदि।

इस पर 'दिक्प्रदा' नाम की स्वोपज्ञ टीका है। इस टीका के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ ज्ञानप्रसारकमण्डल नामक समाज बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अणुव्रत, अतिथिसंविभाग, आस्रव और औपशमिक सम्यक्त्व आदि।

टीका—अणुव्रत, अतिचार, अतिथि, अधोदिग्व्रत, अनङ्गक्रीडा, अनन्तानुबन्धी, अनर्थदण्डविरति, अन्तराय, आयु, आरम्भ, इत्वरपरिगृहीतागमन और ऊर्ध्वदिग्व्रत आदि।

७७. **धर्मबिन्दुप्रकरण**—यह हरिभद्र सूरि विरचित धर्म का प्ररूपक सूत्रात्मक ग्रन्थ है। इसमे आठ अध्याय हैं। गद्यात्मक समस्त सूत्रो की संख्या ५४२ और श्लोक (अनुष्टुप्) संख्या ४८ है। ये श्लोक प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ मे ३-३ और अन्त मे भी ३-३ ही हैं। प्रथम अध्याय को प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम यहां परमात्मा को नमस्कार करके श्रुत-समुद्र से जलबिन्दु के समान धर्मबिन्दु को उद्धृत करके उसके कहने की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् धर्म के स्वरूप का निर्देश करते हुए उसे गृहस्थ और यति के भेद से दो प्रकार का बतलाया है। फिर सामान्य और विशेषरूप से गृहस्थधर्म के भी दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। उनमे सामान्य गृहस्थधर्म का वर्णन करते हुए प्रथमतः न्यायोपार्जित धन को आवश्यक बतलाया है, तत्पश्चात् समानकुल-शीलादि वाले अगोत्रजो (भिन्न गोत्र वालो) मे विवाह आदि ३३ प्रकार के सामान्य धर्म का निर्देश करते हुए इस अध्याय को समाप्त किया गया है।

हेमचन्द्र सूरि ने सम्भवतः इसी का अनुसरण करके 'न्यायविभवसम्पन्न' आदि ३५ विशेषणो से विशिष्ट गृहस्थ को श्रावकधर्म का अधिकारी बतलाया है[1]।

आगे दूसरे अध्याय मे गृहस्थधर्मदेशना की विधि का निरूपण करते हुए तीसरे अध्याय मे अणु-व्रतादिरूप विशेष गृहस्थधर्म की प्ररूपणा की गई है। चतुर्थ अध्याय मे दीक्षा के अधिकारी का विचार करते हुए उसके लिए आर्यदेशोत्पन्न आदि १६ विशेषणो से विशिष्ट बतलाया गया है। पांचवे अध्याय मे यति की विशेष विधि का वर्णन करते हुए छठे अध्याय मे यतिधर्म के विषयविभाग का विवेचन किया गया है। सातवें अध्याय मे धर्म के फल और आठवें अध्याय मे परम्परा से तीर्थंकरत्व आदि की प्राप्ति का वर्णन किया गया है।

इसके ऊपर मुनिचन्द्र सूरि के द्वारा विक्रम सं. ११८१ में टीका लिखी गई है। इस टीका के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ आगमोदय समिति बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

मूल—अणुव्रत और इन्द्रियजय आदि।

टीका—अतिथि, अतिथिसंविभाग, अनर्थदण्डविरति, अनङ्गक्रीडा और अन्न-पाननिरोध आदि।

७८. **पंचाशक**—इसमे १६ पंचाशक (लगभग ५०-५० गाथायुक्त प्रकरण) और उनकी समस्त गाथासंख्या ६४० है। प्रथम पंचाशकका नाम श्रावकधर्मपंचाशक है। इसमे सम्यक्त्व के साथ श्रावक के १२

१. योगशास्त्र १, ४७-५६.

व्रतों की चर्चा की गई है। इसे श्रावकप्रज्ञप्तिका संक्षिप्त रूप समझना चाहिए। शेष दूसरे-तीसरे आदि पंचाशकों के नाम ये हैं—

२ दीक्षापंचाशक, ३ वन्दनापंचाशक, ४ पूजाप्रकरण, ५ प्रत्याख्यानपंचाशक, ६ स्तवनविधि, ७ जिनभवनकरणविधि, ८ प्रतिष्ठाविधि, ९ यात्राविधि, १० श्रमणोपासकप्रतिमाविधि, ११ साधुधर्म-विधि, १२ सामाचारी, १३ पिण्डविशुद्धि, १४ शीलांग, १५ आलोचनाविधि १६ प्रायश्चित्त, १७ स्थित्यादिकल्प, १८ भिक्षुप्रतिमा और १९ तपोविधान।

इसके ऊपर अभयदेव सूरि के द्वारा विक्रम सं. ११२४ में टीका लिखी गई है, पर वह हमें उपलब्ध नहीं हो सकी। मूल ग्रन्थ ऋषभदेवजी केशरीमलजी श्वे. संस्था रतलाम से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अब्रह्मवर्जन आदि शब्दों में हुआ है।

७९. **षड्दर्शनसमुच्चय**—इसमें ८७ श्लोक (अनुष्टुप्) हैं। देवता और तत्त्व के भेद से मूल में हरिभद्र सूरि की दृष्टि में ये छह दर्शन रहे हैं—बौद्ध, नैयायिक, सांख्य, जैन, वैशेषिक और जैमिनीय। ग्रन्थकार को यहां इन्हीं छह दर्शनों का परिचय कराना अभीष्ट रहा है। तदनुसार उन्होंने प्रथमतः ११ श्लोकों में बौद्ध दर्शन का, फिर १२-३२ में नैयायिक दर्शन का ३३-४३ में सांख्य दर्शन का, ४४-५८ में जैन दर्शन का, ५९-६७ में वैशेषिक दर्शन का और ६८-७७ में जैमिनीय दर्शन का परिचय कराया है। वैशेषिक दर्शन का परिचय कराते हुए प्रारम्भ में यह कहा गया है कि देवता की अपेक्षा नैयायिक दर्शन से वैशेषिक दर्शन में कुछ भेद नहीं है—दोनों ही दर्शनों में महेश्वर को सृष्टिकर्ता व संहारक स्वीकार किया गया है। तत्त्वव्यवस्था में जो उनमें भेद रहा है उसे यहां प्रगट कर दिया गया है।

कितने ही दार्शनिक नैयायिक दर्शन से वैशेषिक दर्शन को भिन्न नहीं मानते—वे दोनों दर्शनों को एक ही दर्शन के अन्तर्गत मानते हैं। इस प्रकार वे पूर्वनिर्दिष्ट पाँच आस्तिक दर्शनों में एक नास्तिक दर्शन लोकायत (चार्वाक) को सम्मिलित कर छह संख्या की पूर्ति करते हैं (७८-७९)। तदनुसार यहाँ अन्त में (८०-८७) लोकायत दर्शन का भी परिचय करा दिया गया है।

यह विशेष स्मरणीय है कि यहां किसी भी दर्शन की आलोचना नहीं की गई है, केवल उक्त दर्शनों में किसकी क्या मान्यताएं रही हैं, इसका परिचय मात्र यहाँ कराया गया है।

इसके ऊपर गुणरत्न सूरि (विक्रम सं. १४००-१४७५) के द्वारा विरचित तर्करहस्यदीपिका नाम की विस्तृत टीका है। इस टीका के साथ वह एशियाटिक सोसाइटी ५७, पार्क स्ट्रीट से प्रकाशित हुआ है। मूल मात्र शास्त्रवार्तासमुच्चय आदि के साथ जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अजीव और आस्रव आदि।

टीका—अनुमान और आप्त आदि।

८०. **शास्त्रवार्तासमुच्चय**—यह एक पद्यबद्ध दार्शनिक ग्रन्थ है। इसमें ८ स्तव (प्रकरण) हैं। उनमें पद्य (अनुष्टुप्) संख्या इस प्रकार है—११२+८१+४४+१३७+३९+६३+६६+१५९=७०१। यहां लोकायत मत, नियतिवाद, सृष्टिकर्तृत्व, क्षणक्षयित्व, विज्ञानवाद, शून्यवाद, द्वैत, अद्वैत और मुक्ति आदि अनेक विषयों का विचार किया गया है। सातवें स्तव के प्रारम्भ में कहा गया है कि आगम के अध्येता अन्य (जैन) उत्पाद-व्यय-ध्रौव्ययुक्त जीवाजीवस्वरूप जगत् को अनादि कहते हैं। ऐसा कहते हुए आगे उक्त उत्पादादियुक्त वस्तु की साधक जो दो कारिकायें दी गई हैं वे आप्तमीमांसा से ली गई हैं[1]।

---

१. घट-मौलि-सुवर्णार्थी नाशोत्पाद-स्थितिष्वयम्।
शोक-प्रमोद-माध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम्॥
पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्ति दधिव्रतः।
अगोरसव्रतो नोभे तस्मात्तत्त्वं त्रयात्मकम्॥
—शास्त्रवा. ७, २-३; आप्तमी. ५९-६०।

इसके ऊपर यशोविजय उपाध्याय (विक्रम की १७-१८वी शताब्दी) विरचित टीका है। इस टीका के साथ वह देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से तथा मूल मात्र जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

टीका—अतीर्थंकरसिद्ध, अदत्तादान, अध्येषणा और अनेकसिद्ध आदि।

८१. **षोडशकप्रकरण**—इसमे नाम के अनुसार १६-१६ पद्यो के १६ प्रकरण हैं, जो आर्या छन्द मे रचे गये हैं। इनमे प्रथम षोडशक को प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम वीर जिनको नमस्कार कर सद्धर्मपरीक्षक आदि—बाल, मध्यमबुद्धि और बुध आदि—भावो के लिंग आदि के भेद से संक्षेप मे कुछ कहने की प्रतिज्ञा की गई है। कृत प्रतिज्ञा के अनुसार आगे कहा गया है कि बाल—विशिष्ट विवेक से विकल—तो लिंग (बाह्य वेष) को देखता है, मध्यमबुद्धि चारित्र का विचार करता है, और बुध (विशिष्ट बुद्धिमान्) प्रयत्नपूर्वक आगम तत्त्व की—उसकी समीचीनता व असमीचीनता की—परीक्षा करता है। आगे उक्त बाल आदि के लक्षण निर्दिष्ट किये गये है। इस प्रकार से इन सब प्रकरणो मे विविध विषयो का विवेचन किया गया है।

इस पर यशोभद्र सूरि विरचित संक्षिप्त टीका है। इस टीका के साथ वह ऋषभदेव जी केशरीमल जी जैन श्वे. संस्था रतलाम से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अगुरुलघु और आगम आदि।

टीका—अनुबन्धसारा, असदारम्भ और उद्वेग आदि।

८२. **अष्टकानि**—इसमे ८-८ श्लोकमय ३२ प्रकरण हैं, जो इस प्रकार हैं—१ महादेवाष्टक, २ स्नानाष्टक, ३ पूजाष्टक, ४ अग्निकारिकाष्टक, ५ भिक्षाष्टक, ६ पिण्डाष्टक, ७ प्रच्छन्नभोजनाष्टक, ८ प्रत्याख्यानाष्टक, ९ ज्ञानाष्टक, १० वैराग्याष्टक, ११ तपोऽष्टक, १२ वादाष्टक, १३ यमाष्टक, १४ नित्यात्मवादनिराकरणाष्टक, १५ क्षणिकवादनिराकरणाष्टक, १६ नित्यानित्याष्टक, १७ मांसभक्षणदूषणाष्टक, १८ अन्यदर्शनीयशास्त्रोक्तमांसभक्षणदूषणाष्टक, १९ मद्यपानदूषणाष्टक, २० मैथुनदूषणाष्टक, २१ सूक्ष्मबुद्धयष्टक, २२ भावशुद्धयष्टक, २३ शासनमालिन्यवर्जनाष्टक, २४ पुण्यादिचतुर्भंग्याष्टक, २५ पितृभक्त्यष्टक, २६ महादानस्थापनाष्टक, २७ तीर्थकृद्दानाष्टक, २८ राज्यादिदानदूषणनिवारणाष्टक, २९ सामायिकाष्टक, ३० केवलज्ञानाष्टक, ३१ देशनाष्टक और ३२ सिद्धस्वरूपाष्टक।

यह अष्टक प्रकरण शास्त्रवार्तासमुच्चय आदि के साथ जैनधर्म प्रसारक सभा भावनगर द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग आर्तध्यान आदि शब्दो मे हुआ है।

८३. **योगदृष्टिसमुच्चय**—इसमे २२६ श्लोक (अनुष्टुप्) है। इच्छायोग, शास्त्र और सामर्थ्य योग के भेद से योग तीन प्रकार का है। इनमे सामर्थ्ययोग दो प्रकार का है—धर्मसंन्याससंज्ञित और योगसंन्याससंज्ञित। इन सब योगो के लक्षणो का निर्देश करते हुए यहा मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा और परा इन आठ योगदृष्टियो का यथाक्रम से विवेचन किया गया है। इसके ऊपर स्वय हरिभद्र सूरि के द्वारा वृत्ति भी लिखी गई है। इस वृत्ति के साथ वह जैन ग्रन्थ प्रकाशक संस्था अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग 'इच्छायोग' आदि शब्दो मे हुआ है।

८४. **योगबिन्दु**—इसमे ५२७ पद्य (अनुष्टुप्) है। यहा योग से सम्बद्ध विविध विषयों की प्ररूपणा करते हुए जैमिनीय व साख्य आदि के अभिमत का निराकरण भी किया गया है। इसके ऊपर भी स्वोपज्ञ वृत्ति है। वृत्ति के साथ यह भी पूर्वोक्त जैन ग्रन्थ प्रकाशक संस्था अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित किया गया है।

८५. **योगविंशिका**—नाम के अनुसार इसमे २० गाथायें है। सर्वप्रथम यहां योग के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो परिशुद्ध धर्मव्यापार मोक्ष से योजित कराता है उस सबको योग कहा जाता है। पर प्रकृत मे विशेषरूप से स्थानादिगत धर्मव्यापार को ही योग जानना चाहिए। वे स्थान आदि पाच ये हैं—स्थान, उर्ण (शब्द), अर्थ, आलम्बन और रहित—रूपी द्रव्य के आलम्बन

से रहित चिन्मात्र समाधि। इनमें प्रथम दो—स्थान और ऊर्ण—कर्मयोग हैं तथा शेष तीन ज्ञानयोग हैं। स्थान से अभिप्राय कायोत्सर्ग व पद्मासन आदि का है, तथा अर्थ से अभिप्राय क्रिया आदि में उच्चारण किये जाने वाले सूत्र के वर्णादि से है। उक्त स्थानादि में प्रत्येक इच्छा, प्रवृत्ति, स्थिर और सिद्धि के भेद से चार-चार प्रकार का है। इन सबका यहां वर्णन किया गया है।

इस पर यशोविजय उपाध्याय द्वारा ग्रन्थ के रहस्य को स्पष्ट करने वाली विस्तृत टीका लिखी गई है। इस टीका के साथ ग्रन्थ आत्मानन्द जैन पुस्तक प्रचारक मण्डल आगरा से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इच्छायोग आदि शब्दों में हुआ है।

८६. पंचवस्तुक—इसकी गाथासंख्या १७१४ है। इसमें प्रव्रज्या का विधान, प्रतिदिन की की क्रिया—दैनिक अनुष्ठान, व्रतविषयकप्रस्थापना, अनुयोग-गणानुज्ञा और सलेखना इन पाच वस्तुओं की प्ररूपणा की गई है। इसीलिए उक्त पाच प्रकरणों का प्ररूपक होने से इसे पंचवस्तुक ग्रन्थ कहा गया है। 'वसन्त्यस्मिन् ज्ञानादयः परमगुणाः इति वस्तु' इस निरुक्ति के अनुसार जहाँ ज्ञानादि उत्कृष्ट गुण रहा करते हैं उन्हें वस्तु कहा जाता है। इन्ही ज्ञानादि गुणो के आश्रयभूत होने से ही उक्त प्रव्रज्या-विधानादि को वस्तु मानकर उनकी यहाँ प्ररूपणा की गई है।

प्रथम प्रव्रज्या अधिकार में प्रव्रज्या देने का अधिकारी कौन है, किनके लिए प्रव्रज्या देना उचित है, वह किस स्थान मे दी जानी चाहिये, तथा किस प्रकार से दी जानी चाहिये; इत्यादि प्रव्रज्या से सम्बद्ध विषयों की चर्चा की गई है। प्रव्रज्या का निरुक्तयर्थ है मोक्ष के प्रति गमन। तदनुसार इसमें पाप के हेतुभूत गृहस्थ के व्यापार से निवृत्त होकर शुद्ध सयत के अनुष्ठान मे उद्यत होना पड़ता है।

दूसरे अधिकार (प्रतिदिन की क्रिया) मे उपधिका प्रतिलेखन, स्थान का प्रतिलेखन, भोजनपात्रों का प्रक्षालन, भिक्षा की विधि, नृत्यादि का त्याग और स्वाध्याय इत्यादि का विवेचन किया गया है।

तीसरे व्रतविषयक स्थापना अधिकार के प्रारम्भ मे यह निर्देश किया गया है कि ससारनाश के कारण व्रत है। वे व्रत जिनको दिये जाते हैं, जिस प्रकार से दिये जाते हैं, और जिस प्रकार से उनका परिपालन किया जाता है; इस सबका कथन इस अधिकार मे किया जावेगा। अविरति से चूंकि कर्म का आस्रव होता है और उस कर्म से संसार है—चतुर्गतिरूप ससार मे परिभ्रमण होता है; इसलिए कर्म को नष्ट करने के लिए विरति करना चाहिये। इस प्रकार निर्देश करते हुए अहिंसादि व्रतो का यहा सागोपांग विचार किया गया है। इस अधिकार के अन्त मे चारित्र की प्रधानता को प्रगट करते हुए मरुदेवी के प्रसग से अनन्त काल मे होने वाले इन दस आश्चर्यरूप भावो का निर्देश किया गया है—१ उपसर्ग, २ गर्भहरण, ३ स्त्रीतीर्थ, ४ अभव्या परिषत्, ५ कृष्ण का अमरकंका गमन, ६ विमान के साथ चन्द्र-सूर्य का अवतरण, ७ हरिवंश कुल की उत्पत्ति, ८ चमरेन्द्र का उत्पात, ९ एक समय मे एक सौ आठ की सिद्धि (मुक्ति) और १० असयतो की पूजा[1]।

चतुर्थ अनुयोग—गणानुज्ञा अधिकार मे प्रथमतः यह कहा गया है कि जो साधु व्रतो से सहित होते हुए समयोचित समस्त सूत्रार्थ के ज्ञाता हैं वे ही आचार्यस्थापनारूप अनुयोग आज्ञा के योग्य कहे गये हैं। अन्यथा लोक में मृषावाद, प्रवचन-निन्दा, योग्य नायक के अभाव मे शेष के गुणों की हानि और तीर्थ का नाश होनेवाला है। अनुयोग का अर्थ जिनागम का व्याख्यान है। सदा प्रमाद से रहित होकर विधिपूर्वक उस व्याख्यान को करना, यही उसकी अनुज्ञा है। इस प्रकार सूचना करके तत्सम्बन्धी आवश्यक विधि-विधान का यहां विवेचन किया गया है। आगे गणानुज्ञा के प्रसग में गण (गच्छ) के अधिष्ठाता होने के योग्य गुणों का निर्देश करते हुए उसके विषय मे भी विचार किया गया है।

१. उवसग्ग गब्भहरणं इत्थीतित्थं अभाविआ परिसा।
कण्हस्स अवरकंका अवयरण चंद-सूराणं॥ ९२६॥
हरिवंसकुलुप्पत्ती चमरुप्पाओ अ अट्ठसय सिद्धा।
अस्संजयाण पूआ दस वि अणतेण कालेणं॥ ९२७॥

शरीर और कषायों का संलेखन करना—आगमोक्त विधि के अनुसार उन्हें कृश करना, इसका नाम संलेखना है। इसका वर्णन अन्तिम सलेखना अधिकार मे किया गया है।

इसके ऊपर स्वयं हरिभद्र सूरि के द्वारा टीका (स्वोपज्ञ) लिखी गई है। इस टीका के साथ वह देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग आरभटा और इत्वरपरिहारविशुद्धिक आदि शब्दों में हुआ है।

८७. **तत्त्वार्थसूत्रवृत्ति**—यह उक्त हरिभद्र सूरि द्वारा विरचित तत्त्वार्थसूत्र की भाष्यानुसारिणी व्याख्या है। इसमे मूल सूत्रों की भाष्य के अनुसार व्याख्या करते हुए कितने ही महत्त्वपूर्ण विषयों की चर्चा की गई है। इसका उपयोग अकामनिर्जरा, अङ्गोपाङ्गनामकर्म, अचक्षुदर्शन, अज्ञानपरीषहजय और अतिभारारोपण आदि शब्दो मे हुआ है।

८८. **भावसंग्रह**—यह आचार्य देवसेन के द्वारा रचा गया है। देवसेन का समय विक्रम की १०वी शताब्दी है। ये विमलसेन गणधर के शिष्य थे। उन्होंने वि. सं. ९९० मे दर्शनसार की रचना की है। प्रस्तुत ग्रन्थ प्राकृत गाथाओं मे रचा गया है। बीच मे कुछ थोडे से अन्य छन्दो का भी उपयोग हुआ है। समस्त पद्यसख्या ७०१ है।

यहाँ प्रथमत जीव के मुक्त और ससारी इन दो भेदों का निर्देश करते हुए भाव से पाप, भाव मे पुण्य और भाव से मोक्ष प्राप्त होने की सूचना की गई है। तत्पश्चात् औदयिकादि पांच भावों का निर्देश करके मिथ्यात्व आदि चौदह गुणस्थानों के नामोल्लेखपूर्वक क्रम से उनकी प्ररूपणा की गई है। प्रथम गुणस्थान के प्रसग में मिथ्यात्व का विवेचन करते हुए सग्रन्थ और निर्ग्रन्थ को मुक्ति बतलाने वाले श्वेताम्बर सम्प्रदाय की समीक्षा की गई है। इस समीक्षा मे सग्रन्थता, स्त्रीमुक्ति, केवलिभुक्ति, जिनकल्प और स्थविरकल्प आदि की चर्चा की गई है। इसी प्रसग मे श्वेताम्बर सम्प्रदाय की उत्पत्ति के सम्बन्ध मे यह कहा गया है कि विक्रमराजा की मृत्यु के पश्चात् १३६वें वर्ष मे सौराष्ट्र के अन्तर्गत वलभी मे श्वेतपट सघ उत्पन्न हुआ। इस प्रकार उक्त चर्चा से सम्बद्ध सशयमिथ्यात्व की प्ररूपणा १६०वी गाथा मे समाप्त हुई है। आगे अनेक प्रासंगिक चर्चाओं के साथ यहाँ उक्त चौदह गुणस्थानो का निरूपण किया गया है।

ग्रन्थ मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, अप्रमत्तसयत, अविरतसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यक्त्व आदि शब्दो मे हुआ है।

८९. **आलापपद्धति**—इसके कर्ता उक्त देवसेनाचार्य हैं। यहाँ प्रथमत द्रव्य के लक्षण का निर्देश करते हुए अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व और अमूर्तत्व इन दस सामान्य गुणो मे से प्रत्येक द्रव्य के वे आठ-आठ बतलाये गये हैं। प्रारम्भ के छह गुण तो सभी मे रहते हैं। चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व और अमूर्तत्व इन चार मे से कोई दो ही रह सकते हैं। जैसे—जीव मे पूर्वोक्त छह के साथ चेतनत्व और अमूर्तत्व हैं तथा पुद्गल मे अचेतनत्व और मूर्तत्व हैं।

विशेष गुण सोलह हैं। उनमे से प्रत्येक द्रव्य मे कितने और कौन से सम्भव हैं, इसका विचार करते हुए पर्यायो के स्वरूप और उनके भेदो का विवेचन किया गया है। इसके पश्चात् द्रव्यो के इक्कीस स्वभावों मे से ग्यारह सामान्य और दस विशेष स्वभावों का विश्लेषण करते हुए वे जीवादि द्रव्यों मे से किसके कितने सम्भव हैं, इसका विचार किया गया है। तत्पश्चात प्रमाणभेदो और नयभेदों की चर्चा की गई है।

इसका प्रकाशन नयचक्र के साथ मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से और प्रथम गुच्छक में निर्णयसागर मुद्रणालय से हुआ है। इसका उपयोग अनुपचरितसद्भूतव्यवहारनय और अनुपचरितासद्भूतव्यवहारनय आदि शब्दो मे हुआ है।

९०. **तच्चसार(तत्त्वसार)**—यह भी उक्त देवसेनाचार्य की कृति है। इसमें ७४ गाथायें हैं। सर्वप्रथम यहा परमसिद्धो को नमस्कार कर तच्चसार के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् यह कहा गया है कि तत्त्व बहुत प्रकार का है, उसका वर्णन पूर्वाचार्यों द्वारा धर्म के प्रवर्तन और भव्य जनों के

प्रबोधनार्थ किया गया है। एक तत्त्व स्वगत है और दूसरा परगत। स्वगत तत्त्व निज आत्मा और परगत तत्त्व पाँचों परमेष्ठी हैं। उन परमेष्ठियों के अक्षर रूप का—उनके बोधक अ, सि, आ, उ, सा व ओम् आदि अक्षरों का—ध्यान करने वाले भव्य मनुष्यों के बहुत प्रकार के पुण्य का बन्ध होता है और परम्परा से मोक्ष भी प्राप्त होता है।

स्वगत तत्त्व दो प्रकार का है—सविकल्प और अविकल्प। इनमे सविकल्प स्वगत तत्त्व आस्रव-युक्त है और अविकल्प स्वगत तत्त्व उस आस्रव से रहित है। इन्द्रियविषयों से विमुख हो जाने पर जब मन का विच्छेद हो जाता है तब अपने स्वरूप मे निर्विकल्प अवस्था होती है। इस प्रकार से शुद्ध आत्म-स्वरूप का विचार करते हुए ध्यान करने की प्रेरणा की गई है। इसी प्रसग मे स्वद्रव्य और परद्रव्य का विचार करते हुए ज्ञानी और अज्ञानी की प्रवृत्ति मे विशेषता प्रगट की गई है।

यह मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई द्वारा तत्त्वानुशासनादिसग्रह मे प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग आत्मा (अप्पा) आदि शब्दों मे हुआ है।

९१. **नयचक्र**—इसके रचयिता उक्त देवसेन हैं। बृहन्नयचक्र को लक्ष्य मे रखकर इसे लघुनय-चक्र भी कहा जाता है। इसमें ८७ गाथायें हैं। सर्वप्रथम यहाँ वीर जिनेन्द्र को नमस्कार करते हुए नयो के लक्षण के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। आगे नय के लक्षण में कहा गया है कि ज्ञानियों के विकल्परूप जो वस्तु के अंश को ग्रहण करने वाला श्रुतभेद है उसे नय कहा जाता है तथा उन्ही नयो के आश्रय से जीव ज्ञानी होता है। नय के बिना चूंकि स्याद्वाद का बोध सम्भव नहीं है, अतएव एकान्त को नष्ट करने के अभिप्राय से नय का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। इस प्रकार नय की आवश्यकता को प्रगट करते हुए आगे कहा गया है कि एक नय एकान्त और उसके समूह का नाम अनेकान्त है तथा वह ज्ञान का विकल्प है जो समीचीन भी होता है और मिथ्या भी होता है। नयरूप दृष्टि के बिना वस्तुस्वरूप की उपलब्धि नहीं होती और बिना वस्तुस्वरूप की उपलब्धि के जीव सम्यग्दृष्टि नही होते।

इसके पश्चात् द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक इन दो नयों को मूल नय बतलाते हुए उनके असंख्य भेदो की सूचना की गई है। आगे इन दो नयों के साथ नैगमादि सात नयो का निर्देश करके नय के नौ भेद और उपनय के तीन भेद कहे गये हैं।

आगे द्रव्यार्थिक के दस, पर्यायार्थिक के छह, नैगम के तीन, संग्रह के दो, व्यवहार के दो, ऋजु-सूत्र के दो तथा शेष के एक-एक भेद का निर्देश करते हुए यथाक्रम से उनकी तथा उपनयभेदों की प्ररूपणा की गई है।

अन्त मे कहा गया है कि व्यवहार से चूंकि बन्ध होता है और मोक्ष चूंकि स्वभावसंयुक्त है, अत-एव स्वभाव के आराधन के समय मे उसे (व्यवहार को) गौण करना चाहिए। इस प्रकार से यहाँ आत्म-स्वभाव का भी विचार किया गया है।

इसका प्रकाशन मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई से हुआ है। इसका उपयोग उत्पाद-व्ययसापेक्ष, अशुद्धद्रव्यार्थिक, ऋजुसूत्र और एवम्भूत आदि शब्दों में हुआ है।

९२. **आराधनासार**—यह कृति भी उक्त देवसेनाचार्य की है। इसमे ११५ गाथायें हैं। यहाँ सर्वप्रथम महावीर को नमस्कार कर आराधनासार के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् तप, दर्शन, ज्ञान और चारित्र के समुदाय को आराधनासार बतलाते हुए उसे व्यवहार और परमार्थ (निश्चय) के भेद से दो प्रकार कहा गया है। व्यवहार से आराधनाचतुष्टय का सार सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-चारित्र और तप को कहा गया है। आगे उक्त सम्यग्दर्शनादि के व्यवहार की प्रधानता से लक्षणों का निर्देश करके निश्चय आराधनाचतुष्टय के सार को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि शुद्ध नय की अपेक्षा सम्पूर्ण संकल्प-विकल्पों से रहित जो निरालम्ब शुद्ध आत्मा है वही आराधनाचतुष्टय का सार है। इस निश्चय आराधना में उद्यत क्षपक इन्द्रियविषयों से विमुख होकर अपने स्वभाव का ही श्रद्धान करता है, अपने शुद्ध आत्मा को जानता है, और उसी का अनुष्ठान करता है। इस निश्चयदृष्टि में—दर्शन, ज्ञान,

चारित्र एवं तप ही आत्मा है और राग-द्वेषादि से रहित उसी शुद्ध आत्मा के आराधना की प्रेरणा की गई है।

आगे आराधक (क्षपक) की विशेषता को प्रगट करते हुए कहा गया है कि भेदगत (व्यवहाररूप) चार प्रकार की आराधना भी मोक्ष की साधक है। इस प्रकार व्यवहार आराधना को महत्त्वपूर्ण बतलाते हुए अर्हं, संगत्याग, कषायसल्लेखना, परीषहजय, उपसर्ग सहने का सामर्थ्य, इन्द्रियजय और मन का नियमन इन सात स्थलों के द्वारा दीर्घकालसंचित कर्मों को नष्ट करने के लिए प्रेरित किया गया है।

अन्त मे जिन मुनीन्द्रो के द्वारा आराधनासार का उपदेश किया गया है तथा जिन्होंने उसका आराधन किया है उन सबकी वन्दना करते हुए कहा गया है कि मैं न तो कवि हूँ और न छन्द के लक्षण को भी कुछ जानता हूँ। मैंने तो निज भावना के निमित्त आराधनासार को रचा है। अन्तिम गाथा मे अपने नाम का निर्देश करते हुए कहा गया है कि यदि इसमे कुछ प्रवचनविरुद्ध कहा गया हो तो उसे मुनीन्द्र जन शुद्ध कर लें।

इसके ऊपर क्षेमकीर्ति के शिष्य रत्नकीर्ति (विक्रम की १५वी शती) के द्वारा टीका लिखी गई है। इस टीका के साथ वह मा. दि. जैन ग्रन्थमाला बम्बई द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

मूल—आराधक आदि।

टीका—आस्रव और उपशम आदि।

६३ **पंचसंग्रह**—इसके रचयिता चन्द्रर्षि महत्तर हैं। इनका समय निश्चित नही है। सम्भवत वे विक्रम की १०-११वीं शताब्दी के विद्वान् होना चाहिए। प्रस्तुत ग्रन्थ दो विभागो मे विभक्त है। यहाँ सर्वप्रथम वीर जिन को नमस्कार करके पचसग्रह के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। 'पचसग्रह' इस नाम की सार्थकता को प्रगट करते हुए कहा गया है कि इसमे चूकि यथायोग्य शतक आदि पाच ग्रन्थो का अथवा पाच द्वारों का सक्षेप (सग्रह) किया गया है, इसीलिए इसका 'पचसंग्रह' यह सार्थक नाम है। वे पाच द्वार ये हैं—जीवस्थानो मे योगो व उपयोगो का मार्गण (अन्वेषण), बन्धक, बन्धव्य—बाधने योग्य कर्म, बन्धहेतु और बन्धभेद। इनकी प्ररूपणा इसके प्रथम विभाग मे की गई है।

प्रथम द्वार मे ३४ गाथायें हैं। यहां जीवस्थानों और मार्गण स्थानो मे यथासम्भव योगो और उपयोगों की प्ररूपणा की गई है।

दूसरे द्वार मे ८४ गाथायें हैं। यहाँ बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त व अपर्याप्त एकेन्द्रिय, पर्याप्त व अपर्याप्त द्वीन्द्रियादि तीन, तथा संज्ञी व असज्ञी पर्याप्त-अपर्याप्त पचेन्द्रिय, इन १४ बन्धक जीवस्थानो की प्ररूपणा सत्-सख्या आदि आठ अधिकारो के आश्रय से की गई है।

तीसरे बन्धक द्वार मे ९७ गाथायें है। यहाँ बन्ध के योग्य ज्ञानावरणादि आठ कर्म और उनके उत्तरभेदो के स्वरूप आदि की चर्चा की गई है।

चौथे बन्धहेतु द्वार मे २३ गाथाये हैं। यहाँ बन्ध के कारणभूत मिथ्यात्व अविरति, कषाय और योग इनकी तथा इनके उत्तरभेदो की प्ररूपणा की गई है।

पाचवें बन्धविधान द्वार मे १८५ गाथाये हैं। यहाँ बाधे गये कर्म के प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के आश्रय से बन्ध, उदय उदीरणा और सत्त्व का विस्तार से विचार किया गया है।

दूसरे विभाग मे प्रथमत १०१ गाथाओ के द्वारा कर्मप्रकृति के अनुसार बन्धन, संक्रम, उदीरणा और उपशमना करणो का निरूपण किया गया है। तत्पश्चात् ३ गाथाओ मे निधत्ति-निकाचना करणो का विचार करते हुए अन्त मे १५६ गाथाओ द्वारा सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव बन्ध के सवेध का विवेचन किया गया है।

इस पर एक टीका स्वोपज्ञ और दूसरी आ. मलयगिरि द्वारा विरचित है। यह इन दोनो टीकाओ के साथ मुक्ताबाई ज्ञानमन्दिर डभोई से तथा केवल स्वोपज्ञ टीका के साथ सेठ देवचन्द लालभाई जैन

पुस्तकोद्धार फण्ड बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों में हुआ है—

मूल—अध्रुवोदय, अनुदयवती प्रकृति, अश्वकर्णकरणाद्धा, उदयवती और उदीरणा आदि।

स्वो. वृ.—अचक्षुदर्शन, अध्रुवसत्कर्म, अध्रुवोदय, अनभिगृहीत मिथ्यात्व, उदयवती और उदय-संक्रमोत्कृष्ट आदि।

मलय. वृ.—अध्रुवबन्ध, अध्रुवसत्कर्म, अध्रुवोदय, अनुदयवती प्रकृति, उदयवती और उदयसंक्रमोत्कृष्ट आदि।

९४. सप्ततिकाप्रकरण (षष्ठ कर्मग्रन्थ)—यह किसके द्वारा रचा गया है, यह ज्ञात नहीं है। वैसे यह चन्द्रर्षि महत्तर प्रणीत माना जाता है। आत्मानन्द जैन सभा भावनगर से प्रकाशित संस्करण के अनुसार इसमें ७२ गाथायें हैं। यहाँ सर्वप्रथम यह सूचना की गई है कि मैं सिद्धपदों के आश्रय से—प्रतिष्ठित पदों से युक्त कर्मप्रकृतिप्राभृतादि प्राचीन ग्रन्थों के आधार से अथवा जीवस्थान-गुणस्थानरूप सिद्धपदों के आश्रय से—बन्ध, उदय और सत्तारूप प्रकृतिस्थानों के महान् अर्थयुक्त संक्षेप को कहूँगा, जो दृष्टिवाद से निकला है। आगे प्रश्न उठाया गया है कि कितनी प्रकृतियों को बाँधता हुआ जीव कितनी प्रकृतियों का वेदन करता है? इसके उत्तर में कहा गया है कि मूल और उत्तर प्रकृतियों में इससे सम्बद्ध भंगों के अनेक विकल्प हैं। आगे मूल प्रकृतियों के आश्रय से इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि मूल प्रकृतियों के बन्धक चार प्रकार के हैं—आठ के बन्धक, सात के बन्धक, छह के बन्धक और एक के बन्धक। मिथ्यादृष्टि से लेकर अप्रमत्त गुणस्थान तक आयु के बन्धकाल में आठ के बन्धक हैं। इनके आठ का बन्ध, आठ का उदय और सत्ता भी आठों की है।

आयुबन्ध के बिना सात के बन्धक मिथ्यादृष्टि से लेकर अनिवृत्तिबादरसाम्पराय तक हैं। इनके सात का बन्ध, आठ का उदय और आठों की सत्ता रहती है।

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवर्ती आयु और मोहनीय के बिना छह के बन्धक हैं। इनके आठ का उदय और आठों की सत्ता रहती है।

उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय और सयोगिकेवली ये एक मात्र वेदनीय के बन्धक हैं। इनमें उपशान्त-कषाय के एक का बन्ध, मोहनीय के बिना सात का उदय और सत्ता आठों की है। क्षीणकषाय के एक का बन्ध, सात का उदय और मोहनीय के बिना सात की ही सत्ता है। सयोगिकेवली के एक का बन्ध, चार (अघाती) का उदय और चार की ही सत्ता है।

अयोगिकेवली के बन्ध एक का भी नहीं है, उनके उदय चार का और सत्ता भी चार की है।

इसकी दिग्दर्शक तालिका—

गुणस्थान	बन्ध	उदय	सत्ता	विशेष
१–७	८	८	८	आयुबंन्धकाल में
१–९	७	८	८	आयुर्बन्ध के बिना
१०	६	८	८	आयु व मोहनीय के बन्ध के बिना
११	१ (वेदनीय)	७ (मोहके बिना)	८	—
१२	१	७	७ (मोहके बिना)	—
१३	१	४	४	—

इसी क्रम से आगे ज्ञानावरणादि प्रत्येक कर्म की उत्तरप्रकृतियो मे बन्ध, उदय और सत्ता तथा सयोगी भंगो का विचार किया गया है।

तत्पश्चात् किस गुणस्थान मे कितनी प्रकृतियों का बन्ध होता है, इसको स्पष्ट करते हुए उपशमश्रेणि, अनन्तानुबन्धी का उपशम, यथाप्रवृत्तादिकरण, गुणश्रेणि, गुणसक्रमण और क्षपकश्रेणि आदि का निरूपण किया गया है।

इसके ऊपर आचार्य मलयगिरि के द्वारा टीका रची गई है। इस टीका के साथ उपर्युक्त आत्मानन्द सभा भावनगर से शतक (५वां कर्मग्रन्थ दे.) के साथ प्रकाशित हुआ है। आचार्य मलयगिरि विरचित टीका सहित एक षष्ठ कर्मग्रन्थ जैनधर्मप्रसारक सभा भावनगर से भी प्रकाशित हुआ है। पर दोनो की गाथाओ मे कुछ भिन्नता भी है। इसका उपयोग (टीका से) अगुरुलघु नामकर्म, आनुपूर्वी, आहारक (शरीर), आहारपर्याप्ति, उद्योत और उपघात आदि शब्दो मे हुआ है।

६५. कर्मविपाक—यह गर्गषि के द्वारा रचा गया प्रथम प्राचीन कर्मग्रन्थ है। गर्गषि का समयादि निश्चित नही है। सम्भवतः वे विक्रम की १०वी शताब्दी मे हुए है[1]। ग्रन्थगत गाथाओ की सख्या १६८ है। इसमे सर्वप्रथम वीर जिनेन्द्र को नमस्कार करते हुए गुरूपदिष्ट कर्मविपाक को सक्षेप से कहने की प्रतिज्ञा की गई है। यहाँ कर्म का निरुक्त (क्रियते इति कर्म) अर्थ करते हुए यह कहा गया है कि चार गतियो मे परिभ्रमण करने वाले संसारी जीव के द्वारा मिथ्यात्वादि के आश्रय से जो किया जाता है वह कर्म कहलाता है। वह प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के भेद से चार प्रकार का है। उसकी मूल प्रकृतिया आठ और उत्तर प्रकृतिया एक सौ अट्ठावन हैं। मूल प्रकृतियो का नामनिर्देश करते हुए उनके लिए क्रम से पट, प्रतीहार, असि, मद्य, हडि (काठ की बेडी), चित्र (चित्रकार), कुम्हार और भाण्डागारिक; ये दृष्टान्त दिये गये हैं। आगे क्रम से इन मूल और उत्तर प्रकृतियो का स्वरूप दिखलाया गया है।

इस पर एक व्याख्या अज्ञातकर्तृक और दूसरी एक वृत्ति परमानन्द सूरि (सम्भवत विक्रम की १२-१३वीं शताब्दी) द्वारा विरचित है। यह जैन आत्मानन्द सभा भावनगर से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दो मे हुआ है—

मूल—अगुरुलघु नामकर्म, आतप नामकर्म, आहारक-कार्मणबन्धन, आहारकबन्धन, उद्योत, उपघात नामकर्म और उपभोग आदि।

व्याख्या—अङ्गोपागनाम, अगुरुलघु नामकर्म, अनन्तानुबन्धी और अप्रत्याख्यानक्रोधादि।

प. वृत्ति—अन्तरायकर्म और आयुकर्म आदि।

६६. गोम्मटसार—इसके रचयिता आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती हैं। इनका समय विक्रम की ११वीं शताब्दी है। ये चामुण्डराय के समकालीन रहे हैं। चामुण्डराय राजा राचमल्ल के मन्त्री और सेनापति थे। उनका दूसरा नाम गोम्मटराय भी रहा है। प्रस्तुत ग्रन्थ उन्ही के उक्त नाम से गोम्मटसार कहलाता है। कारण यह कि उन्ही के प्रश्न पर वह आ. नेमिचन्द्र द्वारा रचा गया है। इसकी रचना षट्खण्डागम नामक सिद्धान्तग्रन्थ के आधार से हुई है। उन्होने स्वय यह कहा है कि जिस प्रकार चक्रवर्ती ने चक्ररत्न के द्वारा छह खण्ड स्वरूप भरत क्षेत्र को निर्विघ्न सिद्ध किया, उसी प्रकार मैने बुद्धिरूप चक्र के द्वारा छह खण्डस्वरूप षट्खण्डागम को भले प्रकार सिद्ध किया है—उसके रहस्य को हृदयंगत किया है[2]। इसके अन्तर्गत समस्त गाथाओ की सख्या १७०५ है। वह जीवकाण्ड और कर्मकाण्ड इन दो भागों मे विभक्त है।

जीवकाण्ड—इस विभाग मे ७३३ गाथायें है। इसमें गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, सज्ञा,

---

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास भाग ४, पृ. १२७.

२. जह चक्केण य चक्की छक्खड साहिय अविग्घेण।
तह मइचक्केण मया छक्खड साहिय सम्म ॥ गो. क. ३९७.

१४ मार्गणा और उपयोग; इन २० प्ररूपणाओ का वर्णन किया गया है। गुणस्थान मिथ्यात्व व सासादन आदि के भेद से चौदह हैं। इनकी प्ररूपणा ६६ गाथाओ द्वारा की गई है। जीव अनन्त हैं। उनका बादर व सूक्ष्म आदि भेद युक्त जिन एकेन्द्रियत्व आदि धर्मविशेषो के द्वारा सग्रह या संक्षेप किया जाता है उन्हें जीवसमास कहा जाता है। बादर व सूक्ष्म के भेद से एकेन्द्रिय दो प्रकार के तथा सज्ञी व असज्ञी के भेद से पचेन्द्रिय भी दो प्रकार के है। इन चार के साथ द्वीन्द्रिय आदि तीन के ग्रहण करने पर सात होते हैं। ये सातो पर्याप्त भी होते है और अपर्याप्त भी। इस प्रकार सब भेद चौदह होते हैं। ये ही जीवसमास माने जाते हैं। इन सबकी प्ररूपणा यहाँ ४७ (७०-११६) गाथाओ द्वारा की गई है।

आहार-शरीर आदि के भेद से पर्याप्तिया छह हैं। पर्याप्ति नामकर्म के उदय से यथायोग्य अपनी अपनी पर्याप्तियो के पूर्ण हो जाने पर जीव पर्याप्त कहलाता है। इन पर्याप्तियो का प्रारम्भ तो एक साथ हो जाता है, पर उनकी पूर्णता क्रम से होती है। जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण नही हो जाती तब तक जीव निर्वृ त्यपर्याप्त कहलाता है। अपर्याप्त नामकर्म का उदय होने पर अपनी योग्य पर्याप्तियो की पूर्णता तो नही हो पाती और अन्तर्मुहूर्त के भीतर ही जीव मरण को प्राप्त हो जाता है। ऐसे जीव अपर्याप्त कहे जाते हैं। इस सबकी प्ररूपणा यहाँ ११ (११७-२७) गाथाओ द्वारा की गई है।

पाच इन्द्रियाँ, मनबल आदि तीन बल, आनपान (श्वासोच्छ्वास) और आयु ये १० प्राण कहलाते है। इनका वर्णन यहाँ ५ (१२८-३२) गाथाओ मे किया गया है।

आहार, भय, मैथुन और परिग्रह ये चार सज्ञायें हैं। इनका वर्णन ६ (१३३-३८) गाथाओ मे किया गया है।

जिन अवस्थाओ के द्वारा जीवो का मार्गण या अन्वेषण किया जाता है वे मार्गणायें कहलाती हैं। वे चौदह हैं, जो इस प्रकार है—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या भव्यत्व, सम्यक्त्व, सज्ञी और आहार। इन सब का वर्णन यहाँ क्रम से विस्तारपूर्वक किया गया है। यह अधिकार सबसे विस्तृत है जो ५३२ (१३९-६७०) गाथाओ मे पूर्ण हुआ है। इस अधिकार के अन्तर्गत लेश्या मार्गणा की प्ररूपणा निर्देश, वर्ण, परिणाम, संक्रम, कर्म, लक्षण, गति, स्वामी, साधन, सख्या, क्षेत्र, स्पर्श, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व इन १६ अन्तराधिकारो के द्वारा ४८८-५५५ गाथाओ मे की गई है।

वस्तु के जानने-देखने रूप जो जीव का चेतनभाव है वह उपयोग कहलाता है। वह साकार और निराकार के भेद से दो प्रकार का है। साकार उपयोग जहाँ वस्तु को विशेषरूप से ग्रहण करता है वहाँ निराकार उपयोग उसे बिना किसी प्रकार की विशेषता के सामान्यरूप से ही ग्रहण किया करता है। साकार उपयोग ज्ञान और निराकार उपयोग दर्शन माना गया है। अपने भेद-प्रभेदो के साथ इसका वर्णन यहाँ ५ (६७१-७५) गाथाओं मे किया गया है।

आगे गुणस्थान और मार्गणाओ के आश्रय से पृथक्-पृथक् पूर्वोक्त बीस प्ररूपणाओ का यथायोग्य विचार किया गया है (६७६-७०४)। अन्त मे गौतम स्थविर को नमस्कार करते हुए गुणस्थान और मार्गणाओ मे आलाप का दिग्दर्शन कराया गया है। सामान्य, पर्याप्त और अपर्याप्त ये तीन आलाप हैं। अपर्याप्त के दो प्रकार हैं—निर्वृ त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त। इनमे से मिथ्यात्व गुणस्थान में ये दोनों ही प्रकार सम्भव हैं। सासादन, असयतसम्यग्दृष्टि और प्रमत्तविरत इन गुणस्थानो मे निर्वृ त्यपर्याप्त की तो सम्भावना है, पर लब्ध्यपर्याप्त की सम्भावना नही है। समुद्घात अवस्था मे योग की अपेक्षा सयोगकेवली के भी अपर्याप्तता सम्भव है। इस प्रकार उपर्युक्त पाच गुणस्थानो मे सामान्य, पर्याप्त और अपर्याप्त ये तीनो आलाप सम्भव है। शेष नौ गुणस्थानो मे एक पर्याप्त ही सम्भव है। यही क्रम मार्गणाओ में भी यथासम्भव समझना चाहिए।

कर्मकाण्ड—इसकी गाथा सख्या ६७२ है। इसमें ये नौ अधिकार हैं—प्रकृतिसमुत्कीर्तन, बन्ध-

उदय-सत्त्व, सत्त्वस्थानभंग, त्रिचूलिका, स्थानसमुत्कीर्तन, प्रत्यय, भावचूलिका, त्रिकरणचूलिका और कर्म-स्थितिरचना।

(१) **प्रकृतिसमुत्कीर्तन**—जीव शरीरनामकर्म के उदय से सशरीर होकर कर्म को—ज्ञानावरणादिरूप परिणत होने वाले पुद्गलस्कन्धों को—तथा नोकर्म को—औदारिकादि शरीररूप परिणत होने वाले पुद्गलस्कन्धों को—भी प्रतिसमय ग्रहण किया करता है। द्रव्य और भाव के भेद से कर्म दो प्रकार का है। गृहीत पुद्गलस्कन्ध का नाम द्रव्यकर्म और उसमे उत्पन्न होने वाली ज्ञान-दर्शन के आवरणादि-रूप शक्ति का नाम भावकर्म है। ये कर्म मूल मे ज्ञानावरणादिरूप आठ हैं। उनके उत्तरभेद सब एक सौ अड़तालीस हैं। जो जीव के स्वभावभूत ज्ञानादि गुणो का विघात करते हैं वे घातिकर्म कहलाते हैं और जो अभावात्मक (प्रतिजीवी) गुणो का विघात करते हैं वे अघातिकर्म कहलाते हैं। ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय ये चार कर्म घाति हैं, शेष वेदनीय आदि चार कर्म अघाति हैं। वेदनीय कर्म के उदय से जो बाधायुक्त सुख संसार में प्राप्त होता था उसका अभाव उस वेदनीय कर्म के अभाव में हो जाता है। आयुकर्म के उदय से जो मनुष्यादि के किसी विशेष शरीर मे परतन्त्र रहना पड़ता था उस परतन्त्रता का अभाव इस आयुकर्म के अभाव मे हो जाता है। नामकर्म के उदय से जो स्थूलता दृष्टिगोचर होती थी उसका लोप इस नामकर्म के अभाव मे हो जाता है। गोत्रकर्म के उदय से जो ऊंचे-पन और नीचेपन का अनुभव होता था वह उस गोत्रकर्म का अभाव हो जाने पर नष्ट हो जाता है। इस प्रकार ये अघातिया कर्म अभावात्मक गुणो के विघातक तो हैं, पर घातिकर्मों के समान सद्भावस्वरूप ज्ञानादि के विघातक वे नहीं है। इस प्रकार विविध कर्मों के स्वरूप को प्रगट करते हुए उनकी घाति व अघाति आदि अनेक अवस्थाओं का यहां विवेचन किया गया है। अन्त मे उस कर्म के विषय मे नामादि निक्षेपविधि की योजना की गई है।

(२) **बन्ध-उदय-सत्त्व**—इस अधिकार मे गुणस्थान और मार्गणाओं के आश्रय से प्रकृति-स्थिति आदि भेदो मे विभक्त बन्ध, उदय और सत्त्व की प्ररूपणा की गई है। इस अधिकार को ग्रन्थकार ने स्तव कहा है। उसका स्वरूप बतलाते हुए उन्होंने कहा है कि जो शास्त्र विवक्षित तत्त्व का सर्वांगपूर्ण विस्तार या सक्षेप से वर्णन करने वाला है वह स्तव कहलाता है। एक अंग के वर्णन करने वाले शास्त्र को स्तुति और एक अंग के एक अधिकार के प्ररूपक शास्त्र को धर्मकथा कहा जाता है। बन्ध का वर्णन करते हुए यहां सामान्य से यह निर्देश किया गया है कि तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध सम्यक्त्व के रहते हुए —असंयतसम्यग्दृष्टि से अपूर्वकरण गुणस्थान तक—ही होता है। आयु का बन्ध मिश्र गुणस्थान (तृतीय) और मिश्रकाययोग (निर्वृत्यपर्याप्त अवस्था) मे नहीं होता, वह उक्त तीसरे गुणस्थान को छोड़ पहले से सातवें गुणस्थान तक होता है। इस अधिकार के अन्त मे ग्रन्थकार ने यह कहा है कि जिस प्रकार चक्रवर्ती चक्ररत्न के द्वारा छह खण्डरूप भरत क्षेत्र पर निर्बाध विजय प्राप्त करता है उसी प्रकार मैंने बुद्धिरूपी चक्ररत्न के द्वारा षट्खण्ड को—जीवस्थानादि छह खण्डो मे विभक्त षट्खण्डागम को—सिद्ध किया है। अभिप्राय यह है कि षट्खण्डात्मक सिद्धान्त का गम्भीर अध्ययन करके उसके सारभूत इस ग्रन्थ की रचना उनके द्वारा की गई है।

(३) **सत्त्वस्थान**—इस अधिकार मे गुणस्थान के आश्रय से सत्त्वस्थानों की प्ररूपणा की गई है। विवक्षित गुणस्थान मे जितनी कर्मप्रकृतियां सत्ता मे विद्यमान हो उनके समुदाय का नाम सत्त्वस्थान है। प्रकृतियों की भिन्नता के होने पर भी संख्या मे भेद न होना, इसे भंग कहा जाता है। ऐसे भंगो के साथ किस गुणस्थान मे कितने सत्त्वस्थान सम्भव है, इसका विचार इस अधिकार मे किया गया है।

(४) **त्रिचूलिका**—इस अधिकार की प्रथम चूलिका में विवक्षित प्रकृतियो का बन्ध क्या अपने उदय के पूर्व में नष्ट होता है, अपने उदय के पश्चात् नष्ट होता है, अथवा दोनो साथ ही नष्ट होते हैं; उनका बन्ध क्या अपने उदय के साथ होता है, अन्य प्रकृतियो के उदय के साथ होता है, या अपने और अन्य प्रकृतियों के उदय के साथ होता है; तथा वह बन्ध क्या सान्तर होता है, निरन्तर होता

है, अथवा सान्तर-निरन्तर होता है; इन नौ प्रश्नों का समाधान किया गया है[1]। दूसरी चूलिका में उद्वेलन, विध्यात, अधःप्रवृत्त, गुण और सर्व; इन पांच संक्रमणों का विचार किया गया है। इस दूसरी चूलिका के प्रारम्भ (४०८) मे अपने गुरु अभयनन्दी का स्मरण करते हुए कहा गया है कि अभयनन्दी का वह श्रुत-समुद्र पाप मल को दूर करे, जिसके मथन के बिना ही नेमिचन्द्र अतिशय निर्मल हो गया। तीसरी चूलिका को प्रारम्भ करते हुए (४३६) मे यह कहा गया है कि वीरेन्द्रनन्दी (अथवा वीरनन्दी और इन्द्रनन्दी) का वत्स मैं (नेमिचन्द्र) उन अभयनन्दी गुरु को नमस्कार करता हू, जिनके चरणो के प्रसाद से अनन्त संसाररूप समुद्र से पार हुआ। इस तीसरी चूलिका मे बन्ध, उत्कर्षण, सक्रम, अपकर्षण, उदीरणा, सत्त्व, उदय, उपशामन, निधत्ति और निकाचना इन दस करणो का विवेचन किया गया है।

(५) **बन्ध-उदय-सत्त्वस्थानसमुत्कीर्तन**—इस अधिकार मे बन्ध, उदय और सत्त्व के साथ प्रकृतियों के विभिन्न स्थानो का निरूपण किया गया है।

(६) **प्रत्ययप्ररूपणा**—इस अधिकार को प्रारम्भ करते हुए प्रथमतः (७८५) श्रुतसागर के पारगामी इन्द्रनन्दी के गुरु और उत्तम वीरनन्दी के स्वामी ऐसे अभयनन्दी को नमस्कार किया गया है[2]। पश्चात् यहां बन्ध के कारणभूत पाच मिथ्यात्व, बारह प्रकार की अविरति, पच्चीस कषाय और पन्द्रह योग इन सत्तावन भेद (५+१२+२५+१५=५७) रूप आस्रव का गुणस्थानक्रम से निरूपण किया गया है।

(७) **भावचूलिका**—यहां प्रारम्भ (८११) मे गोम्मट जिनेन्द्र-चन्द्र को नमस्कार करते हुए गोम्मट पदार्थ सयुक्त व गोम्मटसंग्रह की विषयभूत भावगत चूलिका के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् की गई इस प्रतिज्ञा के अनुसार यहां अपने उत्तरभेदो के साथ औपशमिक, क्षायिक, मिश्र, औदयिक और पारिणामिक इन भावो का विवेचन किया गया है।

(८) **त्रिकरणचूलिका**--इस अधिकार मे मोहनीय की इक्कीस (दर्शनमोहनीय तीन और अनन्तानुबन्धिचतुष्टय से रहित) प्रकृतियो के क्षय व उपशामन के कारणभूत अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन परिणामो की प्ररूपणा की गई है।

(९) **कर्मस्थितिरचनासद्भाव**—बाधे हुए कर्म कब तक उदय को प्राप्त नही होते और फिर अपनी-अपनी स्थिति के अनुसार वे किस क्रम से निर्जीर्ण होते है, इस सबका विचार इस अन्तिम अधिकार मे किया गया है।

अन्तिम प्रशस्ति मे ग्रन्थकार ने कर्म की निर्जरा और तत्त्व के अवधारण के लिए गोम्मटदेव के द्वारा गोम्मटसग्रहसूत्र गोम्मट के रचे जाने का सकेत करते हुए यह कहा है कि जिनमे गणधरदेवादि ऋद्धिप्राप्त महर्षियो के गुण विद्यमान हैं ऐसे वे अजितसेन स्वामी जिसके गुरु हैं वह राजा (चामुण्डराय या गोम्मटराय) जयवन्त हो। गोम्मटसग्रहसूत्र, गोम्मटशिखर के ऊपर गोम्मटजिन और गोम्मटराय (चामुण्डराय) के द्वारा निर्मित दक्षिणकुक्कुटजिन जयवन्त हो। जिस गोम्मट के द्वारा निर्मित प्रतिमा का मुख सर्वार्थसिद्धि के देवों और सर्वावधि व परमावधि के धारक योगियो के द्वारा देखा गया है वह गोम्मट जयवन्त हो। जिसने ईषत्प्राग्भार नाम के अनुपम जिनभवन का निर्माण कराया वह चामुण्डराय जयवन्त हो। जिस गोम्मटराय के द्वारा खडे किये गये स्तम्भ के ऊपर जो यक्षमूर्तिया हैं उनके मुकुट की किरणों से सिद्धों के पाद धोये जाते हैं, वह गोम्मटराय जयवन्त हो। जिसने गोम्मटसूत्र के लिखने में देशी (?) की वह गोम्मटराय, अपर नाम वीरमार्तण्डी, चिरकाल जीवित रहे।

---

१. इस सबका विस्तृत विवेचन षट्खण्डागम के द्वितीय खण्ड बन्धस्वामित्वविचय (पु. ८) मे किया गया है।

२. संस्कृत टीका में इस गाथा का अर्थ करते हुए अभयनन्दी, इन्द्रनन्दि गुरु और वीरनन्दिनाथ इन तीनों को ही किये गये नमस्कार का निर्देश किया गया है तथा वहां गाथामे अप्रयुक्त 'च' शब्द का अध्याहार किया गया है। स्व. प. नाथूराम जी प्रेमी ने इन्द्रनन्दी और वीरनन्दी को आ. नेमिचन्द्र का ज्येष्ठ गुरुभाई बतलाया है (जैन साहित्य और इतिहास पृ. २७०)।

इसके ऊपर एक अभयचन्द्राचार्य (वि. की १४वीं शती) विरचित मन्दप्रबोधिका नाम की संस्कृत टीका और दूसरी नेमिचन्द्राचार्य[1] (वि. की १४वी शती) विरचित जीवतत्त्वप्रदीपिका सस्कृत टीका है। इनमें मन्दप्रबोधिका टीका जीवकाण्ड की ३८२वी गाथा तक ही उपलब्ध है। इन दो टीकाओं के अतिरिक्त एक सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका नाम की हिन्दी टीका भी है, जो पण्डितप्रवर टोडरमल जी द्वारा जीवतत्त्वप्रदीपिका का अनुसरण कर विस्तार से लिखी गई है। इन तीनो टीकाओं के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ गाधी हरिभाई देवकरण जैन ग्रन्थमाला कलकत्ता से प्रकाशित हो चुका है। सक्षिप्त हिन्दी के साथ वह परमश्रुत प्रभावक मण्डल बम्बई से भी दो भागो मे प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग इन शब्दों मे हुआ है—

मूल—अण्डर, अधःप्रवृत्तकरण, अनिन्द्रिय जीव, अनिवृत्तिकरण गुणस्थान, अनि.सृतावग्रह, अनुयोगद्वार श्रुतज्ञान और अप्रमत्तसयत आदि।

टीका—अक्षरात्म श्रुतज्ञान, अगाढ, अगुरुलघु नामकर्म अध प्रवृत्तसंक्रम अनन्तानुबन्धिक्रोधादि, अनुकृष्टि, अनुत्तरौपपादिकदशा, अप्रत्याख्यानावरणक्रोधादि, आक्षेपिणी कथा और उद्वेलनसक्रम आदि।

९७. **लब्धिसार**—यह भी उपर्युक्त नेमिचन्द्राचार्य की कृति है। इसमे दर्शनलब्धि, चारित्रलब्धि और क्षायिकचारित्र ये तीन अधिकार हैं। इनकी गाथासख्या इस प्रकार है—१६७+२२४+२६१=६५२। जैसा कि ग्रन्थकार ने पचपरमेष्ठियो की वन्दना करते हुए प्रारम्भ मे सूचित किया है, तदनुसार वस्तुत दो ही अधिकार समझना चाहिए—सम्यग्दर्शनलब्धि और चारित्रलब्धि। उपशम और क्षय के भेद से चारित्र दो प्रकार का है। सम्यग्दर्शनलब्धि अधिकार मे सम्यग्दर्शन की प्राप्ति का विचार करते हुए यह बतलाया है कि अनादि मिथ्यादृष्टि अथवा सादि मिथ्यादृष्टि जीव चारों गतियो मे से किसी भी गति मे प्रथमोपशम सम्यक्त्व को प्राप्त कर सकता है। विशेष इतना है कि उसे सज्ञी, पर्याप्तक, गर्भज, विशुद्ध—अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणरूप परिणामो से उत्तरोत्तर विशुद्धि को प्राप्त—और साकार उपयोग वाला होना चाहिए। सम्यक्त्वप्राप्ति के पूर्व उसके उन्मुख हुए मिथ्यादृष्टि जीव के ये पाच लब्धिया होती हैं—क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण। इनमे पूर्व की चार लब्धिया तो भव्य और अभव्य दोनो के ही सामान्यरूप से हो सकती हैं, पर अन्तिम करणलब्धि भव्य के ही होती है।

जब ज्ञानावरणादि अप्रशस्त (पाप) कर्मों की फलदानशक्ति उत्तरोत्तर अनन्तगुणी हीन होकर उदय को प्राप्त होती है तब उस जीव के प्रथम क्षयोपशमलब्धि होती है। इस क्षयोपशमलब्धि के प्रभाव से जो जीव के साता वेदनीय आदि प्रशस्त कर्मप्रकृतियो के बन्धयोग्य धर्मानुरागरूप परिणति होती है उसे विशुद्धिलब्धि कहा जाता है। जीव-पुद्गलादि छह द्रव्यो और नौ पदार्थों के उपदेशक आचार्य आदि की प्राप्ति को अथवा उपदिष्ट अर्थ के ग्रहण-धारण की प्राप्ति को देशनालब्धि कहते है। उक्त तीन लब्धियो से सम्पन्न जीव अब आयु को छोडकर शेष सात कर्मों की स्थिति को हीन करके अन्त.कोडाकोडि प्रमाण कर देता है तथा अप्रशस्त घातिया कर्मों के अनुभाग को खण्डित करके लता और दारु समान दो स्थानो मे स्थापित करता है, साथ ही अघातिया कर्मों के अनुभाग को जब नीम और काजीर के समान दो भागो मे स्थापित करता है तब उसके प्रायोग्यलब्धि होती है। ये चार लब्धिया भव्य के समान अभव्य के भी हो सकती हैं, यह कहा ही जा चुका है। उक्त चार लब्धियो के पश्चात भव्य जीव के जो अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणरूप उत्तरोत्तर विशुद्धि को प्राप्त होने वाले परिणामो की प्राप्ति होती है, इसे करणलब्धि कहा जाता है। यह अभव्य जीव के सम्भव नही है। इसकी प्राप्ति के अन्तिम समय मे जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्व को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार यहां प्रसगवश गुणस्थान के अनुसार विभिन्न प्रकृतियो के नामोल्लेखपूर्वक उनके बन्ध आदि की हीनता के क्रम को दिखलाया गया है।

चारित्रलब्धि—यह देश और सकल चारित्र के भेद से दो प्रकार की है। इनमे देशचारित्र को मिथ्यादृष्टि और असयतसम्यग्दृष्टि प्राप्त करते हैं तथा सकलचारित्र को इन दोनो के साथ देशसयत

१. देखिये अनेकान्त वर्ष ४, कि. १, पृ. ११३-२० में 'गोम्मटसार की जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका, उसका कर्तृत्व और समय' शीर्षक लेख।

भी प्राप्त करता है। मिथ्यादृष्टि जब उपशमसम्यक्त्व के साथ देशचारित्र के ग्रहण के उन्मुख होता है तब वह जिस प्रकार सम्यक्त्व की प्राप्ति के लिए अधःप्रवृत्त आदि तीन करणों को करता है उसी प्रकार इस देशचारित्र की प्राप्ति के लिये भी उक्त तीन करणों को करता है और उन तीन करणों के अन्तिम समय मे वह उक्त देशचारित्र को प्राप्त कर लेता है। परन्तु यदि उक्त मिथ्यादृष्टि वेदक (क्षायोपशमिक) सम्यक्त्व के साथ उक्त देशचारित्र के ग्रहण के उन्मुख होता है तो अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरण इन दो परिणामों के अन्तिम समय में वह देशचारित्र को प्राप्त कर लेता है।

सकल चारित्र तीन प्रकार का है—क्षायोपशमिक, औपशमिक और क्षायिक। इनमे जो जीव उपशमसम्यक्त्व के साथ क्षायोपशमिक चारित्र के ग्रहण में उद्यत होता है उसके उसकी प्राप्ति की विधि प्रथमोपशमसम्यक्त्व की प्राप्ति के समान है। जो वेदकसम्यग्दृष्टि औपशमिक चारित्र के ग्रहण मे उद्यत होता है उसकी विधि भिन्न है। उसका निरूपण इस अधिकार मे विशेषरूप से किया गया है (२०५-३९१)।

आगे क्षायिकचारित्र की प्राप्ति मे की आनेवाली क्रियाओं का वर्णन विस्तार से किया गया है। इसी को क्षपणासार कहा जाता है।

गोम्मटसार के समान इस पर भी नेमिचन्द्राचार्य की संस्कृत टीका और पण्डितप्रवर टोडरमलजी विरचित हिन्दी टीका भी है। संस्कृत टीका औपशमिक चारित्र के विधान तक (गा. ३९१ तक) ही उपलब्ध है, आगे क्षायिक चारित्र के प्रकरण मे वह उपलब्ध नहीं है। इससे प. टोडरमलजी के द्वारा गा. ३९१ तक तो उक्त संस्कृत टीका के अनुसार व्याख्या की गई है और तत्पश्चात् आचार्य माधवचन्द्र त्रैविद्य द्वारा विरचित संस्कृत गद्यरूप क्षपणासार के आधार से वह की गई है। प. टोडरमलजी ने इस क्षपणासार की रचना का निर्देश करते हुए यह बतलाया है कि उक्त ग्रन्थ आचार्य माधवचन्द्र द्वारा भोज नामक राजा के मंत्री बाहुबली के परिज्ञानार्थ रचा गया है। उक्त दोनो टीकाओ के साथ यह हरिभाई देवकरण जैन ग्रन्थमाला कलकत्ता से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरण गुणस्थान आदि शब्दो मे हुआ है—

९८. **त्रिलोकसार**—यह भी पूर्वोक्त नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के द्वारा रचा गया है। इसमे छह अधिकार है—लोकसामान्य, भवनलोक, व्यन्तरलोक, ज्योतिर्लोक, वैमानिकलोक और नरतिर्यग्लोक। इनमे गाथाओ का प्रमाण क्रमशः इस प्रकार है—२०७+४२+५२+१४६+११०+४५८=१०१८।

(१) **लोकसामान्य**—जहाँ जीवादि छह द्रव्य देखे जाते हैं या जो उन छह द्रव्यो से व्याप्त है वह लोक कहलाता है। वह अनन्त आकाश के ठीक मध्य मे अवस्थित है। वह अनादिनिधन होता हुआ स्वभावसिद्ध है—उसका कोई निर्माता नही है। आकाश दो प्रकार का है—लोकाकाश और अलोकाकाश। जितने आकाश को व्याप्त करके धर्म, अधर्म, आकाश और कालाणु अवस्थित हैं तथा जीव एव पुद्गलो का गमनागमन जहां तक सम्भव है उतना आकाश लोकाकाश कहलाता है। उसके सब ओर जो अनन्त शुद्ध आकाश है वह अलोकाकाश माना गया है। उक्त लोक अधः, मध्य और ऊर्ध्व के भेद से तीन प्रकार का है। आधे मृदंग के ऊपर एक दूसरे मृदग को खडा रखने पर जो उसका आकार होता है वैसा ही आकार इस लोक का है। इस प्रकार इस लोक का वर्णन करते हुए अनेक भेदरूप लौकिक और लोकोत्तर मानों, तीन वातवलयों, रत्नप्रभादि पृथिवियों और उनमें रहने वाले नारकियो का निरूपण किया गया है।

(२) **भवनलोक**—इसमे असुरकुमार-नागकुमारादि दस प्रकार के भवनवासी देवों की प्ररूपणा की गई।

(३) **व्यन्तरलोक**—इसमें किन्नर व किम्पुरुष आदि आठ प्रकार के व्यन्तर देवों की प्ररूपणा की गई है।

(४) **ज्योतिर्लोक**—यहां चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णक तारे इन पांच प्रकार के ज्योतिषी देवों की प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः मध्यलोक के अन्तर्गत १६ अभ्यन्तर और १६ अन्तिम द्वीपो के नामो

का निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् जम्बूद्वीपादि के विस्तारादि का वर्णन करते हुए उक्त ज्योतिषियों के स्थान, विमान, संचार, ताप व तम (अन्धकार) के क्षेत्र, अधिक मास, दक्षिण-उत्तरायण और संख्या आदि का निरूपण किया गया है।

(५) वैमानिकलोक—इस अधिकार में १६ कल्पों के नामों का निर्देश करते हुए उनमें १२ इन्द्रों की व्यवस्था, कल्पातीत (६ ग्रैवेयक, ६ अनुदिश और ५ अनुत्तर) विमान, इन्द्रकादि विमानों का विस्तारादि, देव-देवियों की विक्रिया और उनके वैभव आदि की प्ररूपणा की गई है।

(६) नर-तिर्यक्लोक—यहां भरतादि सात क्षेत्र, हिमवान् आदि छह कुलपर्वत, इन पर्वतो के ऊपर स्थित तालाबो मे रहनेवाली श्री-ह्री आदि देविया, उनका परिवार, उक्त तालाबो से निकलनेवाली गगा-सिन्धु आदि चौदह नदिया, पूर्वोक्त क्षेत्र-पर्वतादिको का विस्तारादि व उसके लाने के गणितसूत्र, विदेह-क्षेत्र के मध्य मे स्थित मेरु पर्वत, उसके ऊपर पाण्डुक वनमे स्थित तीर्थंकराभिषेक-शिलाये, विदेहक्षेत्र मे वर्षा आदि का स्वरूप, बत्तीस विदेह और तद्गत नगरियो (राजधानियो) के नाम, विजयार्धगत ११० नगरियो के नाम, पर्वतो पर स्थित कूटों के नाम, चतुर्थ काल मे होनेवाले शलाकापुरुष तथा पाचवें व छठे कालो मे होनेवाले परिणमन; इत्यादि यथाप्रसग कितने ही विषयो की प्ररूपणा की गई है। अन्त मे नन्दीश्वरद्वीपस्थ ५२ जिनभवनों का निर्देश कर अष्टाह्निक पर्व मे वहाँ इन्द्रादिको के द्वारा की जाने वाली पूजा का उल्लेख करते हुए उत्तम, मध्यम और जघन्य अकृत्रिम जिनभवनो के रचनाक्रम को दिखलाया गया है।

प्रत्येक अधिकार के प्रारम्भ मे ग्रन्थकार द्वारा वहा वर्तमान अकृत्रिम जिनभवनो की वन्दना की गई है। सर्वान्त मे अपनी लघुता को प्रगट करते हुए ग्रन्थकार ने यह कहा है कि अभयनन्दी के वत्स अल्पश्रुत के ज्ञाता मुझ नेमिचन्द्र मुनि के द्वारा यह त्रिलोकसार रचा गया है। बहुश्रुत आचार्य उसे क्षमा करें।

६६. पंचसंग्रह—यह आचार्य अमितगति (द्वितीय) के द्वारा विक्रम स. १०७३ मे रचा गया है। इसमे पाच परिच्छेद है। जैसा कि प्रारम्भ (श्लोक २) मे संकेत किया गया है, तदनुसार इसमे बन्धक बध्यमान, बन्धस्वामी, बन्धकारण और बन्धभेद ये पाच प्रकरण है। पद्यसंख्या उसकी इस प्रकार है—३५३+४८+१०६+७७६+७६+६०=१४५५। बीच-बीच मे बहुतसा गद्य भाग भी है।

बन्धक प्रकरण मे कर्म के बन्धक जीवो की प्ररूपणा गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति प्राण सज्ञा, मार्गणा और उपयोग आदि के आश्रय से की गई है।

दूसरे प्रकरण मे बध्यमान—बन्ध को प्राप्त होनेवाली ज्ञानावरणादि कर्मप्रकृतियो—की प्ररूपणा की गई है।

तीसरे प्रकरण मे बन्ध के स्वामियो की प्ररूपणा करते हुए बन्ध, उदय और सत्त्व की व्युच्छित्ति आदि का विवेचन किया गया है।

चौथे प्रकरण मे बन्धकारणो का विचार करते हुए प्रथमतः चौदह जीवसमासो मे से एकेन्द्रिय आदि जीवों मे कहा कितने वे सम्भव हैं, इसका विवेचन किया गया है। आगे यही विवेचन मार्गणाओ के आश्रय से किया गया है। तत्पश्चात् गत्यादि मार्गणाओं एव जीवसमास आदि मे कहा कितने गुणस्थान, उपयोग, योग और प्रत्यय (कारण) सम्भव हैं; इत्यादि का विचार किया गया है।

आगे मार्गणाओ के आश्रय से बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थानो की प्ररूपणा करते हुए अन्त मे गुणस्थान और मार्गणास्थानो मे कौन जीव कितनी और किन-किन प्रकृतियो के बन्धक है, इत्यादि का विचार किया गया है।

यहा पुष्पिकावाक्यो मे पृ. ४८ पर जीवसमास, पृ. ५३ पर प्रकृतिस्तव, पृ. ७२ पर कर्मबन्धस्तव, पृ. १४६ पर शतक और पृ. २२५ पर सप्ततिप्रकरण के समाप्त होने की सूचना की गई है।

इसके अतिरिक्त पृ. ४८ पर महावीर को नमस्कार करते हुए प्रकृतिस्तव के कहने की, पृ. ५

पर सर्वज्ञों को नमस्कार कर बन्ध, उदय और सत्त्व के व्युच्छेद के कहने की, पृ. ७३ पर जिनेन्द्रवचनामृत का जयकार करते हुए दृष्टिवाद से उद्धृत करके जीव-गुणस्थानगोचर कुछ श्लोकों के कहने की, पृ. १४६ पर अरहंतों को नमस्कार करके अपनी भक्ति के अनुसार सप्तति के कहने की, तथा पृ. २२६ पर वीर जिनेश्वर को नमस्कार कर सामान्य (गुणस्थान) और विशेष (मार्गणाभेद) रूप से बन्ध-स्वामित्व के कहने की प्रतिज्ञा की गई है।

प्रस्तुत ग्रन्थ मा. दि. जैन ग्रन्थमाला समिति बम्बई से प्रकाशित हुआ है। इसका उपयोग अकृतसमुद्घात, अगृहीतमिथ्यात्व, अनिवृत्तिकरणगुस्थान, अपूर्वकरण और असयतसम्यग्दृष्टि आदि शब्दों में हुआ है।

१००. **जंबूदीवपण्णत्ती**—यह आचार्य पद्मनन्दी द्वारा रचा गया है। उनका समय विक्रम की ११वीं शताब्दी हो सकता है[1]। इसमे १३ उद्देश व समस्त गाथाओं की सख्या २४२६ है। उद्देशक्रम से उसका विषयपरिचय इस प्रकार है—

(१) **उपोद्घातप्रस्ताव**—यहाँ सर्वप्रथम पचगुरुओं का वन्दन करते हुए आचार्यपरम्परा के अनुसार जिनदृष्ट द्वीप-सागरो की प्रज्ञप्ति के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् वर्धमान भगवान्‌को नमस्कार करते हुए श्रुतगुरुओ की परिपाटी मे प्रथमतः गौतम, सुधर्म (लोहार्य) और जम्बूस्वामी इन तीन अनुबद्ध केवलियोका निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् नन्दी आदि पांच श्रुतकेवलियोमे लेकर सुभद्र आदि चार आचारागधरो तक की परम्पराका निर्देश किया गया है। फिर आचार्यपरम्परा व आनुपूर्वीके अनुसार द्वीप-सागरो की प्रज्ञप्ति के कहने की प्रतिज्ञा की गई है।

आगे चलकर समस्त द्वीप सागरोकी सख्या का निर्देश करते हुए जम्बूद्वीपके विस्तारादि, उसको वेष्टित करनेवाली जगती और जम्बूद्वीप के अन्तर्गत क्षेत्र-पर्वतादिकों की सख्या मात्रका निर्देश किया गया है। इस उद्देशमे ७४ गाथायें हैं।

(२) **भरतैरावतवर्षवर्णन**—यहाँ भरतादि सात क्षेत्रो और उनको विभाजित करनेवाले हिमवान् आदि छह कुलपर्वतो का निर्देश करते हुए भरत व ऐरावत क्षेत्रो और उनमे प्रवर्तमान अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी कालोकी प्ररूपणा की गई है। इसमे २१० गथायें हैं।

(३) **पर्वत-नदी-भोगभूमिवर्णन**—इस उद्देशमे कुलपर्वतों, मानुषोत्तर, कुण्डल एव रुचक पर्वतो; नदियो और हैमवतादि क्षेत्रो मे प्रवर्तमान कालों (भोगभूमियो) की प्ररूपणा की गई है। इसमे २४६ गथाये है।

(४) **सुदर्शन मेरु**—यहाँ मन्दर आदि पर स्थित जिनभवनो का वर्णन करते हुए तीर्थंकरो के जन्माभिषेक के लिये आनेवाले सौधर्मादि इन्द्रियो की विभूति की प्ररूपणा की गई है। इसमे २६२ गाथायें हैं।

(५) **मन्दर-जिनवरभवन**—यहा मन्दर आदि पर्वतोंपर स्थित जिनभवनो का निरूपण करते हुए नन्दीश्वरद्वीप, कुण्डल पर्वत, मानुषोत्तर पर्वत और रुचक पर्वतोंपर स्थित जिनभवनो की उक्त जिनभवनोसे समानता प्रकट की गई है। आगे जाकर अष्टाह्निक पर्व मे जिनपूजन के लिये आनेवाले १६ इन्द्रोकी शोभा को दिखलाते हुए उनके द्वारा किये जानेवाले पूजामहोत्सव की प्ररूपणा की गई है। यहाँ गाथाओ की सख्या १२५ है।

(६) **देवकुरु-उत्तरकुरु**—यहा विदेहक्षेत्रगत देवकुरु-उत्तरकुरु क्षेत्रो के विस्तारादि तथा उनमे उत्पन्न होनेवाले मनुष्यादिकी प्ररूपणा की गई है। इसमे १७८ गाथाये हैं।

(७) **विदेह वर्ष**—यहाँ वनखण्डों, देवारण्यों, वेदिकाओं, विभगानदियो, वक्षारपर्वतों तथा कच्छा विजय और उसमे स्थित क्षेमा नगरी (राजधानी) का वर्णन किया गया है। इसमे १५३ गाथायें हैं।

(८) **पूर्वविदेहविभाग**—इसमे पूर्वविदेहस्थ सुकच्छा आदि विजयों और उनमे स्थित क्षेमपुरी

१. उक्त ग्रन्थ की प्रस्तावना पृ. १४२-४३।

आदि नगरियों के साथ विभगानदियों आदिका भी वर्णन किया गया है। इसमें १६८ गाथायें हैं।

(९) अपरविदेह—पूर्वविदेहगत कच्छा आदि के ही समान यहाँ रत्नसंचयादि नगरियों और पद्मा आदि विजयों का वर्णन किया गया है। यहाँ १६७ गाथायें हैं।

(१०) लवणसमुद्र विभाग—यहाँ लवणसमुद्रके विस्तारादि के साथ उनमे स्थित विविध पातालो और कृष्ण-शुक्ल पक्षो मे होनेवाली हानि-वृद्धि आदिका निरूपण किया गया है। इसमे १०२ गाथायें हैं।

(११) द्वीप-सागरादि—यहाँ धातकीखण्ड द्वीप, कालोद समुद्र और पुष्कर द्वीप का वर्णन करते हुए रत्नप्रभादि सात पृथिवियो, उनमे स्थित भवनवासी व व्यन्तर देवों, नरकों मे उत्पन्न होनेवाले नारकियो, अढ़ाई द्वीपो व स्वयम्भूरमण समुद्र के पूर्व मे स्थित असख्यात द्वीप-समुद्रो में उत्पन्न होनेवाले तिर्यंचो तथा वैमानिक देवोंकी प्ररूपणा की गई है। यहाँ ३६५ गाथायें हैं।

(१२) ज्योतिषपटल—इस उद्देशमे चन्द्र-सूर्यादि ज्योतिषी देवो की प्ररूपणा की गई है।

(१३) प्रमाणभेद—यहाँ विविध मानो का वर्णन करते हुए समय-आवली आदि कालमानों और परमाणु व त्रसरेणु आदि क्षेत्रमानो का विवेचन किया गया है। पश्चात् प्रत्यक्ष व परोक्षरूप प्रमाणभेदों की चर्चा करते हुए सर्वज्ञताका भी कुछ विचार किया गया है। सर्वान्त मे मनुष्यक्षेत्रस्थ इष्वाकार पर्वतो, यमक पर्वतो, जम्बू आदि वृक्षों, वनो, भोगभूमियों और नदियो आदि की समस्त सख्या का निर्देश करते हुए ग्रन्थकार ने अपना परिचय इस प्रकार दिया है—मैंने परमागम के देशक प्रसिद्ध विजय गुरु के पास मे अमृतस्वरूप जिनवचन को सुनकर कुछ उद्देशो मे इस ग्रन्थ को रचा है[1]। माघनन्दी गुरु, उनके शिष्य सिद्धान्तमहोदधि सकलचन्द्र गुरु और उनके शिष्य श्रीनन्दी गुरु हुए। उनके (श्रीनन्दिगुरु के) निमित्त यह जम्बूद्वीप की प्रज्ञप्ति लिखी गई है[2]। पचाचार से समग्र वीरनन्दीगुरु, उनके शिष्य बलनन्दी गुरु और उनके शिष्य गुणगणकलित, गारवरहित और सिद्धान्त के पारगत पद्मनन्दी हुए। मुनि पद्मनन्दी ने विजयगुरु के पास मे सुपरिशुद्ध आगम को सुनकर इसे संक्षेप मे लिखा है[3]। उस समय नरपतियो से पूजित शक्ति भूपाल बारा नगर का प्रभु था। मुनिगणों के समूहों से मण्डित यह बारा नगर पारियात्र देश मे स्थित था। इस बारा नगर मे रहते हुए संक्षेप से बहुपदार्थ सयुक्त जम्बूद्वीप की प्रज्ञप्ति लिखी गई है। छद्मस्थ से विरचित इसमे जो भी प्रवचनविरुद्ध लिखा गया हो, उसे सुगीतार्थ प्रवचनवत्सलता से शुद्ध कर लें[4]।

इस पर तिलोयपण्णत्ती का प्रभाव

प्रस्तुत ग्रन्थ पूर्व निर्दिष्ट तिलोयपण्णत्ती की शैली पर लिखा गया है। जैसे तिलोयपण्णत्ती मे सर्वप्रथम पचगुरुओ की वन्दना की गई है। वैसे ही इसके प्रारम्भ भी उक्त पचगुरुओ की वन्दना की गई है। विशेष इतना है कि जहाँ तिलोयपण्णत्ती मे प्रथमतः सिद्धों को नमस्कार किया गया है वहाँ प्रस्तुत ग्रन्थ मे प्रथमतः अरिहतो को नमस्कार किया गया है।

ति. प. मे प्रथम महाधिकार के अन्त मे नाभेय जिन (ऋषभनाथ) को नमस्कार करके आगे प्रत्येक महाधिकार के आदि व अन्त मे क्रमशः अजितादि तीर्थंकरो को नमस्कार करते हुए अन्तिम नौवें महाधिकार के प्रारम्भ मे शान्ति जिन को नमस्कार किया गया है। तत्पश्चात् इसी नौवें महाधिकार के अन्त में कुन्थु आदि वर्धमानान्त शेष तीर्थंकरो को नमस्कार किया गया है। इसी प्रकार इस ज. दी. प. मे भी द्वितीय उद्देश के प्रारम्भ मे ऋषभ जिनेन्द्र को और अन्त में अजित जिनेन्द्र को नमस्कार किया गया है। इसी क्रम से आगे प्रत्येक उद्देश के आदि व अन्त मे एक-एक तीर्थंकर को नमस्कार करते हुए तेरहवें अधिकार के अन्त मे वीर जिनेन्द्र को नमस्कार किया गया है।

---

१. उ. १३, गा १४४–४५. २. उ. १३, गा. १४४–५७.
३. उ. १३, गा. १५८–६४.
४. उद्देश १३, गा. १६५–७०.

इसके अतिरिक्त तिलोयपण्णत्ती की कितनी ही गाथाओं को यहाँ उसी रूप में अथवा कुछ शब्द-परिवर्तन के साथ इसके अन्तर्गत कर लिया गया है[1]।

तिलोयपण्णत्ती की रचना जिस प्रकार भाषा की दृष्टि से समृद्ध व प्रौढ़ तथा विषयविवेचन की दृष्टि से सुसम्बद्ध है, इस प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना नहीं है—वह भाषा की दृष्टि से शिथिल और विषयविवेचन की दृष्टि से कुछ अव्यवस्थित है। पुनरुक्ति भी प्रस्तुत ग्रन्थ में जहाँ तहाँ देखी जाती है।

ग्रन्थ का प्रकाशन जैन संस्कृति संरक्षक संघ (जीवराज जैन ग्रन्थमाला) सोलापुर द्वारा हो चुका है। इसका उपयोग आत्मांगुल आदि शब्दों में हुआ है।

१०१. कर्मस्तव—यह द्वितीय प्राचीन कर्मग्रन्थ है। इसके कर्ता का नाम ज्ञात नहीं है। इसमें ५५ गाथायें हैं। यहाँ सर्वप्रथम जिनवरेन्द्र को नमस्कार करते हुए बन्ध, उदय और सत्त्वयुक्त स्तव के कहने की प्रतिज्ञा की गई है। बन्ध, उदय और सत्ता के व्यवच्छेद का प्ररूपक होने से चूंकि यह असाधारण सद्भूत गुणों का कीर्तन करने वाला है, अत एव इसे नाम से स्तव कहा गया है। यहाँ प्रथमत: गुणस्थानक्रम से बन्ध, उदय, उदीरणा और सत्ता से व्युच्छिन्न होने वाली प्रकृतियों की संख्या का निर्देश करके तत्पश्चात् उसी क्रम से उन कर्मप्रकृतियों का नामोल्लेख भी किया गया है। इसके ऊपर गोविन्द गणी (सम्भवत: विक्रम की १३वीं शताब्दी) द्वारा टीका लिखी गई है। इस टीका के साथ वह पूर्वोक्त कर्मविपाक के साथ जैन आत्मानन्द सभा भावनगर से प्रकाशित हुआ है। इस पर एक ३२ गाथात्मक अज्ञातकर्तृक भाष्य भी है, जो ग्रन्थ के अन्त में मुद्रित है। इसकी टीका का उपयोग अचक्षुदर्शन, अन्तराय कर्म, अपर्याप्तनाम, अप्रत्याख्यानावरणक्रोधादि, अबाध, आतप नामकर्म, उच्छ्वासपर्याप्ति, उदय, उदीरणा और उद्योतनाम आदि शब्दों में हुआ है।

१०२. षडशीति—इसका दूसरा नाम आगमिकवस्तुविचारसार प्रकरण है। यह चतुर्थ प्राचीन कर्मग्रन्थ है। इसके कर्ता जिनवल्लभ गणी (विक्रम की १२वीं शताब्दी) हैं। गाथायें इसमें ८६ हैं। यहां सर्वप्रथम पार्श्व जिन को नमस्कार करते हुए गुरु के उपदेशानुसार जीवस्थान, मार्गणास्थान, गुणस्थान, उपयोग, योग और लेश्या के कुछ कहने की प्रतिज्ञा की गई है। तदनुसार इसमें आगे क्रम से जीवस्थानों में गुणस्थान, योग, उपयोग, लेश्या, बन्ध, उदय, उदीरणा व सत्तास्थानों की प्ररूपणा; मार्गणास्थानों में जीवस्थान, गुणस्थान, योग, उपयोग, लेश्या और अल्पबहुत्व की प्ररूपणा; तथा गुणस्थानों में जीवस्थान, योग, उपयोग, लेश्या, बन्धहेतु, बन्ध, उदय, उदीरणा, सत्तास्थान और अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।

अन्त में अपने नाम का निर्देश करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है कि जिनवल्लभ के द्वारा लाया गया (रचा गया) यह जिनागमरूप अमृतसमुद्र का बिन्दु है। हितैषी विद्वज्जन इसे सुनें, उसका मनन करें, और जानें।

इस पर एक टीका हरिभद्रसूरि के द्वारा रची गई है। ये देवसूरि के प्रशिष्य और जिनदेव उपाध्याय के शिष्य थे। उक्त टीका उन्होंने अणहिल्लपाटकपुर में जयसिंहदेव के राज्य में आशापुर वसति में विक्रम सं. ११७२ में लिखी है। दूसरी टीका सुप्रसिद्ध आ. मलयगिरि के द्वारा लिखी गई है। इन दोनों टीकाओं के साथ ग्रन्थ कर्मविपाकादि के साथ जैन आत्मानन्द सभा भावनगर से प्रकाशित हुआ है। इस पर एक ३८ गाथात्मक अज्ञातकर्तृक भाष्य भी है जो ग्रन्थसंग्रह के अन्त में मुद्रित है। इसका उपयोग (टीका से) अचक्षुदर्शन, अनन्तानुबन्धी, आहारक (शरीर), आहारक (जीव) और उपयोग आदि शब्दों में हुआ है। (शेष अगले भाग में)

---

१. देखिये ति. प. भा. २, प्रस्तावना पृ. ६८–७० और जंबूदीवपण्णत्ती की प्रस्तावना पृ. १२८.

लक्षणवैशिष्ट्य

देश-काल की विशेषता अथवा लक्षणकार की मनोवृत्ति के कारण एक ही लक्ष्य के लक्षण में कहीं कुछ विशेषता या विविधता भी देखी जाती है। जैसे—

अकर्मभूमिक—अकर्मभूमिक का यौगिक अर्थ कर्मभूमिभिन्न—भोगभूमि—मे उत्पन्न हुआ जीव होता है। इस अभिप्राय को व्यक्त करने वाला लक्षण समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति में पाया जाता है। स्थानाग मे लक्षित 'अकर्मभूमि' के लक्षण से भी यही अभिप्राय ध्वनित होता है। परन्तु धवलाकार ने वेदनाकालविधान के अन्तर्गत सूत्र ८ की व्याख्या करते हुए 'अकर्मभूमिक' से देव और नारकियो को ग्रहण किया है।

प्रकरण वहाँ काल की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट वेदना के स्वामी का है। वह चूंकि भोग-भूमिजो के सम्भव नही है, अतएव सूत्रस्थ 'अकम्मभूमियस्स' पद का अर्थ वहाँ 'देव-नारकी' किया गया है।

अक्षौहिणी—पउमचरिउ और पद्मचरित्र (पद्मपुराण) के अनुसार अक्षौहिणी का प्रमाण २१८७०० तथा धवला के अनुसार वह ६०६०६०६००० है।

अचेलक—अचेल, अचेलक और आचेलक्य ये समानार्थक शब्द हैं। आचारागसूत्र १८० मे (पृ. २१८) अचेल शब्द उपलब्ध होता है। प्रसग वहाँ चरित्र को वृद्धिगत करने का है। इसके लिए वहाँ कहा गया है कि मोक्ष के निकटवर्ती कितने ही जीव धर्म को ग्रहण करके धर्मोपकरणो के विषय मे साव-धान होते हुए धर्म का आचरण करते है। इस प्रकार से जो काम-भोगादि मे आसक्त न होकर धर्मा-चरण मे दृढ होते है तथा समस्त गृद्धि—भोगाकाक्षा को—दुःखरूप समझकर उसे छोड देते हैं वे ही महामुनि होते हैं। ऐसा महर्षि चेतन-अचेतन परिग्रह मे निर्ममत्व होकर विचार करता है कि मेरा कुछ भी नही, मैं अकेला हू। इस प्रकार एकत्वभावना को भाता हुआ जो अचेल—वस्त्रादि सब प्रकार के परिग्रह से रहित साधु—सयम मे उद्यत होकर अवमौदर्य मे स्थित होता है वह सब प्रकार के उपद्रव को सहन करता है।

इसकी टीका मे शीलाकाचार्य ने 'अचेल' का अर्थ 'अल्पवस्त्रवाला या जिनकल्पिक' किया है।

आगे उक्त आचाराग के सूत्र १८२ मे कहा गया है कि जो साधु वस्त्र का परित्याग करके सयम मे दृढ है उसके अन्त.करण मे इस प्रकार का आर्तध्यान नही होता है— मेरा वस्त्र जीर्ण हो गया है, वस्त्र की मैं याचना करूगा, धागे की याचना करूगा, सुई की याचना करूगा, जोडूगा, सीऊगा, बडा करूगा, छोटा करूगा, पहिनूंगा और शरीर को आच्छादित करूगा इत्यादि।

इसकी टीका मे भी शीलाकाचार्य ने प्रथमतः अचेलका अर्थ अल्प अर्थ मे 'नञ्' मानकर 'अज्ञ' पुरुष का उदाहरण देते हुए 'अल्पचेल' किया है। पर आगे चलकर सम्भवतः प्रसग की प्रतिकूलता का अनुभव करते हुए उन्होंने यह भी कह दिया है—अथवा जिनकल्पिक के अभिप्राय से ही इस सूत्र की व्याख्या करनी चाहिए।

इसी आचाराग सूत्र (२०८–१०) मे अपवाद के रूप में यह भी बतलाया है कि जो भिक्षु तीन वस्त्रो को ग्रहण कर सयम का परिपालन कर रहा है उसे कैसी भी शैत्य आदि की बाधा क्यों न हो, चौथे वस्त्र की याचना नहीं करना चाहिए तथा विहित वस्त्रो को धारण करते हुए भी उन्हें धोना नहीं चाहिए। शीत ऋतु के बीत जाने पर तीन की अपेक्षा दो और फिर दो की अपेक्षा एक रखकर अन्त मे उसे भी छोड़कर अचेल हो जाना चाहिए। ऐसा करने से उपकरणविषयक लघुता प्रगट होती है तथा कायक्लेशरूप तपका आचरण होता है।

स्थानागसूत्र मे (सू. ४५५, पृ. ३२५) अल्पप्रतिलेखा, लाघविक प्रशस्त, वैश्वासिक रूप, तप अनु-ज्ञात और विपुल इन्द्रियनिग्रह, इन पाच स्थानो द्वारा अचेलको—वस्त्रहीन साधु को—प्रशस्त बतलाया है।

इसकी टीका में अभयदेव सूरि ने अचेल का अर्थ 'न विद्यन्ते चेलानि वासांसि यस्यासावचेलकः' इस निरुक्ति के साथ निर्वस्त्र—जिनकल्पिक—ही किया है।

मूलाचार (१-३०) में वस्त्र, चमड़ा, वल्कल अथवा पत्र (पत्ता) आदि से शरीर के न ढकने को आचेलक्य का स्वरूप बतलाते हुए उसे लोकपूज्य बतलाया है।

भगवती आराधना में जिस दस प्रकार के कल्प का[1] निर्देश किया गया है उसमे आचेलक्य पहला है[2]। इसकी टीका में अचेलकता—निर्वस्त्रता—का प्रबलता से समर्थन करते हुए अपराजित सूरि ने उसके आश्रय से इन गुणों का प्रादुर्भाव बतलाया है—त्याग, आकिंचन्य, सत्य, लाघव, अदत्तविरति, भावविशुद्धिमय ब्रह्मचर्य, उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, तप, संयमविशुद्धि इन्द्रियविजय और कषायका अभाव आदि।

आगे एतद्विषयक शंका-समाधान में उन्होने आचारप्रणिधि[3], आचारांग का द्वितीय अध्ययन लोकविजय, वस्त्रैषणा[4], पात्रैषणा[5], भावना[6], सूत्रकृताग का पुण्डरीक अध्ययन[7], आचाराग, उत्तराध्ययन और दशवैकालिक आदि आगमों के नामोल्लेखपूर्वक कुछ अवतरण भी दिये हैं।

आगे आचाराग के वस्त्रविधायक अन्य सूत्र का भी निर्देश करते हुए उन्होंने बतलाया है कि उसका विधान कारणविशेष की अपेक्षा से किया गया है[8]।

उत्तराध्ययन (२-१३) मे कहा गया है कि ज्ञानी साधु चाहे अचेल हो और चाहे सचेल हो उसे इसको धर्मोपकारक जानकर खिन्न नही होना चाहिए।

आगे इसी उत्तराध्ययन (२३-२९) में पार्श्वपरम्परा के शिष्य केशिकुमार ने गौतम गणधर से प्रश्न करते हुए कहा है कि वर्धमान स्वामी ने तो अचेलक धर्म का उपदेश दिया है और भगवान् पार्श्व ने सान्तरोत्तर—विशेषवस्त्रयुक्त—धर्म का उपदेश दिया है। एक मार्ग के प्रवर्तक दोनो के उपदेश मे यह भेद क्यो ? उत्तर मे गौतम ने कहा है कि जनसमुदाय को साधुत्व का परिज्ञान कराने के लिए अनेक प्रकार का विकल्प किया गया है। लिंग का प्रयोजन सयम का निर्वाह और ग्रहण (ज्ञान) है। वस्तुतः मोक्ष के साधक तो ज्ञान, दर्शन और चारित्र हैं।

अटटांग—यह एक कालका भेद है। तिलोयपण्णत्ती के अनुसार यह ८४ त्रुटित प्रमाण, अनुयोगद्वार सूत्र के अनुसार ८४ लाख त्रुटितप्रमाण तथा ज्योतिष्करण्डक के अनुसार ८४ लाख महात्रुटित प्रमाण है। इन कालवाचक शब्दों मे क्रमादि का व्यत्यय भी हुआ है। जैसे—अनुयोगद्वारसूत्र (सूत्र ३६७, पृ. १४९) मे उनका क्रम इस प्रकार है – १ त्रुटितांग, २ त्रुटित, ३ अटटाग, ४ अटट, ५ अववाग, ६ अवव, ७ हुहुकाग, ८ हुहुक, ९ उत्पलांग, १० उत्पल, ११ पद्माग, १२ पद्म, १३ नलिनाग, १४ नलिन, १५ अर्थनिपूराग,

१. देखिये पीछे पृ. ३४ का ३रा टिप्पण।

२. आचेलक्कुद्देसिय सेज्जाहररायपिंडकिरियम्मे। जेट्ठपडिक्कमणे वि य मास पज्जोसवणकप्पो॥ भ. आ. ४२१.

३. दशवैकालिक का आठवां अध्ययन।

४. आचाराग (द्वि. श्रुतस्कन्ध) की प्रथम चूलिका का ५वां अध्ययन।

५. इसी चूलिका का छठा अध्ययन।

६. आचाराग की तीसरी चूलिका।

७. सूत्रकृ. द्वि. श्रुतस्कन्ध का प्रथम अध्ययन।

८. आर्यिकाणामागमे अनुज्ञातं वस्त्रं कारणापेक्षया। भिक्षूणां [यः] ह्रीमानयोग्यशरीरावयवो दुश्चर्माभिलम्बमानबीजो वा परीषहसहने वा अक्षमः स गृह्णाति। तथा चोक्तमाचाराङ्गे—सुद मे आउस्संतो भगवदा एवमक्खादं—इह खलु संजमाभिमुखा दुविहा इत्थी-पुरिसा जादा भवंति। त जहा—सव्वसमण्णागदे णो सव्वसमण्णागदे चेव। तत्थ जे सव्वसमण्णागदे थिरांगहत्थ-पाणि-पादे सव्विदियसमण्णागदे तस्स णं णो कप्पदि एगमवि वत्थं धारिउं एव परिहिउं एव अण्णत्थ एगेण पडिलेहगेण इति। भ. आ. ४२१ टीका, पृ. ६१२.

१६ अर्थनिपूर, १७ अयुतांग, १८ अयुत, १९ नयुतांग, २० नयुत, २१ प्रयुतांग, २२ प्रयुत, २३ चूलिकांग, २४ चूलिका, २५ शीर्षप्रहेलिकांग, २६ शीर्षप्रहेलिका।

ज्योतिष्करण्डक (२, ६४-७०) मे—१ लतांग, २ लता, ३ महानलिन, ४ नलिनांग, ५ नलिन, ६ महानलिनांग, ७ महानलिन, ८ पद्मांग, ९ पद्म, १० महापद्मांग, ११ महापद्म, १२ कमलांग, १३ कमल, १४ महाकमलांग, १५ महाकमल, १६ कुमुदांग, १७ कुमुद, १८ महाकुमुदांग, १९ महाकुमुद, २० त्रुटितांग, २१ त्रुटित, २२ महात्रुटितांग, २३ महात्रुटित, २४ अटटांग, २५ अटट, २६ महाअटटांग, २७ महाअटट, २८ ऊहांग, २९ ऊह, ३० महाऊहांग, ३१ महाऊह, ३२ शीर्षप्रहेलिकांग, ३३ शीर्षप्रहेलिका[1]।

इस मतभेद का कारण माथुरी और वालभी वाचनाओं का पाठभेद रहा है[2]।

अतिचार—प्रसंग के अनुसार इसके अनेक लक्षण उपलब्ध होते हैं। जैसे—पिण्डनिर्युक्ति (१८२) मे अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतिचार और अनाचार इन चार के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि किसी श्रावक के द्वारा आधाकर्म (साधु को लक्ष्य करके जिस भोजनपाक क्रिया को प्रारम्भ किया जाता है उस क्रिया को और उसके निमित्त से निष्पन्न भोजन को भी आधाकर्म कहा जाता है) का निमंत्रण देने पर उसे साधु यदि स्वीकार करता है तो वह अतिक्रम दोष का भागी होता है। तत्पश्चात् साधु जब उसे स्वीकार करके जाने के लिए उद्यत होता है—पैरों को उठाता-धरता आदि है—तब वह व्यतिक्रम दोष का पात्र होता है। तदनन्तर उक्त आधाकर्म को ग्रहण करने पर अतिचार दोष होता है। अन्त मे उसके निगलने पर वह चतुर्थ अनाचार दोष का पात्र होता है।

मूलाचार (११–११) मे भी चौरासी लाख गुणो के उत्पादन प्रकरण मे उक्त अतिक्रमादि चार का नामोल्लेख मात्र किया गया है। उसकी टीका मे वसुनन्दी ने उनका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है—संयतसमूह के मध्य मे स्थित रहकर विषयो की इच्छा करना, इसका नाम अतिक्रम है। संयतसमूह को छोडकर संयत के विषयोपकरणो के जुटाने को व्यतिक्रम कहते हैं। व्रत की शिथिलता और कुछ असंयम के सेवन को अतिचार कहा जाता है। व्रत को भंग करके स्वच्छन्दतापूर्ण जो प्रवृत्ति की जाती है, यह अनाचार कहलाता है।

षट्खण्डागमप्ररूपित शीलव्रतविषयक निरतिचारता को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने मद्यपान, मासभक्षण, क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद; इनका त्याग न करने को अतिचार कहा है (पु. ८, पृ. ८२)।

हरिभद्र सूरि ने श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका मे असत् अनुष्ठानविशेषो को, तथा आवश्यकनिर्युक्ति की टीका मे संज्वलन कषायो के उदय से होने वाले चारित्रस्खलनविशेषो को अतिचार कहा है।

आ. अमितगति ने द्वात्रिंशिका मे विषयों में प्रवर्तन को अतिचार निर्दिष्ट किया है।

---

१. तिलोयपण्णत्ती आदि अन्य ग्रन्थगत इन कालमानों की तालिका ति. प. भाग २, परिशिष्ट पृ. ९९७ पर देखिये।

२. इह स्कन्दिलाचार्यप्रवृत्तौ दुष्षमानुभावतो दुर्भिक्षप्रवृत्त्या साधूनां पठन-गुणनादिकं सर्वमप्यनेशत्। ततो दुर्भिक्षातिक्रमे सुभिक्षप्रवृत्तौ द्वयोः सघमेलापकोऽभवत्। तद्यथा—एको वालभ्यामेको मथुरायाम्। तत्र च सूत्रार्थसंघटनेन परस्पर वाचनाभेदो जातः, विस्मृतयोर्हि सूत्रार्थयोः स्मृत्वा स्मृत्वा संघटने भवत्यवश्य वाचनाभेदो न काचिदनुपपत्तिः। तत्रानुयोगद्वारादिकमिदानीं प्रवर्तमान माथुरवाचनानुगतम्, ज्योतिष्करण्डकसूत्रकर्ता चाचार्यो वालभ्यः, तत इदं संख्यास्थानप्रतिपादनं वालभ्यवाचनानुगतमिति नास्त्यनुयोगद्वारसख्यास्थानैः सह विसदृशत्वमुपलभ्य विचिकित्सितव्यमिति। ज्योतिष्क. मलय. वृत्ति २-७१, पृ. ४१.

धर्मबिन्दु की टीका, योगशास्त्र, भगवती आराधना की मूलाराधनाद. टीका और सागारधर्मामृत[1] आदि में व्रत की शिथिलता, मलिनता अथवा उसके एकदेश भंग को अतिचार कहा गया है।

वर्तमान में उक्त अतिचार शब्द प्राय: व्रत की मलिनता या उसके देशत. भग अर्थ में रूढ है। सम्यक्त्व और अहिंसादि १२ व्रतो मे से प्रत्येक व्रत के ५-५ अतिचारो की व्यवस्थित प्ररूपणा सर्वप्रथम तत्त्वार्थसूत्र मे उपलब्ध होती है। इससे पूर्व के किसी अन्य ग्रन्थ मे वह देखने मे नहीं आयी। आचार्य कुन्दकुन्द ने चारित्रप्राभृत में बारह प्रकार के देशचारित्र की प्ररूपणा की है, पर वहाँ किसी भी व्रत और सम्यक्त्व के अतिचारों की सूचना नही की गई। वहाँ एक विशेषता यह है कि देशावकाशिकव्रत का न तो तीन गुणव्रतों मे उल्लेख किया गया है और न चार शिक्षाव्रतो मे भी। चार शिक्षाव्रतो मे सामायिक, प्रोषध और अतिथिपूजा के साथ सल्लेखना को ग्रहण किया गया है (२४-२५)।

यद्यपि उवासगदसाओ मे आनन्द उपासक को लक्ष्य करके सम्यक्त्व व स्थूलप्राणातिपातविरमण आदि प्रत्येक व्रत के ५-५ अतिचारो का निर्देश किया गया है[2] पर वह तत्त्वार्थसूत्र का अनुसरण है अथवा इसके अनुसार तत्त्वार्थसूत्र मे उनका विवेचन किया गया है, यह कहा नही जा सकता।

सोमदेव सूरि ने अपने उपासकाध्ययन मे प्राय इन अतिचारों का निर्देश तो किया है, पर उन्होंने उनके लिए अतिचार या उसके पर्यायवाची किसी अन्य शब्द का भी प्रयोग नहीं किया, और न उनकी संख्या (सल्लेखना को छोडकर) का भी निर्देश किया है। केवल उन्हें विवक्षित व्रत के निवर्तक या घातक घोषित किया है[3]।

अधःकर्म, आधाकर्म—सामान्यरूप से ये दोनों शब्द समानार्थक हैं। पिण्डनिर्युक्तिकार ने (गाथा ९५) इसके ये चार नाम निर्दिष्ट किये हैं—आहाकम्म (आधाकर्म), अहेकम्म (अधःकर्म), आयाहम्म (आत्मघ्न) और अत्तकम्म (आत्मकर्म)।

आ. भूतबलि षट्खण्डागम मे इसका लक्षण इस प्रकार करते हैं—उपद्रावण, विद्रावण, परितापन और आरम्भ के निमित्त से जो सिद्ध होता है उसे आधाकर्म कहते हैं।

मूलाचार (६-५) मे लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त करते हुए कहा गया है कि छह काय के प्राणियो के विराधन और उपद्रावण आदि से जो निष्पन्न है, तथा स्वकृत अथवा परकृतरूप से जो अपने को प्राप्त है उसे आधाकर्म जानना चाहिए। 'स्वकृत व परकृतरूप से अपने को प्राप्त' इतना मात्र यहा विशेष जोडा गया है।

पिण्डनिर्युक्ति (९७) मे इसका लक्षण इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—जिस साधु के निमित्त अपनी चित्तवृत्ति के अनुसार औदारिक शरीरवाले जीवो का उद्द्वण (अपद्रावण)—अतिपात वर्जित पीडा—की जाती है और त्रिपातन—मन, वचन व काय इन तीन का अथवा देह, आयु और इन्द्रिय इन तीन का विनाश या उनसे वियुक्त किया जाता है; उसे आधाकर्म कहते हैं। आगे यहा (९९) भाव आधाकर्म का स्वरूप बतलाते हुए कहा है कि साधु चूंकि सयमस्थानकाण्डको, लेश्या और स्थिति सम्बन्धी विशुद्ध एव विशुद्धतर स्थानो मे वर्तमान अपने भावको अध. करता है—हीन और हीनतर स्थानों में स्थापित करता है—अतएव इसे भाव अधःकर्म कहा जाता है। यह विवेचन भी बहुत कुछ अश मे षट्खण्डागम और मूलाचार जैसा ही है।

भगवती आराधना मे वसति के प्रकरण मे गा. २३० की टीका में अपराजित सूरि के द्वारा प्रकृत

१. प. आशाधर ने अपने सागारधर्मामृत की स्वोपज्ञ टीका मे जो १२ व्रतों के अतिचारों का विशेष स्पष्टीकरण किया है उसका आधार प्रायः हेमचन्द्रसूरि का योगशास्त्र और उसका स्वोपज्ञ विवरण रहा है। (विशेष के लिए देखिये अनेकान्त वर्ष २०, पृ. ११६-२५ व १५१-६१ मे 'सागारधर्मामृत पर इतर श्रावकाचारो का प्रभाव' शीर्षक लेख।)

२. उवासगदसाओ (पी. एल. वैद्य, फर्गुसन कालेज पूना) १, ४४-५७, पृ. ९-१२.

३. देखिए श्लोक ३७०, ३८१, ४१८, ७५६, ७६३, ८५१ और ९०३ आदि।

आधाकर्म का स्वरूप प्रगट करते हुए कहा गया है कि वृक्षों को काटकर लाना, ईंटों का पकाना, भूमि को खोदना, पत्थर और बालू आदि से पूर्ण करना, पृथिवी का कूटना, कीचड़ (गारा) करना, कीलों का करना, अग्नि से लोहे को तपाकर धन से पीटना और आरी से लकडी चीरना; इत्यादि व्यापार से छह कायिक जीवों को बाधा पहुँचा कर जो वसति स्वय निर्मित की जाती है या दूसरे से करायी जाती है उसे आधाकर्म शब्द से कहा जाता है। यह लक्षण प्राय. पिण्डनिर्युक्ति जैसा है। विशेष इतना है कि पिण्ड-निर्युक्ति मे उक्त लक्षण आहार के प्रकरण मे कहा गया है, और यहाँ चूंकि वह वसति के प्रकरण में कहा गया है, अत वसति के विषय मे सम्भव दोषो को ही यहाँ प्रगट किया गया है।

शीलाकाचार्य के अभिप्रायानुसार साधु के लिए जो सचित्त को अचित्त किया जाता है या अचित्त को पकाया जाता है, यह आधाकर्म है। लगभग यही अभिप्राय आचार्य हेमचन्द्र भी निरुक्तिपर्वक (आधाय विकल्प्य यति मनसि कृत्वा सचित्तस्याचित्तकरणमचित्तस्य वा पाको निरुक्तादाधाकर्म) योगशास्त्र मे प्रगट करते हैं।

अनादेय, आदेय—इन दोनो के लक्षणो मे कुछ भेद देखा जाता है। सर्वार्थसिद्धि आदि मे उनके लक्षण मे कहा गया है कि जो नामकर्म प्रभायुक्त शरीर का कारण है वह आदेय और उससे विपरीत अनादेय कहलाता है।

तत्त्वार्थ भाष्य मे आदेयभाव के निवर्तक कर्म को आदेय और विपरीत को अनादेय बतलाया गया है। इसको स्पष्ट करते हुए हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणी कहते हैं कि जिस जीव के आदेय नाम-कर्म का उदय होता है वह जो कुछ भी कहे उसे लोग प्रमाण मानते है तथा उसे देखते ही वे खड़े होते हुए उच्चासनादि देकर सम्मानित करते है, इस प्रकार उनके अभिप्रायानुसार जो आदरोत्पादन का हेतु है वह आदेय और उससे विपरीत अनादेय माना गया है।

धवलाकार के मत से आदेय नामकर्म वह है जिसके उदय से जीव को आदेयता प्राप्त होती है, आदेयता का अभिप्राय वे गृहणीयता या बहुमान्यता प्रगट करते हैं। अनादेय के लक्षण मे वे कहते हैं कि जिस कर्म के उदय से उत्तम अनुष्ठान करता हुआ भी जीव गौरवित नहीं होना है वह अनादेय कह-लाता है।

आचार्य वसुनन्दी मूलाचार की वृत्ति मे पूर्वोक्त दोनों ही प्रकार के लक्षणो को इस प्रकार से व्यक्त करते हैं—जिसके उदय से आदेयता—प्रभोपेत शरीर—होता है वह, अथवा जिसके उदय से जीव आदेयवाक्य होता है वह, आदेयनामकर्म कहलाता है।

उक्त दोनों प्रकार के लक्षणों मे से आदेयता—आदरपात्रता—रूप आदेय के लक्षण में श्वे. ग्रन्थकार प्रायः एकमत हैं, पर दि. ग्रन्थकारो मे कुछ मतभेद रहा दिखता है।

अनिश्रित, अनिःसृत—बहु व अल्प आदि बारह पदार्थों के आश्रय से अवग्रहादि मे से प्रत्येक के १२-१२ भेद होते है। उनमे एक अनिश्रित या अनि सृत अवग्रह है। तत्त्वार्थवार्तिक मे उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अतिशय विशुद्धि से युक्त श्रोत्र आदि के परिणाम के निमित्त से जिसका पूर्णरूप से उच्चारण नही किया गया है उसका जो ग्रहण होता है उसे अनिःसृत अवग्रह कहते हैं। आगे चक्षु इन्द्रिय के आश्रय से यह कहा गया है कि पाच वर्ण वाले वस्त्र, कम्बल व चित्रपट आदि के एकदेश विषयक पाच वर्ण के ग्रहण से समस्त पाच वर्णों के दृष्टिगोचर न होने पर भी सामर्थ्य से जो उनका ग्रहण होता है, यह अनि सृतावग्रह कहलाता है। अथवा किसी अन्य देश मे स्थित पाँच वर्ण वाले एक वस्त्र आदि के कथन से जिसका पूर्णरूप से कथन नहीं किया गया है उसके भी एकदेश के कथन से जो उनका ग्रहण हो जाता है, इसका नाम अनिःसृत-अवग्रह है।

हरिभद्र सूरि तत्त्वार्थसूत्र (१-१६) की टीका मे उसके लक्षण मे कहते हैं कि मेघशब्द आदि से भेरीशब्द के अवग्रहण के समान अन्य की अपेक्षा से रहित जो वेणु आदि के शब्द का ग्रहण होता है, इसे अनिश्रित अवग्रह कहते हैं। यह लक्षणनिर्देश वृद्धव्याख्या के अनुसार किया गया है। आचार्य सिद्धसेन गणी

उसका लक्षण इस प्रकार प्रकट करते हैं—निश्रित का अर्थ 'लिंग से जाना गया' है, जैसे जूही के फूलों के अतिशय शीत, मृदु और स्निग्ध आदि स्पर्श का अनुभव पूर्व में हुआ था, उस अनुमान से लिंग के द्वारा उस विषय को न जानता हुआ जो उसका ज्ञान प्रवृत्त होता है उसे अनिश्रित-अवग्रह कहते हैं।

धवलाकार तीन स्थलों पर उसका लक्षण पृथक्-पृथक् इस प्रकार करते हैं। पु. ६—अनभिमुख अर्थ के ग्रहण को अनि:सृतावग्रह कहते हैं, अथवा उपमान-उपमेय भाव के बिना जो ग्रहण होता है उसे अनि:सृतावग्रह जानना चाहिए। पु. ९—वस्तु के एकदेश के आश्रय से समस्त वस्तु का जो ग्रहण होता है, वह अनि:सृतावग्रह कहलाता है, अथवा वस्तु के एकदेश या समस्त ही वस्तु के आलम्बन से जो वहां असंनिहित अन्य वस्तु का बोध होता है, यह भी अनि:सृतप्रत्यय कहलाता है। पु. १३—आलम्बनीभूत वस्तु के एकदेश के ग्रहण समय में जो एक वस्तु का ज्ञान होता है उसे, अथवा वस्तु के एकदेश के ज्ञान के समय में ही दृष्टान्त के आश्रय से अथवा अन्य प्रकार से भी जो अनवलम्बित वस्तु का ज्ञान होता है उसे, तथा अनुसन्धानप्रत्यय और प्रत्यभिज्ञान को भी अनि:सृतप्रत्यय कहते हैं।

इस प्रकार उपर्युक्त अनि:सृतावग्रह के लक्षणों में अनेकरूपता उपलब्ध होती है। उक्त लक्षणों का फलितार्थ ऐसा प्रतीत होता है—

१. त. वा.—पूर्णतया अनुच्चारित शब्द का ग्रहण, वस्तु के एकदेशगत वर्णादि के देखने से समस्त वस्तुगत वर्णादि का ज्ञान, अन्यदेशस्थ पचरंगे किसी एक वस्त्रादि के कथन से अन्य अकथित का ग्रहण।

२. त. वृ. हरि.—अन्य शब्द निरपेक्ष शब्द का ग्रहण।

३. त. वृ. सिद्ध—लिंगनिरपेक्ष ग्रहण।

४. धवला—अनभिमुख अर्थका ग्रहण, उपमान-उपमेय भाव के बिना होने वाला ज्ञान, वस्तु के एकदेश से समस्त वस्तु का तथा असंनिहित अन्य वस्तु का ग्रहण एवं अनुसन्धानप्रत्यय आदि।

अनुक्त-अवग्रह— सर्वार्थसिद्धि में इसका लक्षण 'अभिप्राय से ग्रहण' कहा गया है। तत्त्वार्थवार्तिक में इस लक्षण का अनुसरण करते हुए प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है कि श्रोत्र इन्द्रियादि के प्रकृष्ट विशुद्धि परिणाम के निमित्त से एक वर्ण के भी न निकलने पर अभिप्राय से ही अनुच्चारित शब्द का जो अवग्रह होता है उसका नाम अनुक्त-अवग्रह है। अथवा स्वर-संचार के पहले बाजे को विवक्षित स्वर-संचार के अनुरूप करते हुए देखकर अवादित शब्द को जान लेना कि आप इस शब्द को (स्वर को) बजाने वाले हैं, इस प्रकार के ग्रहण को अनुक्तावग्रह कहा जाता है। आगे चक्षु इन्द्रिय के आश्रय से उदाहरण देते हुए कहा गया है कि किसी को शुक्ल व कृष्ण आदि वर्णों का मिश्रण करते हुए देखकर यह बिना कहे ही जान लेना कि आप अमुक वर्ण इनके मिलाने से तैयार कर रहे हैं, यह अनुक्तावग्रह है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक में कहा गया है कि स्तोक पुद्गल के निकलने से जो बोध होता है वह अनुक्तावग्रह कहलाता है।

तत्त्वार्थभाष्यानुसारी सूत्रपाठ में प्रकृत सूत्र (१-१६) में 'अनुक्त' के स्थान में 'असन्दिग्ध' पाठ है। इस सम्बन्ध में वृत्तिकार सिद्धसेन गणी कहते हैं कि 'उक्तमवगृह्णाति' यह विकल्प एक श्रोत्रावग्रह को ही विषय करता है, वह सर्वव्यापी नहीं है। कारण यह कि उक्त का अर्थ शब्द है और वह भी अक्षरात्मक शब्द। इसका अवग्रह एक मात्र श्रोत्रावग्रह ही हो सकता है। अनुक्त जो उक्त से विपरीत अनक्षरात्मक शब्द है उसके अवग्रहण का नाम अनुक्तावग्रह होगा। इसमें चूंकि अव्याप्ति दोष सम्भव है, अतः दूसरों ने उसके स्थान में 'निश्चितमवगृह्णाति' इस विकल्प को स्वीकार किया है। उदाहरण इसके लिए यह दिया गया है—स्त्री के स्पर्शविषयक अवग्रह से स्त्री का ही ज्ञान होता है तथा पुष्पों या चन्दन के स्पर्श से पुष्पों या चन्दन का ही ज्ञान होता है।

धवलाकार अनुक्तावग्रह (अनुक्तप्रत्यय) के लक्षण में कहते हैं कि विवक्षित इन्द्रिय के प्रतिनियत गुण से विशिष्ट वस्तु का जब बोध होता है तब उस इन्द्रिय के अनियत गुण से विशिष्ट उक्त वस्तु का

जिसके आश्रय से बोध होता है उसका नाम अनुक्तावग्रह है। जैसे—चक्षु इन्द्रिय से गुड का ज्ञान होने पर उसके अनियत गुण स्वरूप जो रस का भी बोध होता है, तथा घ्राण इन्द्रिय से दही के गन्ध को जानकर उसी समय उसके खट्टे-मीठेपन का भी ज्ञान होता है, यही अनुक्तावग्रह है। मूलाचार की वृत्ति मे आचार्य वसुनन्दी ने और आचारसार के कर्ता वीरनन्दी ने धवलाकार के लक्षण का अनुसरण किया है (देखो अनुक्त शब्द)।

तत्त्वार्थसूत्र की सुखबोधा वृत्ति मे उसके लक्षण मे कहा गया है कि किसी के द्वारा 'अग्नि को लाओ' ऐसी आज्ञा देने पर 'खप्पर आदि से' अग्नि के ले जाने का जो स्वय विचार उदित होता है, इसे अनुक्तावग्रह कहते हैं।

इन सब लक्षणो मे सर्वार्थसिद्धि का लक्षण व्यापक है, कारण कि बिना कहे ही प्रसंग के अनुसार अभिप्राय से शब्दादि सभी विषयो का अवग्रह हो सकता है। तदनुसार ही तत्त्वार्थवार्तिककार ने श्रोत्र व चक्षु इन्द्रियो के आश्रय से उदाहरण देते हुए उसे स्पष्ट भी किया है। सुखबोधा वृत्ति का उदाहरण तो बहुत उपयुक्त प्रतीत होता है, वहाँ अग्नि लाने की आज्ञा देते हुए यह नही कहा गया है कि खप्पर से लाना या थाली आदि से। फिर भी उसे ले जाना वाला सोचता है कि उसका हाथो से या कपड़े आदि से ले जाना तो शक्य नही है, अतः वह खप्पर आदि से ले जाता है। यह अनुक्तावग्रह ही है। इससे सिद्धसेन गणी द्वारा दिये गये अव्याप्ति दोष की सम्भावना नही दिखती।

धवलाकार आदि के द्वारा स्वीकृत लक्षण भी उचित हैं। कारण यह कि लोकव्यवहार मे आम आदि के गन्ध को घ्राण इन्द्रिय के द्वारा जानकर उसके अविषयभूत खट्टे या मीठे रस का बोध होता हुआ देखा जाता है।

अनुपस्थापन—परिहार प्रायश्चित्त दो प्रकार का है—अनुपस्थापन परिहार और पारचिक परिहार। प्रकृत अनुपस्थापन शब्द के विविध ग्रन्थो मे अनेक रूप देखे जाते है। जैसे—तत्त्वार्थवार्तिक व आचारसार मे अनुपस्थापन, बृहत्कल्पसूत्र मे अणवट्ठप्प (अनवस्थाप्य), धवला मे अणवट्ठम (अनवस्थक?) तथा चारित्रसार एव अनगारधर्मामृत मे अनुपस्थान।

तत्त्वार्थवार्तिक मे इसका लक्षण सक्षेप मे इस प्रकार कहा गया है—हीनता को प्राप्त होकर आचार्य के पास मे, अथवा अपने से हीन आचार्य के पास मे जो प्रायश्चित ग्रहण किया जाता है, इसका नाम अनुपस्थापन प्रायश्चित्त है। यहा परिहार प्रायश्चित्त के उक्त प्रकार से दो भेदो का निर्देश नहीं किया गया है।

षट्खण्डागम की टीका धवला मे उसके उपर्युक्त दो भेदो का तो निर्देश किया गया है, पर वह किस प्रकार का अपराध होने पर स्वीकार किया जाता है, इसका निर्देश जैसे तत्त्वार्थवार्तिक मे नही किया गया वैसे ही यहां भी नही किया गया है। विशेषता यह है कि यहा उसका जघन्य काल छह मास और उत्कृष्ट बारह वर्ष प्रमाण कहा गया है। साथ ही यहा यह भी निर्देश किया गया है कि इस प्रायश्चित्त को स्वीकार करनेवाला साधु कायभूमि से—ऋषियो के आश्रम से—परे जाकर प्रतिवन्दना से रहित होता है—बाल मुनिजन भी यदि वन्दना करते हैं तो वह प्रतिवन्दना नहीं करता। वह गुरु को छोड़कर अन्य साधुओं के प्रति मौन रखता हुआ उपवास, आचाम्ल, पुरिमार्ध, एकस्थान और निर्विकृति आदि के द्वारा अपने रस, रुधिर एवं मांस को सुखाता है।

चारित्रसार में उक्त अनुपस्थान प्रायश्चित्त को निजगण और परगण के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। इनमे निजगणानुपस्थान प्रायश्चित्त किस प्रकार के अपराध पर ग्रहण किया जाता है, इसका निर्देश करते हुए यहा कहा गया है कि जो प्रमाद से दूसरे मुनि के ऋषि छात्र को, गृहस्थ को, अन्य पाखण्डियो से सम्बन्धित चेतन-अचेतन द्रव्य का, अथवा पर स्त्री को चुराता है; अन्य मुनियो पर प्रहार करता है तथा इसी प्रकार का और भी विरुद्ध आचरण करता है उसे यह निजगणानुपस्थान प्रायश्चित्त ग्रहण करना पड़ता है। यह प्रायश्चित्त उसके सम्भव है जो नौ-दस पूर्वों का धारक,

प्रथम तीन संहनन से संयुक्त, परीषहों का विजेता, धर्म में दृढ़, धीर और संसार से भयभीत होता है। वह ऋषि-आश्रम से बत्तीस धनुष दूर जाकर स्थित होता हुआ बाल मुनियों के द्वारा वन्दना करने पर भी प्रतिवन्दना नहीं करता, गुरु के साथ आलोचना करता है, शेष जनों के विषय में मौन रखता है, तथा पिच्छी को विपरीत रूप से धारण करता है। वह उत्कृष्ट रूप से बारह वर्ष तक कम से कम पांच-पांच उपवास और अधिक से अधिक छह-छह मास के उपवास करता है।

उपर्युक्त अपराध को यदि कोई अभिमान के साथ करता है तो उसे दूसरा परगणोपस्थापन प्रायश्चित्त करना पड़ता है। तदनुसार उसे अपने गण का आचार्य परगण के आचार्य के पास भेजता है, जो उसकी आलोचना को सुनकर प्रायश्चित्त के दिये बिना अन्य आचार्य के पास भेजता है। वह भी उसकी आलोचना को सुनकर बिना प्रायश्चित्त दिये अन्य आचार्य के पास भेजता है। इस प्रकार से उसे सातवें आचार्य के पास तक भेजा जाता है। सातवां आचार्य उसे प्रथम आचार्य के पास वापिस भेजता है। तब प्रथम आचार्य ही उससे पूर्वोक्त प्रायश्चित का पालन कराता है।

आचारसार और अनगारधर्मामृत में प्रकृत प्रायश्चित का विधान उक्त चारित्रसार के समान ही किया गया है।

मूलाचार की वसुनन्दिविरचित वृत्ति (५-१६५) में उक्त परिहार प्रायश्चित्त के गणप्रतिबद्ध और अगणप्रतिबद्ध ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। गणप्रतिबद्ध प्रायश्चित्त को ग्रहण करनेवाला जहां मुनिजन प्रश्रवण (मूत्र) आदि करते हैं वहां रहता है, पीछी को आगे करके मुनियों की वन्दना करता है, पर मुनि उसकी वन्दना नहीं करते; इस प्रकार उसके द्वारा जो गण में क्रिया की जाती है, यह गणप्रतिबद्धपरिहार कहलाता है। जिस देश में धर्म का ज्ञान नहीं रहता, वहां जाकर वह मौनपूर्वक तपश्चरण का अनुष्ठान करता है, यह अगणप्रतिबद्धप्रायश्चित है। यहां धवला और चारित्रसार आदि के समान परिहार प्रायश्चित्त के अनुपस्थान और पारंचिक भेद तो निर्दिष्ट नहीं किये गये, पर गणप्रतिबद्ध और अगणप्रतिबद्ध इन दो भेदों का उल्लेख अवश्य किया गया है। ये कुछ अंश में उक्त अनुपस्थापन परिहार से समानता रखते हैं।

बृहत्कल्पसूत्र (उ. ४, सू. ३) मे अनवस्थाप्य तीन प्रकार के निर्दिष्ट किये गये हैं—सार्धमिकों (साधुओं) की उपधि व शिष्य आदि की चोरी करनेवाला, अन्य धार्मिकों की उपधि आदि की चोरी करनेवाला और हाथ, लाठी एवं मुट्ठी आदि से दूसरे पर प्रहार करनेवाला। जिसके लिये यह प्रायश्चित्त दिया जाता है उसका भी ग्रहण यहां अनवस्थाप्य शब्द से ही किया गया है।

इसके पूर्व यहां पारंचिक प्रायश्चित्त की प्ररूपणा की जा चुकी है। पारंचिक प्रायश्चित्त से जहां आचार्य विशुद्धि को प्राप्त करता है, वहां इस अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त से उपाध्याय विशुद्धि को प्राप्त होता है। अनवस्थाप्य का अर्थ है अपराधक्षण में ही व्रतों में अवस्थापन के अयोग्य।

आशातन और प्रतिसेवी के भेद से उक्त अनवस्थाप्य दो प्रकार का है। इनमें भी प्रत्येक के दो भेद हैं—सचारित्र और अचारित्र। सचारित्र और अचारित्र का अभिप्राय यह है कि किसी अपराध के सेवन से तो चारित्र सर्वथा ही नष्ट हो जाता है और किसी के सेवन से वह देशरूप में नष्ट होता है। कारण यह है कि अपराध के समान होने पर भी परिणाम के वश उसमें विविधता होती है। इसी प्रकार परिणाम के समान होने पर भी कहीं पर अपराध में भी विविधता होती है।

जो आशातन अनवस्थाप्य तीर्थंकर, प्रवचन, श्रुत, आचार्य, गणधर और महर्द्धिक इनमें से तीर्थंकर या प्रवचन की आशातना—विराधना या तिरस्कार—करता है उसके लिए अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त का विधान है। शेष में से जो किसी एक की आशातना करता है उसके लिए चार गुरु प्रायश्चित्त होते हैं। परन्तु यदि कोई शेष उन चारों की ही आशातना करता है तो वह अनवस्थाप्य होता है।

प्रतिसेवना अनवस्थाप्य भी पूर्वोक्त सार्धमिक आदि के भेद से तीन प्रकार का है। इनके लिए भी अपराध के अनुसार यहां विविध प्रकार के प्रायश्चित्त का विधान है—जैसे शैक्ष के लिये मूल

प्रायश्चित्त तक, उपाध्याय के लिए अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त तक और आचार्य के लिए पारंचिक प्रायश्चित्त तक।

किन गुणों से युक्त साधु (उपाध्याय) को यह अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त दिया जाता है, इसका विचार करते हुए यहां कहा गया है कि जो सहनन (वज्रवृषभनाराच), वीर्य, आगम—जघन्य से नौवें पूर्व के अन्तर्गत आचार नामक तीसरी वस्तु और उत्कर्ष से असम्पूर्ण दसवा पूर्व, तथा सूत्र और अर्थ इनसे व तदनुरूप विधि से परिपूर्ण है; सिंहनि:क्रीडित आदि तपो का आदर करता है, इन्द्रियों व कषायों के निग्रह मे समर्थ है, प्रवचन के रहस्य को जानता है, गच्छ से निकाले जाने का अशुभ भाव जिसके हृदय में जरा भी नही रहता तथा जो निर्वासन के योग्य है; इन गुणो से युक्त साधु ही प्रकृत अनवस्थाप्य के योग्य स्थान को प्राप्त करता है। उक्त गुणो से जो रहित होता है उसे अनवस्थाप्य के योग्य अपराध के होने पर भी मूल प्रायश्चित ही दिया जाता है।

आशातन अनवस्थाप्य जघन्य से छह मास और उत्कर्ष से बारह मास तक गच्छ से पृथक् रहता है। परन्तु प्रतिसेवी अनवस्थाप्य जघन्य से एक वर्ष और उत्कर्ष से बारह वर्ष तक गच्छ से पृथक् रहता है। कारणविशेष से वह इसके पूर्व भी गच्छ मे प्रविष्ट हो सकता है।

इस प्रकार के अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त को जो प्राप्त करता है वह उपाध्याय ही होता है। उसे अपने गण मे रहते हुए इस प्रायश्चित्त को ग्रहण नहीं करना चाहिए, किन्तु अपने समान किसी शिष्य को अपना भार सौंपकर अन्य गण मे चले जाना चाहिये और वहा पहुचकर प्रशस्त द्रव्य-क्षेत्रादि मे दूसरे गण के आचार्य को आलोचना देना चाहिए। उस समय उपसर्ग के निवारणार्थ दोनो ही कायोत्सर्ग करते हैं। अपने गण मे रहते हुए इस प्रायश्चित्त के न कर सकने का कारण यह है कि वैसा होने पर शिष्यों का उसके ऊपर विश्वास नही रह सकता, वे निर्भय होकर आज्ञा भग कर सकते हैं; तथा शिष्यो के अनुरोध से भक्त-पानादि के लाने मे नियंत्रणा नही होती। ये सब दोष परगण मे चले जाने पर सम्भव नही हैं।

जब वह अन्य गण के आचार्य को आलोचना देता है तब आचार्य चतुर्विंशतिस्तव का उच्चारण करते हुए इतर साधुओं से कहते हैं कि यह तप को स्वीकार करता है, इसलिए यह आप लोगो के साथ संभाषण आदि न करेगा, आप लोग भी इसके साथ सभाषण आदि न करें।

उक्त अनवस्थाप्य प्रायश्चित्त को स्वीकार करके वह परगण मे शैक्ष आदि सभी साधुओ की वन्दना करता है, गच्छ में रहता हुआ वह शेष साधुओ के उपभोग से रहित उपाश्रय के एक पार्श्व मे रहता हुआ सभाषण, प्रतिप्रच्छन, परिवर्तन और अभ्युत्थान आदि नहीं करता।

प्रकृत प्रायश्चित्त की प्ररूपणा यहा ५०५८–५१३७ गाथाओ मे की गई है।

अनुमानित—यह १० आलोचनादोषो मे दूसरा है। कही-कही (चारित्रसार, अनगारधर्मामृत और आचारसार आदि मे) इसका उल्लेख 'अनुमापित' नाम से किया गया है। मूलाचार (११-१५) और भगवती आराधना (५६२) के अनुसार वे दस दोष ये हैं—आकम्पित, अनुमानित, दृष्ट, बादर, सूक्ष्म, छन्न, शब्दाकुलित, बहुजन, अव्यक्त और तत्सेवी। तत्त्वार्थवार्तिक में इन दोषो के स्वरूप का निर्देश करते हुए उनके नामों का निर्देश न करके केवल प्रथम-द्वितीयादि सख्याशब्दों का ही उपयोग किया गया है। तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक में उनका स्वरूप तो संक्षेप में दिखलाया गया है, पर वहाँ न उनके नामो का निर्देश किया गया है और न संख्याशब्दो का भी। तत्त्वार्थभाष्य और तदनुसारिणी हरिभद्र सूरि एवं सिद्धसेन गणी विरचित टीकाओ मे उक्त दोषो का उल्लेख ही नहीं किया गया है। वहाँ केवल आलोचना के इन पर्याय शब्दो का निर्देश मात्र किया गया है—आलोचन, विवरण, प्रकाशन, आख्यान और प्रादुष्करण।

प्रकृत अनुमानित दोष का लक्षण भगवती आराधना में पांच गाथाओं द्वारा (५६९-७३) इस प्रकार बतलाया गया है—अपराध करने वाला साधु स्वभावतः शारीरिक सुख की अपेक्षा रखता हुआ

अपने बल को छिपाकर पार्श्वस्थ होने के कारण गुरु से कहता है कि मैं चूंकि निहीन (दुर्बल) हूँ, अतएव उपवास के लिए असमर्थ हूँ। आप मेरे बल, अंगों की दुर्बलता—उदराग्नि की मन्दता—और इस अवस्था को जानते ही हैं, मैं उत्कृष्ट तप करने के लिए समर्थ नहीं हूँ। मैं सबकी आलोचना करता हूँ, यदि तत्पश्चात् आप मेरे ऊपर अनुग्रह करते हैं। आपकी कृपा से मैं शुद्धि की इच्छा करता हूँ, जिससे मेरा कृत अपराध से उद्धार हो सके। इस प्रकार से प्रार्थना करता हुआ वह अनुमान से ही हीन-अधिक प्रायश्चित देनेरूप गुरु के अभिप्राय को जानकर शल्य से युक्त (शंकित) होता हुआ पीछे आलोचना करता है। यह दूसरा (अनुमानित) आलोचनादोष है। इस दोष की समीक्षा करते हुए आगे कहा गया है कि जिस प्रकार सुख का इच्छुक कोई मनुष्य गुणकारक समझकर अपथ्य भोजन को करता है और पीछे उसके कटुक फल को भोगता है उसी प्रकार उक्त प्रकार से आलोचना करने वाला उससे शुद्धि की कल्पना करके परिणाम मे अपने अहित को ही करता है।

उक्त दोष (द्वितीय) का लक्षण तत्त्वार्थवार्तिक, तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक, चारित्रसार और आचारसार मे इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—मैं स्वभावतः दुर्बल व रोगी होने से उपवास आदि के करने मे असमर्थ हूँ। यदि प्रायश्चित्त थोडा दिया जाता है तो मैं प्रकृत दोषों का निवेदन करूंगा। इस प्रकार से दीनतापूर्ण वचन कहना, यह आलोचना का अनुमानित नाम का दूसरा दोष है। इस प्रकार के लक्षण मे 'अनुमानित' की सार्थकता नही दिखती।

भगवती आराधना की विजयोदया टीका में कहा गया है कि किसी प्रकार से गुरु के अभिप्राय को जानकर—थोडा प्रायश्चित्त देने वाले हैं या अधिक, इसका अनुमान करके—आलोचना करना, इसे आलोचना का अनुमानित दोष कहा जाता है।

मूलाचार की टीका में इसके लक्षण में यह कहा गया है कि जो अपने शरीर और आहार के तुच्छ बल को प्रगट करने वाले दीन वचनो के द्वारा आचार्य को अनुमान कराकर अपने प्रति दयार्द्रचित्त करते हुए अपने दोषो का निवेदन करता है वह आलोचना सम्बन्धी इस अनुमानित दोष का भागी होता है।

व्यवहारसूत्र भाष्य की मलयगिरि विरचित टीका मे कहा गया है कि छोटे से अपराध के निवेदन आदि के द्वारा आचार्य अल्प दण्ड देने वाले हैं या गुरुतर, इसका अनुमान करके जो आलोचना की जाती है; इसका नाम अनुमानित दोष है।

अनृत—तत्त्वार्थसूत्र मे सामान्य से असत् बोलने को अनृत (असत्य) कहा गया है। इसको स्पष्ट करते हुए सर्वार्थसिद्धि व तत्त्वार्थवार्तिक मे कहा गया है कि असत् का अर्थ अप्रशस्त और अप्रशस्त का अर्थ है प्राणिपीडाकर। इसका अभिप्राय यह हुआ कि जो वचन प्राणी को पीडा पहुँचाने वाला है वह चाहे विद्यमान अर्थ का प्ररूपक हो और चाहे अविद्यमान अर्थ का, किन्तु उसे असत्य ही कहा जाता है।

तत्त्वार्थभाष्य मे असत् का अर्थ सद्भावप्रतिषेध, अर्थान्तर और गर्हा किया गया है। इनमे सद्भावप्रतिषेध के स्वरूप को प्रगट करते हुए भूतनिह्नव—विद्यमान अर्थ के अपलाप और अभूतोद्भावन—अतत्स्वरूपता—को सद्भावप्रतिषेध कहा गया है। इनके लिये उदाहरण देते हुए क्रमशः उसे इस प्रकार से स्पष्ट किया गया है—जैसे आत्मा नही है व परलोक नहीं है, इत्यादि वचन विद्यमान अर्थ के अपलापक होने से असत् (असत्य) माने जाते हैं। यह आत्मा समा (एक प्रकार का छोटा धान्य) के चावल बराबर है, अंगूठे के पर्व प्रमाण है, आदित्यवर्ण (भास्वररूप) है या निष्क्रिय है, इत्यादि वचन अभूतोद्भावक होने से—अयथार्थ स्वरूप के प्ररूपक होने के कारण—असत्य माने जाते हैं। गाय को घोड़ा और घोड़े को गाय कहना, यह अर्थान्तररूप असत् वचन है। सत्य होते हुए भी यदि कोई वचन हिंसा, कठोरता अथवा पिशुनतायुक्त है तो वह गर्हारूप (कुत्सित—शास्त्रनिषिद्ध) होने से असत् माना जाता है।

तत्त्वार्थवार्तिक (७, १४, ५) मे यह शंका उठाई गई है कि 'असदभिधानमनृतम्' के स्थान में 'मिथ्याऽनृतम्' ऐसा सूत्र होना चाहिए था, क्योकि इसमे सूत्रोचित लाघव था। इसके समाधान में वहां

यह कहा गया है कि ऐसा करने से केवल विपरीत अर्थ मात्र का बोध हो सकता था—हिंसादियुक्त वचन का बोध उससे नहीं हो सकता था। कारण यह कि 'मिथ्या' शब्द की प्रवृत्ति विपरीत अर्थ मे ही देखी है। अत एव वैसा सूत्र करने पर भूतनिह्नव और अभूतोद्भावनविषयक वचन ही असत्य ठहरता, न कि हिंसादि का कारणभूत वचन। आगे भूतनिह्नव और अभूतोद्भावन के लिए जो 'आत्मा नहीं है' इत्यादि उदाहरण दिये गये हैं वे भाष्य जैसे ही हैं।

ऐसी ही आशका सिद्धसेन गणी ने भी उक्त सूत्र की टीका मे उठाई है और उसके समाधान का अभिप्राय भी लगभग वैसा ही रहा है।

आचार्य अमृतचन्द्र के द्वारा अपने पुरुषार्थसिद्धयुपाय (९१-९९) मे जो असत्य वचन का विवेचन किया गया है वह भाष्यकार के अभिप्राय से बहुत कुछ मिलता-जुलता है (देखिये 'असत्य' शब्द)।

अन्यविवाहकरण—यह ब्रह्मचर्याणुव्रत का एक अतिचार है। सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक मे सामान्य से दूसरे के विवाह के करने को उक्त अतिचार कहा गया है।

तत्त्वार्थभाष्य मे इन पांच अतिचारों के नाम मात्र का निर्देश किया गया है।

हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणी अपनी अपनी टीका मे उसे स्पष्ट करते हुए पर या अन्य शब्द से अपनी सन्तान को छोडकर अन्य की सन्तान को ग्रहण करते हैं। तदनुसार अपनी सन्तान का विवाह करना तो अतिचार नहीं है, किन्तु कन्याफल की इच्छा से अथवा स्नेहवश किसी दूसरे की सन्तान का विवाह करने पर उक्त अतिचार अनिवार्य है। इनके पश्चाद्वर्ती प्रायः सभी ग्रन्थकारो ने—जैसे हेमचन्द्र सूरि, मुनिचन्द्र और प. आशाधर आदि ने—इसी अभिप्राय को व्यक्त किया है।

अपरिगृहीतागमन—यह भी एक उक्त ब्रह्मचर्यव्रत का अतिचार है। इन अतिचारों के विषय मे ग्रन्थकारो मे कुछ मतभेद रहा है। तत्त्वार्थसूत्र के जिस सूत्र मे इन अतिचारो का नामनिर्देश किया गया है उसमें भी सर्वार्थसिद्धि और भाष्य के अनुसार कुछ भिन्न पाठ है। सर्वार्थसिद्धि के अनुसार वे पाच अतिचार ये हैं—परविवाहकरण, इत्वरिका-परिगृहीतागमन, इत्वरिका-अपरिगृहीतागमन, अनगक्रीडा और कामतीव्राभिनिवेश। तत्त्वार्थभाष्य के अनुसार वे ही अतिचार इस प्रकार है—परविवाहकरण, इत्वर-परिगृहीतागमन, अपरिगृहीतागमन, अनगक्रीडा और कामतीव्राभिनिवेश।

पं. आशाधर ने सागारधर्मामृत (४-५८) मे इन अतिचारो का निर्देश इस प्रकार किया है—इत्वरिकागमन, परविवाहकरण, विटत्व, स्मरतीव्राभिनिवेश और अनगक्रीडा। उन्होने तत्त्वार्थसूत्र मे निर्दिष्ट इत्वरिका-परिगृहीतागमन और इत्वरिका-अपरिगृहीतागमन इन दो का अन्तर्भाव एक 'इत्वरिका-गमन' मे करके विटत्व नाम के एक अन्य भी अतिचार को सम्मिलित कर लिया है।

हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणी श्रावक को लक्ष्य करके अब्रह्म की निवृत्ति दो प्रकार से बतलाते हैं—स्वदारसन्तोष से अथवा परपरिगृहीत स्त्री के सेवन के परित्याग से। तदनुसार स्वदारसन्तोषी अपनी पत्नी को छोडकर शेष सभी स्त्रियो के सेवन से दूर रहता है। किन्तु दूसरा जो परपरिगृहीत स्त्री के सेवन का त्याग करता है वह अपनी पत्नी के सेवन का तो त्यागी होता ही नहीं है, साथ ही जो वेश्या आदि दूसरो के द्वारा परिगृहीत नहीं है उनके उपभोग से भी वह निवृत्त नहीं होता है। विशेष इतना है कि यदि उक्त अपरिगृहीत वेश्या आदि ने किसी अन्य का कुछ काल के लिए भाडा ले लिया है तो तब तक वह परपरिगृहीत स्त्री के त्यागी को भी अनुपभोग्य होती है।

योगशास्त्र के कर्ता आचार्य हेमचन्द्र और सागारधर्मामृत के कर्ता पं. आशाधर का भी लगभग यही अभिप्राय रहा है। आ. हेमचन्द्र ने इत्वरात्ता (इत्वर-परिगृहीता) गमन और अनात्तागमन इन दो अतिचारों का निर्देश केवल स्वदारसन्तोषी के लिए किया है। शेष तीन अतिचार दोनो के लिए कहे गये हैं[1]।

---

१. इमौ चातिचारौ स्वदारसन्तोषिण एव, न तु परदारवर्जकस्य; इत्वरात्ताया वेश्यात्वेन अनात्तायास्त्व-नाथतयैवापरदारत्वात्। शेषास्त्वतिचारा द्वयोरपि। योगशा. स्वो. विव.

प्रकृत अपरिगृहीतागमन अतिचार के विषय मे सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक आदि के कर्ताओं ने अपरिगृहीता शब्द से सामान्यतः पर पुरुष से सम्बन्ध रखनेवाली वेश्या या स्वामी से रहित अन्य दुराचारिणी स्त्री को ग्रहण किया है। परन्तु हरिभद्र सूरि आदि ने उसमे एक विशेषण और जोड़कर जिसने किसी दूसरे में आसक्त होकर उसका भाड़ा ले लिया है ऐसी वेश्या अथवा अनाथ—स्वामिविहीन—कुलागना को ग्रहण किया है। इसका यह अभिप्राय हुआ कि यदि कोई ब्रह्मचर्याणुव्रती किसी वेश्या अथवा स्वामिरहित अन्य किसी स्त्री के साथ समागम करता है तो सर्वार्थसिद्धि आदि के मत से यह उसके व्रत को दूषित करनेवाला अतिचार होगा। किन्तु हरिभद्र सूरि आदि के मत से वह अतिचार नही होगा, वह अतिचार उनके मत से तभी होगा जब कि उसने किसी दूसरे का भाड़ा ले लिया हो।

अप्रतिपाती (अवधि)—तत्त्वार्थवार्तिक मे प्रतिपाती और अप्रतिपाती के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो देशावधि विद्युत्प्रकाश के समान विनष्ट होनेवाला है उसे प्रतिपाती और इसके विपरीत को—जो विद्युत्प्रकाश के समान नष्ट होनेवाला न हो—अप्रतिपाती कहा जाता है।

धवला मे इसे कुछ और विशद करते हुए कहा गया है कि जो अवधिज्ञान उत्पन्न होकर केवलज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर ही नष्ट होता है, उसके पूर्व मे नष्ट नहीं होता; उसका नाम अप्रतिपाती है।

देवेन्द्रसूरि द्वारा विरचित कर्मविपाक की स्वोपज्ञ वृत्ति मे उसका स्वरूप कुछ भिन्न इस प्रकार कहा गया है—जो प्रतिपतित न होकर अलोक के एक प्रदेश को भी जानता है वह अप्रतिपाती कहलाता है। लोकप्रकाश मे भी उसका यही लक्षण कहा गया है।

आचार्य मलयगिरि ने उसके लक्षण का निर्देश करते हुए प्रज्ञापना की वृत्ति में कहा है कि जो केवलज्ञान अथवा मरण के पूर्व नष्ट नहीं होता उसे अप्रतिपाती कहा जाता है।

अव्यक्त दोष—यह दस आलोचनादोषों मे नौवां है। भगवती आराधना (५९८-६००) मे इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो ज्ञानबाल और चारित्रबाल के पास आलोचना करता हुआ यह समझता है कि मैंने सबकी आलोचना कर ली है उसकी यह आलोचना अव्यक्त नामक नौवें आलोचनादोष से दूषित होती है। कारण यह है कि वैसी आलोचना परिणाम मे हानिप्रद है। जिस प्रकार कोई अज्ञानी सुवर्ण जैसे दिखनेवाले किसी पदार्थ को यथार्थ सुवर्ण समझकर ग्रहण करता है, पर उसका उपयोग अभीष्ट वस्तु के ग्रहण में नहीं होता है, तथा दुष्ट के साथ की गई मित्रता जिस प्रकार परिणाम मे अहितकर होती है, उसी प्रकार अल्पज्ञ के समक्ष की जानेवाली आलोचना शुद्धि का कारण न होकर अनर्थकारक ही होती है।

अनुमानित दोष के प्रसग में यह पूर्व मे कहा जा चुका है कि तत्त्वार्थवार्तिक और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक मे इन दोषो के नामो का निर्देश नहीं किया गया, उनके लिए कवल सख्या शब्दो—प्रथम व द्वितीय आदि शब्दो—का ही निर्देश किया गया है। प्रकृत (अव्यक्त) दोष वहा नौवा विवक्षित रहा है या दसवा, यह निश्चय नही किया जा सका। वहा नौवें और दसवें दोषों के लक्षण इस प्रकार कहे गये हैं— ९ किसी प्रयोजन को लक्ष्य मे रखकर जो साधु अपने ही समान है उसके पास प्रमाद से किये गये अपने असदाचरण का निवेदन करके यदि गुरुतर भी प्रायश्चित्त ग्रहण किया जाता है तो भी वह निष्फल होता है, यह नौवां आलोचना दोष है। १० इसके अपराध से मेरा अपराध समान है, उसे यही जानता है; अतः इसे जो प्रायश्चित्त दिया गया है वही मेरे लिये भी शीघ्रता से कर लेना चाहिये, ऐसा विचार करते हुए प्रायश्चित्त लेना; यह दसवां दोष है।

चारित्रसार में अनेक विषयों का विवेचन केवल तत्त्वार्थवार्तिक के आधार से ही नहीं, बल्कि कहीं कहीं तो उसी के शब्दों व वाक्यों में किया गया है। प्रकृत अव्यक्त दोष का लक्षण यहा तत्त्वार्थवार्तिककार के शब्दों मे ही व्यक्त किया गया है। यहाँ इतना विशेष है कि 'नवम' शब्द के साथ उसका अव्यक्त नाम

को निर्दिष्ट किया गया है[1] (पृ. ६१-६२)।

लक्षणकारों की दृष्टि में 'अव्यक्त' शब्द के ये दो अर्थ रहे प्रतीत होते हैं—प्रगट न करना[2] और अगीतार्थ—आगम में अनिष्णात[3]। यदि तत्त्वार्थवार्तिककार की दृष्टि मे अव्यक्त का अर्थ अप्रगट रहा है तब तो उनके द्वारा निर्दिष्ट दसवां दोष ही अव्यक्त हो सकता है। वहां उसके लक्षण में स्पष्टतया 'स्वदुश्चरितसंवरणम्—अपने दुराचरण को प्रगट न करना या छिपाना' यह निर्दिष्ट किया गया है।

आचारसार में इसके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है जो गुरु अपने समान ही ज्ञान और तप में बाल (हीन) है उसके समक्ष लज्जा, भय अथवा प्रायश्चित्तादि के भय के कारण आलोचना करना—बहुश्रुत आचार्य के पास नही करना, यह अव्यक्त नाम का आलोचनादोष है। यह लक्षण पूर्वोक्त भगवती आराधनागत लक्षण के समान है।

मूलाचार की टीका मे उक्त लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो प्रायश्चित्त आदि के विषय मे निपुण नही है उसे अव्यक्त कहा जाता है। उसके पास जो अल्प प्रायश्चित्त आदि के निमित्त से अपने दोष को कहता है वह इस अव्यक्त दोष का पात्र होता है।

व्यवहारसूत्र भाष्य की मलयगिरि विरचित टीका मे उसका लक्षण इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—अव्यक्त नाम अगीतार्थ का है, ऐसे अगीतार्थ गुरु के आगे जो अपराध की आलोचना की जाती है, इसे अव्यक्त नामक नौवां आलोचनादोष जानना चाहिए।

भट्टारक श्रुतसागर ने भावप्राभृत की टीका मे स्पष्टतापूर्वक दोष के न कहने को अव्यक्त दोष कहा है।

अस्थिर नामकर्म—सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थभाष्य मे स्थिरता के निवर्तक कर्म को स्थिर और इससे विपरीत को अस्थिर नामकर्म कहा गया है। सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण के स्पष्टीकरण मे तत्त्वार्थवार्तिककार कहते हैं कि जिसके उदय से दुष्कर उपवासादि तप के करने पर भी अंग-उपांगों की स्थिरता रहती है उसे स्थिर नामकर्म कहते हैं, तथा जिसके उदय से थोडे भी उपवासादि के करने से अथवा थोड़ी-सी शीत या उष्णता आदि के सम्बन्ध से अंग-उपांग कृशता को प्राप्त होते हैं उसे अस्थिर नामकर्म कहते हैं।

तत्त्वार्थभाष्यगत उक्त लक्षण को विशद करते हुए हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणी कहते हैं कि जिसके उदय से शिर, हड्डी और दांत आदि शरीरावयवों में स्थिरता होती है वह स्थिर और जिसके उदय से कान और त्वक् आदि शरीरावयवों मे अस्थिरता, चलता व मृदुता होती है वह अस्थिर नामकर्म कहलाता है।

धवलाकार कहते हैं कि जिसके उदय से रस-रुधिरादि धातुओं की स्थिरता, अविनाश व अगलन होता है उसे स्थिर नामकर्म तथा जिसके उदय से उक्त रस-रुधिरादि धातुओं का उपरिम धातु के रूप में परिणाम होता है उसे अस्थिर नामकर्म कहा जाता है।

अन्य ग्रन्थो मे से भगवती आराधना की टीका मे अपराजित सूरि ने सर्वार्थसिद्धि व तत्त्वार्थभाष्य का, मूलाचार की वृत्ति मे वसुनन्दी ने धवलाकार का, भास्करनन्दी ने त. सुखबोधा वृत्ति में तत्त्वार्थवार्तिककार का तथा शेष (चन्द्रर्षि महत्तर, गोविन्द गणी और अभयदेव सूरि आदि) ने हरिभद्र सूरि का अनुसरण किया है।

---

१. प्रस्तुत लक्षणावली मे 'अव्यक्त दोष' के अन्तर्गत तत्त्वार्थवार्तिकगत जिस दसवें दोष के लक्षण का उल्लेख किया गया है उसके स्थान मे इस नौवें दोष का लक्षण ग्रहण करना चाहिए—यत्किञ्चित् प्रयोजनमुद्दिश्यात्मना समानायैव प्रमादाचरितमावेद्य महदपि गृहीत प्रायश्चित्त न फलकरमिति नवमः। यही अभिप्राय तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक के विषय में भी जानना चाहिये।

२. देखिये भावप्राभृत की टीकागत उक्त लक्षण। भावप्राभृत के टीकाकार भट्टारक श्रुतसागर ने तत्त्वार्थसूत्र की वृत्ति मे अव्यक्त का अर्थ अप्रबुद्ध निर्दिष्ट किया है।

३. देखिये आचारसारगत और मूलाचार की टीकागत उक्त लक्षण।

आकम्पित—यह दस आलोचनादोषो मे प्रथम है। भगवती आराधना में इसका लक्षण इस प्रकार कहा गया है—भोजन-पान, उपकरण और क्रियाकर्म (कृतिकर्म) इनके द्वारा गणी (आचार्य) को दयार्द्र करके जो आलोचना की जाती है, उसमे चूंकि यह उद्देश रहता है कि इस प्रकार आचार्य मेरे ऊपर अनुग्रह करेंगे व आलोचना भी सब हो जावेगी, अत एव इसे आकम्पित नाम का प्रथम आलोचना-दोष समझना चाहिए।

तत्त्वार्थवार्तिक आदि मे भी उसका लक्षण लगभग इसी प्रकार का कहा गया है। विशेषता इतनी है कि भगवती आराधना मे जहाँ अनुकम्पा के हेतुभूत भक्त-पान, उपकरण और क्रियाकर्म का निर्देश किया गया है; वहाँ इन ग्रन्थो मे केवल उपकरणदान का ही निर्देश किया गया है, भक्त पानादि का नही। मूलाचार की वसुनन्दी विरचित टीका मे अवश्य भक्त-पान और उपकरणादि का निर्देश किया गया है।

भावप्राभृत की टीका मे भट्टारक श्रुतसागर ने सम्भवतः उक्त लक्षण की सार्थकता दिखलाने के अभिप्राय से यह कहा है कि आलोचना करते हुए शरीर मे चूंकि कम्प उत्पन्न होता है, भय करता है, इसी से इसे आकम्पित कहा जाता है। उन्होने तत्त्वार्थवृत्ति मे उसके लक्षण का निर्देश तत्त्वार्थवार्तिक के ही समान किया है।

आनुपूर्वी या आनुपूर्व्य नामकर्म—इसके लक्षण का निर्देश करते हुए तत्त्वार्थभाष्य मे कहा गया है कि विवक्षित गति मे उत्पन्न होने वाला जीव जब अन्तर्गति (विग्रहगति) मे वर्तमान होता है तब उसे अनुक्रम से जो उस (विवक्षित) गतिके अभिमुख—उसके प्राप्त कराने मे समर्थ होता है उसे आनुपूर्वी नामकर्म कहते हैं।

इसी भाष्य मे मतान्तर को प्रगट करते हुए पुनः कहा गया है कि दूसरे आचार्य यह कहते हैं कि जो निर्माण नामकर्म से निर्मित अंग और उपांगो के रचनाक्रम का नियामक है उसे आनुपूर्वी नामकर्म कहा जाता है।

सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक आदि के अनुसार जिसके उदय से पूर्व शरीर का आकार विनष्ट नही होता है वह आनुपूर्वी नामकर्म कहलाता है।

उत्कृष्ट श्रावक—ग्यारहवीं प्रतिमा के धारक श्रावक को उत्कृष्ट कहा गया है। आचार्य समन्तभद्र उसके लक्षण को प्रगट करते हुए रत्नकरण्डक मे कहते हैं कि जो घर से—उसे छोडकर—मुनियो के आश्रम मे चला जाता है और वहाँ गुरु के समीप मे व्रतो को ग्रहण करता हुआ भिक्षा से प्राप्त भोजन करता है, तप का आचरण करता है, तथा वस्त्रखण्ड को—लगोटी मात्र को—धारण करता है वह उत्कृष्ट श्रावक कहलाता है। यहाँ उस उत्कृष्ट श्रावक के कोई भेद निर्दिष्ट नही किए गए।

पर वसुनन्दिश्रावकाचार और सागारधर्मामृत मे उसके दो भेद निर्दिष्ट करते हुए कहा गया है कि प्रथम उत्कृष्ट श्रावक वह है जो एक वस्त्र को धारण करता है, कैंची अथवा उस्तरे से बालो को निकलवाता है, बैठने आदि के समय मे उपकरण (कोमल वस्त्रादि) के द्वारा प्रतिलेखन करता है—झाड़ता है, बैठकर हाथ मे अथवा बर्तन मे एक बार भोजन करता है, पर्व दिनो मे नियम से उपवास करता है, भिक्षा के लिए जाते हुए पात्र को धोता है व किसी गृहस्थ के घर जाकर आँगन मे स्थित होता हुआ 'धर्मलाभ' के उच्चारणपूर्वक याचना करता है, वहाँ भिक्षाभोजन प्राप्त हो अथवा न भी हो, वहा से शीघ्र निकल कर दूसरे घर पर जाता है व मौनपूर्वक शरीर को दिखलाता है, यदि मार्ग मे कोई भोजन के लिए प्रार्थना करता है तो प्रथमतः प्राप्त हुए भोजन को खाकर फिर शेष भोजन वहाँ करता है। यदि कोई बीच में नहीं रोकता है तो उदरपूर्ति के योग्य भिक्षा के लिए भ्रमण करता है, पश्चात् किसी एक गृह पर प्रासुक पानी को माँग कर भोजन को सोधता हुआ खाता है और फिर पात्र को धोकर गुरु के समीप जाता है। यदि यह विधि किसी को नहीं रुचती है तो वह एकभिक्षा के नियम-

पूर्वक मुनि के आहार के बाद भोजनार्थ जाता है, यदि अन्तराय आदि होता है तो फिर गुरु के समीप चार प्रकार के उपवास को ग्रहण करता है और सबकी आलोचना करता है।

दूसरा उत्कृष्ट श्रावक उक्त प्रथम के ही समान है। विशेष इतना है कि वह बालों का नियम से लोच करता है, पिच्छी को धारण करता है, लंगोटी मात्र रखता है, और हाथ में ही भोजन करता है। पं. प्रशाधर के अभिमतानुसार इसका नाम आर्य है (प्रथम की कोई संज्ञा निर्दिष्ट नहीं की गई)। आ. वसुनन्दी ने अन्त में यह सूचना की है कि उक्त दोनों प्रकार के उत्कृष्ट श्रावक का कथन सूत्र के अनुसार किया गया है।

उपभोग—भोग और उपभोग ये दोनों शब्द अनेक ग्रन्थो मे व्यवहृत हुए हैं। पर उनके लक्षण में एकरूपता नही रही। तत्त्वार्थसूत्र मे इन दोनों शब्दो का उपयोग २-३ बार हुआ है[1]। किन्तु सूत्रात्मक ग्रन्थ होने से उनके लक्षणो का निर्देश वहा नही किया गया है।

रत्नकरण्डक मे इनके पृथक् पृथक् लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जिसे एक बार भोग कर छोड दिया जाता है वह भोग और जिसे एक बार भोग कर फिर से भोगा जा सकता है वह उपभोग कहलाता है। जैसे क्रमश. भोजन आदि और वस्त्र आदि[2]।

सर्वार्थसिद्धि (२-४) मे नौ प्रकार के क्षायिक भाव की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि समस्त भोगान्तराय के क्षय से जो अतिशययुक्त अनन्त क्षायिक भोग प्रादुर्भूत होता है उससे कुसुमवृष्टि आदि उत्पन्न होती है तथा सम्पूर्ण उपभोगान्तराय के क्षय से जो अनन्त क्षायिक उपभोग होता है उससे सिंहासन, चामर एव तीन छत्र आदि विभूतियाँ प्रादुर्भूत होती हैं। इसका फलितार्थ यह प्रतीत होता है कि जो कुसुमादि एक बार भोगने मे आते हैं उन्हें भोग और जो छत्र-चामरादि अनेक बार भोगे जाते हैं उन्हे उपभोग समझना चाहिए।

आगे (२-४४) यहां कार्मण शरीर की विशेषता को प्रगट करते हुए कहा गया है कि अन्तिम (कार्मण शरीर) उपभोग से रहित है। यहाँ उपभोग का स्पष्टीकरण करते हुए यह कहा गया है कि इन्द्रियो के द्वारा जो शब्दादिक की उपलब्धि होती है उसे उपभोग जानना चाहिए। यहाँ सम्भवतः एक व अनेक बार इन्द्रियों के द्वारा उपलब्ध होने वाले सभी पदार्थों को उपभोग शब्द से ग्रहण किया गया है।

यहीं पर दिग्व्रतादि सात शीलो के निर्देशक सूत्र (७-२१) की व्याख्या मे उपभोग-परिभोग-परिमाणव्रत का विवेचन करते हुए भोजन आदि—जो एक ही बार भोगे जाते हैं—उन्हें उपभोग और वस्त्राभूषणादि—जो बार-बार भोगे जाते हैं—उन्हे परिभोग कहा गया है।

तत्त्वार्थवार्तिक मे सर्वार्थसिद्धिकार के ही अभिप्राय को पुष्ट किया गया है। विशेष इतना है कि यहाँ (७,२१,९-१०) उपभोग का निरुक्त्यर्थ करते हुए कहा गया है कि 'उपेत्य भुज्यते इत्युपभोग:' अर्थात् जिन अशन-पानादि वस्तुओ को आत्मसात् करके भोगा जाता है उन्हे उपभोग कहा जाता है तथा 'परित्यज्य भुज्यत इति परिभोग:' अर्थात् जिन वस्त्राभूषणादि को एक बार भोग कर व छोडकर फिर से भोगा जाता है उन्हे परिभोग कहा जाता है।

तत्त्वार्थवार्तिककार के द्वारा निर्दिष्ट इस निरुक्तार्थका अनुसरण हरिवंशपुराण, तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक और चारित्रसार मे भी किया गया है।

इस प्रकार उक्त दोनों ग्रन्थों मे प्रथमत (२-४) जो उपभोग का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है, उससे अन्य में (७ २१) निर्दिष्ट किया गया उसका लक्षण भिन्न है।

---

१. ज्ञान-दर्शन-दान-लाभ-भोगोपभोगवीर्याणि च (२-४), निरुपभोगमन्त्यम् (२-४४, श्वे. २-४५), दिग्देशानर्थदण्डविरति ········(७-२१, श्वे. ७-१६)।

२. भुक्त्वा परिहातव्यो भोगो भुक्त्वा पुनश्च भोक्तव्यः। उपभोगोऽशन-वसनप्रभृतिपाचेन्द्रियो विषयः ॥८३॥

तत्त्वार्थभाष्य में उपभोग-परिभोगव्रत के प्रसंग में यह कहा गया है कि अशन-पान, खाद्य, स्वाद्य, गन्ध और माला आदि तथा वस्त्र, अलंकार, शयन, आसन, गृह, यान और वाहन आदि जो बहुत पापजनक पदार्थ हैं; उनका परित्याग करना तथा अल्प पापजनक पदार्थों का परिमाण करना, इसका नाम उपभोग-परिभोगव्रत है। यहां यद्यपि उपभोग और परिभोग के लक्षणों का स्पष्ट निर्देश नहीं किया गया है, फिर भी जिस क्रम से उक्त व्रत का लक्षण कहा गया है उससे यह स्पष्ट है कि जो एक बार भोगने मे आता है उसे उपभोग और जो अनेक बार भोगने में आता है उसे परिभोग कहा जाता है।

तत्त्वार्थसूत्र की हरिभद्र सूरि विरचित भाष्यानुसारिणी टीका (२-४) में कहा गया है कि उचित भोग के साधनो की प्राप्ति मे जो निर्विघ्नता का कारण है उसे क्षायिक भोग और उचित उपभोग के साधनो की प्राप्ति मे जो निर्विघ्नता का कारण है उसे क्षायिक उपभोग कहा जाता है। यही पर आगे उन दोनो म भेद प्रगट करते हुए यह कहा गया है कि जो एक बार भोगा जाता है वह भोग और जो बार-बार भोगा जाता है वह उपभोग कहलाता है। जैसे क्रमशः भक्ष्य-पेय आदि और वस्त्र-पात्र आदि।

आगे (६-२६) यहाँ उक्त भोग और उपभोग के लक्षणो मे कहा गया है कि मनोहर शब्दादि विषयो के अनुभवन को भोग और अन्न, पान व वस्त्रादि के सेवन को उपभोग कहते है।

उपभोग-परिभोगपरिमाणव्रत के प्रसग मे यहाँ (७-१६) इतना मात्र कहा गया है कि उपभोग व परिभोग शब्दो का व्याख्यान किया जा चुका है। तदनुसार एक ही बार भोगे जाने वाले पुष्पाहारादि को उपभोग और बार-बार भोगे जाने वाले वस्त्रादि को परिभोग जानना चाहिए।

तत्त्वार्थभाष्य की सिद्धसेन गणि विरचित टीका (२-४) मे कहा गया है कि उत्तम विषयसुख के अनुभव को भोग कहते हैं, अथवा एक बार उपयोग मे आने के कारण भक्ष्य, पेय और लेह्य आदि पदार्थों को भोग समझना चाहिए। विषय-सम्पदा के होने पर तथा उत्तरगुणों के प्रकर्ष से जो उनका अनुभवन होता है, इसका नाम उपभोग है; अथवा बार-बार उपभोग के कारण होने से वस्त्र व पात्र आदि को उपभोग कहा जाता है।

आगे (६-२६) हरिभद्र सूरि के समान सिद्धसेन गणि ने भी उन्ही के शब्दों मे मनोहर शब्द आदि विषयो के अनुभवन को भोग तथा अन्न, पान व वस्त्र आदि के सेवन को उपभोग कहा है। अनर्थदण्डविरति के प्रसंग में (७-१६) सिद्धसेनगणि उन दोनो का निरुक्तार्थ करते हुए कहते हैं कि 'उपभुज्यत इत्युपभोगः' इसमे 'उप' का अर्थ 'एक बार' है, तदनुसार जो पुष्पमाला आदि एक ही बार भोगी जाती है, उन्हें उपभोग कहा जाता है। अथवा 'उप' शब्द का अर्थ 'अभ्यन्तर' है तदनुसार अन्तर्भोगरूप आहार आदि को उपभोग कहा जाता है। 'परिभुज्यत इति परिभोग.' इस निरुक्ति में 'परि' शब्द का अर्थ 'बार बार' है। तदनुसार जिन्हें बार-बार भोगा जाता है ऐसे वस्त्र, गन्ध-माला और अलंकार आदि को परिभोग जानना चाहिए।

सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थवार्तिक के समान हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि के द्वारा भी जो पूर्व में (२-४) उपभोग का लक्षण कहा गया है उससे पीछे (७-१६) निर्दिष्ट किया गया उसी का लक्षण भिन्न है।

पीछे के अधिकांश ग्रन्थकारों ने बार-बार भोगे जाने वाले पदार्थों को ही उपभोग माना है।

श्रुतसागर सूरि ने 'उपभोग-परिभोगपरिमाणम्' के स्थान मे 'भोगोपभोगपरिमाणम्' पाठान्तर की सूचना की है, पर वह कहाँ उपलब्ध होता है, इसका कुछ निर्देश नही किया।

प्राकृत शब्दों की विकृति व उनका संस्कृत रूपान्तर

अन्यथानुपपत्ति—१. अन्यथा अन्येन साध्याभावप्रकारेण, या अनुपपत्तिः लिंगस्य अघटना [सा अन्यथानुपपत्ति]। (सिद्धिवि. टी. ५-१५, पृ. ३४६, प. २०); अन्यथा साध्याभावप्रकारेण अनुपपत्तिः अन्यथानुपपत्तिः। (सिद्धिवि. टी. ५-२१, पृ. ३५८, पं. १७), तदभावे (व्यापकाभावे) अवश्य तत् (व्याप्यं) न भवति इति अन्यथानुपपत्तिरेव समर्थिता। (सिद्धिवि. टी. ६-२, पृ. ३७६, पं. ५)। २. ×× असति साध्ये हेतोरनुपपत्तिरेवान्यथानुपपत्तिः। (प्र. न. त. ३-३०)।
साध्य के अभाव में हेतु के घटित न होने को अन्यथानुपपत्ति कहते हैं।

अन्यथानुपपन्नत्व—अन्यथानुपपन्नत्व साध्याभावे नियमेन साधनस्य अघटनम्। (सिद्धिवि. टी. ५, २१, पृ. ३६१, पं. १३)।

देखो—अन्यानुपपत्ति ।

अन्यदृष्टि—१. अन्यदृष्टिरित्यर्हच्छासनव्यतिरिक्तां दृष्टिमाह । (त. भा. ७–१८)। २. जिनवचनव्यतिरिक्ता दृष्टिरन्यदृष्टिरसर्वज्ञप्रणीतवचनाभिरतिः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–१८) ।

जिनशासन से भिन्न, असर्वज्ञप्रणीत अन्य मत-मतान्तरों से अनुराग रखने को अन्यदृष्टि कहते हैं।

अन्यदृष्टिप्रशंसा—१. मनसा मिथ्यादृष्टेर्ज्ञान-चारित्रगुणोद्भावनं प्रशसा । (स. सि. ७–२३; त. वृ. श्रुत. ७–२३) । २. अन्यदृष्टियुक्तानां क्रियावादिनामक्रियावादिनामज्ञानिकानां वैनयिकानां च प्रशसा । (त. भा. ७–१८) । ३. अन्यदृष्टीनां सर्वज्ञप्रणीतदर्शनव्यतिरिक्ताना × × × पाषण्डिनां प्रशंसा अन्यदृष्टिप्रशसा । (धर्मबि. मु. वृ. ३-२१)।

१ मन से मिथ्यादृष्टि के ज्ञान-चारित्र गुणों के प्रगट करने को अन्यदृष्टिप्रशंसा कहते हैं।

अन्यदृष्टिसंस्तव—१. अन्यदृष्टियुक्ताना क्रियावादिनामक्रियावादिनामज्ञानिकाना वैनयिकाना च सस्तवोऽन्यदृष्टिसंस्तव. । (त. भा. ७–१८) । २. मिथ्यादृष्टेर्भूतगुणोद्भावनवचन सस्तव. । (स. सि. ७–२३) ।

२ मिथ्यादृष्टि के सद्भूत और असद्भूत गुणों की वचन से स्तुति करने को अन्यदृष्टिसंस्तव कहते हैं।

अन्ययोगव्यवच्छेद—१. विशेषण-विशेष्याभ्यामुक्तौ च क्रियया सह । अयोग योगमपरैरत्यन्तायोग न चान्यथा ।। व्यवच्छिनत्ति धर्मस्य निपातो व्यतिरेचकः । सामर्थ्याच्चाप्रयोगेऽर्थो गम्य स्यादेवकारयोः ।। (सिद्धिवि. ६, ३२–३३) । २. न वै पुरुषेच्छया चित्रो धनुर्धर एव, पार्थ एव धनुर्धरः, नील सरोजं भवत्येवेति अयोगव्यवच्छेदादिस्वभावस्थितवाक्येषु अन्यथात्वं सम्भाव्यते, तथाप्रतिपत्तिप्रसगात् । (सिद्धिवि. स्वो. वृ. ६, ३२–३३) । ३. विशेष्यसंगतैवकारोऽन्ययोगव्यवच्छेदबोधकः । यथा पार्थ एव धनुर्धरः इति । अन्ययोगव्यवच्छेदो नाम विशेष्यभिन्नतादात्म्यादिव्यवच्छेदः । तत्रैवकारेण पार्थान्यतादात्म्याभावो धनुर्धरे बोध्यते । तथा च पार्थान्यतादात्म्याभाववद्धनुर्धराभिन्नः पार्थ इति बोधः । (सप्तभं. पृ. २६) ।

विशेष्य के साथ प्रयुक्त एवकार को अन्ययोगव्यवच्छेद कहते हैं। जैसे—पार्थ (अर्जुन) ही धनुर्धर है।

अन्यलिङ्ग—अन्यलिङ्गं भौत-परिव्राजकादिवेषः । (त. भा. सिद्ध. वृ. १०–७) ।

जैन लिङ्ग से भिन्न भौत (भौतिक) व परिव्राजक आदि के वेष को अन्यलिङ्ग कहते हैं।

अन्यलिङ्गसिद्ध—१. अन्यलिङ्गसिद्धाः परिव्राजकादिलिङ्गसिद्धाः । (श्रा. प्र. टी. ७६; नन्दी. हरि. वृ. पृ. ५१) । २. × × × वल्कलचीरी य अन्नलिंगम्मि । (नवतत्त्व. गा. ५७) । ३. अन्येषां परिव्राजकादीनां लिङ्गेन सिद्धा अन्यलिङ्गसिद्धाः । (योगशा. स्वो. विव. ३–१२४) । ४. अन्यलिङ्गे परिव्राजकादिसम्बन्धिनि वल्कल-काषायादिरूपे द्रव्यलिङ्गे व्यवस्थिताः सन्तो ये सिद्धास्तेऽन्यलिङ्गसिद्धाः । (प्रज्ञाप मलय. वृ. १-७) । ५. अन्यलिङ्गे परिव्राजकादिसम्बन्धिन्येव व्यवस्थिताः सिद्धाः अन्यलिङ्गसिद्धाः । (शास्त्रवा. टी. ११–५४) ।

१ परिव्राजक आदि अन्य लिङ्गों से सिद्ध होने वाले जीवों को अन्यलिङ्गसिद्ध कहते हैं।

अन्यलिङ्गसिद्धकेवलज्ञान—अन्यलिङ्गसिद्धकेवलज्ञान नाम यदन्यस्मिन् लिङ्गे वर्तमानाः सम्यक्त्व प्रतिपद्य भावनाविशेषात् केवलज्ञानमुत्पाद्य केवलोत्पत्तिसमकालमेव कालं कुर्वन्ति तदन्यलिङ्गसिद्धकेवलज्ञानम् । यदि पुनस्तेऽन्यलिङ्गस्थिता. केवलमुत्पाद्यात्मनोऽपरिक्षीणमायुः पश्यन्ति ततः साधुलिङ्गमेव परिगृह्णन्ति । (आव. मलय. वृ. ७८, पृ.८५) ।

जो अन्य लिङ्ग में रहते हुए ही सम्यक्त्व को प्राप्त कर और भावनाविशेष से केवलज्ञान को उत्पन्न कर केवलोत्पत्ति के साथ ही निर्वाण को प्राप्त करते हैं, उनके केवलज्ञान को अन्यलिङ्गसिद्धकेवलज्ञान कहते हैं।

अन्य(पर) विवाहकरण—१. परस्य (अन्यस्य) विवाहः परविवाहः, परविवाहस्य करण पर (अन्य) विवाहकरणम् । (स. सि. ७–२८; त. वा. ७, २८, १) । २. अन्येषा स्व-स्वापत्यव्यतिरिक्ताना विवाहनं विवाहकरण कन्याफललिप्सया स्नेहसम्बन्धादिना वा परिणयनविधानम् (योगशा. स्वो. विव. ३–९४) । ३. स्वपुत्र-पुत्र्यादीन् वर्जयित्वा अन्येषां गोत्रिणा मित्र-स्वजन-परजनाना विवाहकरण अन्यविवाहकरणम् । (कार्तिके. टी. ३३८) ।

१ अपने पुत्र पुत्री आदि को छोड़कर अन्य गोत्र वालों के, तथा मित्र व स्वजन-परजनादिकों के पुत्र पुत्री आदि का विवाह करना, यह अन्य (पर) विवाह-करण नामक ब्रह्मचर्याणुव्रत का अतिचार है।

अन्यहितयुता करुणा—अन्यहितयुता सामान्येनैव प्रीतिमत्तासम्बन्धविकलेष्वपि सर्वेषु एवान्येषु सत्त्वेषु केवलिनामिव भगवतां महामुनीनां सर्वानुग्रहपरायणा हितबुद्ध्या चतुर्थी करुणा (षोडशक वृ. १३-९)।
प्रीतिमत्ता (रागविषयता) का सम्बन्ध नहीं होने पर भी केवलियों के समान महामुनियों के जो सर्वप्राणियों के अनुग्रहविषयक बुद्धि होती है, उसे अन्यहितयुता करुणा कहते हैं।

अन्यापदेश—"अन्यस्य परस्य सम्बन्धीद गुड-खण्डादि" इति व्यपदेशो व्याजोऽन्यापदेशः। (योगशा. स्वो. विव. ३-११९)।
'यह गुड़ अथवा खांड आदि अन्य गृहस्थ के हैं, मेरे नहीं हैं', इस प्रकार के कपटपूर्ण वचन को अन्यापदेश कहते हैं। यह अतिथिसंविभागव्रत का पांचवां अतिचार है।

अन्यापोह—स्वभावान्तरात्स्वभावव्यावृत्तिरन्यापोहः। (अष्टशती ११)।
स्वभावान्तर से विवक्षित स्वभाव की भिन्नता को अन्यापोह कहते हैं।

अन्योन्यप्रगृहीतत्व—अन्योन्यप्रगृहीतत्व परस्परेण पदानां वाक्यानां वा सापेक्षता। (समवा. अभय. वृ. सू. ३५; रायप. टी पृ. १६)।
पदों या वाक्यों की परस्पर सापेक्षता को अन्योन्य-प्रगृहीतत्व कहते हैं।

अन्योन्याभाव—१. गवि योऽश्वाद्यभावश्च सोऽन्योन्याभाव उच्यते। (प्रमाल. ३८९)। २. गवि बलीवर्दे योऽयमश्वादीनामभाव. सोऽन्योन्याभावः, अन्योऽपरो गोरश्वस्यस्यान्यस्याश्वादेर्गवि अभावस्तादात्म्यनिषेधो यः सोऽयमन्योन्याभाव उच्यते इति सम्बन्धः। ३. तादात्म्यावच्छिन्नप्रतियोगिताकाभावत्वमन्योन्याभावलक्षणम्। (अष्टस. यशो. वृ. ११, पृ. १६६)।
गाय आदि किसी एक वस्तु में अन्य अश्व आदि के अभाव को अन्योन्याभाव कहते हैं।

अन्वय—१. अवस्था-देश-कालानां भेदेऽभेदव्यवस्थितिः॥ या दृष्टा सोऽन्वयो लोके व्यवहाराय कल्पते। (न्यायवि. २, १७७-७८)। २. अनुरित्यच्युच्छिन्नप्रवाहरूपेण वर्तते यद्वा। अयतीत्ययगत्यर्थाद्धातोरन्वर्थतोऽन्वय द्रव्यम्॥ (पञ्चाध्यायी १-१४२)।
अवस्था, देश और काल के भेद के होते हुए जो कथंचित् तादात्म्य की व्यवस्था देखी जाती है उसे व्यवहार के लिए अन्वय माना जाता है।

अन्वयदत्ति—१. आत्मान्वयप्रतिष्ठार्थं सूनवे यदशेषत। सम समय-वित्ताभ्या स्ववर्गस्यातिसर्जनम्॥ सैषा सकलदत्तिः स्यात् × । × × ॥ (सा. ध. १-१८, टि. १)। २. अथाहूय सुतं योग्यं गोत्रजं वा तथाविधम्। ब्रूयादिद प्रशान् साक्षाज्जातिज्येष्ठसधर्मणाम्॥ तातावद्यावदस्माभि. पालितोऽयं गृहाश्रम.। विरज्यैनं जिहासूना त्वमद्यार्हसि नः पदम्॥ पुत्र. पुपूयो स्वात्मान सुविधेरिव केशवः। यः उपस्कुरुते वप्तुरन्य शत्रुः सुतच्छलात्॥ तदिद मे धन धर्म्यं पोष्यमप्यात्मसात्कुरु। सैषा सकलदत्तिर्हि पर पथ्या शिवार्थिनाम्॥ (सा. ध. ७, २४-२७)। ३. सकलदत्तिः आत्मीयस्वसन्ततिस्थापनार्थं पुत्राय गोत्रजाय वा धर्मं धन च समर्प्य प्रदानमन्वयदत्तिश्च सैव। (कार्तिके टीका ३९१)।
२ अपनी सन्तानपरम्परा को स्थिर रखने के लिये पुत्र को या सगोत्री को धर्म के साधनभूत चैत्यालय आदि एवं धनादि के प्रदान करने को अन्वयदत्ति कहते हैं। इसका दूसरा नाम सकलदत्ति भी है।

अन्वयदृष्टान्त—१. साध्यव्याप्त साधन यत्र प्रदर्श्यते सोऽन्वयदृष्टान्तः। (परीक्षा. ३-४४)। २. साधनसत्ताया यत्रावश्य साध्यसत्ता प्रदर्श्यते सोऽन्वयदृष्टान्तः। (षड्दर्शन. टीका ४-५५, पृ. २१०)। २ अन्वयव्याप्तिप्रदर्शनस्थानमन्वयदृष्टान्तः। (न्यायदी. पृ. ७८)।
१ जिस स्थान पर साध्य से व्याप्त साधन दिखाया जाय उसे अन्वयदृष्टान्त कहते हैं।

अन्वयद्रव्यार्थिक—णिस्सेससहावाणं अण्णयरूवेण दव्वदव्वेदि [दव्वदव्वमिदि]। दव्वठवणो हि जो सो अण्णयदव्वत्थिओ भणियो॥ (ल. नयच. २४); णिस्सेससहावाणं अण्णयरूवेण सव्वदव्वेहि। विवहावणाहि जो सो अण्णयदव्वत्थिओ भणिदो॥ (बृ. नयच. १९७, पृ. ७३); सामान्यगुणाद्यन्वयरूपेण द्रव्य द्रव्यमिति द्रवति व्यवस्थापयतीत्यन्वय-

द्रव्यार्थिकः। (आलाप.—नयच. पृ. १४५)।
यह भी द्रव्य है, यह भी द्रव्य है; इस प्रकार समस्त स्वभावों के अन्वय रूप से जो द्रव्य को स्थापित करता है उसे अन्वयद्रव्यार्थिक कहते हैं।

अन्वयव्यतिरेकी — पञ्चरूपोपपन्नोऽन्वयव्यतिरेकी। (न्या. दी. पृ. ९०)।
जो हेतु पक्षधर्मत्व, सपक्षसत्त्व, विपक्षव्यावृत्ति, अबाधितविषयत्व और असत्प्रतिपक्षत्व; इन पाँचों रूपों से युक्त होता है उसे अन्वयव्यतिरेकी हेतु कहते हैं।

अपकर्षण (ओक्कड्डण)—१. पदेसाणं ठिदीणमोवट्टणा ओक्कड्डणा णाम। (धव. पु. १०, पृ. ५३)। २. स्थित्यनुभागयोर्हानिरपकर्षणम्। (गो. क. जी. प्र. टी. ४३८)।
कर्मप्रदेशों की स्थितियों के हीन करने का नाम अपकर्षण है।

अपक्रमषट्क—१. चतसृषु दिक्षूर्ध्वमधश्चेति भवान्तरसङ्क्रमणषट्केनापक्रमेण युक्तत्वात् षट्कापक्रमयुक्त। (पचास्तिकाय अमृत. वृत्ति ७२)। २. छक्कापक्कमजुत्तो—अस्य वाक्यस्यार्थः कथ्यते—अपगता विनष्टः विरुद्धक्रमः प्राञ्जलत्व यत्र स भवत्यपक्रमो वक्र इति ऊर्ध्वाधोमहादिक्चतुष्टयगमनरूपेण षड्विधेनापक्रमेण मरणान्ते युक्तः इत्यर्थः। (पंचा. का. जय. वृ. ७२)। ३. पूर्व-दक्षिण-पश्चिमोत्तरोर्ध्वाधोगतिभेदेन संसारावस्थाया षट्कापक्रमयुक्तः। (गो. जी. म. प्र. व जी. त. प्र. टी. ३५६)।
मरण के समय विरुद्ध गति का न होना, इसका नाम अपक्रम है। यह ऊर्ध्व, अधः और पूर्वादि चार; इन छह दिशाओं के भेद से छह प्रकारका है। इसीसे उसे 'अपक्रमषट्क' के नाम से कहा जाता है।

अपक्व दोष—१.× × × अपक्व पावकादिभिः। द्रव्यैरत्यक्तपूर्वस्ववर्ण-गन्ध-रस विदु.॥ (आचा. सा. ८–५२; भावप्रा. टी. १००)। २. अपक्वं यदग्निनाऽन्येन वा इन्धनधूमादिना प्रकारेण न पक्वम्। (बृहत्क. वृ. १०८)।
अग्नि आदि द्रव्य के द्वारा जिसका रूप, रस व गन्ध अन्यथा न हुआ हो, उसका सेवन करने पर अपक्वदोष होता है।

अपगतवेद—१. करिस-तणेट्टावग्गीसरिसपरिणामवेदणुम्मुक्का। अवगयवेदा जीवा सगसंभवणंतवरसोक्खा॥ (प्रा. पंचसं. १–१०८; धव. पु. १, पृ. ३४२ उ.; गो. जी. २७५)। २. अपगतास्त्रयोऽपि वेदसन्तापा येषां तेऽपगतवेदाः, प्रक्षीणान्तर्दाहा इति यावत्। (धव. पु. १, पृ. ३४२); मोहणीयदव्वकम्मक्खंधो तज्जणिदजीवपरिणामो वा वेदो। वेदजणिदजीवपरिणामस्स परिणामेण सह कम्मक्खंधस्स वा अभावो अवगदवेदो। (धव. पु. ५, पृ. २२२)। ३. करीषजेन तार्णेन पावकेनेष्टकेन च। समतो वेदतोऽमेताः सन्त्यवेदा गतव्यथा.॥ (पंचसं. अमित. १–२०२)।
१ कारीष, तृण और इष्टिकापाक की अग्नि के समान जो क्रम से स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद रूप परिणामों के वेदन (उदय) से रहित जीवों को अपगतवेद या अपगतवेदी कहते हैं।

अपचयद्रव्यमन्द—अपचयद्रव्यमन्दस्तु यः कृशशरीरतया कमपि प्रयासं न कर्तुमीष्टे। (बृहत्क. वृ. ६९७)।
जो शरीर के कृश होने से कुछ भी प्रयास (परिश्रम) न कर सके उसे अपचयद्रव्यमन्द कहते हैं।

अपचयपद—१. अवयवापचयनिबन्धनानि—यथा छिन्नकर्णः छिन्ननासिक इत्यादीनि नामानि। धव. पु. १, पृ. ७७), छिण्णकरो छिण्णणासो काणो कुंटो इच्चादीणि अवचिदणिबंधणाणि। (धव. पु. ९, पृ. १३७)। २. छिण्णकण्णो छिण्णणासो काणो कुठो (टो) खजो बहिरो इच्चाईणि णामाणि अवचयपदाणि, सरीरावयवविगलत्तमवेक्खिय एदेसिं णामाणं पउत्तिदंसणादो। (जयध. पु. १, पृ. ३३)।
२ छिन्नकर्ण, छिन्ननासा, काना, कुंट (कुबड़ा, बौना अथवा हाथ से हीन), कुबड़ा, लगड़ा और बहिरा आदि नामपद चूंकि शरीरावयव की हीनता के सूचक होने से अपचयपद कहलाते हैं।

अपचयभावमन्द—अपचयभावमन्दस्तु यो निजसहजबुद्धेरभावेनान्यदीयाया बुद्धेरनुपजीवनेन हिताहितप्रवृत्ति-निवृत्ती न कर्तुमीश. स बुद्धेरपचयेन भावतो मन्दत्वादपचयभावमन्दः। अथवा यस्तु परिस्थूरमतिः स बुद्धेः स्थूलसूत्रतया अन्तर्निःसारतालक्षणमपचयमधिकृत्यापचयभावमन्दः। (बृहत्क. वृ.६९७)
जो अपनी बुद्धि की हीनता से अपने हित-अहित में प्रवृत्ति और परिहार न कर सके और परकी बुद्धि से

कार्य करे उसे बुद्धिहीनता के कारण भावनिक्षेप के आश्रय से अपव्ययभावमन्द कहते हैं।

अपद दोष—१. अपदं पद्यविधौ पद्ये विधातव्येऽन्य-च्छन्दोऽभिधानम्। यथा आर्यापादे वैतालीयपादा-भिधानम्। (आव. हरि. वृ. ८८२, पृ. ३७५)। २. अपद यत्र पद्ये विधातव्येऽन्यच्छन्दोभिधानम्। (आव. मलय. वृ. ८८२, पृ. ४८३)।

१ किसी पद्य की रचना मे अन्य छन्द के कहने को अपदबोष कहते है। जैसे—आर्या छन्द में वैतालीय छन्द के चरण की योजना। यह सूत्र के अलीक आदि ३२ दोषों में १८वां दोष है।

अपद-सचित्त-द्रव्यपरिक्षेप—यत्पुनर्वृक्षैः [परिवे-ष्टनं] सोऽपदपरिक्षेपः। (बृहत्क. वृ. ११२२)।

पादविहीन वृक्षों से ग्राम-नगरादि के वेष्टित करने को अपद-सचित्त-द्रव्यपरिक्षेप कहते हैं।

अपदोपक्रम—अपदाना वृक्षादीना वृक्षायुर्वेदोप-देशाद् वार्धक्यादिगुणापादनमपदोपक्रम। (आव. नि. मलय. वृ. गा. ७६, पृ. ९१)।

पादरहित सचित्त वृक्षादिकों के वृक्ष सम्बन्धी आयु-र्वेद के उपदेश से वृद्धत्व आदि गुणों का कथन करना, इसे अपद-सचित्त-द्रव्योपक्रम कहते हैं।

अपध्यान—१. वध-बन्धच्छेदादेर्द्वेषाद्रागाच्च पर-कलत्रादेः। आध्यानमपध्यान शासति जिनशासने विशदा॥ (रत्नक. ३-३२)। २. परेषा जय-परा-जय-वध-बन्धनाङ्गच्छेद-परस्वहरणादि कथं स्यादिति मनसा चिन्तनमपध्यानम्। (स. सि. ७-२१; त. वा. ७, २१, २१; चा. सा. पृ. ९; त. सुखबो. वृ. ७-२१; त. वृत्ति श्रुत. ७-२१)। ३ अपध्यान इति अपध्या-नाचरितोऽप्रशस्तध्यानेनासेवितः। अत्र देवदत्तश्रावक-कोङ्कणार्यकप्रभृतयो ज्ञापकम्। (श्रा. प्र. टी. २८९)। ४. अपध्यान जयः स्वस्य यः परस्य पराजय। वध-बन्धार्थहरण कथं स्यादिति चिन्तनम्॥ (ह. पु. ५८-१४९)। ५. सकल्पो मानसी वृत्तिर्विषयेष्वनुत-र्षिणी। सैव दुःप्रणिधान स्यादपध्यानमतो विदु॥ (म. पु. २१-२५)। ६. नरपतिजय-पराजयादि-सचिन्तनलक्षणादपध्यानात् ××× । (त. श्लो. ७-२१)। ७. पार्थिव-जय-पराजय-सङ्गर-परदारग-मन-चौर्याद्याः। न कदाचनापि चिन्त्याः पापफल केवल यस्मात्॥ (पु. सि. १४१)। ८. स्वय विषया-नुभवरहितोऽप्ययं जीवः परकीयविषयानुभव दृष्ट श्रुत च मनसि स्मृत्वा यद्विषयाभिलाष करोति तद-पध्यान भण्यते। (बृ. द्रव्यसं. २२)। ९. अपकृष्टं ध्यानमपध्यानम्। तदनर्थदण्डस्य प्रथमो भेदः। ××× एवमार्त-रौद्रध्यानात्मकमपध्यानमनर्थ-दण्डस्य प्रथमो भेद। (योगशा. स्वो. विव. ३-७३, पृ. ४६५ व ४६७)। १०. वैरिघातो नरे-न्द्रत्व पुरघाताग्निदीपने। खचरत्वाद्यपध्यानं मुहू-र्तात् परतस्त्यजेत्॥ (योगशा. ३-७५)। ११. वैरिघात-पुरघाताग्निदीपनादिविषय रौद्रध्यानम्, नरेन्द्रत्व खचरत्वम्, आदिशब्दादप्सरोविद्याधरीपरि-भोगादि, तेष्वार्तध्यानरूपमपध्यानम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-७५)। ११. ××× अपध्यान नार्त-रौद्रात्म चान्वियात्। (सा. ध. ५-९)। १२. वधो बन्धोऽङ्गच्छेद-स्वहृती जय-पराजयौ। कथं स्यादस्य चिन्तेत्यपध्यान तन्निगद्यते॥ (धर्मसं. श्रा. ७-९)।

१ राग-द्वेष के वशीभूत होकर दूसरों के वध, बन्धन, छेदन और परस्त्री आदि के हरने का विचार करना अपध्यान कहलाता है।

अपरत्व—१ ते (परत्वापरत्वे) च क्षेत्रनिमित्ते प्रश-सानिमित्ते कालनिमित्ते च सम्भवतः। तत्र क्षेत्रनि-मित्ते तावदाकाशप्रदेशाल्पबहुत्वापेक्षे। एकस्या दिशि बहूनाकाशप्रदेशानतीत्य स्थितः पदार्थ पर इत्यु-च्यते। ततोऽल्पानतीत्य स्थितोऽपर इति कथ्यते। प्रशसाकृते अहिंसादिप्रशस्तगुणयोगात् परो धर्मः। तद्विपरीतलक्षणस्त्वधर्मोऽपर इत्युच्यते। कालहेतुके—शतवर्षः पुमान् परः, षोडशवर्षस्त्वपर इत्याख्या-यते। (त. सुखबोध वृत्ति ५-२२)। २. दूरदेशवर्तिनि गर्भरूपे [अर्भकरूपे] व्रतादिगुणसहिते च अपरत्व-व्यवहारो वर्तते। (त वृत्ति श्रुत. ५-२२)।

१ परत्व और अपरत्व तीन प्रकारके हैं—क्षेत्रनि-मित्त, प्रशंसानिमित्त और कालनिमित्त। उनमें से क्षेत्रनिमित्त आकाशप्रदेशों के अल्प-बहुत्व की अपेक्षा माने जाते हैं। जैसे—जो पदार्थ एक दिशा में बहुत आकाशप्रदेशों को लांघकर स्थित है वह पर और जो अल्प आकाशप्रदेशो को लांघकर स्थित है वह अपर माना जाता है। प्रशंसानिमित्त—अहिंसा आदि प्रशस्त गुणों के सम्बन्ध से धर्म को पर तथा इसके विपरीत अधर्म को अपर कहा जाता है। कालहेतुक—सौ वर्ष का वृद्ध पुरुष पर और सोलह वर्ष का बालक अपर कहा जाता है।

अपरमर्मवेधित्व—अपरमर्मवेधित्व परमर्मानुद्घट्टनस्वरूपत्वम् । (समवा. अभय. वृत्ति ३५, रायप. वृ. पृ. १६–१७) ।
दूसरे के मर्मस्थान के नहीं भेदने वाले वचन का बोलना, इसका नाम अपरमर्मवेधित्व है ।

अपरविदेह—मेरोः सकाशात् पश्चिमायां दिक्यपरविदेहः । (त. वृत्ति श्रुत. ३–१०) ।
मेरु पर्वत से पश्चिम की ओर जो विदेह क्षेत्र का आधा भाग अवस्थित है वह अपरविदेह कहलाता है ।

अपरसंग्रह—द्रव्यत्वादीन्यवान्तरसामान्यानि मन्वानस्तद्भेदेषु गजनिमीलिकामवलम्बमानः पुनरपरसंग्रहः ।। धर्माधर्माकाश-काल-पुद्गल-जीवद्रव्याणामैक्य द्रव्यादिभेदादित्यादिर्यथा ।। (प्र. न. त ७, १९–२०; स्याद्वादमं. टी. श्लो. २८; जैनतर्कप. पृ. १२७; नयप्र. पृ. १०१) ।
जो द्रव्यत्व आदि अवान्तर सामान्यों को स्वीकार करता हुआ उनके भेदों की उपेक्षा करता है उसे अपरसंग्रहनय कहते हैं ।

अपरसंग्रहाभास—द्रव्यत्वादिक प्रतिजानानस्तद्विशेषान् निह्नुवानस्तदाभासः । (प्र. न. त. ७–२१) ।
द्रव्यत्व आदि अवान्तर सामान्यों के मानने वाले तथा उनके विशेष भेदों का परिहार करने वाले नय को अपरसंग्रहाभास कहते हैं ।

अपराजित—१. तैरेव विघ्नहेतुभिर्न पराजिताः अपराजिताः । (त. भा. ४–२०) । २. तैरेव चाभ्युदयविघातहेतुभिर्न पराजिता इत्यपराजिताः । (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–२०) ।
जो विघ्न के कारणों से पराजित न हों, उन्हें अपराजित विमान कहा जाता है ।

अपराध (अवराह)—१. ससिद्धिराधसिद्धी साधिदमाराधिदं च एयट्ठो । अवगदराधो जो खलु चेदा सो होदि अवराहो ।। (समयप्रा. ३३२) । २ परद्रव्यपरिहारेण शुद्धस्वात्मनः सिद्धिः साधनं वा राधः, अपगतो राधो यस्य भावस्य सोऽपराधः । (समयप्रा. अमृत. वृ. ३३२) ।
२ पर द्रव्यों का परिहार करके शुद्ध आत्मा को सिद्ध करना, इसका नाम राध है । इस प्रकारके राध से जो रहित है उसे अपराध कहते हैं ।

अपरावर्तमाना (प्रकृति)—१. या तु बन्धोदयोभयं प्रति नान्यस्या उपघातं करोति सा अपरावर्तमाना । (पंचसं. स्वो. वृ. ३–४४) । २. यास्त्वन्यस्याः प्रकृतेर्बन्धमुदयमुभयं वाऽनिवार्य स्वकीयं बन्धमुदयमुभयं वा दर्शयन्ति, ता न परावर्तन्त इति कृत्वाऽपरावर्तमाना उच्यन्ते । (शतक. दे. स्वो. टी. १) ।
२ जो प्रकृतियां अन्य प्रकृतियों के बन्ध, उदय या दोनों को ही नहीं रोक कर अपने बन्ध, उदय या दोनों को प्राप्त होती हैं, परिवर्तित नहीं होती हैं, उन्हें अपरावर्तमान प्रकृति कहते हैं ।

अपरिखेदित्व—अपरिखेदित्व अनायाससम्भवः । (समवा. अभय. वृ. ३५; रायप. वृ. पृ. १७) ।
अनायास - बिना परिश्रम के—ही वचन के निर्गमन को अपरिखेदित्व कहा जाता है । यह सत्य वचन के पैंतीस अतिशयों में चौंतीसवां है ।

अपरिगृहीता—या गणिकात्वेन पुंश्चलीत्वेन वा परपुरुषगमनशीला अस्वामिका सा अपरिगृहीता । (स. सि. ७–२८; त. वा. ७, २८, २; त. सुखबो. वृ. ७–२८; त. वृ. श्रुत. ७–२८) ।
जो पतिविहीन स्त्री गणिका या पुंश्चली रूप से पर पुरुषों के पास आती जाती हो उसे अपरिगृहीता इत्वरिका कहते हैं ।

अपरिगृहीतागमन—१. अपरिगृहीता नाम वेश्या अन्यसक्ता गृहीतभाटी कुलाङ्गना वा अनाथेति, तद्गमनम् अपरिगृहीतागमनम् । (आ. प्र. टी. २७३, आव. हरि. वृ. ६, पृ. ८२५) । २. वेश्या स्वैरिणी प्रोषितभर्तृकादिरनाथा अपरिगृहीता, तदभिगममाचरत. स्वदारसन्तुष्टस्यातिचारः, न तु निवृत्तपरदारस्य । (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–२३) ।
वेश्या अथवा अन्य पुरुष में आसक्त होकर भाड़े को ग्रहण करने वाली अनाथ व कुलीन स्त्री अपरिगृहीता कहलाती है । इस प्रकारकी अपरिगृहीता स्त्री के साथ समागम करना, यह ब्रह्मचर्य-अणुव्रत का एक अतिचार है ।

अपरिग्रह—१ ममेदंभावो मोहोदयज परिग्रह, ततो निवृत्तिरपरिग्रहता । (भ. आ. विजयो. टी. ५७) । २. विज्ञाय जन्तुक्षपणप्रवीण परिग्रह यस्तृणवज्जहाति । विमर्दितोद्दामकषायशत्रुः प्रोक्तो मुनीन्द्रैरपरिग्रहोऽसौ ।। (धर्मप. २०–६१) । ३. सर्वभावेषु मूर्च्छायास्त्यागः स्यादपरिग्रहः । (योगशा.

३–२४; त्रि. सा. पु. च. १, ३, ६२६)।
१ मोह के उदय से होने वाले 'ममेदभाव' को—यह मेरा है, इस प्रकार की ममत्वबुद्धि को परिग्रह कहा जाता है। उस परिग्रह से निवृत्त हो जाना, इसका नाम अपरिग्रहता है।

अपरिग्रहमहाव्रत—धण-धण्णाइवत्थूण परिग्गह-विवज्जणं। तिविहेणावि जोगेण पचमं तं महव्वय॥ (गु. गु. षट्. स्वो. टी. ३, पृ. १३)।
धन-धान्यादि सर्व प्रकारके परिग्रह का यावज्जीवन मन-वचन-काय से त्याग करने को अपरिग्रहमहाव्रत कहते हैं।

अपरिणत दोष—१. तिलतंडुलउसणोदय चणोदय तुसोदयं अविद्धत्थं। अण्ण तहाविह वा अपरिणद णेव गेण्हिज्जो॥ (मूला. ६–५४)। २ तथाऽपरिणतोऽविध्वस्तोऽग्न्यादिकेनापक्वः, तमाहारं पानादिक वा यद्याददतेऽपरिणतनामाशनदोषः। (मूला. वृ. ६–४३)। ३. देयद्रव्य मिश्रमचित्तत्वेनापरिणमनादपरिणतम्। (योगशा. स्वो. विव. वृ. १–३८, पृ. १३७)। ४. तुषचणतिलतण्डुलजलमुष्णजल च स्व-वर्णगन्धरसैः। अरहितमपरमपीदृशमपरिणतम् × × ×॥ (अन. ध. ५–३२)।
२ अग्नि आदि से जिन पदार्थों के रूप, रस, गन्ध आदि नहीं बदले हैं, ऐसे पदार्थों को आहार में ग्रहण करने पर अपरिणत दोष होता है।

अपरिणामक साधु—जो दव्व-खेत्तकयकाल-भावओ ज जहा जिणक्खायं। त तह असद्दहा जाण अपरिणामय साहु॥ (बृहत्क. ७९४)।
जिनदेव ने जिस वस्तु को द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा जैसा कहा है उसका उसी प्रकार से श्रद्धान नहीं करने वाले साधु को अपरिणामक कहते हैं।

अपरिमितकाल सामायिक—ईर्यापथादौ (सामायिकग्रहणं) अपरिमितकाल वेदितव्यम्। (त. वृ. श्रुत ६–१८)।
ईर्यापथ आदि में जिस सामायिक को ग्रहण किया जाता है वह अपरिमितकाल सामायिक कहलाती है।

अपरिवर्तमान परिणाम—अणुसमय वड्ढमाणा हायमाणा च जे सकिलेस-विसोहिपरिणामा ते अपरियत्तमाणा णाम। (धव. पु. १२, पृ. २७)।
प्रतिसमय वर्धमान या हीयमान संक्लेश व विशुद्ध परिणामों को अपरिवर्तमान परिणाम कहते हैं।

अपरिश्राविन् (आचार्य)—जो अन्नस्स वि दोसे न कहेइ अ सो अपरिसावी। (गु. गु. षट्. स्वो. टी. ७, पृ. २८)।
जो पुरुष दूसरों के भी दोषों को न कहे, उसे अपरिश्रावी कहते हैं।

अपरिश्राविन् (स्नातक)—निष्क्रियत्वात् सकलयोगनिरोधे त्वपरिश्रावी। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–४६)।
योगों का निरोध हो जाने पर सर्व प्रकारके कर्मास्रव से रहित हुए अयोगिकेवली को अपरिश्रावी स्नातक कहते हैं।

अपरीक्षित प्रतिसेवना—१ अपरिच्छियत्ति कज्जाकज्जाइं अपरिक्खिउ सेवइ। (जीत. चू. पृ. ३, प १६)। २. आय-व्ययमपरीक्ष्य पडिसेवणा। (जीत. चू. वि. व्या. पृ. ३४, ७)।
अपने आय-व्यय का विचार न करके जो अपवाद—विशेष नियम—में प्रवृत्त होता है, इसे अपरीक्षित प्रतिसेवना कहते हैं।

अपरीक्षी—अपरीक्षी युक्तायुक्तपरीक्षाविकलः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ६३४, पृ. ८४)।
योग्य-अयोग्य की परीक्षा से रहित व्यक्ति अपरीक्षी कहलाता है।

अपरीतसंसार—१. ससारअपरित्ते दु० प० त० अणादीए वा सपज्जवसिते अणादीए वा अपज्जवसिते। (प्रज्ञाप. १८–२४७)। २. अणादियमिच्छादिट्ठी अपरित्तससारो अधापवत्तकरण अपुव्वकरण अणियट्टिकरणमिदि एदाणि तिण्णि करणाणि कादूण सम्मत्त गहिदपढमसमए चेव सम्मत्तगुणेण पुव्विल्लो अपरित्तो ससारो ओहट्टिदूण परित्तो पोग्गलपरियट्टस्स अद्धमेत्तो होदूण उक्कस्सेण चिट्ठदि। (धव. पु. ४, पृ. ३३५)। ३. ससारापरीतः सम्यक्त्वादिना अकृतपरिमितसंसारः। × × × संसारापरीतो द्विधा—अनाद्यपर्यवसितो यो न कदाचनापि ससारव्यवच्छेद करिष्यति, यस्तु करिष्यति सो अनादि-सपर्यवसितः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १८–२४७, पृ. ३९४)।
२ अनादि मिथ्यादृष्टि जीव अपरीतसंसार—अनन्तसंसार की परमितताले रहित—कहलाता है। ३ जिसने सम्यक्त्व आदि के द्वारा संसार को परि-

मित नहीं किया है वह अपरीतसंसार या संसारापरीत कहलाता है। वह अनादि-अपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित के भेद से दो प्रकारका है। जिसका संसार अनादि होकर कभी अन्त को प्राप्त होने वाला नहीं है—जैसे अभव्य जीव का—वह अनादि-अपर्यवसित अपरीतसंसार कहलाता है। और जिसका संसार अनादि होकर भी अन्त को प्राप्त होने वाला है—जैसे भव्य जीव का—उसका नाम अनादि-सपर्यवसित अपरीतसंसार है।

अपर्याप्त—१ अपर्याप्ता आहार-शरीरेन्द्रिय-प्राणापान-भाषा-मनःपर्याप्तिभी रहिताः। (आ. प्र. टी. ७०)। २. अपर्याप्तकनामकर्मोदयादनिष्पन्न-पर्याप्तियोगादपर्याप्तास्त एवापर्याप्तका इति। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ४४)। ३. अपर्याप्तनामकर्मोदयजनितशक्त्याविर्भावितवृत्तयः अपर्याप्ताः। (धव. पु. १, पृ. २६७); अपज्जत्तणामकम्मोदयसहिद-पुढविकाइयादओ अपज्जत्ता त्ति घेत्तव्वा, णाणिप्प-ण्णसरीरा; पज्जत्तणामकम्मोदय [ये] अणिप्पण्णस-रीराणं पि गहणप्पसंगादो।(धव. पु. ३, पृ. ३३१); अपज्जत्तणामकम्मोदएण अपज्जत्ता भण्णंति। (धव. पु. ६, पृ. ४१९)। ४. तद्विपक्षनामोदयादपर्याप्तका। (पंचसं. स्वो. वृ ३–९)। ५. ये पुनः स्वयोग्यपर्याप्तिविकलास्ते अपर्याप्ताः। (पंचसं. मलय. वृ. १–५)। ६. ये पुनः स्वयोग्यपर्याप्ति-परिसमाप्तिविकलास्तेऽपर्याप्तकाः। (षडशी. दे. स्वो. वृ. २)। ७. अपर्याप्तनामकर्मोदयादपर्याप्तका ये स्वपर्याप्तीर्न पूरयन्तीति। (स्थाना. अभय. वृ. २, १, ७३)। ८. अपर्याप्तकजीवस्तु नाश्नुते वपुः-पूर्णताम्। अपर्याप्तकसंज्ञस्य तद्विपक्षस्य पाकतः॥ (लाटीसं. ५–७९)।

३ जो पृथिवीकायिक आदि जीव अपर्याप्त नाम-कर्म के उदय से सहित होते हैं उन्हें अपर्याप्त कहा जाता है। जिन जीवों का शरीर पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें अपर्याप्त नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अन्यथा पर्याप्त नामकर्म के उदय में भी जिनका शरीर पूर्ण नहीं हुआ है उनके भी अपर्याप्त होने का प्रसंग प्राप्त होता है।

अपर्याप्तनाम—१. जस्स कम्मस्स उदएण जीवो पज्जत्तीओ समाणेदुं ण सक्कदि तस्स कम्मस्स अपज्जत्तणामसण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ६२)। २. ता एवं षड् यथास्वं शक्त्यो विकला अपर्याप्त-यस्तत यस्योदयाद् भवन्ति तदपर्याप्तकनाम। (कर्मस्त. गो. वृ. ९–१०; शतकप्र. मल. हे. वृ. ३८, पृ. ५०)। ३. यदुदयाच्च स्वयोग्यपर्याप्ति-परिसमाप्तिसमर्थो न भवति तदपर्याप्तकनाम। (प्रव. सारो टी. गा. १२६४; पृ. ३६५)। ४. यदुदयात् स्वयोग्यपर्याप्तिपरिसमाप्तिविकला जन्तवो भवन्ति तदपर्याप्तनाम। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ५०)। ५. पर्याप्तकनामविपरीतमपर्याप्तकनाम यदुदयात् स्वयोग्यपर्याप्तिपरिसमाप्तिसमर्थो न भवति। (कर्मवि. मलय. वृ. ५)। ६. अपर्याप्तकनाम उक्त-विपरीतम्—यदुदयात् सम्पूर्णपर्याप्त्यनिष्पत्तिर्भवति। (धर्मसं. मलय. वृ. गा. ६१९)। ७. षड्विधपर्याप्त्यभावहेतुरपर्याप्तनाम। (भ. आ. मूला. टी. २१२४)। ८. यस्योदये स्वपर्याप्तिभिरपरिपूर्णो भवति, न्यून एव कालं करोति, तदपर्याप्तनाम च ज्ञातव्यम्। (कर्मवि. पू. व्याख्या ७३, पृ. ३३)।

१ जिस कर्म के उदय से जीव अपनी यथायोग्य पर्याप्तियों को पूरा न कर सके, उसे अपर्याप्त नाम-कर्म कहते हैं।

अपर्याप्ति—एतासां (पर्याप्तीनां) अनिष्पत्तिर-पर्याप्तिः। (धव. पु. १, पृ. २५६); पर्याप्तीनामर्ध-निष्पन्नावस्था अपर्याप्तिः। (धव. पु. १, पृ. २५७)।

पर्याप्तियों की अपूर्णता अथवा उनकी अर्धपूर्णता का नाम अपर्याप्ति है।

अपर्याप्तिनाम— १. षड्विधपर्याप्त्यभावहेतुर-पर्याप्तिनाम। (स. सि. ८–११; त. वा ८, ११, ३३; त. श्लो. ८–११)। २. अपर्याप्तिनिर्वर्तकम-पर्याप्तिनाम, (अपर्याप्तिनाम) तत्परिणामयोग्य-दलिकद्रव्यमात्मनोपात्तमित्यर्थः। (त. भा. ८–१२)। ३. यदुदयेन अपरिपूर्णोऽपि जीवो म्रियते तदपर्याप्तिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ छह प्रकारकी पर्याप्तियों के अभाव का जो कारण है उसे अपर्याप्ति नामकर्म कहते हैं।

अपलाप—१. कस्यचित्सकाशे श्रुतमधीत्यान्यो गुरु-रित्यभिधानमपलापः। (भ. आ. विजयो. टी. ११३)। किसी के पास में आगम को पढ़कर अन्य गुरु का

करना अपलाप कहलाता है।

अपवर्ग—१. तदुभावे(रागादिप्रक्षये)ऽपवर्गः। स चात्यन्तिको दु:खवियम इति। (धर्मबि. २, ७४-७५)। अपवर्गो फलं यस्य जन्म-मृत्यादिवर्जितः। परमानन्दरूपश्च × × ×)। (धर्मबि. श्लोक ५-२६, पृ. ६३)। २. अपवृज्यन्ते उच्छिद्यन्ते जाति-जरा-मरणादयो दोषा अस्मिन्नित्यपवर्गः मोक्षः। (धर्मबि. मु. व. वृ. १, श्लोक २)।

जहां जन्म, जरा और मरणादि दोषों का अत्यन्त विनाश हो जाता है ऐसे मोक्ष का नाम अपवर्ग है।

अपवर्त—बाह्यप्रत्ययवशादायुषो ह्रासोऽपवर्तः। बाह्यस्योपघातनिमित्तस्य विष-शस्त्रादेः सति सन्निधाने ह्रासोऽपवर्त इत्युच्यते। (त. वा. २, ५३, ५)।

आयुविघात के बाह्य निमित्तरूप जो विष व शस्त्र आदि हैं उनकी समीपता के होने पर जो उस (आयुस्थिति) में कमी होती है उसका नाम अपवर्त है।

अपवर्तन—देखो अपकर्षण व अपवर्तना। १. अपवर्तनं शीघ्रमन्तर्मुहूर्तात् कर्मफलोपभोगः। (त. भा. २-५२)। २. अपवर्तन स्थिति-रसह्रापनम्। (षडशी. हरि. वृ. ११)। ३. अपवर्तनं स्वप्रकृतावेव स्थितेः ह्रस्वीकरणं प्रकृत्यन्तरे वा स्थितेर्नयनम्। (पंचसं. स्वो. वृ. संक्रम गा. ३५)। ४ शीघ्र यः सकलायुष्ककर्मफलोपभोगस्तदपवर्तनम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. २-५१)। ५. अपवर्तनं स्थितिह्रासः। (विशेषा. वृ. गा. ३०१५)। ६. अपवर्तनं दीर्घकालवेद्यस्यायुषः स्वल्पकालवेद्यतापादनम्। (संग्रहणी. दे. वृ. २५६)। ७. अपवर्तनं तेषामेव कर्मपरमाणूनां दीर्घस्थितिकालतामपगमय्य ह्रस्वस्थितिकालतया व्यवस्थापनम्। (पंचसं. मलय. वृ. संक्रम. गा. ३५)।

३ अपनी प्रकृति में ही स्थिति के कम करने अथवा अन्य प्रकृति में उस स्थिति के ले जाने को अपवर्तन कहा जाता है।

अपवर्तना—१. जा बंधा उक्कड्डइ सव्वहितो-कड्डणा ठिइ-रसाणं। किट्टीवज्जे उभयं किट्टीसु ओवट्टणा णवरं। (कर्मप्र. २२३) २. अपवर्तना नाम प्राक्तनजन्मविरचितस्थितेरल्पतापादनमध्यवसानादिविशेषात्। (त. भा. सिद्ध. वृ. २-५१)। ३. ह्रस्वीकरणमपवर्तनाकरणम्। (पंचसं. स्वो. वृ. अप्प.क.गा.१)। ४. ह्रस्वीकरणमोवट्टणाकरणम्। (कर्मप्र. चू.अप्प.क. गा. २)। ५. अपवर्त्यते ह्रस्वीक्रियते स्थित्यनुभागौ यया सा अपवर्तना। (पंचसं. मलय. वृ. गा. १-१)। ६. तयोरेव (स्थित्यनुभागयोः) ह्रस्वीकरणमपवर्तना। अपवर्त्यते ह्रस्वीक्रियते स्थित्यादि यया साऽपवर्तना। (कर्मप्र. मलय. वृ. गा. १-२)। ७. अपवर्त्येते ह्रस्वीक्रियेते तौ यया साऽपवर्तना। (कर्मप्र. यशो. टी. गा. १-२)।

१ सर्वत्र—बन्धाबन्धकाल में—जो स्थिति और अनुभाग की अपवर्तना होती है—उन्हें कम किया जाता है, इसका नाम अपवर्तना या अपकर्षण है।

अपवर्तनासंक्रम—प्रभूतस्य सतः स्तोकीकरणमपवर्तनासंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. संक्रम. गा. ५७)।

जिसके द्वारा कर्मों की प्रचुर स्थिति और अनुभाग को कम किया जाय उसे अपवर्तनासंक्रम कहते हैं।

अपवर्त्य— १. बाह्यस्योपघातनिमित्तस्य विष-शस्त्रादे सन्निधाने ह्रस्व भवतीत्यपवर्त्यम्। (स. सि. २-५३) । २. विष-शस्त्र-वेदनादिबाह्यनिमित्तविशेषेणापवर्त्यते ह्रस्वीक्रियते इत्यपवर्त्यम्, अपवर्तनीयमित्यर्थ । (त. सुखबो. २-५३)।

१ जो आयु उपघात के कारणभूत विष-शस्त्रादिरूप बाह्य निमित्त के मिलने पर हानि को प्राप्त हो सकती है वह अपवर्त्य आयु कहलाती है।

अपवाद—१. × × × रहियस्स तमववाओ उचियं चियरस्स × × × ॥ (उप. पद ७८४)। २. बाल-वृद्ध-श्रान्त-ग्लानेन शरीरस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनभूतसंयमसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो यथा न स्यात्तथा बाल-वृद्ध-श्रान्त-ग्लानस्य स्वस्य योग्य मृद्वेवाचरणमाचरणीयमित्यपवाद । (प्रव. सा. अमृत. वृ. ३-३०)। ३. रहितस्य द्रव्यादिभिरेव तदनुष्ठानमपवादो भण्यते। कीदृशमित्याह—उचितमेव पञ्चकादिपरिहाण्या तथाविधान्नपानाद्यासेवनारूपम्। कस्येत्याह—इतरस्य द्रव्यादियुक्तापेक्षया तद्रहितस्यैव। तद्रहितस्य पुनस्तदौचित्येनैव च यदनुष्ठान सोऽपवादः। (उप. पद मु. टी. ७८४)। ४. विशेषोक्तो विधिरपवादः। (ब. प्रा. टी. २४)।

२ सामान्य विधि का निर्देश कर देने पर पश्चात् आवश्यकता के अनुसार जो उसमें यथायोग्य विशेषता का विधान किया जाता है, इसका नाम अपवाद है। जैसे—शुद्ध आत्मतत्त्व का साधन संयम है और उस संयम का मूल कारण शरीर है। अतएव जो साधु बाल है, वृद्ध है, श्रान्त (थका

हुआ) है, अथवा रोगपीड़ित है; उसके द्वारा संयम के मूल साधनभूत उस शरीर का जिस प्रकार विनाश न हो, इस प्रकार से कुछ मृदु (शिथिल) संयम भी आचरण योग्य है; इस प्रकारका विशेष विधान।

अपवादसापेक्ष उत्सर्ग—बाल-वृद्ध-श्रान्त-ग्लानेन संयमस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यमतिकर्कशमाचरणमाचरता शरीरस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनभूतसंयमसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा बाल-वृद्ध-श्रान्त-ग्लानस्य स्वस्य योग्य मृद्वप्याचरणमाचरणीयमित्यपवादसापेक्ष उत्सर्गः ॥ (प्रव. सा. अमृत. वृ. ३-३०, पृ. ३१४)।

बाल, वृद्ध, श्रान्त और रोगपीड़ित साधु के द्वारा शुद्ध आत्मतत्त्व का साधन होने से मूलभूत संयम का जिस प्रकार विनाश न हो, इस प्रकार संयत के अपने योग्य अतिशय कठोर आचरण के करते हुए भी उक्त संयम के मूल साधनभूत शरीर का जिस प्रकार से विनाश न हो; इस प्रकार उक्त बाल, वृद्ध, श्रान्त व रुग्ण साधु के द्वारा अपने योग्य मृदु भी आचरण आचरणीय होता है, इस प्रकारका विधान अपवादसापेक्ष-उत्सर्ग कहलाता है।

अपवादिक लिङ्ग — यतीनामपवादकारणत्वात् परिग्रहोऽपवादः। अपवादो यस्य विद्यत इत्यपवादिकं परिग्रहसहितं लिङ्गमस्येत्यपवादिकलिङ्गम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. टी. ७७)।

साधु के लिए अपवाद का कारण होने से परिग्रह अपवाद है, अतः उस परिग्रह-सहित वेष को अपवादिक लिङ्ग कहा जाता है।

अपवृद्धि—सजमासजम-सजमलद्धीहिंतो हेट्ठा परिवदमाणस्स संकिलेसवसेण पडिसमयमणतगुणहाणिपरिणामो ओवड्ढित्ति भण्णदे। (जयध. पत्र ८१६)।

संयमासंयम और संयम लब्धियों से च्युत होते हुए जीव के जो संक्लेश के वश प्रतिसमय अनन्तगुणित हानिरूप परिणाम होते हैं, इसका नाम अपवृद्धि है।

अपहृत (त्य) संयम—१. अपहृतसंयमस्त्रिविधः—उत्कृष्टो मध्यमो जघन्यश्चेति। तत्र प्रासुकवसत्याहारमात्रबाह्यसाधनस्य स्वाधीनेतरज्ञानचरणकरणस्य बाह्यजन्तूपनिपाते आत्मानं ततोऽपहृत्य जीवान् परिपालयत उत्कृष्टः। मृदुना प्रमृज्य जन्तून् परिहरतो मध्यमः। उपकरणान्तरेच्छया जघन्यः। (त वा. ९, ६, १५; त. श्लो. वा. ९–६; त. वृ. श्रुत. ९–६; कार्तिके. टी. ३९९)। २. प्राणीन्द्रियपरिहारोऽपहृतसंयमः। (चा. सा. पृ. ३२)। ३. अपहृत्यसंयम इति—प्रोज्झ्य परिवर्ज्य संयमं लभते, वस्त्र-पात्रातिरिक्तमनुपकारकं चरणस्य वर्जयतः संयमलाभः। भक्त-पानादि वा संसक्तं विधिना परित्यज्यत इति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–६)। ४. अपहरणमपनयनं पञ्चेन्द्रिय - द्वीन्द्रियादीनामपनयनमुपकरणेभ्योऽन्यत्र संक्षेपणमु[म]पवर्तनम्, तस्य संयमः निराकरणम्, उदरकृम्यादिकस्य वा निराकरणमपहरणसंयमः। (मूला. वृ. ५–२२०)।

अपहृतसंयम उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य के भेद से तीन प्रकारका है। उनमें प्रासुक वसति व आहार मात्र बाह्य साधनों से सहित होते हुए बाहिरी जीवों के आने पर उनसे अपने आपको दूर कर उनकी रक्षा करते हुए निर्दोष संयम के पालन करने को उत्कृष्ट अपहृतसंयम कहते हैं। मोरपिच्छी जैसे मृदु उपकरण से जीवों को दूर करना मध्यम अपहृतसंयम है। अन्य उपकरण से जीवों को दूर करना जघन्य अपहृतसंयम है।

अपात्र—१. गतकृपः प्रणिहन्ति शरीरिणो वदति यो वितथं परुषं वचः। हरति वित्तमदत्तमनेकधा मदनबाणहतो भजतेऽङ्गनाम् ॥ विविधदोषविधायिपरिग्रहः पिबति मद्यमयंत्रितमानसः। कृमिकुलाकुलितं ग्रसते पलं कलिलकर्मविधानविशारदः ॥ दृढकुटुम्बपरिग्रहपञ्जरः प्रशमशीलगुणव्रतवर्जितः। गुरुकषाय-भुजङ्गमसेवितो विषयलोलमपात्रमुशन्ति तम् ॥ (अमित. श्रा. ३६–३८)। २. अपात्रः सम्यक्त्वरहितप्राणी। (सा. ध. स्वो. टी. २–६७)। ३. व्रतसम्यक्त्वनिर्मुक्तो रागद्वेषसमन्वितः। सोऽपात्रं भण्यते जैनैर्यो मिथ्यात्वपटावृतः ॥ (पूज्य. उपा. ४८)।

२ जो सम्यक्त्व से रहित हो उसे अपात्र कहते हैं।

अपान—१. तेनैव (वीर्यान्तराय-ज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामोदयापेक्षिणा) आत्मना बाह्यो वायुरभ्यन्तरीक्रियमाणो निःश्वासलक्षणोऽपानः। (स. सि. ५–१९; त. वा. ५, १९, ३६; त. वृत्ति श्रुत. ५–१९; कार्तिके. टीका २०६)। २. अपो-

यतिक्रमीरणोऽपान. । (त. भा. हरि. वृ. ८–१२) । ३. अपानः कृष्णकमन्यापृष्ठपृष्ठान्तपार्ष्णिग. । (योगशा. ५–१६) । ५. मूत्र-पुरीषगर्भादीनपनयतीत्यपान: । (योगशा. स्वो. विव. ५–१३) ।

वीर्यान्तराय और ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम तथा अंगोपांग नामकर्म के उदय युक्त आत्मा के द्वारा जो बाहिरी वायु भीतर की जाती है, उसका नाम अपान है ।

अपाय—देखो अवाय । १. अभ्युदय-निःश्रेयसार्थानां क्रियाणां विनाशकप्रयोगोऽपाय: । (स. सि. ७–९) । २. अभ्युदय-निःश्रेयसार्थानां नाशकोऽपायो भयं वा ।। अभ्युदय-निःश्रेयसार्थाना क्रियासाधनाना नाशकोऽनर्थोऽपाय इत्युच्यते, अथवा ऐहलौकिकादिसप्तविधं भयमपाय इति कथ्यते । (त. वा. ७, ९, १; त. सुखबो. वृ. ७–९) ।

२ अभ्युदय और निःश्रेयस की साधक क्रियाओं के विनाशक प्रयोग को अथवा ऐहलौकिक आदि सात प्रकारके भय को अपाय कहते हैं ।

अपायदर्शी—इह-परलोयावाए दसेइ अवायदसी हु । (गु. गु. ष. स्वो. वृ. ७, पृ. २८) ।

इस लोक और पर लोक में पाप के फल रूप अपाय (विनाश) के देखने वाले पुरुष को अपायदर्शी कहते हैं ।

अपायविचय—१. कल्लाणपावगाओ पाए विचणादि जिणमदमुविच्च । विचणादि वा अपाये जीवाण सुहे य असुहे य ।। (मूला. ५–२०३; भ. आ. १७१२) । २. जात्यन्धवन्मिथ्यादृष्टय. सर्वज्ञप्रणीतमार्गाद्विमुखा मोक्षार्थिन. सम्यङ्मार्गापरिज्ञानात्सुदूरमेवापयन्तीति सन्मार्गापायचिन्तनमपायविचयः । अथवा, मिथ्यादर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्य. कथ नाम इमे प्राणिनोऽपेयुरिति स्मृतिसमन्वाहारोऽपायविचयः । (स. सि. ९–३६; भ. आ. मूला. टी. १७०९) । ३. सन्मार्गापायचिन्तनमपायविचयः । मिथ्यादर्शनपिहितचक्षुषाम् आचार-विनयाप्रमादविधयः संसारविवृद्धये भवन्त्यविद्याबाहुल्यादन्धवत् । तद्यथा—जात्यन्धा बलवन्तोऽपि सत्पथात्प्रच्युता: कुशलमार्गोपदेशकेनाननुष्ठिताः नीचोन्नतशैलविषमोपलकठिनस्थाणुनिहितकण्टकाकुलाटवीदुर्गपतिताः परिस्पन्दवन्तोऽपि न तत्त्वमार्गमनुसर्तुमर्हन्ति, देशकाभावात् । तथा सर्वज्ञप्रणीतमार्गाद्विमुखा मोक्षार्थिन. सम्यङ्मार्गापरिज्ञानात्सुदूरमेवापयन्तीति सन्मार्गापायचिन्तनमपायविचय: । असन्मार्गापायसमाधानं वा । अथवा मिथ्यादर्शनाकुलितचेतोभिः प्रवादिभिः प्रणीतादुन्मार्गात् कथ नाम इमे प्राणिनोऽपेयुः, अनायतनसेवापायो वा कथ स्यात्, पापकरणवचनभावनाविनिवृत्तिर्वा कथमुपजायते इत्यपायापितचिन्तनमपायविचय. । (त. वा. ९, ३६, ६–७) । ४. अपाया विपदः शारीर-मानसानि दुःखानीति पर्याया, तेषा विचय. अन्वेषणम् । (त. भा. हरि. वृ. ९–३७; त. भा. सि. वृ. ९–३७) । ५. अपायविचय नाम मिच्छादंसिणाविरइ-पमाद-कसाय-जोगा संसारवीजभूया दुक्खावहा अइभयाणय त्ति वा जाणिऊण वज्जेयव्व त्ति झायइ । (दशवै. चू. अ. १, पृ. ३२) । ६. आस्रव-विकथा-गौरव-परीषहाद्येष्वपायस्तु ।। (प्रशमर. श्लो. २४८) । ७. ससारहेतव. प्रायस्त्रियोगाना प्रवृत्तय । अपायो वर्जन तासा स मे स्यात् कथमित्यलम् ।। चिन्ताप्रबन्धसम्बन्ध. शुभलेश्यानुरञ्जित । अपायविचयाख्य तत्प्रथम धर्म्यमीप्सितम् ।। (ह. पु. ५६, ३९–४०) । ८. मिच्छत्तासजम-कसाय-जोगजणिदकम्मसमुप्पण्णजाइ-जरा-मरण-वेयणाणुमरण तेहिंतो अवायचिन्तण च अवायविचय णाम धम्मज्झाण । एत्थ गाहाओ— रागद्दोस-कसायासवादिकिरियासु वट्टमाणाण । इह-परलोगावाए झाएज्जो वज्जपरिवज्जी । कल्लाणपावगा जे उवाए विचिणादि जिणमयमुवेच्च । विचिणादि वा अवाए जोवाण जे सुहा असुहा ।। (धव. पु. १३, पृ. ७२ उ.) । ९. तापत्रयादिजन्माब्धिगतापायविचिन्तनम् । तदपायप्रतीकारचिन्तोपायानुचिन्तनम् ।। (म. पु. २१–४२) । १०. असन्मार्गादपाय. स्यादनपाय. स्वमार्गत. । स एवोपाय इत्येव ततो भेदेन नोदित. ।। (त. श्लो ९, ३६, ३)। ११. अनादौ संसारे स्वैरं मनोवाक्कायवृत्तेर्ममाशुभमनोवाक्कायस्यापायः कथ स्यादित्यपाये विचयो मीमासा अस्मिन्नस्तीत्यपायविचय द्वितीय धर्म्यध्यानम् । जात्यन्धसस्थानीया मिथ्यादृष्टयः समीचीनमुक्तिमार्गापरिज्ञानाद् दूरमेवापयन्ति मार्गादिति सन्मार्गापाये प्राणिना विचयो विचारो यस्मिस्तदपायविचयम् । मिथ्यादर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यः कथमिमे प्राणिनोऽपेयुरिति स्मृतिसमन्वाहारोऽपायविचय । (भ. आ. विजयो. टी. १७०८) । १२. कथ मार्गं प्रपद्येरन्नमी

उन्मार्गतो जना. । अपायमिति वा चिन्ता तदपाय-विचारणम् । (त. सा. ७–४१) । १३. अपायविचय ध्यानं तद्वदन्ति मनीषिणः । अपायः कर्मणो यत्र सोऽपाय. स्मर्यते बुधैः । (ज्ञाना. ३४–१) । १४. तत्रापायविचयं नामानादावजवंजवे यथेष्टचारिणो जीवस्य मनोवाक्कायविशेषोपार्जितपापाना परिवर्जन तत्कथं नाम मे स्यादिति सकल्पश्चिन्ताप्रबन्धः प्रथमं धर्म्यम् । (चा. सा पृ. ७७) । १५. भेदाभेदरत्नत्रयभावनाबलेनास्माक परेषा वा कदा कर्मणामपायो विनाशो भविष्यतीति चिन्तनमपायविचय ज्ञातव्यम् । (बृ. द्रव्यसं. ४८; कार्तिके. टीका ४८२) । १६. एव रागद्वेषमोहैर्जायमानान् विचिन्तयेत् । यत्रापायांस्तदपायविचयध्यानमिष्यते ।। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ४५६, योगशा. १०–१०; गु. गु. ष. स्वो. टी. २, पृ. १०) । १७. दुःकर्मात्मदुरीहितैरुपचित मिथ्याविरत्यादिभिर्व्यापज्जन्म-जरा-मृतिप्रभृतयो वा ऽपाय एन कृता' । जीवेऽनादिभवे भवेत्कथमतोऽपायादपाय कदा कस्मिन् केन ममेत्यपायविचयः सत्कारणादीक्षणम् ।। (आचा. सा. १०–३०) । १८. असुहकम्मस्स णासो सुहस्स वा होइ केणुवाएण । इय चिंततस्स हवे अवायविचयं पर झाण ।। (भावसं. दे. ३६८) । १९ शुभाशुभकर्मम्य. कथमपायो जीवाना भवेदित्यपायविचय ध्यायतीत्यर्थ' । (भ.आ. मूला टी. १७१२) । २०. कर्मात्मनो. सर्वथा विश्लेषोऽयमपाय., विचयस्तद्भावनी भावना । (अात्मप्र. ८८) । २१. एव सन्मार्गापाय. स्यादिति चिन्तनमपायविचयः, सन्मार्गापायो नैवमिति वा । (त. सुखबो. वृ. ९, ३६) । २२. अपायश्चिन्त्यते वाढं यः शुभाशुभकर्मणाम् । अपायविचयं××× ।। (भावसं. वाम. ६४०) । २३. मिथ्यादृष्टयो जन्मान्धसदृशाः सर्वज्ञवीतरागप्रणीतसन्मार्गपराङ्मुखाः मोक्षमाकाङ्क्षन्ति, तस्य तु मार्गं न सम्यक् परिजानते, त मार्गमतिदूरं परिहरन्तीति सन्मार्गविनाशचिन्तनमपायविचयः उच्यते । अथवा मिथ्यादर्शन-मिथ्याज्ञान-मिथ्याचारित्राणाम् अपायो विनाशः कथममीषां प्राणिनां भविष्यतीति स्मृतिसमन्वाहारो ऽपायविचयो भण्यते । (त. वृ. श्रुत. ९–३६) । २४. रागद्वेषकषायास्रवादिक्रियासु प्रवर्तमानानामिह-परलोकयोरपायान् ध्यायेदिति अपायविचयः । (धर्मसं. वृत्ति ३–२७, पृ. ८०) । २५. आस्रवविकथागौरवपरीषहाद्यैरपायस्तु । (लोकप्र. ३०–४५९) । २६. अपायविचयं नाम अनादिसंसारे यथेष्टचारिणो जीवस्य मनोवाक्कायप्रवृत्तिविशेषोपार्जितपापानां परिवर्जनम्, तत्कथं नाम मे स्यादिति । अथवा मिथ्यादर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः स्वजीवस्य अन्येषां वा कथम् अपायः विनाशः स्यादिति सङ्कल्पश्चिन्ताप्रबन्धः प्रथम धर्म्यम् । (कार्तिके. टी. ४८२) ।

१ जिनमत का आश्रय लेकर कल्याणप्रापक उपायों का—सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र का—चिन्तन करना; इसका नाम अपायविचय है। अथवा अपायों का—कर्मापगम स्वरूप स्थितिखण्डन, अनुभागखण्डन, उत्कर्षण और अपकर्षण का—तथा जीवों के सुख व दुख का विचार करना, इसे अपायविचय धर्मध्यान कहा जाता है।

अपायानुप्रेक्षा—अपायाना प्राणातिपाताद्याश्रवद्वारजन्यानामनर्थानामनुप्रेक्षा अनुचिन्तनमपायानुप्रेक्षा । (औप. अभय. वृ. २०, पृ. ४५) ।

अपायों का—हिंसादिरूप आश्रवद्वारों से उत्पन्न होने वाले अनर्थों का—बार बार विचार करना, इसका नाम अपायानुप्रेक्षा है।

अपार्थक — पौर्वापर्यायोगादप्रतिसम्बन्धार्थमपार्थकम् । यथा दश दाडिमानि षडपूपा. कुण्डमजाजिनं पललपिण्डः त्वर कीटिके दिशमुदीची स्पर्शनकस्य पिता प्रतिसीन इत्यादि । (आव. हरि. व मलय. वृ. ८८१) ।

पूर्वापर सम्बन्ध से रहित होने के कारण असम्बद्ध अर्थ वाले शब्दसमूह को अपार्थक कहते हैं। जैसे— दस अनार छह पूआ कुण्ड बकरी का चमड़ा मांसपिण्ड हे कीडी शीघ्रता कर उत्तर दिशा को स्पर्शन का पिता प्रतिसीन, इत्यादि असम्बद्ध प्रलाप। यह सूत्र के ३२ दोषों में चौथा दोष है।

अपूर्वकरण—१. तत' परमपूर्वकरणम्, अप्राप्तपूर्वं तादृगध्यवसायान्तर जीवेनेत्यपूर्वकरणमुच्यते ग्रन्थि विदारयताम् । (त. भा. हरि. वृ. १–३, पृ. २५) । २. करणाः परिणामा., न पूर्वाः अपूर्वा.—नानाजीवापेक्षया प्रतिसमयमादितः क्रमप्रवृद्धासख्येयलोकपरिणामस्यास्य गुणस्यान्तर्विवक्षितसमयवर्तिप्राणिनो व्यतिरिच्यान्यसमयवर्तिप्राणिभिरप्राप्या अपूर्वाः, अत्रतनपरिणामैरसमाना इति यावत्; अपूर्वाश्च ते करणाश्चापूर्वकरणाः । (धव. १, पृ. १८०); करणं

परिणामः, अपुव्वाणि च ताणि करणानि च अपुव्व-करणानि, असमानपरिणामा त्ति ज उत्त होदि। (धव. पु. ६, पृ. २२१)। ३. अपूर्वा. समये समये अन्ये शुद्धतरा', करणाः यत्र तदपूर्वकरणम्। (पंच-सं. अमित. १–२८८, पृ. ३८; अन. ध. स्वो. टी. २–४७)। ४. अप्राप्तपूर्वमपूर्वं स्थितिघात-रसघाताद्य-पूर्वार्थनिवर्तक वा अपूर्वकम्, तच्च करण च अपूर्व-करणम्। (आव. मलय. वृ. नि. १०६)। ५. अपू-र्वम् अभिनवम्, अनन्यसदृशमिति यावत्, करणं स्थितिघात-रसघात-गुणश्रेणि-गुणसङ्क्रम-स्थितिबन्धा-नां पञ्चानामर्थानां निवर्तन यस्यासावपूर्वकरणः। (पचस. मलय. वृ. १–१५; कर्मस्त. दे. स्वो. टी. २; धर्मबि. मु. वृ. ८–५। ६. अपूर्वात्मगुणाप्ति-त्वादपूर्वकरणं मतम्। (गुण. क्र. ३७)। ७. येना-प्राप्तपूर्वेण अध्यवसायविशेषेण तं ग्रन्थि घनरागद्वेष-परिणतिरूप भेत्तुमारभते तदपूर्वकरणम्। (गुण. क्र. टी. २२)। ८. अपूर्वाणि करणानि स्थिति यावत् रसघात-गुणश्रेणि-स्थितिबन्धादीना निर्वर्तनानि यस्मिन् तदपूर्वकरणम्। (ज्ञानसार वृ. ५–६)।

२ मोहकर्म के उपशम या क्षपणा को प्रारम्भ करते हुए जो अन्तर्मुहूर्त तक प्रतिसमय अपूर्व ही अपूर्व— इस गुणस्थान में विवक्षित समयवर्ती जीवों को छोड़ कर अन्य समयवर्ती जीवोंके न पाये जाने वाले— भाव होते हैं उन्हें अपूर्वकरण परिणाम कहते हैं।

अपूर्वकरण गुणस्थान—१. देखो अपूर्वकरण। भिण्णसमयट्ठिएहिं दु जीवेहिं ण होदि सव्वदा सरिसो। करणेहिं एक्कसमयट्ठिएहिं सरिसो विसरिसो वा॥ एदम्हि गुणट्ठाणे विसरिससमयट्ठिएहिं जीवेहिं। पुव्वमपत्ता जम्हा होंति अपुव्वा हु परिणामा॥ तारिसपरिणामट्ठियजीवा हु जिणेहिं गलियतिमिरेहिं। मोहस्स ऽपुव्वकरणा खवणुवसमणुज्जया भणिया॥ (प्रा. पचसं. १, १७–१९; धव. पु. १, पृ. १८३ उ.; गो. जी. ५२–५४)। २. एवमपुव्वमपुव्व जहुत्तर जो करेइ ठीखडं। रसखड तग्घाय सो होइ अपुव्वकरणो त्ति॥ (शतकप्र. ९, भा. गा. ८८, पृ. २१; गु. गु. ष. स्वो. वृ. १८, पृ. ४५)। ३. समए समए भिण्णा भावा तम्हा अपुव्वकरणो हु॥ जम्हा उवरिमभावा हेट्ठिमभावेहिं णत्थि सरिसत्त। तम्हा बिदिय करण अपुव्वकरणेत्ति णिद्दिट्ठ॥ (ल. सा. ३६, पृ. ब ५१)। ४. अपूर्वः करणो येषा भिन्नं क्षणमुपेयुषाम्। अभिन्न सदृशोऽन्यो वा ते अपूर्व-करणाः स्मृता.॥ (पंचसं. अमित. १–३५)। ५. स एवातीतसज्वलनकषायमन्दोदये सत्यपूर्वपरमाल्हादै-कसुखानुभूतिलक्षणापूर्वकरणोपशमक-क्षपकसंज्ञोऽष्ट-मगुणस्थानवर्ती भवति। (बृ. द्रव्यसं. १३)। ६. अपूर्वाणि अपूर्वाणि करणानि स्थितिघात-रसघात-गुणश्रेणि-स्थितिबन्धादीना निर्वर्तनानि यस्मिन् तद-पूर्वकरणम्। (कर्मप्र. मलय. वृ. उपश. गा. १२)। ७. खइएण उवसमेण य कम्माण ज अउव्वपरि-णामो। तम्हा त गुणठाण अउव्वणाम तु त भणिय॥ (भावसं. दे. ६४८)। ८. क्रियन्ते ऽपूर्वापूर्वाणि पञ्चामून्यत्र सस्थितैः। निवृत्तिबादरस्तेनापूर्वकरण उच्यते॥ स्थितिघातो रसघातो गुणश्रेण्यधिरोहणम्। गुणसङ्क्रमण चैव स्थितिबन्धश्च पञ्चमः॥ (सं. कर्मग्रन्थ १, १२–१३; लो. प्र ३, ११९७–९८; योगशा. स्वो. विव. १–१६, पृ. १३२)।

१ जिस गुणस्थान में भिन्नसमयवर्ती जीवों के परिणाम कभी सदृश नहीं होते हैं तथा एक समय-वर्ती जीवों के परिणाम कदाचित् सदृश और कदा-चित् विसदृश भी होते हैं उसे भिन्नसमयवर्ती जीवों के द्वारा अप्राप्तपूर्व परिणामों के प्राप्त करने से अपूर्वकरण गुणस्थान कहते हैं। ६ जिस गुण-स्थान में स्थितिघात, रसघात, गुणश्रेणि और स्थितिबन्ध आदि के निवर्तक अपूर्व कार्य होते हैं उसे अपूर्वकरण गुणस्थान कहते हैं।

अपूर्वस्पर्धक—१. ससारावत्थाए पुव्वमलद्धप्पस-रूवाणि पुव्वफद्दएहिंतो अणतगुणहाणीए ओवट्टिज्ज-माणसहावाणि जाणि फद्दयाणि ताणि अपुव्वफद्द-याणि त्ति भण्णते। (जयध. प्र. ११०६)। २. वर्ध-मानं मत पूर्वं हीयमानमपूर्वकम्। स्पर्धक द्विविध ज्ञेय स्पर्द्धकक्रमकोविदैः॥ (पंचसं. अमित. १–४६)।

१. संसार-अवस्था में जिन्हें पहले कभी नहीं प्राप्त किया, किन्तु क्षपकश्रेणी में ही अश्वकर्णकरणकाल में जिन्हें प्राप्त किया है, और जो पूर्वस्पर्द्धकों से अनन्तगुणित हीन अनुभागशक्तिवाले हैं, ऐसे स्पर्धकों को अपूर्वस्पर्धक कहते हैं।

अपूर्वार्थ—१. अनिश्चितो ऽपूर्वार्थः। दृष्टोऽपि समारोपात्तादृक्। (परीक्षा. १, ४–५)। २. स्व-रूपेणाकारविशेषरूपतया वानवगतोऽखिलोऽप्यपूर्वा-र्थः। (प्र. क. मा. १–४, पृ. ५१)। ३. यः प्रमा-

णान्तरेण संशयादिव्यवच्छेदेनानध्यवसितः सोऽपूर्वार्थः। (प्रमेयर. १-४)।

१ प्रमाणान्तर से अनिश्चित पदार्थको अपूर्वार्थ कहते हैं। तथा एक बार जान लेने के पश्चात् भी यदि उसमें संशय, विपर्यय या अनध्यवसाय हो जाय तो वह पदार्थ भी अपूर्वार्थ कहलाता है।

अपोद्धारव्यवहार—अपोद्धारव्यवहारो हि भेदव्यवहारः। (न्यायकु. २-७, पृ. २७७)।

भेद-व्यवहार को अपोद्धारव्यवहार कहते हैं।

अपोह(हा)—१. अपोहनम् अपोहः, निश्चय इत्यर्थः। (आव. मलय. वृ. १२; नन्दी. मलय वृ. गा. ७८, पृ. १७६)। २. अपोह्यते संशयनिबन्धनविकल्पः अनया इति अपोहा। (धव. पु. १३, पृ. २४२)। ३. उक्ति-युक्तिभ्यां विरुद्धादर्थात् प्रत्यवायसम्भावनया व्यावर्तनमपोहः॥ अथवा ज्ञानसामान्यमूहो ज्ञानविशेषोऽपोहः। (नीतिवा. ५-५१, पृ. ५२)। ४. अपोह उक्ति-युक्तिभ्यां विरुद्धादर्थात् प्रत्यपायसम्भावनया व्यावर्तनम्। ××× अथवा अपोहो विशेषज्ञानम्। (योगशा. स्वो. विव. १-५१, पृ. १५२; ललितवि. पृ. ४३; धर्मबि. वृ. १-३३; धर्मसं. स्वो वृ. १-१४, पृ. ६; श्राद्धगुणवि. पृ. ३७)। ५. ईहितविशेषनिर्णयरूपोऽपोहः। (जम्बूद्वी. वृ. ३-७०)।

२ जिसके द्वारा संशय के कारणभूत विकल्प को दूर किया जाय, ऐसे ज्ञानविशेष को अपोह या अपोहा कहते हैं।

अप्काय—१. पृथिवीकायिकजीवपरित्यक्तः पृथिवीकायो मृतमनुष्यादिकायवत्। ××× एवमबादिष्वपि योज्यम्। (स. सि. २-१३)। २. पृथिवीकायिकजीवपरित्यक्तः पृथिवीकायः, मृतमनुष्यादिकायवत्। ××× एवमापः, अप्कायः। (त. वा. २, १३, १)।

१ अप्कायिक जीव के द्वारा छोड़े हुए जल शरीर को अप्काय कहते हैं।

अप्कायिक जीव—१. पृथिवी कायो ऽस्यास्तीति पृथिवीकायिकः तत्कायसम्बन्धवशीकृत आत्मा। एवमबादिष्वपि योज्यम्। (स. सि. २-१३; त. वा. २, १३, १)। २. ओसा य हिमो धूमरि हरधणु सुद्धोदओ घणोदो य। एदे हु आउकाया जीवा जिणसासणुद्दिट्ठा॥ (मूलाचा. ५-१३; धव. पु. १, पृ. २७३ उद्धृत)। ३. अप्कायो विद्यते यस्य स अप्कायिकः। (त. वृत्ति श्रुत. २-१३)।

अप् (जल) ही जिनका शरीर हो, उन्हें अप्कायिक कहते हैं। जैसे—ओस, बर्फ और शुद्ध जल आदि।

अप्जीव — १. समवाप्तपृथिवीकायनामकर्मोदयः कार्मणकाययोगस्थो यो न तावत् पृथिवीं कायत्वेन गृह्णाति स पृथिवीजीवः। एवमबादिष्वपि योज्यम्। (स. सि. २-१३; त. वा. २, १३, १)। २. अपः कायत्वेन यो गृहीष्यति विग्रहगतिप्राप्तो जीवः सोऽप्जीवः कथ्यते। (त. वृ श्रुत. २-१३)।

अप्काय नामकर्म के उदय से युक्त जो जीव कार्मण काययोग (विग्रहगति) में स्थित होता हुआ जलको शरीररूप से ग्रहण नहीं करता है—आगे उसे ग्रहण करने वाला है—वह अप्जीव कहलाता है।

अप्रकीर्णप्रसृतत्व—१. अप्रकीर्णप्रसृतत्वं सुसम्बन्धस्य सतः प्रसरणम्। अथवा ऽसम्बन्धानधिकारित्वातिविस्तरयोरभावः। (समवा. अभय. वृ. ३५)। २. अप्रकीर्णप्रसृतत्व सम्बन्धाधिकारपरिमितता। (रायप. टी. पृ. १६)।

१ उत्तम सम्बन्धयुक्त वचन के विस्तार का नाम अप्रकीर्णप्रसृतत्व है। अथवा वचन में सम्बन्धविहीन अनधिकारिता और अतिविस्तार का न होना, यह अप्रकीर्णप्रसृतत्व है। यह वक्तव्य वचन के ३२ भेदों में १६वां भेद है।

अप्रणतिवाक्—१. या श्रुत्वा तपोविज्ञानाधिकेष्वपि न प्रणमति सा ऽप्रणतिवाक्। (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. १, पृ. ११७)। २. बन्धनाप्रवण जीवं कर्ता निःकृतिवाक्यतः। न नमत्यधिकेष्वात्मा सा चाप्रणतिवागभूत्। (ह. पु. १०-९५)। ३. तव-णाणादिसु अवणियवयणमवणदिवयण। (अंगप. पृ. २६२)।

१ जिस वचन को सुनकर जीव तप और विज्ञान में अधिक महापुरुषों को भी प्रणाम नहीं करता है वह अप्रणतिवाक् (अप्रणतिवचन) कहलाता है।

अप्रतिघात ऋद्धि—१. सेल-सिला-तरुपमुहाणब्भतरं होइदूण गमणं व। जं वच्चदि सा रिद्धी अप्पडिघादेत्ति गुणणाम॥ (ति. प. ४-१०३१)। २. अद्रिमध्ये वियतीव गमनागमनमप्रतिघातः। (त. वा. ३-३६)। ३. पर्वतमध्येऽपि आकाश इव गमनम् अप्रतिघातः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१ आकाश के समान शैल, शिला, वृक्ष और भित्ति आदि पदार्थों के भीतर से बिना किसी व्याघात के निकल जाने को अप्रतिघात ऋद्धि कहते हैं।

अप्रतिघातित्व—अद्रिमध्येऽपि निःसङ्गगमनम् अप्रतिघातित्वम्। (योगशा. स्वो. विव. १–८)।

देखो अप्रतिघात ऋद्धि।

अप्रतिपात—१. प्रतिपतनं प्रतिपातः, न प्रतिपात: अप्रतिपातः। उपशान्तकषायस्य चारित्रमोहोद्रेकात् प्रच्युतसंयमशिखरस्य प्रतिपातो भवति, क्षीणकषायस्य प्रतिपातकारणाभावादप्रतिपातः। (स. सि. १–२४)। २. × × × निजरूपत.। प्रच्युत्य सम्भवश्चास्याप्रतिपातः प्रतीयते॥ (त. श्लो. १, २४, २)।

१ चारित्ररूप पर्वत के शिखर से नहीं गिरने को अप्रतिपात कहते हैं। प्रतिपात उपशान्तकषाय जीव का तो होता है, किन्तु क्षीणकषाय का नहीं होता।

अप्रतिपाति (ती)—देखो अप्रतिपात। १. प्रतिपातीति विनाशी, विद्युत्प्रकाशवत्। तद्विपरीतो ऽप्रतिपाती। (त. भा. १, २२, ४, पृ. ८२)। २. जमोहिणाणमुप्पण्णं संतं केवलणाणे समुप्पण्णे चेव विणस्सदि, अण्णहा ण विणस्सदि; तमप्पडिवादी णाम। (धव. पु १३, पृ २९५)। ३. न प्रतिपाति अप्रतिपाति, यत् किलाऽलोकस्य प्रदेशमेकमपि पश्यति, तदप्रतिपातीति भाव.। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. गा. ८)। ४. न प्रतिपाती अप्रतिपाती। यत्केवलज्ञानाद्वा मरणाद्वारतो वा न भ्रंशमुपयातीत्यर्थः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ३३–३१७, पृ. ५३९)। . यत्प्रदेशमलोकस्य दृष्टुमेकमपि क्षमम्। तत्स्यादप्रतिपात्येव केवल तदनन्तरम्। (लोकप्र. ३–८४७)। ६. आ केवलप्राप्तेरामरणाद्वाऽवतिष्ठमानमप्रतिपाति। (जैन-ल. पृ. ११८)।

१ जो अवधिज्ञान बिजली के प्रकाश के समान विनश्वर नहीं है, किन्तु केवलज्ञान की प्राप्ति तक स्थिर रहने वाला है, उसे अप्रतिपाती अवधि कहते हैं। ३ जो अलोक के एक प्रदेश को भी देखता है उसे अप्रतिपाती अवधिज्ञान कहा जाता है।

अप्रतिबद्ध—१. अन्तरालग्राम-नगरादिसन्निवेशस्थयति-गृहिसत्कार-सन्मान-प्राघूर्णकभक्तादौ सर्वत्राप्रतिबद्धत्वात् 'अप्पडिबद्धो य सव्वत्थ' इत्युच्यते। (भ. आ. विजयो. टी ४०३)। २. अप्पडिबद्धो आसक्तिरहितः। (भ. आ. मूला. टी. ४०३)।

जो ग्राम, नगर व अरण्यादि में रहने वाले मुनि या गृहस्थ के द्वारा किये जाने वाले आदर-सत्कार से मोहित न होकर सर्वत्र अनासक्त रहता है; ऐसे निर्मोही साधु को अप्रतिबद्ध कहते हैं।

अप्रतिबुद्ध—१. कम्मे णोकम्मम्हि य अहमिदि अहकं च कम्म णोकम्म। जा एसा खलु बुद्धी अप्पडिबुद्धो हवदि ताव॥ (समयप्रा. २२)। २. अप्रतिबुद्धः स्वसंवित्तिशून्यो बहिरात्मा। (समयप्रा. जय. वृ. २२)।

कर्म-नोकर्म को आत्मा और आत्मा को कर्म-नोकर्म समझने वाला जीव अप्रतिबुद्ध (बहिरात्मा) कहलाता है।

अप्रतिलेख—अप्रतिलेखश्चक्षुषा पिच्छिकया वा द्रव्यस्थानस्याप्रतिलेखनमदर्शनम्। (मूला. वृ. ५–२२०)।

विवक्षित द्रव्य या उसके स्थान को आंख से न देखने और पिच्छी से प्रमार्जित न करने को अप्रतिलेख कहते हैं।

अप्रतिश्रावी—अप्रतिश्रावी निश्छिद्रशैलभाजनवत् परकथितात्मगुह्यजलाप्रतिश्रवणशील.। (सम्बोधस. वृ. श्लो. १६)।

निश्छिद्र पत्थर का वर्तन जिस प्रकार जल को धारण करता है—उसे नहीं निकलने देता—उसी प्रकार जो दूसरे की गुप्त बात को स्थिरता से धारण करता है—उसे प्रगट नहीं होने देता उसे अप्रतिश्रावी कहते हैं। यह आचार्य के ३६ गुणों में से एक (८वां) है।

अप्रत्यवेक्षणदोष—आलोकित प्रमृष्ट च, न पुन शुद्धमशुद्ध चेति निरूपितमित्यादान-निक्षेपकरणाच्चतुर्थोऽप्रत्यवेक्षणाख्यो दोष। (भ. आ. मूला. टी. ११९८)।

वस्तु को देखकर और पिच्छी से स्वच्छ करके भी उसकी शुद्धि-अशुद्धि को न देखते हुए उसे ग्रहण करना या रखना, यह आदान निक्षेपणसमिति का अप्रत्यवेक्षण नामका चौथा दोष है।

अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण — १. प्रमार्जनोत्तरकाले जीवा. सन्ति न सन्तीति वाऽप्रत्यवेक्षित यन्निक्षिप्यते तदप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरणम्। (भ. आ. विजयो. ८१४)। २. प्रमार्जनोत्तरकालं जीवाः

सन्त्यथ, न सन्तीति वा ऽप्रत्यवेक्षितं निक्षिप्यमाणमप्रत्यवेक्षितनिक्षेपः। (अन. ध. स्वो. टी. ४–२८)। भूमि आदि के प्रमार्जन के पश्चात् 'यहां पर जीव हैं या नहीं' इस प्रकार देखे बिना ही वस्तु को रख देना अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण कहलाता है।

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जित-संस्तरोपक्रमण— अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितस्य प्रावरणादेः संस्तरस्योपक्रमण अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितसंस्तरोपक्रमणम्। (स सि. ७–३४; त. वा. ७, ३४, ३; चा. सा. पृ. १२; त. वृत्ति श्रुत. ७-३४)।

बिना देखे और बिना शोधे बिस्तर आदिके बिछाने, ओढ़ने व घड़ी करने आदि को अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितसंस्तरोपक्रमण कहते हैं।

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादान—अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितस्यार्हदाचार्यपूजोपकरणस्य गन्धमाल्यधूपादेरात्मपरिधानाद्यर्थस्य च वस्त्रादेरादानमप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादानम्। (स. सि. ७–३४; त. वा. ७, ३४, ३; चा. सा. पृ. १२; त. वृ. श्रुत ७–३४)।

बिना देखे व बिना शोधे पूजा के उपकरणों को, गन्ध, माल्य व धूपादि को तथा वस्त्रादि को ग्रहण करना; अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादान कहलाता है।

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग—१ अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जिताया भूमौ मूत्र-पुरीषोत्सर्गोऽप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गः। (स. सि. ७–३४; त. वा. ७, ३४, ३)। २. तत्र जन्तवः सन्ति न सन्ति वेति प्रत्यवेक्षणं चक्षुषोर्व्यापारः, मृदुनोपकरणेन यत्क्रियते प्रयोजनं [प्रमार्जन] तत्प्रमार्जनम्, अप्रत्यवेक्षितायां भुवि मूत्र-पुरीषोत्सर्गोऽप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गः। (चा. सा. पृ. १२)। ३. प्रत्यवेक्षन्ते स्म प्रत्यवेक्षितानि, न प्रत्यवेक्षितानि अप्रत्यवेक्षितानि; अप्रत्यवेक्षितानि च तानि अप्रमार्जितानि अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितानि। मूत्र-पुरीषादीनामुत्सर्जनं त्यजनम् उत्सर्गः × × ×। अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितभूमौ मूत्र-पुरीषादेरुत्सर्गः अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गः। (त. वृ. श्रुत. ७–३४)।

बिना देखे और बिना शोधे भूमि पर मल-मूत्रादि के छोड़ने को अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग कहते हैं।

अप्रत्याख्यान—ईषत्प्रत्याख्यानमप्रत्याख्यानं देशसंयमं × × ×। (भ. आ. मूला. टी. २०९६; त. सुखबो. वृ. ८–९)।

थोड़ेसे प्रत्याख्यान (व्रत) का नाम अप्रत्याख्यान (देशसंयम) है।

अप्रत्याख्यानक्रिया—१. संयमघातिकर्मोदयवशादनिवृत्तिरप्रत्याख्यानक्रिया। (स. सि. ६–५; त. वा. ६. ५, ११; त. सुखबो. वृ. ६–५)। २. संयमविघातिनः कषायादीन् प्रत्याख्येयान् न प्रत्याचष्ट इत्यप्रत्याख्यानक्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ ६–६)। ३. कर्मोदयवशात् पापादनिवृत्तिरपि क्रिया। अप्रत्याख्यानसंज्ञा सा × × ×॥ (ह. पु. ५८–८२)। ४. वृत्तमोहोदयात् पुंसामनिवृत्तिः कुकर्मणः। अप्रत्याख्या क्रियेत्येताः पंच पंच क्रियाः स्मृताः॥ (त. श्लो. ६, ५, २६)। ५. संयमघातककर्मविपाकपारतन्त्र्यान्निवृत्ताववर्तनमप्रत्याख्यानक्रिया। (त. वृ. श्रुत. ६–५)।

१ संयम का घात करने वाले कर्म के उदय से विषय-कषायों से विरक्त न होना अप्रत्याख्यानक्रिया है।

अशुभ तैजसशरीरसमुद्घात—१. तत्थ अप्पसत्थ (तेजासरीरसमुग्घादं) बारहजोयणायामं णवजोयणवित्थारं सूचि-अंगुलस्स संखेज्जदिभागबाहल्ल जासवणकुसुमसकासं भूमिपव्वदादिदहणक्खम पडिवक्खरहियं रोसिंधणं वामंसप्पभवं इच्छियखेत्तमेत्तविसप्पणं। (धव. पु. ४, पृ. २८); कोधं गदस्स संजदस्स वामंसादो बारहजोयणायामेण णवजोयणविक्खंभेण सूचि-अंगुलस्स संखेज्जदिभागमेत्तबाहल्लेण जासवणकुसुमवण्णेण णिस्सरिदूण सगक्खेत्तब्भंतरट्ठियसत्तविणासं काऊण पुणो पविसमाणं तं चेव संजदं मारेदि तं असुहं (णिस्सरणप्पय तेजइयरीरं) णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३२८)। २. स्वस्य मनोऽनिष्टजनकं किञ्चित्कारणान्तरमवलोक्य समुत्पन्नक्रोधस्य संयमनिधानस्य महामुनेर्मूलशरीरमत्यज्य सिन्दूरपुञ्जप्रभो दीर्घत्वेन द्वादशयोजनप्रमाण. सूच्यङ्गुलसंख्येयभागमूलविस्तारो नवयोजनाग्रविस्तार· काहलाकृतिपुरुषो वामस्कन्धान्निर्गत्य वामप्रदक्षिणेन हृदये निहितं विरुद्धं वस्तु भस्मसात्कृत्य तेनैव संयमिना सह स च भस्म व्रजति द्वीपायनवत्, असावशुभतेजःसमुद्घातः। (बृ. द्रव्यसं. १०, पृ. २१; कार्तिके. टी. १७६)।

१ महातपस्वी मुनि के किसी कारण से क्रोध उत्पन्न होने पर जो उसके बायें कन्धे से जपापुष्प के समान लाल वर्ण वाला पुतला निकलकर बारह योजन लम्बे, नौ योजन चौड़े और सूच्यङ्गुल के संख्यातवें भाग बाहल्य वाले अपने क्षेत्र के भीतर स्थित जीवों का विनाश करके शरीर में प्रविष्ट होता हुआ उस साधु को भी मार डालता है; उसे अशुभ-तैजस-शरीर कहते हैं। वह समुद्घात अवस्था में निकलता है और पृथिवी-पर्वतादि के भी जलाने में समर्थ होता है।

अशुभ मनोयोग—१. वधचिन्तनेर्ष्याऽसूयादिरशुभो मनोयोगः। (त. सि. ६–३; त. वा. ६, ३, १; त. सुखबो. ६–३; त. वृत्ति श्रुत. ६–३)। २. मदेर्ष्यासूयनादि स्यान्मनोव्यापारसंश्रयम्। (उपासका. ३५५)।

दूसरे के वध-बन्धनादि का विचार करने तथा ईर्ष्या और डाह करने आदि को अशुभ मनोयोग कहते हैं।

अशुभ योग—१. अशुभपरिणामनिर्वृत्तश्चाशुभः। (स. सि. ६–३)। २. प्राणातिपाताऽनृतभाषणवधचिन्तनादिरशुभः। (त. वा. ६, ३, १)। ३. मिथ्यादर्शनाद्यनुरञ्जितोऽशुभ· (त. श्लो. ६–३)। ४. प्राणातिपातादिलक्षणस्त्रिविधोऽप्यशुभः [योगः]। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–४)। ५. संक्लेशपरिणामहेतुकस्त्रिविधोऽपि कायादियोगोऽशुभः। (त. सुखबो. ६–३)। ६. अशुभपरिणामनिर्वृत्तो निष्पन्नो योगः अशुभः। (त. वृत्ति श्रुत. ६–३)।

१ कुत्सित परिणाम से प्रादुर्भूत मन-वचन-काय की क्रिया को अशुभ योग कहते हैं।

अशुभ वाग्योग—१. अनृतभाषण-परुषाऽसभ्यवचनादिरशुभो वाग्योगः। (स. सि. ६–३; त. वा. ६, ३, १; त. सुखबो. ६-३)। २. असत्याऽसभ्यपारुष्यप्रायं वचनगोचरम्। (उपासका. ३५४)। ३. असत्याऽहिताऽमित-कर्कश-कर्णशूलप्रायभाषणादिरशुभ वाग्योगः। (त. वृत्ति श्रुत. ६–३)।

१ असत्य, परुष (कठोर) और असभ्य भाषण को अशुभ वाग्योग कहते हैं।

अशुभ श्रुति—देखो दुःश्रुति। १. हिंसा-रागादिप्रवर्धनदुष्टकथाश्रवणशिक्षणव्यापृतिरशुभश्रुतिः। (स. सि. ७–२१, त. वा. ७, २१, २१)। २. हिंसादिकथाश्रवणाभीक्ष्णव्यावृत्ति [व्यापृति] लक्षणाच्चाशुभश्रुतेः × × ×। (त. श्लो. ७–२१)। ३. रागादिप्रवृद्धितो दुष्टकथाश्रवण-श्रावण-शिक्षणव्यापृतिरशुभश्रुतिः। (चा. सा. पृ. १०; त. सुखबो. ७–२१)। ४. यत्राधीते श्रुते कामोच्चाटन-क्लेशमूर्च्छनैः। अशुभं जायते पुसामशुभश्रुतिरिष्यते॥ (धर्मसं. श्रा. ७–१३)।

१ हिंसा, राग और द्वेष आदि बढ़ाने वाली खोटी कथाओं को सुनने-सुनाने और पढ़ने-पढ़ाने को अशुभ श्रुति कहते हैं। यह एक अनर्थदण्ड का भेद है, जिसे दुःश्रुति भी कहते हैं।

अशुभोपयोग—१. विसयकसाओगाढो दुस्सुदिदुच्चित्तदुट्ठगोट्ठिजुदो। उग्गो उम्मग्गपरो उवओगो जस्स सो असुहो॥ (प्रव. सा. २–६६)। २. विशिष्टोदयदशाविश्रान्तदर्शन-ज्ञान-चारित्रमोहनीयपुद्गलानुवृत्तिपरत्वेन परिगृहीताशोभनोपरागत्वात् परमभट्टारकमहादेवाधिदेवपरमेश्वरार्हत्सिद्धसाधुभ्योऽन्यत्रोन्मार्गश्रद्धाने विषय-कषायदुःश्रवण-दुराशयदुष्टसेव-

लोकाचरणे च प्रवृत्तो ऽशुभोपयोगः। प्रव. सा. अमृत. वृ. २-६६)। ३. उपयोगोऽशुभो राग-द्वेष-मोहैः क्रियाऽऽत्मनः। (अध्या. रह. ५६)।

१ विषय-कषाय से आविष्ट जो तीव्र उपयोग राग-द्वेषोत्पादक मिथ्या शास्त्रों के सुनने, दुर्ध्यान करने और दूषित आचरण करने वाले मिथ्यादृष्टियों के सहवास में रहने रूप उन्मार्ग में प्रवृत्त होता है उसे अशुभोपयोग कहते हैं। उस उपयोगस्वरूप जीव को भी अभेद विवक्षा में अशुभोपयोग कहा जाता है।

अशोभन—अशोभन गर्वादिदूषितं वचनम्। (बृहत्क. वृ. ७५३)।

अहंकार आदि दोषों से दूषित वचन को अशोभन वचन कहते हैं। ऐसे अशोभन वचन का बोलने वाला असत्प्रलापी भाषाचपल कहलाता है।

अश्रुतनिश्रित—१. यत्पुनः पूर्वं तदपरिकर्मितमते क्षयोपशमपटीयस्त्वात् औत्पत्तिक्यादिलक्षणमुपजायते तदश्रुतनिश्रितमिति। (आव. नि. हरि. वृ. १, पृ. ९)। २. यत् प्रायः श्रुताभ्यासमन्तरेणापि सहजविशिष्ट-क्षयोपशमवशादुत्पद्यते तदश्रुतनिश्रितमौत्पत्तिक्यादि-बुद्धिचतुष्टयम्। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ४, पृ. १०)। ३. प्रायः श्रुताभ्यासमन्तरेणापि यत्सहजविशिष्टक्ष-योपशमवशादुत्पद्यते तदश्रुतनिश्रितम्। (प्रव. सारो. वृ. १२५३)।

२ शास्त्राभ्यास के बिना ही स्वाभाविक विशिष्ट क्षयोपशम के वश जो औत्पत्तिकी आदि चार बुद्धि स्वरूप विशिष्ट ज्ञान उत्पन्न होता है उसे अश्रुत-निश्रित आभिनिबोधिक मतिज्ञान कहते हैं।

अश्रुपात अन्तराय— ××× अश्रुपातः शुचा-त्मनः॥ पातोऽश्रूणां मृतेऽन्यस्य क्वापि वाक्रन्दतः श्रुतिः। (अन. ध. ५, ४५-४६)।

शोक से स्वयं अश्रुपात होना तथा किसी के मर जाने पर अन्य व्यक्ति के आक्रन्दन को सुनकर या मर जाने पर शोकाकुल मनुष्य के आँसुओं के गिरने को अश्रुपात कहते हैं। यह एक भोजन का अन्त-राय है।

अश्लाघाभय — अश्लाघाभयम् अकीर्तिभयम्। (ललितवि. पं. पृ. ३८)।

अकीर्ति या अपकीर्ति के भय को अश्लाघाभय कहते हैं।

अश्लोकभय—'श्लोक श्लाघायाम्' श्लोकनं श्लोकः श्लाघा प्रशंसा, तद्विपर्ययोऽश्लोकः, तस्माद् भयम् अश्लोकभयम्। (आव. भा. हरि. वृ. १८४, पृ. ४७३)। १. 'श्लोकृङ् श्लाघायाम्' श्लोकः प्रशंसा श्लाघा, तद्विपर्ययोऽश्लोकः, तस्माद् भयम् अश्लोक-भयम्। (आव. भा. मलय. वृ. १८४, पृ. ५७३)। देखो अश्लाघाभय।

अश्वकर्णकरण (अस्सकण्णकरण)—देखो आदोल-करण। १. अस्सकण्णकरणेत्ति वा आदोलकरणेत्ति वा ओवट्टण-उव्वट्टणकरणेत्ति वा तिण्णि णामाणि अस्स-कण्णकरणस्स। (कसायपा. चू. ४७२, पृ. ७८७; धव. पु. ६, पृ. ३६४)। २. अश्वस्य कर्णः अश्वकर्णः, अश्वकर्णवत्करणमश्वकर्णकरणम्। यथाऽश्वकर्ण अग्रा-त्प्रभृत्या मूलात् क्रमेण हीयमानस्वरूपो दृश्यते, तथेद-मपि करण क्रोधसंज्वलनात् प्रभृत्या लोभसज्वलनाद्य-थाक्रममनन्तगुणहीनानुभागस्पर्धकसस्थानव्यवस्थाकर-णमश्वकर्णकरणमिति लक्ष्यते। (धव. पु. ६, टि. ५)। २ जिस प्रकार घोड़े का कान अग्र भाग से मूल भाग पर्यन्त उत्तरोत्तर हीन दिखायी देता है उसी प्रकार जिस करण (परिणामविशेष) के द्वारा संज्वलन क्रोध से संज्वलन लोभ तक अनुभागस्पर्धकों की व्यवस्था उत्तरोत्तर हीन होती हुई की जाती है उसे अश्वकर्णकरण कहते हैं। अश्वकर्णकरण, आदोलकरण और अपवर्तनोद्वर्तनाकरण ये तीनों एकार्थक नाम हैं। आदोल नाम हिंडोला का है। जिस प्रकार हिंडोले का स्तम्भ और रस्सी के अन्तराल में त्रिकोण आकार घोड़े के कान सदृश दिखता है, इसी प्रकार यहाँ पर भी क्रोधादि संज्वलन कषाय के अनुभाग का सन्निवेश भी क्रम से घटता हुआ दिखता है, इसलिए इसे आदोलकरण कहते हैं। क्रोधादि कषायों का अनुभाग हानि-वृद्धि रूप से दिखाई देने के कारण इसको अपवर्तनोद्वर्तनाकरण भी कहते हैं।

अश्वकर्णकरणाद्धा (अस्सकण्णकरणद्धा)—१. सताणि बज्झमाणगसरूवओ फड्डगाणि जं कुणइ। सा अस्सकण्णकरणद्ध ××× ॥ (पंचसं. उपश. ७५)। २. सन्ति विद्यमानानि मायाकर्मदलानि बध्यमानसंज्वलनलोभस्वरूपेण फड्डकानि यत्क-रोति साऽश्वकर्णकरणाद्धा प्रथमा भण्यते। (पंचसं. स्वो. वृ. उपश. ७५)। ३. विद्यमानानि यानि संक्रमि-

तानि मायाकर्मदलिकानि पूर्वबद्धसंज्वलनलोभदलिकानि वा तानि बध्यमानस्वरूपतस्तत्कालबध्यमानसंज्वलनलोभरूपतया। किमुक्तं भवति ? तत्कालबध्यमानसंज्वलनलोभस्पर्द्धकाना चात्यन्त नीरसानि यत्र करोति सा अश्वकर्णकरणाद्धा। (पंचसं. मलय. वृ. ७५)।

अश्वकर्णकरण के काल को अश्वकर्णकरणाद्धा कहते हैं। जिस काल में विद्यमान मायाकषाय के प्रदेशपिण्ड को संक्रान्त करते हुए बध्यमान संज्वलन लोभ के स्पर्धकों स्वरूप किया जाता है, वह अश्वकर्णकरणाद्धा कहलाता है।

अष्टम धरा— देखो ईषत्प्राग्भार। तिहुवणमुड्ढारूढा ईसिपभारा धरट्ठमी रुंदा। दिग्घा इगिसगरज्जू अडजोयणपमिदबाहल्ला ॥ (त्रि. सा. ५५६)।

लोक के शिखर पर जो एक राजु चौड़ी, सात राजु लम्बी और आठ योजन ऊँची आठवीं पृथिवी है उसे अष्टम धरा कहते हैं।

असतीपोष—१. सारिका-शुक-मार्जार-श्व-कुर्कुट-कलापिनाम्। पोषो दास्याश्च वित्तार्थमसतीपोषणं विदुः ॥ (त्रि. श. पु. च. ६, ३, ३४७; योगशा. ३-११२)। २. असतीपोष प्राणिघ्नप्राणिपोषो भाटिग्रहणार्थं दासपोषश्च। (सा. ध. स्वो. टी. ५-२२)।

१ हिंसक प्राणियों—जैसे मैना, तोता, बिल्ली, कुत्ता, मुर्गा व मोर आदि—को पालना तथा भाड़ा प्राप्त करने के लिए दासी का भी पोषण करना असतीपोष कहलाता है।

असत्—अतो (सतो) ऽन्यदसत्। (त. भा. ५-२९)।

उत्पाद, व्यय व ध्रौव्य स्वरूप सत् से विपरीत असत् कहलाता है।

असत्प्रतिपक्षत्व—तादृशसमबलप्रमाणशून्यत्वमसत्प्रतिपक्षत्वम्। (न्यायदी. पृ. ८५)।

साध्य के अभाव के निश्चय कराने वाले समान बलयुक्त अन्य प्रमाण के अभाव को असत्प्रतिपक्षत्व कहते हैं।

असत्य (प्रथम)—स्वक्षेत्र-काल-भावैः सदपि हि यस्मिन् निषिध्यते वस्तु। तत् प्रथममसत्यं स्यान्नास्ति यथा देवदत्तोऽत्र। (पु. सि. ९२)।

जिस वचन में स्वकीय द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से विद्यमान भी वस्तु का उसी स्वकीय द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से निषेध किया जाता है वह प्रथम असत्य है। जैसे देवदत्त के अपने द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से रहते हुए भी यह कहना कि यहाँ देवदत्त नहीं है।

असत्य (द्वितीय)—असदपि हि वस्तुरूपं यत्र परक्षेत्र-काल-भावैस्तैः। उद्भाव्यते द्वितीय तदनृतमस्मिन् यथास्ति घटः ॥ (पु. सि. ९३)।

जो वस्तु परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से असत् है उसे उक्त परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से सत् कहना, यह असत्य वचन का दूसरा भेद है। जैसे घटस्वरूप से घट के न होने पर भी यह कहना कि 'यहाँ घट है'।

असत्य (तृतीय)—वस्तु सदपि स्वरूपात् पररूपेणाभिधीयते यस्मिन्। अनृतमिद च तृतीयं विज्ञेय गौरिति यथाश्वः ॥ (पु. सि. ९४)।

स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से विद्यमान पदार्थ को परद्रव्य-क्षेत्र-काल भाव से सत् कहना, यह असत्य का तीसरा भेद है। जैसे गाय को घोड़ा कहना।

असत्य (चतुर्थ) — गर्हितमवद्यसयुतमप्रियमपि भवति वचनरूपं यत्। सामान्येन त्रेधा मतमिदमनृतं तुरीयं तु ॥ पैशून्यहासगर्भं कर्कशमसमंजसं प्रलपितं च। अन्यदपि यदुत्सूत्रं तत् सर्वं गर्हितं गदितम् ॥ छेदन-भेदन-मारण-कर्षण-वाणिज्य - चौर्यवचनादि। तत् सावद्यं यस्मात् प्राणिवधाद्याः प्रवर्तन्ते ॥ अरतिकरं भीतिकरं खेदकरं वैर-शोक-कलहकरम्। यदपरमपि तापकरं परस्य तत् सर्वमप्रियं ज्ञेयम् ॥ (पु. सि. ९५-९८)।

गर्हित, सावद्य और अप्रिय वचनों को बोलना; यह असत्य का चौथा भेद है। आगम विरुद्ध जो भी पिशुनता व हास्य आदि से गर्भित, कठोर और असमंजस (अयोग्य) वचन हो वह गर्हित कहलाता है। जिस वचन के आश्रय से प्राणी के शरीर के छेदने-भेदने, वध करने तथा कृषि कार्य, व्यापार और चोरी आदि में प्रवृत्ति हो; उसे सावद्य कहते हैं। जो वचन अप्रीति, भय, खेद, वैरभाव, शोक और लड़ाई-झगड़ा कराने वाला हो उसे तथा और भी जो सन्तापजनक वचन हो उसे अप्रिय कहा जाता है।

असत्य मनोयोग—१. ××× तव्विवरीओ

वोसो ××× ॥ (प्रा. पंचसं. १–८६; धव. पु. १, पृ. २८१ उद्.; गो. जी. २१८)। २. तद्विपरीतो मोषमनोयोगः। [असत्यं वितथं मोघमित्यनर्थान्तरम्। असत्ये मनः असत्यमनः, तेन योगः असत्यमनोयोग।] (धव. पु. १, पृ. २८०)। ३. तद्विपरीत असत्यार्थविषयज्ञानजननशक्तिरूपभावमनसा जनितः प्रयत्नविशेषः मृषा(असत्य)मनोयोगः। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. टी. पृ. २१६)।

३ असत्य पदार्थ के विषय करने वाले ज्ञान को उत्पन्न करने वाली शक्तिरूप भावमन से जनित प्रयत्नविशेष को असत्य मनोयोग कहते हैं।

असत्यामृषा भाषा—१. ज नेव सच्च नेव मोस नेव सच्च-मोस असच्चमोसं नाम। त चउत्थं भासजाय। (आचारा. सू. २, १, १, ३५५ पृ. ३५४)। २. चतुर्थी भाषा योच्यमाना न सत्या नापि मृषा नापि सत्यामृषा आमन्त्रणाज्ञापनादिका साऽसत्याऽमृषेति। (आचारा. शी. वृ. २, १, १. ३५५ पृ. ३५५)। ३. ××× असच्चमोसा य पडिसेहा ॥ (दशवै. नि. २७२)। ४. यत्तु वस्तुसाधकबाधकत्वाविवक्षया व्यवहारपतितस्वरूपमात्राभिधित्सया प्रोच्यते तदसत्यामृषम्। (आव. ह वृ. मल हेम. टि. पृ. ७६)। ५. या पुनस्त्रिसृष्वपि भाषास्वनधिकृता तल्लक्षणायोगतस्तत्रानन्तर्भाविनी सा आमंत्रणाज्ञापनादिविषया असत्यामृषा। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ११–१६१)। ६ अणहिगया जा तीसु वि ण य आराहण-विराहणुवउत्ता। भासा असच्चमोसा एसा भणिया दुवालसहा ॥ (भावार. ६६); या तिसृष्वपि सत्या-मृषा-सत्यामृषाभाषास्वनधिकृता, एतेनोक्तभाषात्रयविलक्षणभाषात्वमेतल्लक्षणमुक्तम्, च पुनर्न आराधन-विराधनोपयुक्ता, एतेनापि परिभाषानियंत्रितमनाराधकविराधकत्व लक्षणान्तरमाक्षिप्तम्, एषाऽसत्यामृषा भाषा। (भावार. टी. ६६)।

१ जो भाषा सत्य, असत्य और उभय तीनों रूप से रहित अर्थात् अनुभयरूप हो वह चतुर्थी असत्यामृषा भाषा है जो आमन्त्रणादिरूप है।

असत्य-मृषा मनोयोग—ण य सच्चमोसजुत्तो जो दु मणो सो असच्चमोसमणो। जो जोगो तेण हवे असच्चमोसो दु मणजोगो ॥ (प्रा. पंचसं. १–९०; धव. पु. १, पृ. २८२ उद्.; गो. जी. २१६)।

जो मन न सत्य है और न असत्य है, वह असत्य-मृषा (अनुभय) मन कहलाता है। उसके आश्रय से होने वाले योग को असत्य-मृषा मनोयोग कहते हैं।

असत्यमृषा वचनयोग—जो णेव सच्चमोसो तं जाण असच्चमोसवचिजोगो। अमणाणं जा भासा सण्णीणामतणीयादी ॥ (प्रा पचसं. १–९२; धव. पु. १, पृ. २८६ उद्धृत; गो. जी. २२१)।

सत्यता और असत्यता से रहित (अनुभय) वचन के द्वारा जो योग होता है उसे असत्यमृषा वचनयोग कहते हैं।

असत्य वचनयोग—१. तव्विवरीयं मोसं। (भ. आ. ११९४)। २. तव्विवरीओ मोसो। (प्रा. पंचसं. १–९१; गो. जी. २२०)। ३ असत्यार्थविषयो वाग्व्यापारप्रयत्न. असत्यवचोयोगः। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. टी. २२०)।

असत्य अर्थ को विषय करने वाले वचन के व्यापार रूप प्रयत्न को असत्यवचनयोग कहते हैं।

असदारम्भ—असन्—असुन्दर—आरम्भोऽस्येत्यसदारम्भः, अविद्यमान वा यदागमे व्यवच्छिन्न तदारभत इत्यसदारम्भ, न सदा—न सर्वदा—स्वशक्तिकालाद्यपेक्ष आरम्भोऽस्येति वा। (षोडशक वृ. १–३)।

असत्—असमीचीन—कार्य के प्रारम्भ करने वाले को असदारम्भ (बाल) कहते हैं। अथवा असत् अर्थात् आगम में जो व्यवच्छिन्न है उसके प्रारम्भ करने वाले को असदारम्भ (बाल) कहा जाता है। अथवा जो अपनी शक्ति और काल की अपेक्षा सदा आरम्भ नहीं करता है वह असदारम्भ (बाल) कहलाता है। यह असदारम्भ का निरुक्त लक्षण है (असत्-आरम्भ वा अ-सदा-आरम्भ)।

असदृश अनुभाग—अध जे उदीरेदि अणेगासु वग्गणासु ते असरिसा णाम। (कसायपा चू. पृ. ८८४)।

अनेक वर्गणाओं में जिन अनुभागों की उदीरणा की जाती है, उनका नाम असदृश अनुभाग है।

असदृशवेषग्रहण—असदृशवेषग्रहणं नाम स्वयमार्य सन्ननार्यवेष करोति, पुरुषो वा स्व रूपमन्तर्हित्य स्त्रीवेष विदधातीत्यादि। (बृहत्क. वृ. ११०६)।

स्वयं आर्य होते हुए अनार्य के वेष के धारण करने

को, अथवा पुरुष होते हुए स्त्री के वेष के धारण करने को असद्वस्वेषग्रहण कहते हैं।

असद्ध्यान— १. पापाशयवशान्मोहान्मिथ्यात्वाद्वस्तुविभ्रमात्। कषायाज्जायतेऽजस्रमसद्ध्यानं शरीरिणाम्॥ (ज्ञानार्णव ३–३०, पृ. ६६); अज्ञातवस्तुतत्त्वस्य रागाद्युपहतात्मनः। स्वातन्त्र्यवृत्तिर्या जन्तोस्तदसद्ध्यानमुच्यते॥ (ज्ञानार्णव २५–१६)।

वस्तुस्वरूप के न जानने और राग-द्वेषादि से आविष्ट होने के कारण जीव के जो स्वेच्छाचारिता होती है, उसे असद्ध्यान कहा जाता है। यह दुर्ध्यान दुष्ट अभिप्राय व मिथ्यात्वादि के निमित्त से हुआ करता है।

असद्भावस्थापना—आकृतिमति सद्भावस्थापना, अनाकृतिमति तद्विपरीता। (धव. पु. १४, पृ. ५)।

विवक्षित वस्तु के आकार से शून्य वस्तु में उस वस्तु की स्थापना को असद्भावस्थापना कहते हैं। दूसरे नाम से इसे अतदाकारस्थापना भी कहा जाता है।

असद्भावस्थापनाकाल — असब्भावट्ठवणकालो णाम मणिभेद-गेरुअ-मट्टी-ठिक्करादिसु वसतो त्ति बुद्धिबलेण ठविदो। (धव. पु. ४, पृ. ३१४)।

मणिभेद, गेरु, मट्टी और ठीकरे आदि में जो बुद्धिबल से 'यह वसन्त है' इस प्रकार से जो वसन्त काल का आरोप किया जाता है उसे असद्भावस्थापनाकाल कहते हैं।

असद्भावस्थापनानिबन्धन—तव्विवरीय (सब्भावट्ठवणणिबंधणविवरीयं) असब्भावट्ठवणणिबंधण। (धव. पु. १५, पृ २)।

जो निबन्धन विवक्षित द्रव्य का अनुकरण करता है उसकी उस रूप से कल्पना करने रूप सद्भावस्थापना से विपरीत स्वरूप वाला असद्भावस्थापनानिबन्धन होता है।

असद्भावस्थापनापूजा — वराटकादौ सङ्कल्प्य जिनोऽयमिति बुद्धितः। यार्च्या विधीयते प्राज्ञैरसद्भावा मता त्वियम्॥ (धर्मसं. श्रा. ६–८६)।

जिनेन्द्र के आकार से रहित कौड़ी आदि में 'यह जिन हैं' इस प्रकार बुद्धि से संकल्प करके जो पूजन की जाती है उसे प्राज्ञ जन असद्भावस्थापना पूजा कहते हैं।

असद्भावस्थापनाबन्ध—अजहासरूवेण (एदेसिं (अक्कबंध-मुरवबंध-विज्जाहरबंध-णागपासबंध-संसरवासबंधादीणं) तेसु (सीवण्णी-अहरऽसोगकट्ठादिसु) ट्ठवणा असब्भावट्ठवणबंधो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ५)।

श्रीपर्णी, अंर और अशोक वृक्ष की लकड़ी आदि में अक्षबन्ध व मुरजबन्ध आदि बन्धभेदों की अयथास्वरूप से—उन आकारों के न रहने पर भी—स्थापना करना; इसे असद्भावस्थापनाबन्ध कहते हैं।

असद्भावस्थापनाभाव—तव्विवरीदो (सब्भावट्ठवणभावादो विवरीदो) असब्भावट्ठवणभावो। (धव. पु. ५, पृ. १८३)।

विराग और सरागी भावों का अनुकरण नहीं करने वाली स्थापना को असद्भावस्थापनाभावनिक्षेप कहते हैं।

असद्भावस्थापनामङ्गल— १. बुद्धीए समारोविदमंगलपज्जयपरिणदजीवगुणसरूवक्ख-वराडयादयो असब्भावट्ठवणमङ्गल। (धव. पु. १, पृ. २०)। २. मुख्याकारशून्या वस्तुमात्रा पुनरसद्भावस्थापना, परोपदेशादेव तत्र सोऽयमिति सम्प्रत्ययात्। (त. श्लो. १, ५, ५४, पृ. १११)।

१ अक्ष (चौपड़ खेलने के पांसे) और वराटक (कौड़ी) आदि में मंगल पर्याय से परिणत जीव के गुण स्वरूप की बुद्धि से कल्पना करना असद्भावस्थापनामंगल है।

असद्भावस्थापनावेदना—अण्णा (पाएण अणुहरतदव्वभेएण इच्छिददव्वठवणरूवसब्भावट्ठवणवेयणाविवरीदा) असब्भावठवणवेयणा। (धव. पु. १०, पृ. ७)।

वेदना के आकार से रहित द्रव्य में वेदना की स्थापना करने को असद्भावस्थापनावेदना कहते हैं।

असद्भूतव्यवहार—१. अण्णेसिं अण्णगुणो भणइ असब्भूद × × ×। (बृ. न. च. २२३)। २. असद्भूतव्यवहारो द्रव्यादेरुपचारतः। परपरिणतिश्लेषजन्यो × × ×॥ (यः परद्रव्यस्य परिणत्या मिश्रितः अर्थात् द्रव्यादेर्धर्माधर्मादिरुपचारत उपचरणात् परपरिणतिश्लेषजन्यः—परस्य वस्तुनः परिणतिः परिणयनं, तस्य श्लेषः संसर्गः तेन जन्यः परपरिणतिश्लेषजन्यः) असद्भूतव्यवहारः कथ्यते। (द्रव्यानु. टी. ७–४, पृ. १००)। ३. अन्यत्र प्रसिद्धस्य धर्मस्या-

न्यत्र समारोपणमसद्भूतव्यवहारः । (नयप्रदीप पृ. १०३) ।

३ अन्य अर्थ में प्रसिद्ध धर्म के अन्य अर्थ में समारोप करने को असद्भूतव्यवहारनय कहते हैं ।

असद्वेद्य—१. यत्फलं दुःखमनेकविधं तदसद्वेद्यम् । अप्रशस्तं वेद्यमसद्वेद्यम् । (स. सि. ८-८; त. श्लो. ८, ८) । २. यत्फलं दुःखमनेकविधं तदसद्वेद्यम् । नारकादिषु जातिषु नानाप्रकारजातिविशेषावकीर्णासु कायिक बहुविधं मानस चातिदुःसह जन्म-जरा-मरण-प्रियविप्रयोगाऽप्रियसंयोग-व्याधि-वध-बन्धादिजनितं दुःख यस्य फल प्राणिना तदसद्वेद्यम् । अप्रशस्त वेद्यम् असद्वेद्यम् । (त. वा. ८, ८, २) । ३. यत्फल दुःखमनेकविध कायिक मानस चातिदुःसह नरकादिषु गतिषु जन्म-जरा-मरण-वध-बन्धादिनिमित्त भवति तदसद्वेद्यम् । अप्रशस्त वेद्यमसद्वेद्यम् । (त. सुखबो. वृ. ८-८) । ४ यदुदयान्नरकादिगतिषु शारीर-मानसादिदुःख नानाप्रकारं प्राप्नोति तदसद्वेद्यम् । (त. वृत्ति श्रुत. ८-८) ।

१ जिसके उदय से नरकादि गतियों में शारीरिक व मानसिक आदि नाना प्रकार के दुःखों का वेदन हो उसे असद्वेद्य कहते हैं ।

असमीक्ष्याधिकरण—१ असमीक्ष्य प्रयोजनमाधिक्येन करण असमीक्ष्याधिकरणम् । (स. सि. ७, ३२; त. श्लो. ७-३२, सा. ध. स्वो. टी. ५-१२)। २. असमीक्ष्य प्रयोजनमाधिक्येन करण असमीक्ष्याधिकरणम् । अधिरुपरिभावे वर्तते, करोतिश्चापूर्वप्रादुर्भावे, प्रयोजनमसमीक्ष्य आधिक्येन प्रवर्तनमधिकरणम् । तत् त्रेधा काय-वाङ्मनोविषयभेदात् । तदधिकरण त्रेधा व्यवतिष्ठते । कुतः ? काय-वाङ्मनोविषयभेदात् । तत्र मानसं परानर्थककाव्यादिचिन्तनम्, वाग्गत निष्प्रयोजनकथाख्यानं परपीडाप्रधानं यत्किञ्चन वक्तृत्वम्, कायिक च प्रयोजनमन्तरेण गच्छंस्तिष्ठन्नासीनो वा सचित्तेतरपत्र-पुष्प-फलच्छेदन-भेदन-कुट्टन-क्षेपणादीनि कुर्यात् । अग्नि विष-क्षारादिप्रदान चारभेत इत्येवमादि, तत्सर्वमसमीक्ष्याधिकरणम् । (त. वा. ७, ३२, ४-५; त. सुखबो. वृ. ७-३२; चा सा. पृ. १०) । ३. असमीक्ष्य अनालोच्य प्रयोजनमात्मनोऽर्थमधिकरणं उचितादुपभोगादतिरेककरणमसमीक्ष्याधिकरणम्, मुसल-दात्र-शिलापुत्रक शस्त्र-गोधूमयन्त्रकशिलाग्न्यादिदानलक्षणम् । (त. भा. सिद्ध. वृ. ७-२७) । ४. असमीक्ष्याधिकरण पञ्चमम्—असमीक्ष्य प्रयोजनमपर्यालोच्य आधिक्येन कार्यस्य करणमसमीक्ष्याधिकरणम् । (रत्नक. टी. ३-३५) । ५. असमीक्ष्य अविचार्य अधिकस्य करणम् असमीक्ष्याधिकरणम् । तत् त्रिधा भवति—मनोगत वाग्गत कायगत चेति । तत्र मनोगतं मिथ्यादृष्टीनामनर्थककाव्यादिचिन्तन मनोगतम् । निष्प्रयोजनकथा-परपीडावचन यत्किञ्चिद् वक्तृत्वादिक वाग्गतम् । निःप्रयोजन सचित्ताचित्तदल-फल-पुष्पादिच्छेदनादिकम् अग्नि-विष-क्षारादिप्रदानादिकं कायगतम् । एव त्रिविधं असमीक्ष्याधिकरणम् । (त. वृत्ति श्रुत. ७-३२) । ६. असमीक्ष्याधिकरणमनल्पीकरणं हि यत् । अर्थात् स्वार्थमसमीक्ष्य वस्तुनोऽनवधानतः । (लाटीस. ६-१४४) । ७. असमीक्ष्यैव तथाविधकार्यमपर्यालोच्यैव प्रवणतया यद् व्यवस्थापितमधिकरण वास्युदूखल-शिलापुत्रक-गोधूमयंत्रकादि तदसमीक्ष्याधिकरणम् । (धर्मबि. वृ. ३-३०) ।

२ प्रयोजन का विचार न करके अधिकता से प्रवृत्ति करने को असमीक्ष्याधिकरण कहते हैं । इसके तीन भेद हैं—मनोगत, वाग्गत और कायगत असमीक्ष्याधिकरण । मिथ्यादृष्टियों के द्वारा रचे गये अनर्थक काव्य आदि का चिन्तन करना मनोगत असमीक्ष्याधिकरण है । बिना प्रयोजन दूसरों को पीड़ा पहुंचाने वाली कथाओं का कहना व स्वेच्छाचारिता से जो कुछ भी बोलना, यह वाग्गत असमीक्ष्याधिकरण है । बिना प्रयोजन सचित्त-अचित्त पत्र व फल-फूल आदि का छेदन भेदन आदि करना, तथा अग्नि-विष आदि का देना, यह कायगत असमीक्ष्याधिकरण है ।

असम्यक्त्व (अदर्शन) परीषह—असम्यक्त्वपरीषह — सर्वपापस्थानेभ्यो विरत. प्रकृष्टतपोऽनुष्ठायी निःसंगश्चाहं तथापि धर्माधर्मात्मदेवनारकादिभावान्नेक्षे, अतो मृषा समस्तमेतदिति असम्यक्त्वपरीषहः । (आव. सू. हरि. वृ. ४, पृ. ६५८) ।

देखो अदर्शनपरीषह ।

असंकुट—सव्व लोगागास विआपदि त्ति असंकुडो । (धव. पु. १, पृ. १२०) ।

जीव केवलिसमुद्घात अवस्था में चूंकि सर्वलोकाकाश को व्याप्त करता है, अतः उसे असंकुट कहा जाता है ।

असंक्लिष्ट—दोषपरिहारी असंक्लिष्टः । (व्यव.

आ. मलय. वृ. ३-१६४, पृ. ३५)।
संक्लेश आदि दोष रहित व्यक्ति को असंक्लिष्ट कहते हैं।

असंक्षेपाद्धा—१. जहण्णओ आउअबंधकालो अह-ण्णविस्समणकालपुरस्सरो असंखेपाद्धा णाम। (धव. पु. ६, पृ. १६७ टि. १)। २. न विद्यते अस्मादन्यः संक्षेपः, स चासौ अद्धा च असंक्षेपाद्धा, आवल्यसं-ख्येयभागमात्रत्वात्। (गो. क. जी. प्र. टी. १५८)।
जिससे संक्षिप्त आयुबन्धकाल और न हो ऐसे आव-लीके असंख्यातवें भाग मात्र काल को असंक्षेपाद्धा कहते हैं।

असंख्येय—१. संख्यामतीतोऽसंख्येयः। (स. सि. ५-८)। २. स (असंख्येयः कालः) च गणितविषया-तीतत्वादुपमया कयाचिन्नियम्यते। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४-१५)। ३. संख्याविशेषातीतत्वादसंख्येयः। (त. वा. ५, ८, १)। ४. जो रासी एगेगरूवे अवणिज्जमाणे णिट्ठादि सो असखेज्जो, जो पुण ण समप्पइ सो रासी अणतो। (धव. पु. ३, पृ. २६७); ××× तदो (संखेज्जादो) उवरि जमोहिणाणविसओ तमसखेज्ज णाम। (धव. पु. ३, पृ. २६८)।
१ जो राशि संख्या से रहित—गणनातीत—हो, वह असंख्येय या असंख्यात कही जाती है।

असंगानुष्ठान— यत्वभ्यासातिशयात् सात्मीभूत-मिव चेष्टयते सद्भिः। तदसङ्गानुष्ठान भवति त्वे-तत् तदावेधात्॥ (षोडशक १०-७)।
जो अनुष्ठान पुनः पुनः सेवन रूप अभ्यास की अधि-कता से किया जाता है उसे असंगानुष्ठान कहते हैं। यह अनुष्ठान के प्रीत्यनुष्ठान आदि चार भेदों में अन्तिम है।

असंघातित—असघातित. एकफलकात्मक.। (व्यव. सू. भा. मलय. वृ. ८-८)।
जो संस्तारक (बिछाने का साधन) एक पटिये रूप होता है उसे असंघातित एकांगिक अपरिशाटिसंस्ता-रक कहते हैं।

असंज्ञित्व—××× भवत्वेवं यदि मनोऽनपेक्ष्य ज्ञानोत्पत्तिमात्रमाश्रित्यासज्ञित्वस्य निबन्धनमिति। (धव. १, पृ. ४०६); णोइंदियावरणस्स सव्व-घादिफद्दयाणमुदएण असण्णित्तस्स दसणादो। (धव. पु. ७, पृ. ११२)।
नोइन्द्रियावरण के सर्वघाति स्पर्धकों के उदय से जो जीव की अवस्था—मन के बिना शिक्षा उप-देशादि के न ग्रहण कर सकने योग्य—प्राप्त होती है उसे असंज्ञित्व कहते हैं।

असंज्ञिश्रुत—जस्स ण नत्थि ईहा अवोहो मग्गणा गवेसणा चिता वीमंसा से णं असन्नीति लब्भइ। से तं कालिओवएसेण। ××× जस्स ण नत्थि अभिसंधारणपुव्विआ करणसत्ती से णं असण्णीत्ति लब्भइ। से त हेऊवएसेण। ××× असण्णि-सुअस्स खओवसमेण असण्णी लब्भइ। से त दिट्ठि-वाओवएसेण।×××से तं असण्णिसुअ। (नन्दी. सू. ३९)।
कालिक्युपदेश से, हेतूपदेश से और दृष्टिवादोपदेश से असंज्ञी तीन प्रकार का है। जिसके ईहा, अपोह, मार्गणा, गवेषणा, चिन्ता और विमर्श नहीं होते वह कालिक्युपदेश से असंज्ञी कहा जाता है। विद्य-मान अर्थ के पर्यालोचन का नाम ईहा और निश्चय का नाम अपोह है। अन्वय धर्म के अन्वेषण को मार्गणा और व्यतिरेक धर्म के स्वरूप के पर्यालोचन को गवेषणा कहा जाता है। यह कैसे हुआ, इस समय क्या करना चाहिए तथा भविष्य में यह कैसे होगा; इत्यादि विचार को चिन्ता और यथावस्थित वस्तु के स्वरूप के निर्णय को विमर्श कहते हैं। जो बुद्धिपूर्वक अपने शरीर के संरक्षणार्थ अभीष्ट आहा-रादि में प्रवृत्त नहीं हो सकता है तथा अनिष्ट से निवृत्त भी नहीं हो सकता है वह हेतु के उपदेश की अपेक्षा असंज्ञी कहा जाता है। दृष्टिवाद के उपदेशानुसार मिथ्यादृष्टि को असंज्ञी कहा जाता है। इन तीन प्रकार के असंज्ञियों के श्रुत को असंज्ञि-श्रुत कहते हैं।

असंज्ञी—देखो असंज्ञिश्रुत। १. सम्यक् जानातीति संज्ञ मनः, तदस्यातीति संज्ञी।×××तव्विवरीदो असण्णी दु॥ (धव. पु. १, पृ. १५२); शिक्षा-कि-योपदेशालापग्राही संज्ञी, तद्विपरीतोऽसंज्ञी। (धव. पु. ७, पृ. ७)। २. अतस्तु विपरीतो यः सोऽसंज्ञी कथितो जिनैः। (त. सा. २-९१)। ३. ××× मणवज्जिय जे ते धुवु असण्णि। सिक्खालावाइ ण लेंति पाव, अण्णाण गूढ दढ मूढभाव। असु णव जि समत्ति उ पच ताह, वज्जरइ जिणिंदु असण्णियाह॥ (म. पु. पुष्प. १२, पृ. १७५-७६)। ४. ×××

असंज्ञी हेयादेयविवेचकः ॥ (पंचसं. अमित. ३१६, पृ. ४४)। ५. शिक्षोपदेशनालापग्राहिणः संज्ञिनो मताः। प्रवृत्तमानसप्राणा विपरीतस्त्वसंज्ञिनः ॥ (अमित. श्रा. ३–११)। ६. शिक्षा-क्रियोपदेशालापग्राहिकः संज्ञी, तद्विपरीतोऽसंज्ञी। (मूला. वृ. १२–१५६)। ७. यथोक्त- (विशिष्टस्मरणादिरूप-) मनोविज्ञान-विकला असंज्ञिनः। (जीवाजी. मलय. वृ. १-१३, पृ. १७); ये तु सम्मूर्च्छनजेभ्य उत्पन्नास्तेऽसंज्ञिनः। (जीवाजी. मलय. वृ. १-३२. पृ. ३५)। ८. सज्ञान संज्ञा भूत-भवद्भाविभावस्वभावपर्यालोचनम्, सा विद्यते येषा ते संज्ञिनः, विशिष्टस्मरणादिरूपमनोविज्ञानभाज इत्यर्थः। यथोक्तमनोविज्ञानविकला असंज्ञिनः। (पंचसं. मलय. वृ. १–५)।

१ जो जीव मन के न होने से शिक्षा, उपदेश और आलाप आदि को ग्रहण न कर सकें उन्हें असंज्ञी जीव कहते हैं।

असंतोष— तत्रासन्तोषास्तृप्त्यभाव। (योगशा. स्वो. विव. २–१०६)।

तृप्ति के अभाव को असन्तोष कहते हैं।

असंदिग्धत्व—१. असन्दिग्धत्वम् असंशयकारिता। (समवा. अभय. वृ. ३५)। २. असन्दिग्धत्वं परिस्फुटार्थप्रतिपादनात्। (रायप. मलय. वृ. ४, पृ. २७)।

सन्देह या संशय से रहित वचन के प्रतिपादन को असन्दिग्धत्व कहते हैं। यह ३५ सत्यवचनातिशयों में ११वां है।

असंदिग्धवचनता—असन्दिग्धवचनता परिस्फुटवचनता। (उत्तरा. नि. शा. वृ. १–५८, पृ. ३६)।

सन्देह रहित स्पष्ट वचनों के बोलने को असन्दिग्धवचनता कहते हैं। यह चार प्रकार की वचनसम्पत् में चौथा है।

असंप्राप्त उदय—१. असपत्तउदओ णाम अपत्तकालिय पओगेण कालपत्तेण सम वेदिज्जति। स च्चेव ठिइउदीरणा वुच्चइ। (कर्मप्र. चू. उदी. गा. २६, पृ. ४३)। २. यत्पुनरकालप्राप्त कर्मदलिकमुदीरणाप्रयोगेण वीर्यविशेषसंज्ञितेन समाकृष्य कालप्राप्तेन दलिकेन सहानुभूयते सोऽसम्प्राप्त्युदयः। (कर्मप्र. मलय. वृ. २६, पृ. ४३; कर्मप्र. यशो. वृ. २६, पृ. ४४)।

२ जो कर्मदलिक उदय को प्राप्त नहीं हुआ है उसका वीर्यविशेषरूप उदीरणा के प्रयोग से अपकर्षण करके उदयप्राप्त दलिकके साथ वेदन करना, इसका नाम असंप्राप्त उदय है।

असंबद्धप्रलाप — १. धर्मार्थ-काम-मोक्षाऽसम्बद्धा वाग् असबद्धप्रलापः। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५)। २. धम्मत्थ-काम-मोक्खाऽसम्बद्धवयमसबद्धालाओ। (अंगपण्णत्ती पृ. २६२)।

१ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से असम्बद्ध वचनों को असम्बद्धप्रलाप कहते हैं।

असंभव—१. बाधितलक्ष्यवृत्त्यसम्भवि। (न्यायदी. पृ. ६)। २ लक्ष्ये त्वनुपपन्नत्वमसभव इतीरितः। (मोक्षपं. १७)।

जो लक्षण लक्ष्य में ही न रहता हो उसे असम्भवी कहते हैं। असम्भव नाम भी इसी लक्षणदोष का है।

असंयत—१. असजदो णाम कध भवदि? सजमघादीण कम्माणमुदएण। (षट्खं. २, १, ५४–५५ पु. ७, पृ. ६५)। २. चारित्रमोहस्य सर्वघातिस्पर्धकस्योदयात् असयत औदयिक.। (स. सि. २–६; त. सुखबो. २–६; त. वृत्ति श्रुत. २–६)। ३. जीवा चउदसभेया इंदियविसया य अट्ठवीस तु। जे तेसु णेव विरया असजया ते मुणेयव्वा॥ (प्रा. पचसं. १–१३७; धव. पु १, पृ ३७३ उ.)। ४. चारित्रमोहोदयादनिवृत्तिपरिणामोऽसंयतः। चारित्रमोहस्य सर्वघातिस्पर्धकोदयात् प्राण्युपघातेन्द्रियविषये द्वेषाभिलाषनिवृत्तिपरिणामरहितोऽसयत औदयिकः। (त. वा. २, ६, ६)। ५. सज्वलनवर्जकषायद्वादशकोदयादसयतत्वमेकरूपम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. २–६)। ६. वृत्तिमोहोदयात् पुसोऽसयतत्व प्रचक्ष्यते। (त. श्लो. २, ६, १०)। ७. महता तपसा युक्तो मिथ्यादृष्टिरसयतः। (वरांग. २६–६७)।

४ चारित्रमोहनीय कर्म के सर्वघाती स्पर्धकों के उदय से प्राणिहिंसा और इन्द्रियविषयों में क्रम से द्वेष और अभिलाषा की निवृत्तिरूप परिणाम का न होना, इसका नाम असंयत है।

असंयतसम्यग्दृष्टि—१. सम्यक्त्वोपेतश्चारित्रमोहोदयादि(दा)पादिताविरतिरसंयतसम्यग्दृष्टिः। औपशमिकेन क्षायोपशमिकेन क्षायिकेण वा सम्यक्त्वेन समन्वितश्चारित्रमोहोदयादत्यन्तमविरतिपरिणामप्रवणोऽसंयतसम्यग्दृष्टिरिति व्यपदिश्यते। (त. वा. ६, १, १५)। २. वृत्तमोहस्य पाकेन जनिताविरतिर्भवेत्। जीव सम्यक्त्वसयुक्त. सम्यग्दृष्टिरसयतः॥

(त. सा. २–२१)। ३. पाकाच्चारित्रमोहस्य व्यस्त-प्राप्यत्वसंयमः। त्रिष्वेकतमसम्यक्त्वः सम्यग्दृष्टिरसयतः ॥ (पंचसं. अमित. ६–२३)।

१ सम्यग्दर्शन से युक्त होकर जो चारित्रमोहनीय के उदय से संयमभाव से विहीन है, उसे असंयतसम्यग्दृष्टि कहते हैं।

असंयम—१. असंयमो ह्यविरतिलक्षणः। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. ७४०)। २. प्राणातिपातादिलक्षणोऽसंयमः। (आव. हरि. वृ. ११०६, पृ. ५१६))। ३. छक्कायवहो मण-इंदियाण अजमो असजमो भणिओ। इति बारसहा × × ×॥ (पंचसं. च. ४–३)। ४. षट्कायवधो मनइन्द्रियाणामयमोऽसंयमो भणित इति द्वादशधा। (पंचसं. स्वो. वृ. ४–३)। ५ प्राणिघाताक्षविषयभावेन स्यादसयमः। (त. सा. २–८५)। ६. षण्णा कायाना पृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पति-त्रसल्लक्षणाना वधो हिंसा, तथा मनसोऽन्त करणस्येन्द्रियाणा च श्रोत्रादीनां पञ्चानां स्व-स्वविषये यथेच्छ प्रवर्तमानानामयमोऽनियन्त्रणमिति, एवममुना प्रकारेण द्वादशधा द्वादशप्रकारोऽसयमोऽविरतिरूपो भणित.। (पंचसं. मलय. वृ. ४–३)। ७. व्रताभावात्मको भावो जीवस्यासयमो मत.। (पचाध्यायी २–११३३)।

३ षट्काय जीवों का घात करने तथा इन्द्रिय और मन के नियन्त्रित न रखने का नाम असंयम है।

असंविग्न—असविग्नाः शिथिलाः पार्श्वस्थादयः। (बृहत्क, वृ. ४२१)।

पार्श्वस्थ आदि शिथिलाचारी साधुओं को असंविग्न कहते हैं।

असंवृतबकुश—प्रकटकारी तु असंवृतबकुशः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–४९; प्रव. सारो. वृ. ७२४; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३–५६, पृ. १२५)।

जो शरीर व उपकरणों की विभूषा आदि को प्रगट में किया करते हैं, ऐसे साधुओं को असंवृतबकुश कहते हैं।

असंसार—अनागतिरसंसारः शिवपदपरमामृतसुखप्रतिष्ठा। (त. वा. ९, ७, ३)।

आगति—संसार परिभ्रमण—से रहित होकर मुक्ति के सर्वोत्कृष्ट सुख में प्रतिष्ठित होना, यह आत्मा की असंसार (सिद्ध) अवस्था है।

असंसारसमापन्नजीवप्रज्ञापना — न संसारोऽससारो मोक्षस्तं समापन्ना मुक्तास्ते च ते जीवाश्च तेषां प्रज्ञापना। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १–५)।

मोक्ष को प्राप्त हुए सिद्ध जीवों की प्रज्ञापना अर्थात् प्ररूपणा करने को असंसारसमापन्नजीवप्रज्ञापना कहते हैं।

असंस्कृत (असंखय)—उत्तरकरणेण कयं जं किंची सखयं तु नायव्वं। सेसं असंखय खलु असंखयस्सेस निज्जुत्ती ॥ (उत्तरा. नि. १८२)।

अपने कारणों से उत्पन्न घटादि के उत्तरकाल में विशेषाधानस्वरूप उत्तरकरण के द्वारा जो निर्मित होता है उसे संस्कृत कहते हैं। इसको छोड़कर शेष सब असंस्कृत कहे जाते हैं।

असंहार्यमति—संहार्या क्षेप्या परकीयागमप्रक्रियाभिरसमञ्जसाभिर्बुद्धिर्यस्यासौ सहार्यमतिः, न सहार्यमतिरसहार्यमतिर्भगवदर्हत्प्रणीततत्त्वश्रद्धा। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–१८)।

जिसकी अर्हदुपदिष्ट तत्त्वों पर श्रद्धा हो तथा जिसकी बुद्धि असमीचीन मिथ्यादृष्टियों की आगम-प्रक्रियाओं से अपहृत नहीं की जा सकती है उसे असंहार्यमति कहते हैं।

असात—१. असाद दुक्ख। (धव. पु. ६, पृ. ३५)। २. अनारोग्यादिजनित दुःखमसातम्। (शतक. मल. हेम. वृ. ३७, पृ. ४५)।

२ रोग आदि के होने से जो पीड़ा होती है उसका नाम असात है।

असातवेदनीय—१. परितापरूपेण यद्वेद्यते तदसातवेदनीयम्। (श्रा. प्र. टी. १४, धर्मसंग्रहणी मलय. वृ. ६११)। २. यदुदयान्नरकादिगतिषु शारीर-मानसदुःखानुभवनं तदसातवेदनीयम्। (मूला. वृ १२-१८९)। ३. असाद दुक्खम्, त वेदावेदि भुजावेदि त्ति असाददेवणीय। (धव. पु. ६, पृ. ३५)। ४. अनारोग्यादिजनित दुःखमसातम्, तद्रूपेण विपाकेन वेद्यते इत्यसातवेदनीयम्। (शतक. मल. हेम. वृ. ३७, पृ ४५)। ५ यस्योदयात् पुनः शरीरे मनसि च दुःखमनुभवति तदसातवेदनीयम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–२९३, पृ. ४६७)। ६. दुःखकारणेन्द्रियविषयानुभवन कारयत्यरतिमोहनीयोदयबलेन तदसातवेदनीयम्। (गो. क. जी प्र. टी. २५)।

१ जिस कर्म का वेदन– अनुभवन– परिताप के साथ किया जाता है उसे असातवेदनीय कहते हैं।

असातसमयप्रबद्ध—अकम्मसरूवेण ट्ठिदा पोग्गला असादकम्मसरूवेण परिणदा जदि होंति, ते असाद-समयपबद्धा णाम। (धव. पु. १२, पृ ४८६)।

असातस्वरूप से स्थित पुद्गल जब असातावेदनीय कर्म के स्वरूप से परिणत होते हैं तब उनका नाम असातसमयप्रबद्ध होता है।

असातावेदनीय— असादं दुक्खं, तं वेदावेदि भुंजावेदि त्ति असादावेदणीय। (धव. पु. ६, पृ ३५); जीवस्स सुहसहावस्स दुक्खुप्पायय दुक्खपसमण-हेदुदव्वाणमवसारयं च कम्ममसादावेदणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५७)।

असाताका अर्थ दुःख होता है, उस दुःख का जो वेदन कराता है उसे असातावेदनीय कर्म कहते हैं।

असामान्य स्थिति—एक्कम्हि ट्ठिदिविसेसे जम्हि समयपबद्धसेसयमत्थि सा ट्ठिदी सामण्णा त्ति णाद-व्वा। जम्हि णत्थि सा ट्ठिदी असामण्णा त्ति णाद-व्वा। (कसायपा. चू. पृ. ८३५)।

जिस स्थितिविशेष में समयप्रबद्ध शेष नहीं पाये जाते हैं उसे असामान्य स्थिति कहते हैं।

असावद्य कर्मार्य — असावद्यकर्मार्याः संयताः, कर्मक्षयार्थोद्यतविरतिपरिणतत्वात्। (त. वा. ३, ३६, २)। २. असावद्यकर्मार्यास्तु यतयः। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

असि-मषी आदि सावद्य कर्मों से रहित होकर कर्म-क्षयजनक विरति में परिणत हुए मुनियों को असा-वद्यकर्मार्य कहते हैं।

असिकर्मार्य — १. असिधनुरादिप्रहरणप्रयोग-कुशला असिकर्मार्याः। (त. वा. ३, ३६, २)। २. असि-तरवारि-वसुनन्दक-धनुर्बाण-छुरिका-कट्टा-रक-कुन्त-पट्टिश-हल-मुशल-गदा-भिंडिमाल- लोहघन-शक्ति-चक्रायुधचञ्चवः असिकर्मार्याः उच्यन्ते। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६, पृ. ३६६)।

१ खड्ग व धनुष आदि शस्त्रों के प्रयोग करने में कुशल आर्यों को असिकर्मार्य कहते हैं।

असिद्ध—सशयादिव्यवच्छेदेन हि प्रतिपन्नमर्थस्वरूप सिद्धम्, तद्विपरीतमसिद्धम्। (प्र. क. मा. ३–२०, पृ. ३६६)।

जिसका स्वरूप प्रमाण से सिद्ध न हो, ऐसे पदार्थ (साध्य) को असिद्ध कहते हैं।

असिद्धत्व—१. कर्मोदयसामान्यापेक्षोऽसिद्धः। अना-दिकर्मबन्धसन्तानपरतंत्रस्यात्मनः कर्मोदयसामान्ये सति असिद्धत्वपर्यायो भवतीत्यौदयिकः। (त. वा. २, ६, ७; त. सुखबो. २–६)। २. असिद्धत्तं अट्ठ-कम्मोदयसामण्ण। (धव. पु. ५, पृ. १८६); अघाइकम्मचउक्कोदयजणिदमसिद्धत्त णाम। (धव. पु. १४, पृ. १३)। ३. कर्ममात्रोदयादेवासिद्धत्वम्। (त. श्लो. २, ६, १०)।

१ कर्मसामान्य का उदय होने पर जो जीव की अवस्थाविशेष होती है उसका नाम असिद्धत्व है।

असिद्धहेत्वाभास — १ असिद्धस्त्वप्रतीतो यः ×××। (न्यायावतार, २३)। २. अन्यथा च सभूष्णुरसिद्ध। (सिद्धिवि. स्वो. वृ. ६–३२, पृ. ४३०, पं. ३)। ३. असत्सत्तानिश्चयोऽसिद्धः। (परीक्षा. ६-२२)। ४. यस्यान्यथानुपपत्तिः प्रमाणेन न प्रतीयते सोऽसिद्धः। (प्र. न. त. ६–४८)। ५. नासन्ननिश्चितसत्त्वो वान्यथानुपपन्न इति सत्त्वस्या-सिद्धो सन्देहे वाऽसिद्धः। (प्रमाणमी. २, १, १७)। ६. अनिश्चितपक्षवृत्तिरसिद्ध। (न्यायदी. ३, पृ. ८६); अनिश्चियपथप्राप्तोऽसिद्धः। (न्यायदी. पृ. १००)।

६ पक्ष में जिस हेतु के रहने का निश्चय न हो उसे असिद्धहेत्वाभास कहते हैं।

असुखकरुणा—असुखं सुखाभाव, यस्मिन् प्राणिनि दुःखिते सुख नास्ति तस्मिन् याऽनुकम्पा लोकप्रसिद्धा आहार-वस्त्र-शयनासनादिप्रदानलक्षणा सा द्वितीया। (षोडशक वृ. १३–६)।

जिनके सुख नहीं, ऐसे दुखी प्राणियों पर अनुकम्पा या दया के करने को असुखकरुणा कहते हैं।

असुर —१. देवगतिनामकर्मविकल्पस्यासुरत्वसवर्त-नस्य उदयादस्यन्ति परानित्यसुराः। (स. सि. ३–५; त. वा. ३, ५, २; त. वृत्ति श्रुत. ३-५; त. सुखबो. ३–५)। २. तत्र अहिंसाद्यनुष्ठानरतयः सुरा नाम। तद्विपरीताः (हिंसाद्यनुष्ठानरतयः) असुराः। (धव. पु. १३, पृ. ३९१)।

२ जिनका स्वभाव अहिंसा आदि के अनुष्ठान में अनुराग रखने वाले सुरों से विपरीत होता है उनका नाम असुर है।

असुरकुमार—१. गम्भीराः श्रीमन्तः काला महा-काया रत्नोत्कटमुकुटभास्वराश्चूडामणिचिह्ना असुर-कुमाराः। (त. भा. ४–११)। २. असुरकुमारास्त-

भाविचनामकर्मोदयाम्निचितशरीरावयवाः सर्वांगोपांगेषु परमलावण्याः कृष्णरुग्मयो रत्नोत्कटमुकुटभास्वरा महाकायाः। (संग्रहणी देवभद्र वृ. १७)। ३. असुरकुमारा भवनवासिनश्चूडामणिमुकुटरत्नाः। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, १, ११७)। ४. अस्यन्ति क्षिपन्ति देवान् सुरान् ते असुराः कुमाराकाराः, कुमारवत् क्रीडाप्रियत्वाच्च कुमाराः, ते च ते कुमाराश्च असुरकुमाराः। (बृहत्क्षे. वृ. २)।

१ जो भवनवासी देव गम्भीर, शोभासम्पन्न, कर्म से कृष्ण, महाकाय और अपने मुकुट में चूडामणि रत्न को धारण करते हैं उन्हें असुरकुमार कहते हैं।

असूया—१. असूया क्रोधपरिणाम एव। यथाऽयं ते पिता गतासुकस्तनुः। (त. भा. हरि. वृ. ६–१)। २. असूया क्रोधविशेष एव। यथा—राजपत्न्यभिरतोऽयम्, तथापि शुद्धवृत्तमात्मनं मन्यते इति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–१)। ३. गुणेषु दोषाविष्करणं ह्यसूया। (स्या. मं. टी. ३)।

२ विशेष प्रकार के क्रोध का नाम असूया है। जैसे—राजपत्नी में रत होता हुआ भी यह अपने को सदाचारी मानता है। ३ दूसरे के गुणों में दोषों के निकालने को असूया कहते हैं।

असृज्—असृग् रक्तं रससम्भवो धातुः। (योगशा. स्वो. विव. ४–७२)।

रस से उत्पन्न होने वाली रक्तरूप धातु का नाम असृज् है।

अस्ति-अवक्तव्यद्रव्य—१. सब्भावे आइट्ठो देसो देसो य उभयहा जस्स। तं अत्थि अवत्तव्वं च होइ दविय वियप्पवसा। (सम्मति. ३, १, ३८ पृ. ४४६)। २. स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैर्युगपत्स्व-परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैश्चादिष्टमस्ति चावक्तव्यं च द्रव्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४)।

२ स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव के साथ ही युगपत् स्व-परद्रव्यादिचतुष्टय से विवक्षित द्रव्य को अस्ति-अवक्तव्य कहते हैं।

अस्तिकाय—१. जेसिं अत्थि-सहाओ गुणेहिं सह पज्जएहिं विविहेहिं। ते होंति अत्थिकाया णिप्पण्णं जेहिं तइलुक्कं॥ (पंचा. का. ५)। २. प्रदेशप्रचयो हि कायः, स एषामस्ति ते अस्तिकायाः जीवादयः पञ्चैवोपदिष्टाः। (त. वा. ४, १४, ५)। ३. संति जदो तेणेदे अत्थि त्ति भणंति जिणवरा जम्हा। काया इव बहुदेसा तम्हा काया य अत्थिकाया य। (द्रव्यसं. २४)। ४. अस्तयः प्रदेशास्तेषां कायः सघातः अस्तिकायः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ४१; प्रज्ञाप. मलय. वृ. १–३; जीवाजी. मलय. वृ. ४)।

१ जिनका गुणों और अनेक प्रकार की पर्यायों के साथ अस्ति स्वभाव है—अभेद या तद्रूपता है—वे अस्तिकाय कहलाते हैं।

अस्तित्व—१. अस्तित्वं भावानां मौलो धर्मः सत्तारूपत्वम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. २–७)। २. तत्रास्तित्वं परिज्ञेयं सद्भूतत्वगुणः पुनः। (द्रव्यानु. ११–२)।

१ पदार्थों के सत्तारूप मौलिक धर्म का नाम अस्तित्व है। यह जीवादि पदार्थों का साधारण अनादि पारिणामिक भाव है।

अस्तिद्रव्य— स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैरादिष्टमस्तिद्रव्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४)।

स्वद्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा से विवक्षित द्रव्य को अस्तिद्रव्य (कथंचित् द्रव्य है) कहते हैं।

अस्ति-नास्ति-अवक्तव्यद्रव्य—१. सब्भावाऽसब्भावे देसो देसो य उभयहा जस्स। तं अत्थि णत्थि अवत्तव्वयं च दविय वियप्पवसा॥ (सम्मति. ३, १, ४० पृ. ४४७)। २. स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैः परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैश्च युगपत्स्व-परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैश्चादिष्टमस्ति च नास्ति चावक्तव्यं च द्रव्यम्॥ (पंचा. का. अमृत. वृ. १४)।

२ स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव और परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से क्रमशः तथा स्व और पर द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव से युगपत् विवक्षित द्रव्य को अस्ति-नास्ति-अवक्तव्यद्रव्य कहते हैं।

अस्ति-नास्तिद्रव्य—१. अह देसो सब्भावे देसोऽसब्भावपज्जवे णियओ। तं दवियमत्थि णत्थि य आएसविसेसियं जम्हा॥ (सम्मति. ३, १, ३७ पृ. ४४६)। २. स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैः परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावैश्च क्रमेणादिष्टमस्ति च नास्ति च द्रव्यम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. १४)।

२ स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव और परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की अपेक्षा क्रम से विवक्षित द्रव्य को अस्ति-नास्तिद्रव्य कहते हैं।

अस्ति-नास्तिप्रवादपूर्व—१. पञ्चानामस्तिकाया-नामर्थो नयानां चानेकपर्यायैरिदमस्तीव नास्तीति च कार्त्स्न्येन यत्रावभासितं तदस्ति-नास्तिप्रवादम् । अथवा षण्णामपि द्रव्याणां भावाभावपर्यायविधिना स्व-परपर्यायाभ्यामुभयनयवशीकृताभ्यामर्पितानर्पित-सिद्धाभ्यां यत्र निरूपणं तदस्ति-नास्तिप्रवादम् । (त. वा. १, २०, १२) । २. अत्थिणत्थिपवादं णाम पुव्वं अट्ठारसण्हं वत्थूणं १८ सट्ठितिसदपाहुडाणं ३६० सट्ठिलक्खपदेहि ६०००००० जीवाजीवाणं अत्थि-णत्थित्तं वण्णेदि । (धव. पु. १, पृ. ११५); षण्णामपि द्रव्यणां भावाभावपर्यायविधिना स्व-पर-पर्यायाभ्यामुभयनयवशीकृताभ्यामर्पितानर्पितसिद्धाभ्यां यत्र निरूपणं षष्ठिपदशतसहस्रैः ६०००००० क्रियते तदस्तिनास्तिप्रवादम् । (धव. पु. ६, पृ. २१३) । ३. अत्थि-णत्थिपवादो सव्वदव्वाणं सरूवादिच-उक्केण अत्थित्त पररूवादिचउक्केण णत्थित्त च परू-वेदि । विहि-पडिसेहधम्मे णयगहणलीणे णाणादुण्ण-यणिराकरणदुवारेण परूवेदि त्ति भणिद होदि । (जयध. १, पृ. १४०) । ४. यद्यथा लोके अस्ति नास्ति च तथत्र तथोच्यते तदस्ति-नास्तिप्रवादम् । (समवा. अभय. वृ. १४); यल्लोके यथास्ति यथा वा नास्ति, अथवा स्याद्वादाभिप्रायतः तदेवास्ति नास्ति वेत्येव प्रवदतीत्यस्ति-नास्तिप्रवादम् । (समवा. अभय. वृ. १८) । ५. षष्टिलक्षपद षट्पदार्थानामनेक-प्रकारैरस्तित्व-नास्तित्वधर्मसूचकमस्ति-नास्तिप्रवा-दम् । (श्रुतभ. टी. ११) । ६. जीवादिवस्तु अस्ति नास्ति चेति प्रकथक षष्ठिलक्षपदप्रमाणं अस्ति-नास्तिप्रवादपूर्वम् । (त. वृत्ति श्रुत. १–२०) । ७. सिय अत्थि-णत्थिपमुहा तेसिं इह रूवणं पवादो त्ति । अत्थि यदो तो वम्मा (?) अत्थि-णत्थिपवादपुव्व च ।। (अंगप. २–५२, पृ. २८६) ।

२ भाव पर्याय व अभाव पर्याय विधि से जिस पूर्व-श्रुत में द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक इन उभय नयों के आश्रित स्व पर्याय और पर पर्याय—स्व-परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव—से विवक्षा के अनुसार छहों द्रव्यों की प्ररूपणा की जाती है उसे अस्ति-नास्तिप्रवादपूर्व कहते हैं । उसके पदों की संख्या साठ लाख है ।

अस्तिस्वभाव—अस्तिस्वभाव आम्नातः स्वद्रव्या-दिग्रहे नये । (द्रव्यानु. १३–१) ।

स्वद्रव्य-क्षेत्रादि के द्वारा वस्तु के अस्तित्व के ग्रहण करने वाले नयका विषय अस्तिस्वभाव है ।

अस्तेयमहाव्रत—१. क्षेत्रे पथि कले वापि स्थितं नष्टं च विस्मृतम् । हार्यं न हि परद्रव्यमस्तेयव्रत-मुच्यते । (वरांग. १५–११४) । २. अनादानमद-त्तस्याऽस्तेयव्रतमुदीरितम् । (त्रि. श. पु. च. १, ३, ६२४) । ३. सकलस्याप्यदत्तस्य ग्रहणाद् विनिवर्त-नम् । सर्वथा जीवन यावत् तदस्तेयव्रत मतम् । (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ३, ४२, पृ. १२४) ।

१ खेत, मार्ग और कल (कीचड़) आदि में स्थित, नष्ट और विस्मृत दूसरे की वस्तु के ग्रहण न करने को अस्तेयव्रत कहते हैं ।

अस्त्रमुद्रा—दक्षिणकरेण मुष्टिं बद्ध्वा तर्जनी-मध्यमे प्रसारयेत् इति अस्त्रमुद्रा । (निर्वाणक. पृ. ३१) ।

दाहिने हाथ से मुट्ठी बांधकर तर्जनी और मध्यमा अंगुलियों के फैलाने को अस्त्रमुद्रा कहा जाता है ।

अस्थि—××× अस्थि कीकसं मेदसम्भवम् । (योगशा. स्वो. विव. ४–७२) ।

मेदा से उत्पन्न होने वाली कीकस (हड्डी) धातु को अस्थि कहते हैं ।

अस्थितिकरण— परीषहोपसर्गाभ्यां सन्मार्गाद् भ्रश्यतां नृणाम् । स्वशक्तौ न स्थितिं कुर्यादस्थिती-करण मतम् ।। (धर्मसं. श्रा. ४–५०) ।

परीषह और उपसर्ग आदि से पीड़ित होकर सन्मार्ग से भ्रष्ट होने वाले मनुष्यों को अपनी शक्ति के होने पर भी उसमें स्थिर नहीं करना अस्थितिकरण दोष कहलाता है ।

अस्थिरनाम—१. तद्विपरीतं (अस्थिरभावस्य निर्वर्तकम्) अस्थिरनाम । (स. सि. ८–११; त. भा. ८–१२; त. वा. ८, ११, ३५; त. श्लो. ८, ११) । २. तद्विपरीतमस्थिरनाम । यदुदयादीषदुप-वासादिकरणात् स्वल्पशीतोष्णादिसम्बन्धाच्च अङ्गो-पाङ्गानि कृशीभवन्ति तदस्थिरनाम । (त. वा. ८, ११, ३५) । ३. यदुदयात्तदवयवानामेव (शरीरावय-वानामेव) चलता भवति कर्ण-जिह्वादीनाम् । (श्रा. प्र. टी. २३) । ४. जस्स कम्मस्स उदएण रस-रुहिर-मास-मेद-मज्जट्ठि-सुक्काणं परिणामो होदि तमथिरं णाम । (धव. पु. ६, पृ. ६३); जस्स कम्मस्सुदएण रसादीणमुवरिमधादुसरूवेण परिणामो होदि तमथिरं णाम । (धव. पु. १३, पृ. ३६५) । ५. अस्थिरना-

सोदयात्स्थिराणि जीवानामङ्गोपाङ्गानि भवन्ति। (पंचसं. स्वो. वृ. ३–६)। ६. अस्थिरनामापि शरीरावयवानामेव, यदुदयादस्थिरता चलता मृदुता भवति कर्ण-त्वगादीनां तदस्थिरनामेति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१२)। ७. चलभावनिवर्तकमस्थिरनाम। (भ. आ. विजयो. टी. २१२४)। ८. जीहा-भमुहाईण अंगावयवाण जस्स उदएणं। निप्फत्ती उ सरीरे जायइ तं अथिरनामं तु। (कर्मवि. गर्ग. १४१, पृ. ५७)। ९. यदुदयाद् [अस्थ्यादयः शरीरावयवाः] जिह्वादिवदस्थिरा भवन्ति तदस्थिरनाम। (कर्मस्तव गो. वृ. ९–१०, पृ. ८७)। १०. यतश्च भ्रू-जिह्वादीनामस्थिराणा निष्पत्तिर्भवति तदस्थिरनाम। (समवा. अभय. वृ. ४२)। ११. यदुदयात् एतेषां रसादिसप्तधातूनामस्थिरत्वमुत्तरोत्तरपरिणामो भवति तदस्थिरनाम। (मूला. वृ. १२–१९६)। १२. यदुदये जीवस्यास्थिरा ग्रीवादयो भवन्ति तदस्थिरनाम। (कर्मवि. पू. व्या. ७५, पृ. ३३)। १३. यस्योदयादीषदुपवासादिकरणे स्वल्पशीतोष्णादिसम्बन्धाद्वाऽङ्गोपाङ्गानि कृशीभवन्ति तदस्थिरनाम। (त. सुखबो. वृ. ८–११)। १४. यदुदयवशाज्जिह्वादीनामवयवानामस्थिरता भवति तदस्थिरनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३–१९३, पृ. ४७४; धर्मसंग्रहणी मलय. वृ. ६२०; षष्ठ कर्म. मलय. वृ. ६; पंचसं. मलय. वृ. ३–८, पृ. ११७; प्रव. सारो. वृ. १२६५)। १५. यदुदयेन भ्रू-जिह्वाद्यवयवा अस्थिरा भवन्ति तदस्थिरनाम। (शतक. मल. हेम. वृ. ३७–३८, पृ. ५०; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ५०, पृ. ५८)। १६. जिह्वा-भ्रूप्रभृतीनामंगावयवाना यस्य कर्मण उदयान्निष्पत्तिः (पुनः) शरीरे जायते तत् अस्थिरनाम। (कर्मवि. परमा. व्या. वृ. १४१, पृ. ५८)। १७. धातूपधातूनां स्थिरभावेनानिवर्तन यतस्तदस्थिरनाम। (गो. क. जी. प्र. टी. ३३)। १८. अस्थिरभावकारकमस्थिरनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)। १९. तद्विपरीतमस्थिरनाम, यदुदयाज्जिह्वादीना शरीरावयवानामस्थिरता। (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ७–८)।

२. जिसके उदय में कुछ उपवास आदि के करने से तथा थोड़े शीत या उष्णता के सम्बन्ध से अंग-उपांग कृशता को प्राप्त होते हैं उसे अस्थिर नामकर्म कहते हैं। ३ जिस कर्म के उदय से शरीर के कान व जीभ आदि अवयवों में अस्थिरता या चंचलता हो उसे अस्थिर नामकर्म कहते हैं।

अस्नानव्रत (अण्हाण)—१. ण्हाणादिवज्जणेण य विलित्तजल्ल-मल-सेदसव्वंग। अण्हाण घोरगुण संजमदुगपालयं मुणिणो॥ (मूला. १–३१)। २. संयमद्वयरक्षार्थं स्नानादेर्वर्जन मुनेः। जल्ल-स्वेदमलालिप्तगात्रस्यास्नानता स्मृता॥ (आचा. सा. १–४३)।

१ शरीर के जल्ल (सूखा मैल), मल और पसीना से लिप्त होने पर भी इन्द्रियसंयम और प्राणिसंयम की रक्षा के लिए स्नान के सर्वथा परित्याग को अस्नानव्रत कहते हैं। यह मुनि के २८ मूलगुणों में से एक है।

अहंकार—१. अहंकृतिरहंकारोऽहमस्य स्वामीति जीवपरिणामः। (युक्त्यनु. टी. ५२, पृ. १३२)। २. ये कर्मकृता भावाः परमार्थनयेन चात्मनो भिन्नाः। तत्रात्माभिनिवेशोऽहंकारोऽहं यथा नृपतिः॥ (तत्त्वानु. १५)। ३. अहंकारोऽहमेव रूपसौभाग्यसम्पन्न इति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१०)। ४. कर्मजनितदेह-पुत्र-कलत्रादौ ममेदमिति ममकारस्तत्रैवाभेदेन गौर-स्थूलादिदेहोऽहं राजाहमित्यहंकारलक्षणमिति। (बृ. द्रव्यसं. टी. ४१)।

२ जो कर्मजनित भाव वस्तुतः आत्मा से भिन्न हैं उनमें अपनेपन का जो दुराग्रह होता है उसका नाम अहंकार है।

अहर्निश — अहोरात्रमष्टप्रहरात्मकमहर्निशम्। (आव. नि. हरि. वृ. ६६३)।

आठ पहरों के समुदायरूप दिन-रात को अहर्निश कहते हैं।

अहिंसा—अप्रादुर्भावः खलु रागादीनां भवत्यहिंसेति। (पु. सि. ४४)।

रागादि भावों की अनुद्भूति या अनुत्पत्ति को अहिंसा कहते हैं।

अहिंसाणुव्रत—१. सङ्कल्पात् कृतकारितमननाद्योगत्रयस्य चरसत्त्वान्। न हिनस्ति यत्तदाहुः स्थूलवधाद् विरमण निपुणाः॥ (रत्नक. श्लो. ५३)। २. त्रसप्राणिव्यपरोपणान्निवृत्तोऽगारीति आद्यमणुव्रतम्। (स. सि. ७–२०)। ३. प्राणातिपाततः स्थूलाद्विरतिः। (पद्मच. १४–१८४)। ४. द्वीन्द्रियादिव्यपरोपणान्निवृत्तः। द्वीन्द्रियादीनां जङ्गमानां प्राणिनां व्यपरोपणात् त्रिधा निवृत्तः अगारीत्याद्य-

अणुव्रतम् । (त. वा. ७, २०, १)। ५. देवतातिथि-प्रीत्यर्थं मंत्रौषधिभयाय च। न हिंस्याः प्राणिनः सर्वे अहिंसा नाम तद्व्रतम् ॥ (वराङ्ग. १५-११२)। ६. त्रसस्थावरकायेषु त्रसकायाऽपरोपणात्। विरतिः प्रथमं प्रोक्तमहिंसाख्यमणुव्रतम् ॥ (ह. पु. ५८-१३८)। ७. वावरेइ सवओ अप्पाण समं परं पि मण्णतो। णिदण-गरहणजुत्तो परिहरमाणो महारंभे ॥ तसघाद जो ण करदि मणवयकाएहिं णेव कारयदि। कुव्वंत पि ण इच्छदि पढमवय जायदे तस्स ॥ (कार्तिके. ३३१-३२)। ८. अणुव्रतं द्वीन्द्रियादीना जङ्गमप्राणिनां प्रमत्तयोगेन प्राणव्यपरोपणान्मनोवाक्कायैश्च निवृत्तः। (चा. सा. पृ. ४)। ९. शुद्धीन्द्रियाणि भेदेषु चतुर्धा त्रसकायिकाः। विज्ञाय रक्षणं तेषामहिंसाणुव्रतं मतम् ॥ (सुभा. सं. ७६४)। १०. शान्ताद्यष्ट-कषायस्य सङ्कल्पैर्नवभिस्त्रसान्। अहिंसतो दयार्द्रस्य स्यादहिंसेत्यणुव्रतम् ॥ (सा. ध. ४-७)। ११. देवय-पियर-णिमित्तं मंतोसहिजंतभयणिमित्तेण। जीवा ण मारियव्वा पढमं तु अणुव्वयं होइ ॥ (ध. र. १४३)। १२. योगत्रयस्य सम्बन्धात् कृतानुमतकारितैः। न हिनस्ति त्रसान् स्थूलमहिंसाव्रतमादिमम् ॥ (भावसं. वाम. ४५२)। १३. देवता-मन्त्रसिद्ध्यर्थं पर्वण्यौषधि-कारणात्। न भवन्त्यङ्गिनो हिंस्याः प्रथमं तदणु-व्रतम् ॥ (पूज्य. उपा. २३)। १४. त्रसानां रक्षणं स्थूलदृष्टसंकल्पनागसाम् (?)। नि.स्वार्थं स्थावरा-णां च तदहिंसाव्रतं मतम् ॥ (धर्मसं. श्रा. ६-८)। १५. त्रसहिंसापरित्यागलक्षणोऽणुव्रताऽऽह्वये। (लाटीसं. ५-२६१)। १६. निरागो द्वीन्द्रियादीनां संकल्पाच्चानपेक्षया। (धर्मसं. मान. २-२५, पृ. ५७)।

१ मन, वचन और काय से तथा कृत, कारित और अनुमोदना से त्रस जीवों की सांकल्पिक हिंसाका परित्याग करने को अहिंसाणुव्रत कहते हैं।

अहिंसामहाव्रत—१. कुल-जोणि-जीव-मग्गण-ठाणा-इसु जाणिऊण जीवाणं। तस्सारंभणियत्तणपरिणामो होइ पढमवदम् ॥ (नि. सा. ५६)। २. कायेंदिय-गुण-मग्गण-कुलाउ-जोणीसु सव्वजीवाणं। णाऊण य ठाणाइसु हिंसाविवज्जणमहिंसा ॥ (मूला. १-५); एइंदियादिपाणा पंचविधाऽवज्जभीरुणा सम्मं। ते खलु ण हिंसिदव्वा मण-वचि-कायेण सव्वत्थ ॥ (मूला. ५-९२)। ३. हिंसानृत-स्तेयाब्रह्म-परिग्रहेभ्यो वि-रतिर्व्रतम् ॥ देश-सर्वतोऽणुमहती ॥ (त. सू. ७, १-२)। ४. पढमे भंते महव्वए पाणाइवायाओ वेर-मण सव्वं भंते × × × पढमे भंते महव्वए उवट्ठिओमि सव्वाओ पाणाइवायाओ वेरमणं। (दशवै. सूत्र ४-३, पृ. १४४)। ५. पढमे भंते महव्वए उवट्ठिओमि सव्वाओ पाणाइवायाओ वेरमण। (पाक्षिकसूत्र पृ. १८)। ६. अहिंसा नाम पाणातिवायविरती। (दशवै. चू. पृ. १५); सा य अहिंसाइ वा अज्जीवाइवातो त्ति वा पाणातिपातविरइ त्ति वा एगट्ठा। (दशवै. चू. पृ. २०)। ७. क्रियासु स्थानपूर्वासु वधादिपरि-वर्जनम्। षण्णां जीवनिकायानामहिंसाऽऽद्य महा-व्रतम् ॥ (ह. पु. २-११७)। ८. प्राणिवियोगकरणं प्राणिन· प्रमत्तयोगात् प्राणवधः, ततो विरतिरहिंसा-व्रतम् (भ. आ. विजयो. टी. ४२१, पृ. ६१४)। ९. अप्रतिपीड्या· सूक्ष्मजीवाः, बादरजीवानां गत्या-दिमार्गणा-गुणस्थान-कुल-योन्याऽऽयुष्यादिकं ज्ञात्वा गमनस्थान-शयनासनादिषु स्वयं न हननम्, परैर्वा नं घातनम्, अन्येषामपि हिंसतां नानुमोदन हिंसाविरतिः (अहिंसामहाव्रतम्)। (चा. सा. पृ. ४०)। १०. सत्याद्युत्तरनिःशेषयमजातनिबन्धनम्। शीलैश्व-र्याद्यधिष्ठानमहिंसाख्यं महाव्रतम् ॥ वाक्-चित्त-तनुभिर्यत्र न स्वप्नेऽपि प्रवर्तते। चर-स्थिराऽङ्गिनां घातस्तदाद्यं व्रतमीरितम् ॥ (ज्ञानार्णव ८, ७-८)। ११. प्रमादोऽज्ञान-संशय-विपर्यय-राग-द्वेष-स्मृतिभ्रंश-योगदुष्प्रणिधान-धर्मानादरभेदादष्टविधः। तद्योगात् त्रसानां स्थावराणा च जीवाना प्राणव्यपरोपं हिंसा, तन्निषेधादहिंसा प्रथमं व्रतम्। (योगशा. स्वो. विव. १-२०)। १२. जन्म-काल-कुलाज्ञाद्यैर्शात्वा सत्त्वतति भुतेः। त्यागस्त्रिशुद्धया हिंसादेः स्थानादौ स्याद-हिंसनम् ॥ (आचा. सा. १-१६)। १३. न यत् प्रमादयोगेन जीवितव्यपरोपणम्। त्रसानां स्थावराणां च तदहिंसाव्रतं मतम् ॥ (योगशा. १-२०; त्रि. श. पु. च. १, ३, ६२२)। १४. सव्वाओ पाणाइवायाओ वेरमणं। (समवा. ५)। १५. पाणातिपातं तिविहं तिविहेण णेव कुज्जा ण कारवे पढम सो व्वयलक्ख-णं। (नारदाध्ययन १-३)। १६. तसाणं थावराणं च जं जीवाणमहिंसणं। तिविहेणावि जोगेण पढमं तं महव्वयं ॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. पृ. १३)। १७. प्रमादयोगतोऽशेषजीवाऽसुव्यपरोपणात्। नि-वृत्तिः सर्वथा यावज्जीवं सा प्रथमं व्रतम् ॥ (धर्मसं.

गाल. ३–४०, पृ. १२१)। १८. प्रमादयोगादसत्सर्व-जीवास्वव्यपरोपणम्। सर्वथा यावज्जीवं च प्रोचे तत् प्रथमं व्रतम् ॥४॥ (अभि. रा. भा. १, पृ. ८७२)।

२ काय, इन्द्रिय, गुणस्थान, मार्गणा, कुल, आयु और योनि; इनके आश्रय से सब जीवों को जानकर स्थान-शयनादि क्रियाओं में हिंसा का परित्याग करना; इसका नाम अहिंसामहाव्रत है।

अहोरात्र—१. एएणं मुहुत्तपमाणेण तीस मुहुत्ता अहोरत्त। (अनुयो. १३७, पृ. १७६)। २. तीसमुहुत्ता अहोरत्तो। (जीवसमास १०८; भगवती. श. ६; जम्बूद्वी. सू. १८)। ३. ते (मुहूर्ता) त्रिंशदहोरात्रम्। (त. भा. ४–१५)। ४. त्रिंशन्मुहूर्ता अहोरात्रः। (त. वा. ३, ३८, ७, पृ. २०६; त. सुखबो. ३-३८)। ५. अहोरात्रमष्टप्रहरात्मकम्, अहर्निशमित्यर्थः। (आव. नि. हरि. वृ. ६६३, पृ. २५७)। ६. कलाया दशमभागश्च त्रिंशन्मुहूर्तं च भवत्यहोरात्रः। (धव. पु. ६, पृ. ६३)। ७. त्रिंशन्मुहूर्तमहोरात्रम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४–१५)। ८. गगनमणिगमनायत्तो दिवारात्रः (अहोरात्र.)। (पंचा. का. अमृत. वृ. २५)। ९. त्रिंशन्मुहूर्तैरहोरात्रः। (पंचा. का. जय. वृ. २५)। १०. आदित्यस्य हि परिवर्तन मेरुप्रादक्षिण्येन परिभ्रमण अहोरात्रमभिधीयते। (न्यायकु. २–७, पृ. २५५)। ११. षष्टिनालिकमहोरात्रम्। (नि. सा. वृ. ३१)।

१ तीस मुहूर्त प्रमाण काल को अहोरात्र कहते हैं।

आकम्पित—१. भत्तेण व पाणेण व उवकरणेण किरियकम्मकरणेण। अणुकंपेऊण गणिं करेइ आलोयण कोई ॥ आलोइदं असेसं होहिदि काहिदि अणुग्गहमिमो त्ति। इय आलोचतस्स हु पढमो आलोयणादोसो ॥ (भ. आ. ५६३–६४)। २. उपकरणेषु दत्तेषु प्रायश्चित्त मे लघु कुर्वन्तीति विचिन्त्य दानं प्रथममालोचनादोषः। (त. वा. ९, २२, २)। ३. प्रायश्चित्तलघुकरणार्थमुपकरणदानम्। (त. श्लो. ९–२२)। ४. तत्रोपकरणेषु दत्तेषु प्रायश्चित्त मे लघु कुर्वतिति विचिन्त्य भयदादानं [भयाद्दान] प्रथम आकम्पितदोषः। (चा. सा. पृ. ६१)। ५. भक्त-पानोपकरणादिनाचार्यमाकम्प्यात्मीयं कृत्वा यो दोषमालोचयति तस्याकम्पितदोषो भवति। (मूला. वृ. ११, १५)। ६. दद्यात्स्वल्पं मम प्रायश्चित्तं प्रीत्येति सूरये। परोपकरणानां यद् दानमाकम्पित मतम् ॥ (आचा. सा. ६–२६)। ७. आकम्पितं गुरुच्छेदभयादावर्जनं गुरोः। (अन. ध. ७–४०)। ८. आवर्जितः सन्नाचार्यः स्तोक मे प्रायश्चित्त दास्यतीति बुद्धया वैयावृत्त्यकरणादिभिरालोचनाचार्यमाकम्प्य प्रारभ्य यदालोचयति एव (आकम्पित) आलोचनादोषः। (व्यव. भा. मलय. वृ. १–३४२, पृ. १६)। ९. आलोचनां कुर्वन् शरीरे कम्प उत्पद्यते भय करोतीत्याकम्पितदोषः। (भावप्रा. टी. ११८)। १०. आकम्पितम् उपकरणादिदानेन गुरोरनुकम्पामुत्पाद्य आलोचयति। (त. वृत्ति श्रुत. ९–२२)।

१ भोजन, पान, उपकरण और कृतिकर्म के द्वारा आचार्य को अपने प्रति दयार्द्र करते हुए कोई आलोचना करता है। वह सोचता है कि इस प्रकार से सब आलोचना हो जावेगी व आचार्य यह अनुग्रह—अल्प प्रायश्चित्त देने रूप—करेंगे ही। उक्त क्रिया से आलोचना करने पर आकम्पित दोष होता है।

आकर—१. आकरो लवणाद्युत्पत्तिभूमिः। (औपपा. अभय. वृ. ३२, पृ. ७४; प्रश्नव्या. वृ. पृ. ७५)। २. आकरो लोहाद्युत्पत्तिभूमिः। (कल्पसू. वृ. ४–८८)।

नमक आदि (लोहा व गेरू आदि) के उत्पन्न होने के स्थान को—खनिको—आकर कहते हैं।

आकर्ष—आकर्षणम् आकर्षः, प्रथमतया मुक्तस्य वा ग्रहणम्। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. ८५७)।

सम्यक्त्व, श्रुत, देशविरति और सर्वविरति; इन सामायिकों को प्रथम बार छोड़कर जो फिर से ग्रहण करना है, उसका नाम आकर्ष है।

आकस्मिक भय—देखो अकस्माद्भय। १. बज्झनिमित्ताभावा ज भवमाकम्हियं त ति। (विशेषा. ३४५१)। २. यत्तु बाह्यनिमित्तमन्तरेणाहेतुक भयम् अकस्माद् भवति तदाकस्मिकम्। (आव. भा. हरि. वृ. १८४, पृ. ४७२)। ३. यद् बाह्यनिमित्तमन्तरेणाहेतुकं भयमुपजायते तदकस्माद् भवतीत्याकस्मिकम्। (आव. भा. मलय. वृ. १८४, पृ. ५७३)। ४. विद्युत्पाताद्याकस्मिकभयम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६–२४)। ५. अकस्माज्जातमित्युच्चैराकस्मिकभयं स्मृतम्। तद्यथा विद्युदादीना पातात्पातोऽसुधारिणाम् ॥ भीतिर्भूयाद्यथा सौस्थ्य मा भूद् दौस्थ्यं कदापि

मे। इत्येव मानसी चिन्ता पर्याकुलितचेतसा॥ अर्थादाकस्मिकभ्रान्तिरस्ति मिथ्यात्वशालिनः। कुतो मोक्षोऽस्य तद्भीतेर्निर्भीकैकपदच्युतेः॥ (पंचाध्यायी २, ५४३-४४; लाटीसं. ४, ६६-६८)। ४. निर्हेतुक केवलस्वमनोभ्रान्तिजनित यद् भय तदाकस्मिकभयम्। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. ६, पृ. २५)।

१ बाह्य निमित्त के बिना जो अकस्मात् भय होता है वह आकस्मिक भय कहलाता है।

आकस्मिकी क्रिया—सहसाकारेण आकस्मिकी क्रिया। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. १५, पृ. ४१)।

सहसा किसी कार्य के हो जाने को आकस्मिकी क्रिया कहते हैं।

आकाङ्क्षा—१. अभिधानापर्यवसानमाकाङ्क्षा। (अष्टस. यशो. वृ. १०३, पृ. ३५३)। २. × × × यत्पद विना यत्पदस्यानन्वयस्तत्पदे तत्पदवत्त्वरूपे सम्बन्धे पदान्तरव्यतिरेकेणान्वयाभावे च। (अभि. धा. २, पृ. ५७)।

यह अज्ञ प्राणी अपने सुख और दुख को भोगने के लिए स्वयं असमर्थ होकर ईश्वर के आधीन है, उसकी प्रेरणा से ही वह स्वर्ग को या नरक को जाता है। इस प्रकार की मान्यता को ईश्वरवाद कहते हैं।

ईषत्प्राग्भार—देखो अष्टम पृथ्वी। १. सव्वट्ठसिद्धिइंदयकेदणदंडादु उवरि गंतूण। बारसजोयणमेत्तं अट्ठमिया चिट्ठदे पुढवी॥ पुव्वावरेण तीए उवरिम-हेट्ठिम-तलेसु पत्तेक्कं। वासो हुवेदि एक्का रज्जू रूवेण परिहीणा॥ उत्तर-दक्खिणभाए दीहा किंचूणसत्तरज्जूओ। वेत्तासणसठाणा सा पुढवी अट्ठजोयणा बहला॥ जुत्ता घणोवहि-घणाणिल-तणुवादेहिं तिहिं समीरेहिं। जोयणवीससहस्सं पमाणबहलेहिं पत्तेक्कं॥ एदाए बहुमज्झे खेत्तं णामेण ईसिपब्भारं। अज्जुणसुवण्णसरिसं णाणारयणेहिं परिपुण्णं॥ (ति. प. ८, ६५२–६५६)। २. अत्थीसिप्पब्भारोवलक्खियं मणुयलोगपरिमाणं। लोगग्गनभोभागो सिद्धिक्खेत्तं जिणक्खादं॥ (विशेषा. ३८२०)। ३. अट्ठमपुढवी सत्तरज्जुआयदा एगरज्जुरुंदा अट्ठजोयणबाहल्ला सत्तमभागाहियएयजोयणबाहल्लं जगपदरं होदि। (धव. पु. ४, पृ. ९१)। ४. उपरिष्टात्पुनः सर्वकल्पविमानान्यतीत्यार्धतृतीयद्वीपविष्कम्भायामोत्तानकछत्राकृतिरीषत्प्राग्भारा। (त. भा. सिद्ध. वृ. ३–१)। ५. ईषत्—अल्पो योजनाष्टकबाहल्य-पञ्चचत्वारिंशल्लक्षविष्कम्भात् प्राग्भारः पुद्गलनिचयो यस्याः सेषत्प्राग्भाराऽष्टमपृथिवी। (स्थाना. अभय. वृ. ३, १, १४८, पृ. ११६)। ६. तिहुवणसिहरेण मही वित्थारे अट्ठजोयणुदयथिरे। धवलच्छत्तायारे मणोहरे ईसिपब्भारे॥ (त्रि. सा. ६४५)।

१ सर्वार्थसिद्धि इन्द्रक के ध्वजदण्ड से ऊपर बारह योजन जाकर आठवीं पृथिवी अवस्थित है। वह पूर्व-पश्चिम में रूप से कम एक राजु चौड़ी, उत्तर-दक्षिण में कुछ कम सात राजु लम्बी और आठ योजन मोटी है। आकार उसका वेत के आसन जैसा है। तीन वातवलयों से युक्त उस पृथिवी के

मध्य में जो सिद्धक्षेत्र अवस्थित है उसे नाम से ईषत्-प्राग्भार कहा जाता है। ४ समस्त कल्प-विमानों के ऊपर जाकर ईषत्प्राग्भार पृथिवी अवस्थित है। उसका विस्तार व आयाम अढ़ाई द्वीप प्रमाण—पैंतालीस लाख योजन—तथा आकार खुले हुए छत्र के समान है।

ईहा (मतिज्ञानभेद)—१. ईहा ऊहा अपोहा मग्गणा गवेसणा मीमांसा। (षट्खं. ५, ५, ३८—पु. १३, पृ. २४२)। २. ईहा अपोह वीमंसा मग्गणा य गवेसणा। सन्ना सई मई पन्ना सव्वं आभिणिबोहियं॥ (नन्दी. गा. ८७)। ३. अवग्रहगृहीतेऽर्थे तद्विशेषाकाङ्क्षणमीहा। (स. सि. १—१५)। ४. अवगृहीतम्। विषयार्थैकदेशाच्छेषानुगमनम्। निश्चयविशेषजिज्ञासा चेष्टा ईहा। ईहा ऊहा तर्कः परीक्षा विचारणा जिज्ञासेत्यनर्थान्तरम्। (त. भा. १-१५)। ५. ईहा तदर्थविशेषालोचनम्। (विशेषा. को. वृ. १७८)। ६. ××× विशेषकांक्षेहा ×××। (लघीय. १—५); पुनः अवग्रहीकृतविशेषाकांक्षणमीहा। (लघीय. स्वो वृ. १—५)। ७. तदर्थ-(अवग्रहगृहीतार्थ-) विशेषालोचनम् ईहा। (आव. नि. हरि. वृ. २, पृ ९); ईहनमीहा ××× एतदुक्तं भवति—अवग्रहादुत्तीर्णः अवायात्पूर्वं सद्भूतार्थविशेषोपादानाभिमुखोऽसद्भूतार्थविशेषत्यागाभिमुखश्च प्रायो मधुरस्वादय. शंखशब्दधर्मा अत्र घटन्ते, न खर-कर्कश-निष्ठुरतादयः शार्ङ्गशब्दधर्मा इति मतिविशेष ईहेति। (आव. नि. हरि. वृ. ३, पृ. १०; नन्दी. हरि. वृ. २७, पृ. ६३); ईहनमीहा सतामर्थानाम् अन्वयिनां व्यतिरेकिणा च पर्यालोचना इति यावत्। (आव. नि. हरि. व मलय. वृ. १२)। ८. अवगृहीतविषयार्थैकदेशात् शेषानुगमनेन निश्चयविशेषजिज्ञासा चेष्टा ईहा। (अने. ज. प. पृ. १८)। ९. ईहा शब्दाद्यवग्रहणोत्तरकालमन्वय-व्यतिरेकधर्मालोचनचेष्टेत्यर्थः। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ७८)। १०. अवग्रहीतस्यार्थस्य विशेषाकांक्षणमीहा। (धव. पु. १, पृ. ३५४); जो अवग्गहेण गहिदो अत्थो तस्स विसेसाकांखणमीहा। जधा कं पि दट्ठूण किमेसो भव्वो अभव्वो त्ति विसेसपरिक्खा सा ईहा। (धव. पु. ६, पृ. १७); पुरुष इत्यवग्रहीते भाषा-वयो-रूपादिविशेषैराकांक्षणमीहा। (धव. पु. ९, पृ. १४४); पुरुषमवगृह्य किमयं दाक्षिणात्य उत उदीच्य इत्येवमादिविशेषाप्रतिपत्तौ संशयानस्योत्तरकालं विशेषोपलिप्सां प्रति यतनमीहा। (धव. पु. ९, पृ. १४६); अवगृहीते तद्विशेषाकांक्षणमीहा। ××× का ईहा नाम? संशयादूर्ध्वमवायादधस्तात् मध्यावस्थायां वर्तमानः विमर्शात्मकः प्रत्ययः हेत्ववष्टम्भबलेन समुत्पद्यमानः ईहेति भण्यते। (धव. पु. १३, पृ. २१७); उत्पन्नसंशयविनाशाय ईहते चेष्टते अनया बुद्ध्या इति ईहा। (धव. पु. १३, पृ. २४२)। ११. का ईहा? ओग्गहणाणग्गहिए अत्थे विण्णाणाउपमाण-देस-भासादिविसेसाकांखणमीहा। ओग्गहादो उवरि अवायादो हेट्ठा ज णाणं विचारप्पय समुप्पण्णसंदेहछिंदणसहावमीहा त्ति भणिदं होदि। (जयध. १, पृ. ३३६)। १२. यदा हि सामान्येन स्पर्शनेन्द्रियेण स्पर्शसामान्यमागृहीतमनिर्देश्यादिरूप तत उत्तर स्पर्शभेदविचारणा ईहाभिधीयते इति। (त. भा. सिद्ध. वृ. १—१५); तस्यैव (सामान्यानिर्देश्यस्वरूपस्य नामादिकल्पनारहितस्य) स्पर्शादेः किमय स्पर्श उतास्पर्श इत्येव परिच्छेदिका ईहा। (त. भा. सिद्ध. वृ. १—१७); ईहा तत्त्वान्वेषिणी जिज्ञासा। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७—६, पृ. ५९)। १३. अवग्रहगृहीतस्य वस्तुनो भेदमीहते। व्यक्तमीहा ×××॥ (त. श्लो १, ९, ३२); तद्गृहीतार्थसामान्ये यद्विशेषस्य काक्षणम्। निश्चयाभिमुख सेहा सशीतेर्भिन्नलक्षणा। (त. श्लो. १, १५, ३)। १४. तद्गृहीतवस्तुविशेषाकांक्षणमीहा। (प्रमाणप पृ. ६८)। १५. अवग्रहाद् विशेषाकाङ्क्षा विशेषेहा। (सिद्धिवि. टी. २—९, पृ. १३७)। १६. तदवगृहीतविशेषस्य 'देवदत्तेन भवितव्यम्' इति भवितव्यतामुल्लिखन्ती प्रतीतिरीहा। (प्रमाणनि. २—२८)। १७. विसयाण विसईण सजोगाणंतर हवे णियमा। अवगहणाण गहिदे विसेसकखा हवे ईहा॥ (गो. जी. ३०७)। १८. तदुत्तर-(अवग्रहोत्तर-) कालभाविनी ईहा, ईहनमीहा चेष्टा कायवाङ्मनोलक्षणा। (कर्मवि. पू. व्या. १३, पृ. ८)। १९. अवगृहीतार्थविशेषाकांक्षणमीहा। (प्र. न. त. २—८)। २०. अवगृहीतस्यैव वस्तुनोऽपि किमयं भवेत् स्थाणुः पुरुषो वा, इत्यादि वस्तुधर्मान्वेषणात्मको वितर्क ईहा। (कर्मवि.

पर. व्या. पृ. ६)। २१. अपि किल्वयं भवेत् पुरुष एव उत स्थाणुः इत्यादिवस्तुधर्मान्वेषणात्मकं ज्ञानचेष्टनमीहा। (कर्मस्त. गो. वृ. ६, पृ. ८०)। २२. पुन. अवग्रहोत्तरकालम्, अवग्रहेण विषयीकृतः अवग्रहीकृतः, अवान्तरमनुष्यत्वादिजातिविशेषः, तस्य विशेषः कर्णाट-लाटादिभेदः, तस्य आकाक्षण भवितव्यताप्रत्ययरूपतया ग्रहणाभिमुख्यम्, ईहा भवति। (न्यायकु. १, पृ. १७२)। २३ अवगहिदत्थस्स पुणो सग-सगविसएहि जादसारस्स। ज च विसेसग्गहणं ईहाणाण हवे त तु॥ (जं बी. प. १३ ५८)। २४. ईहा वितर्को मति। (समवा. अभय. वृ. १४०)। २५ गृहीतस्यार्थस्य विशेषाकाक्षणमीहा, योऽवग्रहेण गृहीतोऽर्थस्तस्य विशेषाकाक्षण भवितव्यताप्रत्ययम्। (मूला. वृ. १२-१८७)। २६. अवगृहीतविशेषाकाक्षणमीहा। (प्रमाणमी. १, १. २७); अवगृहीतस्य शब्दादेरर्थस्य 'किमय शब्दः शाङ्ख. शार्ङ्गो वा इति सशये सति माधुर्यादय शाङ्खधर्मा एवोपलभ्यन्ते, न कार्कश्यादय. शार्ङ्गधर्माः इत्यन्वय-व्यतिरेकरूपविशेषपर्यालोचनरूपा मतेश्चेष्टेहा। (प्रमाणमी स्वो. वृ. १, १, २७)। २७. ईहनमीहा—सद्भूतार्थपर्यालोचनरूपा चेष्टा इत्यर्थः। किमुक्तं भवति? अवग्रहादुत्तरकालमपायात् पूर्वं सद्भूतार्थविशेषोपादानाभिमुखोऽसद्भूतार्थविशेषपरित्यागाभिमुखः प्रायोऽत्र मधुरत्वादय. शाङ्खादिधर्मा दृश्यन्ते, न कर्कश-निष्ठुरतादयः शार्ङ्गादिधर्मा इत्येवरूपो मतिविशेष ईहा। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १५-२००, पृ. ३१०; आव. नि. मलय. वृ. २, पृ. २२; नन्दी. मलय. वृ. सू. २६, पृ. १६८)। २८. ईहनमीहा अवगृहीतस्यार्थस्यासद्भूतविशेषपरित्यागेन सद्भूतविशेषादानाभिमुखो बोधविशेषः। (व्यव.भा.मलय. वृ. १०-२७६, पृ. ४०)। २९. अवगृहीतशब्दाद्यर्थगत(तासद्भूत-) सद्भूतपरित्यागा-(दाना-)भिमुखं प्रायो मधुरत्वादय शाङ्खशब्दधर्मा अत्र घटन्ते, न खर-कर्कश-निष्ठुरतादयः शार्ङ्गशब्दधर्माः इति ज्ञानमीहा। (धर्मसं. मलय. वृ. ८२३, पृ. २९४)। ३०. अवगृहीतस्यैव वस्तुनोऽपि किमय भवेत् स्थाणुरेव, न तु पुरुष इत्यादि वस्तुधर्मान्वेषणात्मक ज्ञानचेष्टनमीहा। 'अरण्यमेतत् सविताऽस्तमागतो न चाधुना सम्भवतीह मानवः। प्रायस्तदेतेन खगादिभाजा भाव्यं स्मरारातिसमान-नाम्ना॥' इत्याद्यन्वयधर्मघटन-व्यतिरेकधर्मनिराकरणाभिमुखताऽऽलिङ्गितो ज्ञानविशेष ईहा। (प्रव. सारो. वृ. १२५३, पृ.३६०; कर्मवि. दे.स्वो. वृ. ५)। ३१. अवग्रहगृहीतार्थसमुद्भूतसंशयनिरासाय यत्नमीहा। (न्या.दी. २, पृ. ३२)। ३२. × × × तत्तो विसेसकंखा हवे ईहा। (अंगप. १-६१, पृ. २८८)। ३३. पुनरवगृहीतविषयसंशयानन्तरं तद्विशेषाकाङ्क्षणमीहा। (बृद्द. स. टी. ४-५५, पृ. २०८)। ३४. इन्द्रियान्तरविषयेषु मनोविषये चावग्रहगृहीते यथावस्थितस्य विशेषस्याकाक्षाकपेहा। (गो. जी. म. प्र. टी. ३०८)। ३५. इन्द्रियान्तरविषयेषु मनोविषये चावग्रहगृहीते यथावस्थितस्य विशेषस्याकाक्षारूपेहा। (गो जी. जी. प्र. टी. ३०८)। ३६. अवगृहीतार्थाभिमुखा मतिचेष्टा पर्यालोचनरूपा ईहा। (जम्बूद्वी. वृ. ३-७०)। ३७ अवगृहीतविशेषाकाक्षणमीहा, व्यतिरेकधर्मनिराकरणपरोऽन्वयधर्मघटनप्रवृत्तो बोध इति यावत्। (जैनत. पृ. ११६)।

१ ऊहा, अपोहा, मार्गणा, गवेषणा और मीमांसा ये ईहा के नामान्तर हैं। ३ अवग्रह से जाने गये पदार्थ के विशेष जानने की इच्छा को ईहा कहते हैं।

ईहावरणीय कर्म—एतस्या (ईहाया.) आवारकं कर्म ईहावरणीय। (धव. पु. १३, पृ. २१८)।

इस (ईहामतिज्ञान) को आच्छादित करने वाले कर्म को ईहावरणीय कहते हैं।

उक्त—१. उक्त प्रतीतम् (शब्दे उच्चारिते सति यदवग्रहादिज्ञान जायते तदुक्तम्)। (त. वा. १, १६, १६)। २. एतत्प्रतिपक्षः (इन्द्रियप्रतिनियतगुणविशिष्टवस्तूपलम्भकाले एव तदिन्द्रियानियतगुणविशिष्टस्यार्थस्योपलम्भकादनुक्तप्रत्ययाद् विपरीतः) उक्तप्रत्यय। (धव. पु. ६, पृ. १५४; पु. १३, पृ. २३६)। ३. × × × उक्तार्थः प्ररूप्यते। स्पर्शनं रसन घ्राण चक्षुः श्रोत्र मनश्च खम्। अर्थः स्पर्शो रसो गन्धो रूपं शब्द. श्रुतादयः॥ (आचा. सा. ४, २४-२५)।

२ विवक्षित इन्द्रिय के प्रतिनियत गुण से युक्त वस्तु का ग्रहण होने पर उसके प्रतिनियत गुण का ही ज्ञान होना, इतर गुण का ज्ञान न होना; इसका नाम उक्त प्रत्यय है।

उक्तावग्रह—१. णियमियगुणविसिट्ठअत्थग्गहणं उत्तावग्गहो। जहा चक्खिदिएण धवलत्थग्गहण, घाणिदि-

एण सुमंगदव्वग्गहणमिच्चादि। (धव. पु. ६, पृ. २०)। २. उक्तमवगृह्णातीत्ययं तु विकल्पः श्रोत्रादिविषय एव, न सर्वव्यापीति। यत उक्तमुच्यते शब्दः, स चाप्यक्षरात्मकः, तमवगृह्णातीति। (त. भा. सिद्ध. वृ. १-१६)। ३. इतरस्य (उक्तस्य) सर्वात्मना प्रकाशितस्य ××× अवग्रहः। (त. श्लो. १, १६, ४)। ४. नियमितगुणविशिष्टार्थग्रहणमुक्तावग्रहः, यथा चक्षुरिन्द्रियेण धवलग्रहणम्। (मूला. वृ. १२-१८७)। ५. तस्यैव परेणोक्तस्य कर्पूरादेग्रं[दिरग्र]हणम् उक्तावग्रहः। (त. सुखबो. वृ. १-१६)। ६. अनुक्तं च अभिप्राये स्थितम्। ×××अनुक्तस्य अवग्रहः, तदितरस्योक्तस्यावग्रहः। (त. वृत्ति श्रुत. १-१६)।

१ नियमित गुणविशिष्ट द्रव्य के अथवा उसके एक देश के ग्रहण करने को उक्तावग्रह कहते हैं। जैसे चक्षु इन्द्रिय के द्वारा धवल अर्थ का ग्रहण अथवा घ्राण इन्द्रिय के द्वारा सुगन्ध द्रव्य का ग्रहण।

उग्रतप — १. चतुर्थ-षष्ठाष्टम-दशम-द्वादश-पक्ष-मासाद्यनशनयोगेष्वन्यतमयोगमारभ्य आमरणात्तादनिवर्तका उग्रतपसः। (त. वा. ३-३६, पृ. २०३)। २. पञ्चम्या अष्टम्या चतुर्दश्या च प्रतिज्ञातोवासा अलाभद्वये त्रये वा तथैव निर्वाहयन्ति, एवप्रकारा उग्रतपसः। (प्रा. योगिभक्ति टी. १५, पृ. २०३)। ३. पञ्चम्यां अष्टम्यां चतुर्दश्यां च गृहीतोपवासव्रता अलाभद्वये अलाभत्रये वा त्रिभिरुपवासैश्चतुर्भिरुपवासैः पञ्चभिरुपवासैः कालं निर्गमयन्ति इत्येवप्रकाराः उग्रतपसः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१ एक, दो, तीन, चार, पांच व पन्द्रह दिन तथा एक मास आदि का; इस प्रकार इन उपवासयोगों में से किसी भी एक उपवास योग को प्रारम्भ कर मरण पर्यन्त उससे च्युत न होना, उसका बराबर निर्वाह करना; इसका नाम उग्रतप ऋद्धि है। इस ऋद्धि के धारक साधु भी उग्रतप—उग्रतपस्वी—कहे जाते हैं।

उग्रोग्रतप—१. उग्गतवा दोभेदा उग्गोग्ग-अवट्ठिदुग्गतवणामा ॥ दिक्खोववासमादिं कादूण एक्काहिएक्कपचएण। आमरणंतं जवणं होदि उग्गोग्गतवरिद्धी ॥ (ति. प. १०५०-५१)। २. उग्गतवा दुविहा उग्गुग्गतवा अवट्ठिदुग्गतवा चेदि। तत्थ जो एक्कोववासं काऊण पारिय दो उववासे करेदि, पुणरवि पारिय तिण्णि उववासे करेदि। एवमेगुत्तरवड्ढीए जाव जीविदंतं तिगुत्तीगुत्तो होदूण उववासे करेंतो उग्गुग्गतवो णाम। (धव. पु. ६, पृ. ८७)। ३. तत्रोग्रतपसा द्विविधा उग्रोग्रतपसः अवस्थितोग्रतपसश्चेति। तत्रैकमुपवासं कृत्वा पारणं विधाय द्विदिनमुपोष्य तत्पारणानन्तरं पुनरप्युपवासत्रयं कुर्वन्ति। एवमेकोत्तरवृद्धया यावज्जीवं त्रिगुप्तिगुप्ताः सन्तो ये केचिदुपवसन्ति ते उग्रोग्रतपसः। (चा. सा. पृ. ६८)।

१ दीक्षा के उपवास को आदि करके बीच में पारणा करते हुए एक-एक अधिक उपवास को मरण-पर्यन्त बढ़ाते हुए जीवन यापन करने को उग्रोग्रतप ऋद्धि कहते हैं।

उच्चगोत्र—१. यस्योदयात् लोकपूजितेषु कुलेषु जन्म तदुच्चैर्गोत्रम्। (स. सि. ८-१२; त. वा. ८, १२, २; मूला. १२-१९७; त. सुखबो. ८-१२; त. वृत्ति श्रुत. ८-१२; भ. आ. मूला. टी. २१२१)। २. उच्चैर्गोत्रं देश-जाति-कुल-स्थान-मान-सत्कारैश्वर्याद्युत्कर्षनिर्वर्तकम्। (त. भा. ८-१२)। ३. जस्स कम्मस्स उदएण उच्चागोदं होदि त उच्चागोदं। गोत्रं कुलं वंशः सन्तानमित्येकोऽर्थः। (धव. पु. ६, पृ. ७७); दीक्षायोग्यसाध्वाचाराणां साध्वाचारैः कृतसम्बन्धानाम् आर्यप्रत्ययाभिधान-व्यवहारनिबन्धनानां पुरुषाणां सन्तानः उच्चैर्गोत्रम्, तत्रोत्पत्तिहेतुकर्माप्युच्चैर्गोत्रम्। (धव. पु. १३, पृ. ३८९)। ४. उत्तमजातित्वम्, प्रशस्यता, पूज्यत्वं चोच्चैर्गोत्रम्। (पंचसं. स्वो. वृ. ३-५, पृ. ११२)। ५. अधणो बुद्धिविउत्तो रूवविहीणो वि जस्स उदएणं। लोयम्मि लहइ पूयं उच्चागोयं तयं होइ ॥ (कर्मवि. ग. १५४)। ६. उच्चैर्गोत्रं पूज्यत्वनिबन्धनम्। (स्थाना. अभय. वृ. २, ४, १०५, पृ. ९२)। ७. उच्चैर्गोत्रं यदुदयादज्ञानी विरूपोऽपि सत्कुलमात्रादेव पूज्यते। (श्रा. प्र. टी. २५; धर्मसं. मलय. वृ. ६१२)। ८. उच्चं णीचं चरणं उच्चं णीचं हवे गोदं। (गो. क. १३)। ९. उत्तमजाति-कुल-बल-रूप-तपऐश्वर्य-श्रुतलाभाख्यैरष्टभिः प्रकारैर्वेद्यते इत्युच्चैर्गोत्रम्। (शतक. मल. हेम. वृ. ३७-३८, पृ. ५१)। १०. उच्चैर्नीचैर्भवेद् गोत्रं कर्मोच्चैर्नीचगोत्रकृत्। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ४७४)। ११. यदुदयवशात् उत्तम जाति-कुल-बल-तपोरूपैश्वर्य-

श्रुतसत्काराभ्युत्थानासनप्रदानाञ्जलिप्रग्रहादिसम्भवस्तदुच्चैर्गोत्रम्। (पंचसं. मलय. वृ. ३-५, पृ. ११३; प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३, २, २९३, पृ. ४७५; कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ७)। १२. यदुदयादुत्तमकुलजातिप्राप्तिः सत्काराभ्युत्थानाञ्जलिप्रग्रहादिरूपपूजालाभसम्भवश्च तदुच्चैर्गोत्रम्। (षष्ठ क. मलय. वृ. ६, पृ. १२७)। १३. श्रधनी धनहीन', बुद्धिवियुक्त' मतिनिर्मुक्त', रूपविहीन. रूपरहितोऽपि। यस्य कर्मण उदयेन लोके जातिमात्रादेव पूजा लभते तदुच्चैर्गोत्र पूर्णकलशकारिकुम्भकारतुल्यम्। (कर्मवि. पा. व्या. १५४, पृ. ६३)। १४. यथा हि कुलाल पृथिव्यास्तादृश पूर्णकलशादिरूप करोति, यादृश लोकात् कुसुम-चन्दनादिभिः पूजां लभते × × × तथा यदुदयाद् निर्धन. कुरूपो बुद्ध्यादिपरिहीनोऽपि पुरुष सुकुलजन्ममात्रादेव लोकात् पूजा लभते तत् उच्चैर्गोत्रम्। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ५१)।

१ जिसके उदय से लोकपूजित कुल में जन्म हो उसे उच्चगोत्र कहते हैं। ११ जिसके उदय से जीव उत्तम जाति, कुल, बल, रूप, तप, ऐश्वर्य और श्रुत आदि द्वारा जगत् मे पूजा व आदर-सत्कारादि को प्राप्त हो उसे उच्चगोत्र जानना चाहिये।

उच्चताभृतक–भ्रियते पोष्यते स्मेति भृत, स एवानुकम्पितो भृतक —कर्मकर इत्यर्थ.। × × × मूल्यकालनियमं कृत्वा यो नियतं यथावसर कर्म कार्यते स उच्चताभृतकः। (स्थाना. अभय. वृ. ४, १, २७१, पृ. १९१–९२)।

काल के अनुसार किसी कार्य का मूल्य निश्चित करके यथावसर कार्य जिससे कराया जाता है उसे उच्चताभृतक कहते हैं।

उच्चयबन्ध—से किं तं उच्चयबंधे? उच्चयबधे ज ण तणरासीण वा कट्ठरासीण वा पत्तरासीण वा तुसरासीण वा भुसरासीण वा गोमयरासीण वा अवगररासीण वा उच्चत्तेण बधे समुप्पज्जइ, जहन्नेण अतोमुहुत्त उक्कोसेण संखेज्ज काल से त्तं उच्चयबंधे। (भगवती ८, ९, १४—खण्ड ३, पृ. १०३)।

तृणराशि, काष्ठराशि, पत्रराशि, तुषराशि, भुसराशि, गोबरराशि और अवकर (कचड़ा) राशि, इनका ऊंचा ढेर करने को उच्चयबन्ध कहा जाता है।

उच्चस्थान—उच्चस्थानं स्वगृहान्तः स्वीकृतयति नीत्वा निरवद्यानुपहतस्थाने उच्चासने निवेशनम्। (सा. ध. स्वो. टी. ५-४५)।

पडिगाहे गये साधु को घर के भीतर ले जाकर निर्दोष व निर्बाध स्थान में उच्च आसन पर बैठाने को उच्चस्थान भक्ति कहते हैं।

उच्चारप्रस्रवणसमिति— वणदाह-किसि-मसिकदे थंडिल्लेणुप्परोध वित्थिण्णे। अवगदजंतुविवित्ते उच्चारादी विसज्जेज्जो॥ (मूला. ५–१२४)।

जो स्थान दावाग्नि से जल गया है, जहां खेती की गई है, जहां शवदाह आदि हुआ है, जो ऊसर—अंकुरोत्पादन से रहित है, तथा द्वीन्द्रियादि जीवों से भी रहित है, ऐसे विस्तीर्ण निर्जन स्थान में मल-मूत्रादि के विसर्जन को उच्चारप्रस्रवणसमिति कहते हैं।

उच्छादन—प्रतिबन्धकहेतुसन्निधाने सति अनुद्भूतवृत्तिता अनाविर्भाव उच्छादनम्। (स. सि. ६, २५)।

विरोधी कारणों के मिलने पर गुणों के नहीं प्रगट करने को उच्छादन कहते हैं।

उच्छेद—देखो अन्तर। अतरमुच्छेदो विरहो परिणामतरगमण णत्थित्तगमण अण्णभावव्ववहाणमिदि एयट्ठो। (धव. पु. ५, पु ३)।

अन्तर, उच्छेद, विरह, अन्य परिणाम की प्राप्ति, नास्तित्व की प्राप्ति और अन्य भाव का व्यवधान; इन सबका एक ही अर्थ है। तात्पर्य यह कि एक अवस्था को छोड़कर अन्य अवस्था को प्राप्त होते हुए पुनः उक्त (पूर्व) अवस्था के प्राप्त होने मे जो काल लगता है उसका नाम उच्छेद (अन्तर) है।

उच्छ्लक्ष्णश्लक्ष्णिका (उस्सण्हसण्हिया) — देखो उत्सज्ञासज्ञा। १. परमाणू य अणता सहिया उस्सण्हसण्हिया एक्का। (जीवस. ९६)। २. अणताणं परमाणुपोग्गलाणं समुदयसमितिसमागमेण सा एगा उस्सण्हसण्हिया। (भगवती श. ६, ७, पृ. ८२७)। ३. एते चानन्ताः परमाणवः एका अतिशयेन श्लक्ष्णा श्लक्ष्णश्लक्ष्णा, सैव श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका, उत्तरप्रमाणापेक्षया उत् प्राबल्येन श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका उच्छ्लक्ष्णश्लक्ष्णिका। (संग्रहणी दे. वृ. २४५)। ४. अणताणति—अनन्तानां व्यावहारिकपरमाणूनाम्, समुदायाः द्व्यादिरूपास्तेषां समितयो मीलनानि, तासा समागमः परिणामवशादेकीभवनम्, ते येन समुदयसमितिसमागमेनैका उत् प्राबल्येन

श्लक्ष्णिका उच्छ्लक्ष्णश्लक्ष्णिका। (भगवती दान. वृ. ६, ७, २४७, पृ ६५-६६)।

१ अनन्तानन्त व्यावहारिक परमाणुओं के समुदाय के मिलने से जो एकरूपता होती है उसका नाम एक उच्छ्लक्ष्ण-श्लक्ष्णिका (एक माप-विशेष) है।

उच्छ्वास—१. ××× तहेव उस्सासो। सखे-ज्जावलिणिवहो सो चिय पाणो त्ति विक्खादो॥ (ति. प. ४-२८६)। २. ×××ता (आवलिया) संखेज्जा य ऊसासो। (जीवस. १-८)। ३. संखे-ज्जाओ आवलिआओ ऊसासो। (अनुयो. सू. १३७, पृ. १७८; भगवती ६, ७, २४६—सुत्तागमे पृ. ५०३; जम्बूद्वी. शा. वृ. १८, पृ. ८६)। ४. समया य असंखेज्जा हवइ हु उस्सास-निस्सासो। (ज्योतिष्क. १-८)। ५. ता. (आवलिका) सख्येया उच्छ्वासः। (त. भा. ४-१५)। ६. सखेयावलिका एक उच्छ्-वास.। (त. वा. ३, ३८, ७)। ७. तप्पाओग्गासंखे-ज्जावलिकाओ घेत्तूण एगो उस्सासो हवदि। (धव. पु. ३, पृ. ६५); तप्पाओग्गसखेज्जावलिकाहि एगो उस्सास-णिस्सासो होदि। (धव. पु. ४, पृ. ३१८)। ८. ××× संखेज्जावलिसमूहमुस्सासो। (जं. दी. प. १३-१३२; गो. जी. ५७३)। ९. ताः सख्येया. ४४४६$\frac{३४५८}{३७७३}$ सत्यः आवलिका· एक उच्छ्वासो निःश्वासो वा ऊर्ध्वाधोगमनभेदात्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ४-१५)। १०. सख्याताभिरावलिका-भिरेक उच्छ्वासनिःश्वासकालः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. ५-१०४)। ११. सख्येया आवलिका एक उच्छ्वासः। (जीवाजी. मलय. वृ. ३, २, १७८; ज्योतिष्क. मलय. वृ. १-८)। १२. ऊर्ध्वं वातोद्-गमो य. स उच्छ्वासः। (पंचसं वृ. ३-६, गा. १२७)। १३. संखेज्जावलिगुणिओ उस्सासो होइ जिणदिट्ठो। (भावसं. दे. ३१२)। १४. उच्छ्वास ऊर्ध्वगमनस्वभावः परिकीर्तित। (लोकप्र. २८, २१५)।

१ संख्यात आवली प्रमाण काल को उच्छ्वास कहते हैं।

उच्छ्वास नामकर्म—१ यद्धेतुरुच्छ्वासस्तदुच्छ्-वासनाम। (स. सि. ८-११; त. वा. ८, ११, १७; त. श्लो, ८-११; त. वृत्ति श्रुत. ८-११)। २. प्राणापानपुद्गलग्रहणसामर्थ्यजनकं उच्छ्वास-नाम। (त. भा. ८-१२)। ३. यस्योदयादुच्छ्वास-निःश्वासौ भवतः तदुच्छ्वासनाम। (श्रा. प्र. टी. २१; त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-१२; कर्मस. मलय. वृ. ६१८; कर्मवि. पू. व्या. ७५)। ४. जस्स कम्मस्स उदएण उस्सासणिस्सासाण णिप्फत्ती होदि त उस्सासणाम। (धव. पु. १३, पृ. ३६४)। ५. जस्सुदएण जीवे णिप्फत्ती होइ आणपाणूण। तं ऊसास नाम तस्स विवागो सरीरम्मि॥ (कर्मवि. ग. १२४)। ६. यस्य कर्मण उदयेन जीव उच्छ्वास-निःश्वासकार्योत्पादनसमर्थः स्यात् तदुच्छ्वास-निः-श्वासनाम। (मूला. वृ. १२-१९४)। ७. उच्छ्व-सनमुच्छ्वासः प्राणापानकर्म। तद्धेतुक भवति तदु-च्छ्वासनाम।···शीतोष्णसम्बन्धजनितदुःखस्य पचे-न्द्रियस्य यावदुच्छ्वास-निःश्वासौ दीर्घनादौ श्रोत्र-स्पर्शनेन्द्रियप्रत्यक्षौ तावदुच्छ्वासनामोदयजौ बोद्ध-व्यौ। (त. सुखबो. वृ. ८-११, पृ. १९८ व १९९)। ८. उच्छ्वसनमुच्छ्वासस्तस्य नाम उच्छ्वासनाम, यदुदयाज्जीवस्योच्छ्वास-निःश्वासौ भवतस्तच्च ज्ञात-व्यम्। (कर्मवि. पू. व्या. ७२, पृ. ३३)। ९. यदुदया-दुच्छ्वास-निःश्वासनिष्पत्तिर्भवति तदुच्छ्वासनाम। (समवा. अभय. वृ. ४२, पृ. ६४)। १०. यदुदय-वशादात्मन उच्छ्वासनिःश्वासलब्धिरुपजायते तदु-च्छ्वासनाम। (पचसं. मलय. वृ. ३-७, पृ. ११६; षष्ठ कर्म मलय. वृ ६; प्रज्ञाप. मलय. वृ. २३, २९३, पृ. ४७, कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ४३; कर्मप्र. यशो. टी. १, पृ. ६)।

१ जिस कर्म के उदय से जीव उच्छ्वास लेने में समर्थ हो उसे उच्छ्वास नामकर्म कहते हैं।

उच्छ्वासपर्याप्ति—देखो आनप्राणपर्याप्ति। १. यया तूच्छ्वासप्रायोग्य वर्गणाद्रव्यमादायोच्छ्वास-तयाऽऽलम्ब्य मुञ्चति सोच्छ्वासपर्याप्तिः। (कर्मस्त. गो. वृ. ९-१०, पृ. ८७)। २. यया पुनरुच्छ्वास-प्रायोग्यवर्गणादलिकमादायोच्छ्वासरूपतया परिण-मय्य आलम्ब्य च मुञ्चति सा उच्छ्वासपर्याप्तिः। (नन्दी. मलय. वृ. सू. १३, पृ. १०५; प्रज्ञाप. मलय. वृ. १-१२, पृ. २५; पंचसं. मलय. वृ. १-५, पृ. ८, षष्ठ क. मलय. वृ. ६; षडशीति मलय. वृ. ३; शतक. मल. हेम. वृ. ३७-३८, पृ. ५०; जीवाजी. वृ. १-१२; षडशीति दे. स्वो. वृ. २, पृ. ११७; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ४८, पृ. ५६)। ३. ययोच्छ्वासा-र्हमादाय दल परिणमय्य च। तत्तयाऽऽलम्ब्य मुञ्चे-

त्सोच्छ्वासपर्याप्तिरुच्यते ॥ (लोकप्र. ३–२२)।
१ जिस शक्ति से उच्छ्वास के योग्य वर्गणाद्रव्य को ग्रहण कर और उसे उच्छ्वास रूप से परिणमाकर छोड़ता है उसे उच्छ्वासपर्याप्ति कहते हैं।

उच्छ्वास-निःश्वासपर्याप्ति — विवक्षितपुद्गलस्कन्धात् उच्छ्वास-निःश्वासरूपेण परिणमयितु पर्याप्तनामकर्मोदयजनितात्मनः शक्तिनिष्पत्तिरुच्छ्वास-निःश्वासपर्याप्तिः। (गो जी. म. प्र टी. ११६; कार्तिके. टी. १३४)।
पर्याप्त नामकर्म के उदय से विवक्षित पुद्गलस्कन्धों को उच्छ्वास-निःश्वासरूप से परिणमाने के लिए जो जीव के शक्ति उत्पन्न होती है उसका नाम उच्छ्वास-निःश्वासपर्याप्ति है।

उज्झित दोष—१. स्यादुज्झितं बहु त्यक्त्वा यच्चूताद्यल्पसेवनम्। पानादि दीयमान वा ऽलल्पेन गलनेन तत् ॥ (आचा. सा. ८–४८)। २. यच्चूतफलादिक बहु त्यक्त्वाल्पसेवन तदुज्झितम्, अथवा यत्पानादिक दीयमान बहुतरेण गलनेनाल्पसेवन तदुज्झितम्। (भा. प्रा. टी. ६६, पृ. २५१)।
१ दिये गये बहुत आम्रफलादिक को छोड़कर थोड़े का सेवन करना, अथवा पीने योग्य द्रव्य में से बहुत अधिक गलने से थोड़े का सेवन करना, यह उज्झित नाम का एषणादोष है।

उत्कञ्चन—उत्कञ्चनम् उपरि कम्बिकाना बन्धनम्। (बृहत्क. मलय. वृ. ५८३)।
ऊपर कम्बिकाओं—काष्ठविशेषों—का बांधना, यह उत्कञ्चन नाम का वसति-उत्तरकरण है।

उत्कटिकासन—देखो उत्कुटिकासन और उत्कुटुकासनिक। १. पुत-पार्ष्णिसमायोगे प्राहुरुत्कटिकासनम्। (योगशा. ४-१३२)। २. उक्कडिया पु-[पु-] ताभ्या भूमिमस्पृशत समपादाभ्यामासनम्। (भ. आ. मूला. टी. २२४)।
२ चूतड़ और पार्ष्णियों (एड़ियों) के मिलने पर उत्कटिकासन होता है।

उत्कर—१. तत्रोत्करः काष्ठादीना करपत्रादिभिरुत्करणम्। (स. सि. ५-२४; त वा. ५, २४, १४; कार्तिके. टी. २०६)। २. दार्वादीना क्रकचकुठारादिभिः उत्करण भेदनमुत्करः। (त. वृत्ति श्रुत. ५–२४)।
१ करोंत आदि से काष्ठ आदि के चीरने को उत्कर कहते हैं।

उत्कर्षण—१. कम्मपदेसट्ठिदिवड्ढावणमुक्कड्डणा। (धव. पु. १०, पृ. २२)। २. उक्कड्डणं हवे वड्ढी। (गो क. ४३८)। ३. स्थित्यनुभागयोर्वृद्धिरुत्कर्षणम्। (गो. क. जी. प्र. टी. ४३८)।
१ कर्मप्रदेशों की स्थिति के बढ़ाने को उत्कर्षण कहते हैं।

उत्कालिक—स्वाध्यायकाले अनियतकालमुत्कालिकम्। (त. वा. १, २०, १४)।
जिस अंगबाह्य श्रुत के स्वाध्याय का काल नियत नहीं है वह उत्कालिक कहलाता है।

उत्कीर्तना—उत्कीर्तना नाम संशब्दना, यथा कल्पाध्ययन व्यवहाराध्ययनमिति। (व्यव. भा. मलय. वृ. १, पृ. २)।
किसी ग्रन्थ आदि के स्पष्ट उच्चारण का नाम उत्कीर्तना है। जैसे कल्पाध्ययन व व्यवहाराध्ययन।

उत्कुटिकासन—देखो उत्कटिकासन। उक्कुडिया ऊर्ध्वं संकुचितासनम्। (भ. आ विजयो. टी. २२४)।
देखो उत्कटिकासन।

उत्कुटुकासनिक—उत्कुटुकासन पीठादौ पुतालगनेनोपवेशनरूपमभिग्रहतो यस्यास्ति स उत्कुटुकासनिकः। (स्थाना. अभय. वृ. ५, १, ३९६, पृ. २८४)।
चूतड़ों का स्पर्श न कराकर पाटे आदि पर बैठना, यह उत्कुटुक आसन कहलाता है, इस आसनविशेष को जिसने नियमपूर्वक ग्रहण किया है उसे उत्कुटुकासनिक कहा जाता है।

उत्कृष्ट अन्तरात्मा — पचमहव्वयजुत्ता धम्मे सुक्के वि सठिया णिच्च। णिज्जियसयलपमाया उक्किट्ठा अतरा होति ॥ (कार्तिके. १९५)।
पञ्च महाव्रतों के धारक, सकल प्रमादों के विजेता और धर्म अथवा शुक्ल ध्यान में स्थित साधुओं को उत्कृष्ट अन्तरात्मा कहते हैं।

उत्कृष्ट ज्ञान—निर्वाणपदमेप्येकं भाव्यते यन्मुहुर्मुहुः। तदेव ज्ञानमुत्कृष्टं निर्बन्धो नास्ति भूयसा ॥ (ज्ञानसा. ५–२)।
जिस ज्ञान के द्वारा एक मात्र निर्वाण पद की निरन्तर भावना की जाती है वही उत्कृष्ट ज्ञान कहलाता है।

उत्कृष्ट दाह—उक्कसदाहो णाम उक्कस्सठिदिबंध-कारणउक्कस्ससंकिलेसो। (धव. पु. ११, पु. ३३६)।
उत्कृष्ट कर्मस्थिति के बन्ध के कारणभूत उत्कृष्ट संक्लेश का नाम उत्कृष्ट दाह है।

उत्कृष्ट निक्षेप—१. उक्कस्सम्रो पुण णिक्खेवो केत्तियो ? जत्तिया उक्कस्सिया कम्मठिदी उक्कस्सियाए आबाहाए समउत्तरावलियाए च ऊणा तत्तिम्रो उक्कस्सो निक्खेवो। (धव. पु. ६, पृ. २२६ का टि. १)। २. उक्कस्सट्ठिदिबंधो समयजुदावलियुगेण परिहीणो। उक्कट्ठिदिम्मि चरिमेट्ठिदिम्मि उक्कस्सणिक्खेवो। (लब्धि. ५८)।
उत्कृष्ट आबाधा और एक समय अधिक आवलि से हीन जितनी उत्कृष्ट कर्मस्थिति हो, उतना उत्कृष्ट निक्षेप होता है।

उत्कृष्ट पद—उक्कस्सदव्वमस्सिदूण जो गुणगारो तमुक्कस्सपदं णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३६२)।
उत्कृष्ट द्रव्य का आश्रय लेकर जो गुणकार होता है उसे उत्कृष्ट पद कहा जाता है।

उत्कृष्ट पदमीमांसा—जत्थ पचण्ह सरीराण उक्कस्सदव्वपरिक्खा कीरदि सा उक्कस्सपदमीमासा। (धव. पु. १४, पृ. ३६७)।
जिस अधिकार में पांचों शरीरों के उत्कृष्ट द्रव्य की परीक्षा की जाती है उसे उत्कृष्ट पदमीमांसा कहते हैं।

उत्कृष्टपदाल्पबहुत्व—उक्कस्सदव्वविसयमुक्कस्सपदप्पाबहुग णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३८५)।
उत्कृष्ट द्रव्य सम्बन्धी अल्पबहुत्व को उत्कृष्टपदाल्पबहुत्व कहते हैं।

उत्कृष्ट परीतानन्त—१. ज त जहण्णपरित्ताणंतय त विरलेदूण एक्केक्कस्स रूवस्स जहण्णपरित्ताणतय दादूण अण्णोण्णब्भत्थे कदे उक्कस्सपरित्ताणतयं प्रदिच्छिदूण जहण्णजुत्ताणतय गतूण पडिद। एवदिम्रो अभवसिद्धियरासी। तदो एगरूवे अवणीदे जादं उक्कस्सपरित्ताणंतयं। (ति. प. ४, पृ. १८३)। २. यज्जघन्यपरीतानान्त तत्पूर्ववद् वर्गित-संवर्गितमुत्कृष्टपरीतानन्तमतीत्य जघन्ययुक्तानन्तं गत्वा पतितम्। तत एकरूपेऽपनीते उत्कृष्टं परीतानन्तं तद् भवति। (त. वा. ३, ३८, ५, पृ. २०७)।
२ जघन्य परीतानन्त को पूर्व के समान—उत्कृष्ट परीतासंख्यात के समान—वर्गित-संवर्गित करने पर उत्कृष्ट परीतानन्त को लांघ कर जघन्य युक्तानन्त आकर प्राप्त होता है। उसमें से एक अंक के कम करने पर उत्कृष्ट परीतानन्त होता है।

उत्कृष्ट मंगल—धम्मो मगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो। (दशवै. सू. १-१)।
अहिंसा, संयम और तप रूप धर्म को उत्कृष्ट मंगल कहते हैं।

उत्कृष्ट श्रावक—१. गृहतो मुनिवनमित्वा गुरूपकण्ठे व्रतानि परिगृह्य। भैक्ष्याशनस्तपस्यन्नुत्कृष्टश्चेलखण्डधरः॥ (रत्नक. १४७)। २. एयारसम्मि ठाणे उक्किट्ठो सावम्रो हवे दुविहो। वत्थेक्कधरो पढमो कोवीणपरिग्गहो बिदिम्रो॥ धम्मिल्लाण चयण करेइ कत्तरि छुरेण वा पढमो। ठाणाइसु पडिलेहइ उवयरणेण पयडप्पा॥ भुजेइ पाणि-पत्तम्मि भायणे वा सइ समुवविट्ठो। उपवास पुण णियमा चउव्विहं कुणइ पव्वेसु॥ पक्खालिऊण पत्तं पविसइ चरियाय पंगणे ठिच्चा। भणिऊण धम्मलाहं जायइ भिक्ख सय चेव॥ सिग्घ लाहालाहे प्रदीणवयणो णियत्तिऊण तम्रो। अण्णम्मि गिहे वच्चइ दरिसइ मोणेण काय वा॥ जइ अद्धवहे कोइ वि भणइ पत्थेइ भोयण कुणह। भोत्तूण णिययभिक्ख तस्सण्ण भुजए सेस॥ अह ण भणइ तो भमेज्ज णियपोट्टपूरणपमाणं। पच्छा एयम्मि गिहे जाएज्ज पासुग सलिल॥ ज किं पि पडियभिक्ख भुजिज्जो सोहिऊण जत्तेण। पक्खालिऊण पत्त गच्छिज्जो गुरुसयासम्मि॥ जइ एय ण रएज्जो काउरिसगिहम्मि चरियाए। पविसत्ति एयभिक्ख पवित्तिणियमण ता कुज्जा॥ गतूण गुरुसमीवं पच्चक्खाण चउव्विहं विहिणा। गहिऊण तम्रो सव्व आलोचेज्जा पयत्तेण॥ एमेव होइ बिइम्रो णवरि विसेसो कुणिज्ज णियमेण। लोच धरिज्ज पिच्छ भुजिज्जो पाणिपत्तम्मि॥ उद्दिट्ठपिंडविरम्रो दुवियप्पो सावम्रो समासेण। एयारसम्मि ठाणे भणिम्रो सुत्ताणुसारेण॥ (वसु. श्रा. ३०१-११ व ३१३)। ३. तत्तद्व्रतास्त्रनिर्भिन्नश्वसन् मोहमहाभट.। उद्दिष्ट पिण्डमप्युज्झेदुत्कृष्टः श्रावकोऽन्तिमः॥ स द्वेधा प्रथमः श्मश्रुमूर्द्धजानपनाययेत्। सितकौपीनसंव्यानः कर्तर्या वा क्षुरेण वा॥ स्थानादिषु प्रतिलिखेत् मृदूपकरणेन सः। कुर्यादेव चतुष्पर्व्यामुपवास चतुर्विधम्॥ स्वय समुपविष्टोऽद्यात् पाणिपात्रेऽथ भाजने। स श्रावकगृह गत्वा पात्रपाणिस्तदङ्गणे॥ स्थित्वा भिक्षा धर्म-

सार्थं भणित्वा प्रार्थयेत वा । मौनेन दर्शयित्वाङ्गं लाभालाभे समोऽचिरात् ।। निर्गत्यान्यद् गृहं गच्छेद् भिक्षोद्युक्तस्तु केनचित् । भोजनायार्थितोऽद्यात् तद् भुक्त्वा यद् भिक्षितं मनाक् ।। प्रार्थयेतान्यथा भिक्षा यावत् स्वोदरपूरणीम् । लभेत प्रासु यत्राम्भस्तत्र संशोध्य तां चरेत् ।। आकाङ्क्षन् संयमं भिक्षापात्र-प्रक्षालनादिषु । स्वयं यतेत चादर्प: परथाऽसंयमो महान् ।। ततो गत्वा गुरूपान्तं प्रत्याख्यानं चतुर्विधं । गृह्णीयाद् विधिवत् सर्वं गुरोश्चालोचयेत् पुर: ।। यस्त्वेकभिक्षानियमो गत्वाऽद्यादनुमुन्यसौ । भुक्त्य-भावे पुनः कुर्यादुपवासमवश्यकम् ।। वसेन्मुनिवने नित्यं शुश्रूषेत गुरूंश्चरेत् । तपो द्विधापि दशधा वैयावृत्यं विशेषत: ।। तद्वद् द्वितीय: किन्त्वार्यसंज्ञो लुञ्चत्यसौ कचान् । कौपीनमात्रयुग् धत्ते यतिवत् प्रतिलेखनम् ।। स्वपाणिपात्र एवात्ति संशोध्यान्येन योजितम् । इच्छाकारं समाचारं मिथ: सर्वे तु कुर्वते ।। (सा. ध. ७, ३७–४९) ।

१ उत्कृष्ट—ग्यारहवीं प्रतिमाका धारक—श्रावक वह कहलाता है जो घर से मुनियों के आश्रम में जाकर गुरु के समीप मे व्रत को ग्रहण करता हुआ भिक्षाभोजन को करता है और वस्त्रखण्ड—लंगोटी मात्र—को धारण करता है। २ उत्कृष्ट श्रावक दो प्रकार के होते हैं। उनमें प्रथम उत्कृष्ट श्रावक (क्षुल्लक) एक वस्त्र को धारण करता है, पर दूसरा लंगोटी मात्र का धारक होता है। प्रथम उत्कृष्ट श्रावक बालों का परित्याग कैंची या उस्तरे से करता है—उन्हें निकलवाता है—तथा बैठने-उठने आदि क्रियाओं में प्रयत्नपूर्वक प्रतिलेखन करता है—प्राणिरक्षा के लिए कोमल वस्त्र आदि से भूमि आदि को झाड़ता है। भोजन वह बैठकर हाथरूप पात्र में करता है अथवा थाली आदि में भी करता है। परन्तु पर्वदिनों में—अष्टमी-चतुर्दशी आदि को—उपवास नियम से करता है। पात्र को धोकर व भिक्षा के लिए गृहस्थ के घर पर जाकर आंगन में स्थित होता हुआ 'धर्मलाभ' कहकर भिक्षा की स्वयं याचना करता है, तत्पश्चात् भोजन चाहे प्राप्त हो अथवा न भी प्राप्त हो, वह दैन्य भाव से रहित होता हुआ वहां से शीघ्र ही वापिस लौटकर दूसरे घर पर जाता है और मौन के साथ शरीर को दिखलाता है। बीच में यदि कोई श्रावक वचन द्वारा भोजन करने के लिए प्रार्थना करता है तो जो कुछ भिक्षा प्राप्त कर ली है, पहिले उसे खाकर तत्पश्चात् उसके अन्न को खाता है। परन्तु यदि मार्ग में कोई नहीं बुलाता है तो अपने उदर की पूर्ति के योग्य भिक्षा प्राप्त होने तक अन्यान्य घरों में जाता है। तत्पश्चात् एक किसी गृह पर प्रासुक पानी को मांगकर व याचित भोजन को प्रयत्न-पूर्वक शोधकर खाता है। फिर पात्र धोकर गुरु के पास में जाता है। यह भोजनविधि यदि किसी को नहीं रुचती है तो वह मुनि के आहार के पश्चात् किसी घर में चर्या के लिए प्रविष्ट होता है और एक भिक्षा के नियमपूर्वक भोजन करता है—यदि विधि-पूर्वक वहां भोजन नहीं प्राप्त होता है तो फिर उपवास ही करता है। गुरु के पास विधिपूर्वक चार प्रकार के प्रत्याख्यान को—उपवास को—ग्रहण करता है व आलोचना करता है। दूसरे उत्कृष्ट श्रावक की भी यही विधि है। विशेषता इतनी है कि वह बालों का नियम से लोच ही करता है, पिच्छी को धारण करता है और हाथरूप पात्र में ही भोजन करता है।

उत्कृष्ट सान्तरप्रवक्रमणकाल—विदियादिवक्क-मणकदयाणमावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ताणं उक्क-स्सकालकलाओ उक्कस्सगो सांतरवक्कमणकालो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४७६)।

आवलि के असंख्यातवें भाग मात्र द्वितीय आदि अवक्रमणकाण्डकों के उत्कृष्ट कालसमूह का नाम उत्कृष्ट सान्तरअवक्रमणकाल है।

उत्कृष्ट स्थितिप्राप्तक—ज कम्मं बंधसमयादो कम्मट्ठिदीए उदए दीसदि तम्मुक्कस्सट्ठिदिपत्तयं। (कसायपा. चू. पृ २३५)।

जो कर्म बन्धसमय से कर्मस्थिति के अनुसार उदय में दिखता है उसका नाम उत्कृष्ट स्थितिप्राप्तक है।

उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेश—अथवा उक्कस्सट्ठिदिबंध-पाओग्गअसंखेज्जलोगमेत्तसंकिलेसट्ठाणाणि पलिदोव-मस्स असंखेज्जदिभागमेत्तखंडाणि कादूण तत्थ चरि-मखंडस्स उक्कस्सट्ठिदिसंकिलेसो णाम। (धव. पु. ११, पृ ९१)।

अथवा उत्कृष्ट स्थितिबन्ध के योग्य असंख्यात लोक मात्र संक्लेशस्थानों के पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र खण्ड करने पर उनमें अन्तिम खण्ड का नाम उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेश है।

उत्कृष्टासंख्येयासंख्येय— १. जहण्णमसंखेज्जासंखेज्जयं दोप्पडिरासियं कादूण एगरासिं सलायपमाणं ठविय एगरासिं विरलेदूण एक्केक्कस्स रूवस्स एगपुंजपमाणं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं करिय सलायरासिदो एगरूवं अवणेदव्वं। पुणो वि उप्पण्णरासिं विरलेदूण एक्केक्कस्स रूवस्सुप्पण्णरासिपमाणं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं कादूण सलायरासिदो एगरूवं अवणेदव्वं। एदेण कमेण सलायरासी णिट्ठिदा। णिट्ठियतदणंतररासिं दुप्पडिरासिं कादूण एयपुंजं सलायं ठविय एयपुंजं विरलिदूण एक्केक्कस्स रूवस्स उप्पण्णरासिं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं कादूण सलायरासिदो एयं रूवं अवणेदव्वं। एदेण सरूएण विदियसलायपुंज समत्त। सम्मत्तकाले उप्पण्णरासिं दुप्पडिरासिं कादूण एयपुंजं सलायं ठविय एयपुंजं विरलिदूण एक्केक्कस्स रूवस्स उप्पण्णरासिपमाणं दादूण अण्णोण्णब्भत्थं कादूण सलायरासीदो एयरूवं अवणेदव्वं। एदेण कमेण तदियपुंजं णिट्ठिदं। एवं कदे उक्कस्स-असंखेज्जासंखेज्जयं ण पावदि। धम्माधम्म-लोगागास-एगजीवपदेसा चत्तारि वि लोगागासमेत्ता, पत्तेगसरीर-बादरपदिट्ठिया एदे दो वि (कमसो असंखेज्जलोगमेत्ता), छप्पि एदे असंखेज्जरासीओ पुव्विल्लरासिस्स उवरि पक्खिविदूण पुव्वं व तिण्णिवारवग्गिदे कदे उक्कस्सअसंखेज्जासंखेज्जयं ण उप्पज्जदि। तदा ठिदिबंधज्झवसायठाणाणि अणुभागबंधज्झवसायठाणाणि योगपलिच्छेदाणि उस्सप्पिणी-ओसप्पिणीसमयाणि च एदाणि पक्खिविदूण पुव्वं व वग्गिद-संवग्गिदं कदे (उक्कस्स-असंखेज्जासंखेज्जयं अदिच्छिदूण जहण्णपरित्ताणंतयं गतूण पडिदं।) तदो (एगरूवं अवणीदे जादं) उक्कस्समसंखेज्जासंखेज्जयं। (ति. प. १, पृ. १८१, १८२)। २. यज्जघन्यासंख्येयासंख्येयं तद्विरलीकृत्य पूर्वविधिना त्रीन् वारान् वर्गित-संवर्गितं उत्कृष्टासंख्येयासंख्येय[न]प्राप्नोति। ततो धर्माधर्मैकजीव-लोकाकाश-प्रत्येकशरीरजीव-बादरनिगोतशरीराणि षडप्येतान्यसंख्येयानि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यनुभागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगाविभागपरिच्छेदरूपाणि चासंख्येयलोकप्रदेशपरिमाणान्युत्सर्पिण्यवसर्पिणीसमयांश्च प्रक्षिप्य पूर्वोक्तराशौ त्रीन् वारान् वर्गित-संवर्गितं कृत्वा उत्कृष्टासंख्येयासंख्येयमतीत्य जघन्यपरीतानन्तं गत्वा पतितम्। तत एकरूपेऽपनीते उत्कृष्टासंख्येयासंख्येयं भवति। (त. वा. ३, ३८, ५, पृ. २०८, पं. ७–१२)।

२ जघन्य असंख्येयासंख्येय का विरलन करके पूर्वोक्त विधि से—उत्कृष्ट युक्तासंख्येय के समान—तीन बार वर्गित-संवर्गित करने पर उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय प्राप्त नहीं होता। तब धर्म, अधर्म, एक जीव, लोकाकाश, प्रत्येकशरीर जीव और बादर निगोद जीवशरीर; इन छह असंख्यात राशियों तथा असंख्यात लोकप्रदेश प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान, अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान, योगाविभागप्रतिच्छेद और उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी के समयों को मिलाकर पूर्वोक्त राशि के तीन बार वर्गित-संवर्गित करने पर उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय का अतिक्रमण करके जघन्य-परीतानन्त आकर प्राप्त होता है। उसमें से एक अंक के कम कर देने पर उत्कृष्ट असंख्येयासंख्येय का प्रमाण होता है।

उत्कृष्टि—उत्कृष्टिः हर्षविशेषप्रेरितो ध्वनिविशेषः। (आव. नि. हरि. वृ. ५५२, पृ. २३१)।

हर्ष-विशेष से प्रेरित होकर की गई ध्वनिविशेष को उत्कृष्टि कहते हैं।

उत्क्रम व्यवच्छिद्यमान-बन्धोदय—उत्क्रमेण, पूर्वमुदयः पश्चात् बन्ध इत्येवंलक्षणेन, व्यवच्छिद्यमानौ बन्धोदयौ यासां ता उत्क्रमव्यवच्छिद्यमानबन्धोदयाः। (पंचसं. मलय. वृ. ३–५५, पृ. १४८)।

जिन कर्मप्रकृतियों की उत्क्रम से बन्धोदय-व्युच्छित्ति होती है, अर्थात् पहले उदयव्युच्छित्ति और पीछे बन्धव्युच्छित्ति होती है, वे उत्क्रमव्यवच्छिद्यमान बन्धोदयप्रकृतियां कहलाती हैं।

उत्क्षिप्तचरक—उत्क्षिप्त पाकपिठरात् पूर्वमेव दायकेनोद्धृतम्, तद् ये चरन्ति गवेषयन्ति ते उत्क्षिप्तचरकाः। (बृहत्क. वृ. १६५२)।

दातार गृहस्थ के द्वारा साधु के आने के पूर्व ही पात्र में से निकाले गये आहार को खोजने वाले—उसे गोचरी में ग्रहण करने वाले—साधुओं को उत्क्षिप्तचरक कहते हैं। अभिग्रह और अभिग्रहवान् में कथंचित् अभेद होने से उसे भावाभिग्रह का लक्षण समझना चाहिये।

उत्क्षिप्तचर्या—१. उत्क्षिप्तं पटलोदंकिका-कडुच्छ-

कादिनोपकरणेन दानयोग्यतया दायकेनोद्यत तादृश यदि लप्स्येत ततो गृहीष्यामः नावशिष्टमित्युत्क्षिप्त-चर्या उत्क्षिप्ताभ्यवहरणमिति। (त. भा. हरि. वृ. ९-१९)। २. उत्क्षिप्तं पटलकादिकं कुडुच्छुकादि-नोपकरणेन दानयोग्यतया दायकेनोद्यत तादृश यदि लप्स्ये ततो गृहीष्यामि, नावशिष्टमित्युत्क्षिप्तचर्या उत्क्षिप्ताऽभ्यवहरणमिति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-१९)।

दाता कलछी आदि से दान के योग्य जिस भोज्य वस्तु को पात्र में से निकाल लेता है, ऐसा यदि प्राप्त होगा तो उसे ही ग्रहण करूंगा, अन्य को नहीं; इस प्रकार से अभिग्रहपूर्वक की जाने वाली चर्या को उत्क्षिप्तचर्या कहते हैं।

उत्तरकरण—१. खडिम-विराहिमाण मूलगुणाण स-उत्तरगुणाण। उत्तरकरण कीरइ जह सगड-रहंग-गोहाण ॥१९॥ (आव. ५ अ.—अभिधा. २, पृ. ७५७)। २. मूलतः स्वहेतुभ्य उत्पन्नस्य पुनरुत्तर-काल विशेषाधानात्मक करणमुत्तरकरणम्। (उत्तरा. नि. शा. वृ. ४-१८२, पृ. ११४)।

१ मूलगुण और उत्तरगुणों के सर्वथा खण्डित होने पर अथवा देशतः खण्डित होने पर पुनः उनका जो उत्तरकरण किया जाता है—आलोचना आदि के द्वारा उन्हें शुद्ध किया जाता है, इसका नाम उत्तर-करण है। जैसे लोक में गाड़ी आदि के विकृत हो जाने पर उनका सुधार करके फिर से उन्हें व्यवहार के योग्य बनाया जाता है। २ अपने कारणों से उत्पन्न घटादि को जो पश्चात् विशेषाधान रूप किया जाता है उसे उत्तरकरण कहते हैं।

उत्तरकरणकृति—जा सा उत्तरकरणकदी णाम सा अणेयविहा। तं जहा—असि-वासि-परसु-कुडारि-चक्क-दड-वेम-णालिया-सलागमट्टियसुत्तोदयादीणसुव-संपदसण्णिज्झे। (षट्खं. ४, १, ७२—पु. ९, पृ. ४५०)।

तलवार, बसूला, फरसा और कुवारी आदि उप-करणों का कार्योत्पत्ति में सांनिध्य रहने से उन सबको उत्तरकरणकृति कहा जाता है। जीव से अपृथग्भूत होकर समस्त करणों के कारण होने से औदारिकादि पांच शरीरों को मूलकरण कहा जाता है। इन मूलकरणों के करण होने के कारण उक्त तलवार आदि को उत्तरकरण माना गया है।

उत्तरगुण—शेषाः पिण्डविशुद्धचाद्याः स्युरुत्तरगुणाः स्फुटम्। एषा चानतिचाराणा पालन ते त्वमी मताः ॥४७॥ (अभिधा. २, पृ. ७६३)।

मूलगुणों से भिन्न पिण्डशुद्धि आदि उत्तरगुण माने जाते हैं।

उत्तरगुणकल्पिक—आहार-उवहि-सेज्जा उग्गम-उप्पादणेसणासुद्धा। जो परिगिण्हति नियय उत्तर-गुणकप्पिओ स खलु ॥ (बृहत्क. ६४४४); यः आहा-रोपधि-शय्या उद्गमोत्पादनैषणाशुद्धा नियत निश्चितं परिगृह्णाति स खलु उत्तरगुणकल्पिको मन्तव्यः। (बृहत्क. वृ. ६४४४)।

जो साधु नियम से उद्गम, उत्पादन और एषणा दोषों से रहित आहार, उपधि और शय्या को ग्रहण किया करता है उसे उत्तरगुणकल्पिक कहा जाता है।

उत्तरगुणनिर्वर्तनाधिकरण—१. उत्तरगुणनिर्व-र्तना काष्ठ-पुस्त-चित्र-कर्मादीनि। (त. भा. ६-१०)। २. उत्तर काष्ठ-पुस्त-चित्रकर्माणि। (त. भा. ६, ९, १२)। ३. तथाङ्गोपाङ्ग-सस्थान-मृद्वादि-तक्ष्ण्यादि-रुत्तरगुण, सोऽपि निर्वृत्तः सन्निधिकरणीभवति कर्मबन्धस्योत्तरगुण एव निर्वर्तनाधिकरणम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-१०)। ४. उत्तरगुणनिर्वर्तना काष्ठ-पुस्त-चित्रकर्मभेदा। (त. सुखबो. वृ. ६-९)। ५. उत्तरगुणनिर्वर्तनाधिकरण काष्ठ-पाषाण-पुस्तक-चित्र-कर्मादिनिष्पादन जीवरूपादिनिष्पादनं लेखन चेत्यनेकविधम्। (त. वृत्ति श्रुत. ६-९)।

१ काष्ठ, पुस्तक व चित्रकर्म आदि को उत्तरगुण-निर्वर्तना कहा जाता है।

उत्तरचूलिका दोष—१. वन्दना स्तोकेन कालेन निर्वर्त्य वन्दनायाश्चूलिकाभूतस्यालोचनादिकस्य महता कालेन निर्वर्तकं[नं] कृत्वा यो वन्दना विद-धाति तस्योत्तरचूलिकादोषः। (मूला. वृ. ७-१०९)। २. उत्तरचूलं वन्दन दत्त्वा महता शब्देन 'मस्तकेन वन्दे' इत्यभिधानम्। (योगशा. स्वो. विव. १३०, पृ. २३७)। ३. × × × चूला चिरेणोत्तरचूलिका ॥ (अन. ध. ८-१०९); उत्तरचूलिका नाम दोषः स्यात्। या किम्? या चूला। केन? चिरेण। वन्दनां स्तोककालेन कृत्वा तच्चूलिकाभूतस्यालोचना-देर्महता कालेन करणमित्यर्थः। (अन. ध. स्वो. टी. ८-१०९)।

१ वन्दना को शीघ्रता से करके उसकी चूलिका

स्वरूप आलोचना आदि को दीर्घ काल तक करने के पश्चात् जो वन्दना करता है उसके उत्तरचूलिका नामक वन्दनादोष होता है। २ वन्दना देकर 'मस्तक से मैं वन्दना करता हूं, इस प्रकार उच्च स्वर से कहना, यह वन्दनाविषयक उत्तरचूल नाम का दोष है।

उत्तरप्रकृति—पुध-पुधावयवा पज्जवट्ठियणयणिबंधणा उत्तरपयडी णाम। (धव. पु. ६, पृ. ५–६)।
पर्यायार्थिक नय के आश्रय से किये जाने वाले पृथक् पृथक् कर्मप्रकृतिभेदों का नाम उत्तरप्रकृति है।

उत्तरप्रकृति-अनुभागसंक्रम—उत्तरपयडीणं च मिच्छत्तादीणमणुभागस्स ओकड्डुक्कड्डुण-परपयडिसंकमेहि जो सत्तिविपरिणामो सो उत्तरपयडि-अणुभागसकमो त्ति। (जयध. ६, पृ. २)।
मिथ्यात्व आदि उत्तर प्रकृतियों के अनुभाग की शक्ति का जो अपकर्षण, उत्कर्षण और परप्रकृति-संक्रमण के द्वारा विरुद्ध परिणमन होता है उसे उत्तरप्रकृति-अनुभागसंक्रम कहते हैं।

उत्तरप्रकृति-विपरिणामना—णिज्जिण्णा पयडी देसेण सव्वणिज्जराए वा, अण्णपयडीए देससंकमेण वा सव्वसंकमेण वा जा संकामिज्जदि, एसा उत्तरपयडिविपरिणामणा णाम। (धव. पु. १५, पृ. २८३)।
देशनिर्जरा अथवा सर्वनिर्जरा से निर्जीर्ण प्रकृति का तथा देशसंक्रमण अथवा सर्वसंक्रमण के द्वारा अन्य प्रकृति में संक्रान्त की जाने वाली प्रकृति का नाम उत्तरप्रकृति-विपरिणामना है।

उत्तरप्रयोगकरण—१. ××× इअरं पओगओ जमिह। निप्फन्ना निप्फज्जइ आइल्लाणं च त तिण्ह॥ (आव. भा. १५६, पृ. ५५६)। २. प्रयोगेण यदिह लोके मूलप्रयोगेण, निष्पन्नात् तन्निष्पन्नात् निष्पद्यते तदुत्तरप्रयोगकरणम्, तच्च त्रयाणामाद्यानां शरीराणाम्। इयमत्र भावना ××× अङ्गोपाङ्गादिकरण तूत्तरप्रयोगकरणं, तच्चौदारिक-वैक्रियिकाहारकरूपाणां त्रयाणां शरीराणाम्, न तु तैजस-कार्मणयोः, तयोरङ्गोपाङ्गाद्यसम्भवात्। (आव. भा. मलय. वृ. १५६, पृ. ५५६)।
औदारिक, वैक्रियिक और आहारक इन तीन शरीरों के अङ्गोपाङ्ग आदि करण को उत्तरप्रयोगकरण कहते हैं।

उत्तराध्ययन—१. कमउत्तरेण पगयं आयारस्सेव उवरिमाइं तु। तम्हा उ उत्तरा खलु अज्झयणा होंति णायव्वा॥ (उत्तरा. नि. ३, पृ. ५)। २. उत्तरज्झयणाणि आयारस्स उवरिं आसित्ति तम्हा उत्तराणि भवंति। (उत्तरा. चू. पृ. ६)। ३. उत्तरज्झयणं उत्तरपदाणि वण्णेइ। (धव. पु. १, पृ, ७७); उत्तरज्झयणं उग्गमुप्पायणेसणदोसगयपायच्छित्तविहाणं कालादिविसेसिद परूवेदि। (धव. पु. ९, पृ. १९०)। ४. चउव्विहोवसग्गाणं बावीसपरिस्सहाण च सहणविहाण सहणफलमेदम्हादो एदमुत्तरमिदि च उत्तरज्झेणं वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १२०)। ५. आचारात् परतः पूर्वकाले यस्मादेतानि पठितवन्तो यतयस्तेनोत्तराध्ययनानि। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–२०)। ६. उत्तराण्यधीयन्ते पठ्यन्तेऽस्मिन्नित्युत्तराध्ययनम्, तच्च चतुर्विधोपसर्गाणां द्वाविंशतिपरीषहाणां च सहनविधान तत्फलम्, एवं प्रश्ने एवमित्युत्तरविधानं च वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. टी. ३६७)। ७. भिक्षूणामुपसर्गसहनफलनिरूपकमुत्तराध्ययनम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ८. उत्तराणि अहिज्जति उत्तरज्झयण मदं जिणिदेहि। बावीसपरीसहाण उवसग्गाण च सहणविहिं॥ वण्णेदि तप्फलमदि एव पण्हे च उत्तर एव। कहदि गुरुसीसयाणं पइण्णियं अट्ठमं तं खु॥ (अंगप. २५, २६, पृ. ३०९)।
१ क्रम की अपेक्षा जो आचारांग के उत्तर—पश्चात्—मुनियों के द्वारा पढ़े जाते थे वे विनय व परीषह आदि ३६ उत्तराध्ययन कहे जाते हैं। ३ जिसमें उद्गम, उत्पादन और एषण दोषों सम्बन्धी प्रायश्चित्त का विधान कालादि की विशेषतापूर्वक किया गया हो वह उत्तराध्ययन कहलाता है। ६ जिस शास्त्र में देव, मनुष्य, तिर्यंच और अचेतन कृत चतुर्विध उपसर्ग व बाईस परीषहों के सहन करने की विधि का एवं उनके फल का विधान किया गया हो तथा प्रश्नों के उत्तर का विधान किया गया हो उसे उत्तराध्ययन कहते हैं।

उत्तराध्यायानुयोग—अनुयोजनमनुयोगः, अर्थव्याख्यानमित्यर्थः; उत्तराध्यायानामनुयोगः उत्तराध्यायानुयोगः ×××। (उत्तरा. चू. पृ. १)।
उत्तराध्ययन के अध्ययनों के अर्थ के व्याख्यान को उत्तराध्यायानुयोग कहते हैं।

उत्तरितदोष— ××× तस्योत्तरितमुन्नमः । (अन. ध. ८–११५); उत्तरित नाम दोषोऽस्ति । कोऽसौ ? उन्नमः । कस्य ? तस्य मूर्ध्नः । (अन. ध. स्वो. टी. ८–११५) ।

सिर को ऊपर उठाकर कायोत्सर्ग करना, यह उस कायोत्सर्ग के ३२ दोषों में से एक (१०वां) उत्तरित नाम का दोष है ।

उत्थितोत्थितकायोत्सर्ग—देखो उत्सृतोत्सृतकायोत्सर्ग । धर्मे शुक्ले वा परिणतो यस्तिष्ठति तस्य कायोत्सर्ग उत्थितोत्थितो नाम । द्रव्य-भावोत्थानसमन्वितत्वादुत्थानप्रकर्षः उत्थितोत्थितशब्देनोच्यते । (भ. आ. विजयो. टी. ११६) ।

धर्मध्यान और शुक्लध्यान में परिणत जीव के कायोत्सर्ग को उत्थितोत्थित या उत्सृतोत्सृत कायोत्सर्ग कहते हैं । उत्थितोत्थित शब्द से यहां द्रव्य व भावरूप उत्थान से युक्त उत्थान का प्रकर्ष ग्रहण किया गया है ।

उत्पत्ति—१. पूर्वावधिपरिच्छिन्नवस्तुसत्तासम्बन्धलक्षणादुत्पत्तेः । (सिद्धिवि. वृ. ४–६, पृ. २४६); आत्मलाभलक्षणा उत्पत्तिः । (सिद्धिवि. टी. ४–६, पृ. २५०) । २. अपूर्वाकारसम्प्राप्तिरुत्पत्तिरिति कीर्त्यते । (भावसं. वाम. ३८०) ।

१ पूर्व अवधि से निश्चित वस्तु की सत्ता के सम्बन्ध का नाम उत्पत्ति है । अभिप्राय यह कि वस्तु के स्वरूप का जो लाभ है वही उसकी उत्पत्ति कही जाती है ।

उत्पत्तिकषाय—उत्पत्तिकषायो यस्माद् द्रव्यादेर्बाह्यात् कषायप्रभवस्तदेव कषायनिमित्तत्वाद् उत्पत्तिकषायः इति । उक्तं च—किं एत्तो कट्ठयर ज मूढो खाणुगंमि अप्फिडिओ । खाणुस्स तस्स रूसइ ण अप्पणो दुप्पओगस्स ॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ३६०) ।

जिस बाह्य द्रव्य के निमित्त से कषाय की उत्पत्ति हो उसे कषायोत्पत्ति का निमित्त होने से उत्पत्तिकषाय कहा जाता है । उदाहरणार्थ यदि कोई मूर्ख व्यक्ति स्थाणु (ठूंठ) से आहत होता है तो वह उस स्थाणुपर तो कोधित होता है, किन्तु अपनी दूषित प्रवृत्ति पर कोधित नहीं होता ।

उत्पन्नज्ञानदर्शी—उत्पन्नज्ञानेन दृष्टं शीलमस्येत्युत्पन्नज्ञानदर्शी, स्वयमुत्पन्नज्ञानदर्शी भगवान् सर्वलोकं जानाति । (धव. पु. १३, पृ. ३४६) ।

उत्पन्न हुए ज्ञान के द्वारा देखना जिसका स्वभाव है उसे उत्पन्नज्ञानदर्शी कहते हैं । स्वयं उत्पन्न हुए ज्ञान से देखने वाले भगवान् सब लोक को जानते हैं ।

उत्पन्नमिश्रिता—उप्पण्णमीसिया सा उप्पन्ना जत्थ मीसिया हुति । संखाइ पूरणत्थ सद्धिमणुप्पन्नभावेहिं ॥ (भाषार. ५८); सा उत्पन्नमिश्रिता इति विधेयनिर्देशः, यत्रानुत्पन्नभावैः सार्द्धं सङ्ख्यायाः पूरणार्थं उत्पन्ना मिश्रिता भवन्ति । (भाषार. टी. ५८) ।

जिस भाषा में अनुत्पन्न भावों के साथ संख्या की पूर्ति के लिए उत्पन्न भी पदार्थों को सम्मिलित करके कहा जावे उसे उत्पन्नमिश्रिता भाषा कहते हैं । जैसे किसी ग्राम में पांच अथवा दस से अधिक बच्चों के उत्पन्न होने पर 'आज दस बच्चे उत्पन्न हुए हैं' ऐसा कहना ।

उत्पन्नविगतमिश्रिता — उप्पन्नविगयमीसियमेय पभणंति जत्थ खलु जुगवं । उप्पन्ना विगमा वि य ऊणऽमहिया भणिज्जति ॥ (भाषार. ६०); एता भाषामुत्पन्नविगतमिश्रिता प्रभणन्ति श्रुतधराः, यत्र यस्यां भाषायां खलु निश्चयेन उत्पन्ना विगता अपि च भावा ऊना अधिका युगपद् भण्यन्ते । (भाषार. टी. ६०) ।

जिस भाषा में उत्पन्न और विगत दोनों ही भाव हीनता या अधिकता के साथ युगपत् कहे जावें उसे उत्पन्नविगतमिश्रिता भाषा कहते हैं । जैसे—'इस ग्राम में दस उत्पन्न हुए हैं और दस ही मरे हैं' ऐसा कहना ।

उत्पात—उत्पात सहजरुधिरवृष्टयादिलक्षणोत्पातफलनिरूपक निमित्तशास्त्रम् । (समवा. अभय. वृ. २९, पृ. ४७) ।

जिस शास्त्र में स्वभाव से होने वाली रुधिर की वर्षा आदिरूप उपद्रवों के फल का वर्णन किया गया हो उसे उत्पात निमित्त कहते हैं ।

उत्पाद—१. चेतनस्याचेतनस्य वा द्रव्यस्य स्वां जातिमजहत उभयनिमित्तवशाद् भावान्तरावाप्तिरुत्पादनमुत्पादः । (स. सि. ५–३०; त. वृत्ति श्रुत. ५–३०) । २. स्वजात्यपरित्यागेन भावान्तरावाप्तिरुत्पादः । चेतनस्य अचेतनस्य वा द्रव्यस्य स्वजातिमजहतः भावान्तरावाप्तिरुत्पादनमुत्पाद इत्युच्यते मृत्पिण्डस्य घटपर्यायवत् । (त. वा. ५, ३०, १) ।

३. प्राविब्भावो उप्पादो । (धव. पु. १५, पृ. १६) । ४. प्रभूत्वा भाव उत्पादः । (ध. पु. २४–११०) । ५. स्वजात्यपरित्यागेन भावान्तरावाप्तिरुत्पादः । (त. श्लो. ५–३०) । ६. प्रागसत आत्मलाभ उत्पादः । (सिद्धिवि. टी. ३–१५, पृ. २०२) । ७. द्रव्यनयाभिप्रायेणाकारान्तराविर्भावमात्रमुत्पाद ग्रौपचारिकः, परमार्थतो न किञ्चिदुत्पद्यते सतत-मवस्थितद्रव्यांशमात्रत्वात् । (त. भा. सिद्ध. वृ. ५, २६) । ८. द्रव्यस्य स्यात्समुत्पादश्चेतनस्येतरस्य च । भावान्तरपरिप्राप्तिर्निजा जातिमनुज्झतः ।। (त. सा. ३–६) । ९. तत्रोत्पादोऽवस्थाप्रत्यग्र परिणतस्य तस्य सत । सदसद्भावनिबद्ध तदतद्भावत्ववन्नया-देशात् ।। (पंचाध्यायी १–२०१) ।

१ बाह्य और अभ्यन्तर निमित्त के वश जो चेतन व अचेतन द्रव्य अपनी जाति को न छोड़ता हुआ अवस्थान्तर को—पूर्व अवस्था को छोड़कर नवीन अवस्था को—प्राप्त होता है, इसका नाम उत्पाद है ।

उत्पादपूर्व—१. काल-पुद्गल-जीवादीनां यदा यत्र यथा च पर्यायेणोत्पादो वर्ण्यते तदुत्पादपूर्वम् । (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. ६, पृ. ११२) । २. उप्पादपुव्व दसण्हं वत्थूण १० वे-सदपाहुडाण २०० कोडिपदेहि १०००००००० जीव-काल-पोग्गलाण-मुत्पाद-वय-धुवत्त वण्णेइ । (धव. पु. १, पृ. ११४)। ३. जमुप्पायपुव्व तमुप्पाय-वय-धुवभावाणं कमाकम-सरूवाण णाणाणयविसयाणं वण्णण कुणइ । (जयध. १, पृ. १३६–४०) । ४. उत्पादपूर्वं प्रथमम्, तत्र च सर्वद्रव्याणां पर्यवाणा चोत्पादभावमङ्गीकृत्य प्रज्ञापना कृता । तस्य च पदपरिमाणमेका कोटी । (समवा. अभय. वृ. १४७, पृ. १२१) । ५. जीवादेरुत्पाद-व्यय-ध्रौव्यप्रतिपादक कोटिपदमुत्पादपूर्वम् । (श्रुतभ. टी. १०, पृ. १७५) । ६. एतेषु पूर्वोक्तवस्तुश्रुतज्ञा-नस्योपरि अग्रे प्रत्येकमेकैकवर्णवृद्धिसहचरितपदादि-वृद्धया दशवस्तुप्रमितवस्तुसमासज्ञानविकल्पेषु गतेषु रूपोनतावन्मात्रवस्तुश्रुतसमासज्ञानविकल्पेषु चरमवस्तु-समासोत्कृष्टविकल्पस्योपर्येकाक्षरवृद्धौ सत्यामुत्पाद-पूर्वश्रुतज्ञानं भवति । (गो. जी. जी. प्र. टी. ३४५) । ७. तत्र वस्तूनामुत्पाद-व्यय-ध्रौव्यादिकथकं कोटि-पदप्रमाणमुत्पादपूर्वम् । (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)। ८. कोडिपयं उप्पादं पुव्वं जीवादिदव्वणियरस्स । उप्पाद-व्वय-धुव्वादणेयधम्माण पूरणयं । १०००००००० । तं जहा—दव्वाणं णाणाणयुवण्णयगोयरकमजोग-वज्जसंभाविदुप्पाद-वय-धुव्वाणि तियालगोयरा णव धम्मा हवंति । तप्परिणद दव्वमवि णवहा । उप्पण्ण-मुप्पज्जमाणमुप्पस्समाणं णट्ठं णस्समाण णस्समाणं ठिद तिट्ठमाणं चिस्सतमिदि णवाणं तं धम्माणमुव्व-ण्णादीण पत्तेय णवविहत्तणसंभवादो एयासीदिविय-प्पधम्मपरिणददव्ववण्णणं यं करेदि तमुप्पादपुव्वं । (अंगप. पृ. २८३–८४) ।

१ जिस पूर्वश्रुत में काल, पुद्गल और जीव आदि की पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा होने वाली उत्पत्ति का वर्णन किया जाता है वह उत्पादपूर्व कहलाता है।

उत्पाद-व्ययसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक—१. उप्पाद-वयविमिस्सा सत्ता गहिऊण भणइ तिदयत्त । दव्व-स्स एयसमये जो हु असुद्धो हवे विदिओ ।। (ल. न. च. २२; बृ. न. च. १६५) । २. उत्पाद व्यय-सापेक्षोऽशुद्धद्रव्यार्थिको यथा एकस्मिन् समये द्रव्य-मुत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मकम् । (आलाप. पृ. १३७) ।
जो नय उत्पाद और व्यय से मिश्रित सत्ता (ध्रौव्य) को लेकर द्रव्य को एक ही समय में उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वरूप बतलाता है वह उत्पाद-व्ययसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय कहलाता है।

उत्पादानुच्छेद — उत्पादः सत्त्वम्, अनुच्छेदो विनाशः अभावः नीरूपिता इति यावत् । उत्पाद एव अनुच्छेदः उत्पादानुच्छेदः, भाव एव अभाव इति यावत् । एसो दव्वट्ठियणयववहारो । (धव. पु. ८, पृ. ५); उप्पादाणुच्छेदो णाम दव्वट्ठियो । तेण सतावत्थाए चेव विणासमिच्छदि, असंते बुद्धिविसयं चाइक्कंतभावेण वयणगोयराइक्कते अभाववहारा-णुववत्तीदो । (धव. पु. १२, पृ. ४५७) ।
उत्पाद का अर्थ सत्ता और अनुच्छेद का अर्थ है विनाश या अभाव । अतः उत्पादानुच्छेद से अभिप्राय द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा भावात्मक अभाव से है, क्योंकि तुच्छ अभाव वस्तुभूत नहीं है । यह द्रव्या-र्थिक नय का विषय है ।

उत्ष्वष्कणाभिष्वष्कण—१. टोलव्व उप्फिडंतो ओसक्कअहिसक्कणे कुणइ ।।५६।। (आव. ह. वृ. मल. हे. टि. पृ. ८६ उद्.) । २. उत्ष्वष्कणम् अग्रतः सरणम्, अभिष्वष्कणं पश्चादपसरणम् ते उत्ष्वष्क-णाभिष्वष्कणे, टोलवत्—तिड्डवत्, उपप्लुत्य उप-

प्लुत्य करोति यत्र तट्टोलगतिवन्दनकमिति गाथार्थः। (आव. वृ. टि. मल. हेम. पृ. ८७)।

पतंगा अथवा टिड्डी के समान आगे-पीछे उछलकर वन्दना करना, यह उत्प्लवकण-अभिष्वष्कण नामक वन्दना का दोष है। इसका दूसरा नाम टोलगति भी है। (मूलाचार ७-१०६ और अनगारधर्मामृत ८-६६ में सम्भवतः ऐसे ही दोष को दोलायित नाम से कहा गया है)।

उत्सन्नक्रिय-अप्रतिपाति—देखो व्युपरतक्रियानिवर्ति शुक्लध्यान। केवलिनः शैलेशीगतस्य शैलवदकम्पनीयस्य। उत्सन्नक्रियमप्रतिपाति तुरीय परमशुक्लम्॥ (योगशा. ११-६)।

मेरु के समान स्थिरतारूप शैलेशी अवस्था को प्राप्त अयोगिकेवली के ध्यान को उत्सन्नक्रिय-अप्रतिपाति शुक्ल ध्यान कहते हैं। यह शुक्ल ध्यान का अन्तिम (चतुर्थ) भेद है।

उत्सर्ग—देखो अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग। १. उत्सर्ग त्यागो निष्ठयूत-स्वेद-मल-मूत्र-पुरीषादीनाम्। ××× अथवा अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जित उत्सर्गं करोति, तत पौषधोपवासव्रतमतिचरति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७-२६)। २. बाल-वृद्ध-श्रान्त-ग्लानेनापि संयमस्य शुद्धात्मतत्त्वसाधनत्वेन मूलभूतस्य छेदो न यथा स्यात्तथा संयतस्य स्वस्य योग्यमतिकर्कशमेवाचरणमाचरणीयमित्युत्सर्ग। (प्रव. सा. अमृत. वृ. ३-३०)। ३. यदुचित परिपूर्णद्रव्यादि योग्यमनुष्ठान शुद्धान्न-पानगवेषणारूप परिपूर्णमेव यत्तदौचित्येनानुष्ठान्न स उत्सर्गः। (उप. प. वृ. ७८४)।

१ भूमि के बिना देखे शोधे थूक, पसीना, मल, मूत्र और विष्ठा आदि के त्याग करने का नाम उत्सर्ग है। यह पौषधोपवास का एक अतिचार है। २ बाल, वृद्ध, श्रान्त और रुग्ण साधु भी मूलभूत संयम का विनाश न हो, इस दृष्टि से जो शुद्ध आत्मतत्त्व के साधनभूत अपने योग्य अति कठोर संयम का आचरण करता है; यह संयम परिपालन का उत्सर्गमार्ग—सामान्य विधान है।

उत्सर्गसमिति — देखो उच्चारप्रस्रवणसमिति। १. स्थण्डिले स्थावर-जङ्गमजन्तुवर्जिते निरीक्ष्य प्रमृज्य च मूत्र-पुरीषादीनामुत्सर्गं उत्सर्गसमितिः। (त. भा. ६-५)। २. जीवाविरोधेनाङ्गमलनिर्हरणमुत्सर्गसमितिः। स्थावराणां जङ्गमानां च जीवादीनाम् अविरोधेन अङ्गमलनिर्हरणं शरीरस्य च स्थापनम् उत्सर्गसमितिरवगन्तव्या। (त. वा. ६, ५, ८)। ३. जीवाविरोधेनाङ्गमलनिर्हरणं समुत्सर्गसमितिः। (त. श्लो. ६-५)। ४. तद्वर्जितं (स्थावर-जङ्गमजीववर्जितं) निरीक्ष्य चक्षुषा प्रमृज्य च रजोहृत्या वस्त्र-पात्र-खेल-मल-भक्तपान-मूत्र-पुरीषादीनामुत्सर्गं उज्झनं उत्सर्गसमितिः। (त. भा. हरि. वृ. ६-५)। ५. स्थावराणा जङ्गमाना च जीवानामविरोधेनांगमलनिर्हरण शरीरस्य च स्थापनमुत्सर्गसमिति। (चा. सा. पृ. ३२)। ६. कफ-मूत्र-मलप्रायं निर्जन्तु जगतीतले। यत्नाद्युत्सृजेत् साधुः सोत्सर्गसमितिर्भवेत्॥ (योगशा. १-४०)। ७. दूरगूढविशालानिरुद्धशुद्धमहीतले। उत्सर्गसमितिर्विण्मूत्रादीना स्याद्विसर्जनम्॥ (आचा. सा. १-३६)। ८. निर्जन्तौ कुशले विविक्तविपुले लोकोपरोधोज्झिते प्लुष्टे कृष्ट उतोषरे क्षितितले विष्ठादिकानुत्सृजन्। धुः प्रज्ञाश्रमणेन नक्तमभितो दृष्टेः विभज्य त्रिधा। सुस्पृष्टेऽप्यपहस्तकेन समितावुत्सर्ग उत्तिष्ठते॥ (अन. ध. ४-१६६)। ६. निर्जीवे शुषिरे देशे प्रत्युपेक्ष्य प्रमार्ज्य च। यस्त्यागो मल-मूत्रादेः सोत्सर्गसमितिः स्मृता॥ (लोकप्र. ३०-७४८)। १०. विण्मूत्र-श्लेष्म-खिल्यादिमल-मुज्झति य. शुचौ। दृष्ट्वा विशोध्य तस्य स्यादुत्सर्गसमितिर्हिता॥ (धर्मसं. श्रा. ६-८)। ११. प्राणिनामविरोधेन अङ्गमलत्यजन शरीरस्य च स्थापन दिगम्बरस्य उत्सर्गसमितिः भवति। (त. वृत्ति श्रुत ६-५)।

१ स्थावर और जङ्गम जीवों से रहित शुद्ध भूमि में देखकर एव रजोहरण से झाड़कर मल-मूत्र आदि का त्याग करना, इसका नाम उत्सर्गसमिति है। २ त्रस-स्थावर जीवों के विरोध (विराधना) से रहित शुद्ध भूमि में शरीरगत मल के छोड़ने और शरीर के स्थापित करने को उत्सर्गसमिति कहते हैं।

